वैसन्तश्री




प्रतिभाएँ



कु. ज्योति मिश्रा
सितार में स्वर्णपदक प्राप्त (वर्ष 2003)




कु. मौमिता चैटर्जी
संगीत गायन में स्वर्णपदक प्राप्त (वर्ष 2003)



कु. शिवांगी शुक्ला
एन.सी.सी. में पुरस्कृत



कु. तनुरिमा सरकार
यूथ पार्लियामेण्ट में 2004 में सहभागिता



कु. अंजलि पाण्डेय
फर्नीचर के सुन्दरीकरण हेतु स्वैच्छिक श्रमदान करती हुई



कु. मीना पाण्डेय
का.हि.वि.वि. में संस्कृत निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कृत




ईस्ट जोन इण्टर्यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में विजयिनी छात्राएँ



कु. अर्पिता रंजन
शिवमूर्ति शिवाचार्य रजत पदक प्राप्त



कु. निवेदिता मुखर्जी
राधेश्याम शर्मा छात्रवृत्ति प्राप्त



कु. पीयूषा
श्याम किशोरीदर छात्रवृत्ति प्राप्त



कु. मोनिका उपाध्याय
श्यामकिशोरीदर छात्रवृत्ति प्राप्त

education

as service

येनाहं नाऽऽमृता स्यां किमहं तेन कुर्याम्

वसन्तश्री

स्वर्ण-जयन्ती-अङ्क

2004-2005

वसन्त कन्या महाविद्यालय
कमच्छा, वाराणसी
दूरभाष 2451295

प्रकाशिका एवं संरक्षिका

डॉ. कुसुम मिश्रा

प्राचार्या

वसन्त कन्या महाविद्यालय

कमच्छा, वाराणसी

○

प्रधान सम्पादिका

डॉ. सुश्री कमला पाण्डेय

○

सहायक सम्पादिका

डॉ. श्रीमती आशा यादव

○

सम्पादिका मण्डल

डॉ. सुश्री अनुराधा बैनर्जी

डॉ. श्रीमती शान्ता चटर्जी

डॉ. श्रीमती कुमुद रंजन

डॉ. श्रीमती स्वरवन्दना शर्मा

डॉ. सुश्री नीहारिका लाल

○

आवरण

श्रीमती अंजना चटर्जी

वर्षा सिंह (तृतीय वर्ष)

मनोरमा (तृतीय वर्ष)


○

मुद्रक

तारा प्रिंटिंग वर्क्स

कमच्छा-गुरुबाग रोड

वाराणसी



"The moral training which should make men and women understand that growing knowledge and power is duty, is one of the most vital lessons for these modern days."

Annie Besant



वसन्त कन्या महाविद्यालय के उद्घाटन के शुभ अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए
श्री सी.पी. रामास्वामी अय्यर (तत्कालीन कुलपति का॰हि॰वि॰वि॰)
संस्थापक श्री रोहित मेहता जी के साथ

वसन्त-दीप

जल जल 'वसन्त' के दीप अमल। मञ्जुल प्रभात के गीत विमल।

अपने बिखरे कर को समेट, अब क्षितिज-पार सोता दिनकर।
मृदु कुन्द कुसुम का इन्द्रजाल, फैलाया अम्बर ने सत्वर।।
नव इन्दु-किरण वैभव बिखरा, डूबा चाँदी में धरणी-तल।
गूँजी कोकिल की तान मधुर, खोलते सुरभि-इतिहास भ्रमर।।

अनुपम सन्देश लिये अविचल। जल जल 'वसन्त' के दीप अमल।।

अरुणांचल में नित 'माँ वसन्त' मनहर आलोक लुटा जाती।
सोयी कलियों के पंखों पर, मृदु स्नेह-विन्दु टपका जाती।।
दे हास मधुर परिहास मञ्जु, कलिकाओं को सहला जातीं।
'निद्रा छोड़ो अब हुआ प्रात' के गीत अमर दुहरा जातीं।।

सुन 'माँ वसन्त' के गीत अमर। जल-जल 'वसन्त' के दीप अमल।।

चुन चुन जल से आँसू के कण, बिखरा दे मुक्ता माल सुखद।
आलोकित कर वसुधा अञ्चल, भर दे जग में सन्देश अमर।।
नित नवल छन्द, नव नव दर्शन से, गूँज उठे धरती अम्बर।
फैले मानव की ज्योति शुभ्र, निखरे मानव का मूल्य सुघर।।

युग युग के ज्ञान-प्रभात विमल। जल-जल 'वसन्त' के दीप अमल।।

'वसन्त-श्री' की पूर्व सम्पादिका
डॉ. सावित्री श्रीवास्तव

Inaugural Speech

(Speech delivered by Dr. C.P. Ramaswami Aiyar on the occasion of the inauguration of the Vasanta Kanya Mahavidyalaya on 10th July 1954)

My good Friends,

I regard it as a great opportunity and a priceless privilege to be associated with any organization or function connected with the name of my respected friend and cultural and political guru Dr. Annie Besant and the service to this country and to the world at large. I had been, as has been pointed out, privileged to be closely associated with the political and educational work that was started by that great woman many years ago. When I reflect upon the work that she did and upon her achievements, I am often reminded of a passage or sentence from one of Bacon's essays. He states in his essay "Of Praise" that fame is like a river. It pours upon its stream in life and things and heavy and weighty articles go down. It appears to me that it is rather sad that today public consciousness and public memory of the services of Dr. Besant are not as lively and as permanent as they should be. Public memories are short, but I think on this occasion to such and audience, one or two stories drawn from my personal experiences as co-worker with Dr. Besant may neither be irrelevant nor inappropriate. As the Secretary and later on as the Vice-President of the Home Rule League of those days from 1914-1920, I was practically meeting Dr. Besant every day and there was nothing that she kept secret or confidential from me, and I can give you a story from my own personal experience. About the end of every year—she had accounts in Banks in practically every country in the world and about the end of the year, she made it a point to distribute the whole of her available resources, so that by the 1st of January, she would start as a complete pauper. Scholarships to hundreds of students, ranging from Sind to Siam and from U.P. to Cape Comorin, and donations to institutions were given by her. She also founded hostels for students. One hostel in Madras known as Y.M.I.A. was built from her own pocket, costing four to five lakhs. So it went on year after year. As she started as a completely poor woman in January, from Australia and New Zealand and the United States and Canada, Germany etc., there flowed cheques and so, she was able to conduct the work. To me her life was a symbolization and exemplification of what great purposes can bring about in the world.

The other thing was that she made it a point to emphasize on the vindication of the rights of the oppressed and the depressed and those whom she thought were the victims of persecution. She led the Labour movement in Great Britain and I knew the work that she did there. The Labour movement in India would be nowhere, but for her pioneering work. She took great part in the historical match girls' strike in England. She rejuvenated

the position of labour side by side. She fought for the vindication of women's rights........she was the real inspirer of the suffragette movement in the world, especially in England and then Ireland. She fought for the all-round uplift of education of women and that is the aspect of her life on which I shall dwell for a minute. It was in the year 1898 that she started the nationwide educational reconstruction. She came to India after a period of agnosticism, after a period of disbelief. She was converted by Madam Blavatsky and Col. Olcott into a religion of what may be called the outlook of Theosophy with a liberalizing aspect of all religions, the equality and equal significance of all creeds. Having come here, she arrived very quickly at the conclusion that the regeneration, the spiritual regeneration, of India depended upon the vindication of the self respect of India. At that time, people were afraid to wear Indian clothes. It was Lokamanya Tilak on the one hand and Dr. Besant on the other before the advent of Gandhiji on the scene, who started the rousing of self-respect. Dr. Besant came to the conclusion that educational work was of paramount importance for the men and women of the country, so as to make them feel and dream and aspire and for that purpose, she founded the Central Hindu College. Institutions in Madanapalle, in Adyar, the National University with which I was also associated, all these were started. Some of them have survived and some of them have died out, but whatever may be the subsequent fate or fortunes of these institutions, these educational institutions were the inspirers, were the originators, were the inaugurators of the present institutions which make the whole edifice of national education in this country. The University with which I am now associated, is really the bye-product of her ideas. Pandit Madan Mohan Malaviya's services will be ever remembered by posterity, but even he could not have started with the work but for the first push given by Dr. Besant and the starting of the Contral Hindu College here and the great act of magnanimity with which she handed over the whole thing to the University. Well, I shall not dwell on that aspect very long.

With regard to women's education, Dr. Besant had very definite ideas. She came to the conclusion that the education of women must be supplemented to the education of men. She was one of those who believed that man must learn music, painting and fine arts for supplementing his nature as women must learn things like political science and arts. But the education of women is of two varieties. There are some women born to learn the same thing, implement the same thing and perfect the same thing. Mathematics, Science, Physical and Natural Sciences, and History and Economics, all these must be open. But for most of the women of this country and other countries, their real task, their real fate, their real destiny is of making the home and making the next generation. There may be some women who may be averse to the abstract sciences, but for most women, they require something to refine their own life, to educate the husband and to make the home a pleasant one. Any education of women must be to stress on character. Women's colleges must offer scope for those who can complete and compete successfully in science and arts and even in engineering. I look forward to the day when women will take equal

part with men. They must join the public life of the country, because the public life of the country would be poorer for the absence of women. For that purpose, the training in Political Economy, History and Social Science and in addition, the training in Home Science—how to keep the home, maintain the home, the art of producing nutritious food are necessary.

I am glad that in this institution, attention is going to be paid to this aspect of Home Science.....I am glad that you have made up your mind in response to popular demand to start a college in the same compound where the previous institution has been transferred from. I am sure that the public of Benaras will respond to the call when you approach them. I am here for the purpose of wishing you well. The inspiration and memory of Dr. Besant should be enough to vivify and invigorate any institution. That memory should be preserved amongst us.....she dedicated herself to India, she died as she lived for India.....she was one of the pioneers of mass education, the perfector of that mass appeal was Gandhiji. In the political field, in educational work, her services were transcendant and I hope that this institution will keep alive that memory.



A Message

Rohit Mehta

The publication of a College magazine is a great event, for it is an effort on the part of the students and the staff to communicate to each other—and to the world at large—the joys of what they have discovered either at the emotional or at the intellectual level. A magazine is indeed an instrument to share with others what one has found. Since education is fundamentally a process of Discovery, the publication of a magazine is a part of that process. To consider a College magazine apart and isolated—away from the main educative process—is to miss its significance.

What do we mean when we say that education is fundamentally a process of Discovery? The question is : Discovery of what? One may say—the Discovery of Life itself. But has Life to be discovered? Life is indeed a mystery. It is constantly in a flux and therefore intensely dynamic. How can that which is dynamic be understood through a static approach? And so the meaning of Life cannot be found in books—however sacred they may be. No one can communicate the meaning of Life to another. The mystery of life has to be comprehended from moment to moment. The purpose of education, therefore, must be to enable a student to come to this comprehension. This is fundamental to education—all else is incidental.

How will the student be enabled to comprehend life and its mystery from moment to moment? Surely by releasing in her a sense of wonder, a sense of deep inquiry. A person who has ceased to inquire can never know the joy of Discovery. The function of a teacher is to see that the flame of inquiry is never smothered, the sense of wonder is never dulled. Needless to say, inquiry creates its own discipline, evolves its own technique. But the sense of inquiry needs a mind that is extraordinarily alert and the emotions that are keenly responsive. In other words, inquiry implies a keen sense of observation where every nuance of thought, feeling and behaviour is perceived. Education should, therefore, enable a student to understand the art and the science of observation. The different subjects of the curriculum must become windows through which the student can observe life—they must not become blank walls, as they very often do, in the course of our educational work. If a subject becomes a blank wall it ceases to have any meaning whatsoever. Every subject must become an avenue of discovery—a point of observation. A truly educated man or woman is one who has many points of observation.

I am sure this magazine is the result of observation by keen and sensitive minds. May the minds of the students and the staff of the Vasant Kanya Mahavidyalaya ever remain pure and uncontaminated—for thus alone can the objectives of true education be fulfilled.

Prof. S. Lele
FNA
RECTOR

OFFICE OF THE RECTOR
BANARAS HINDU UNIVERSITY
VARANASI-221 005 (India)
Office : (0542) 2368339-7209
Residence : (0542) 2370541/230-7288
Fax : (91)(542) 2369951 (O)

मार्च 9, 2005

संदेश

यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि वसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, वाराणसी द्वारा वार्षिक पत्रिका वसंतश्री का स्वर्ण जयन्ती अंक शीघ्र प्रकाशित किया जा रहा है।

मुझे विश्वास है कि उक्त पत्रिका ज्ञानवर्धक, मनोरंजक तथा उद्देश्यपूर्ण लेख आदि से परिपूर्ण होगी, जिसको पढ़कर विद्यार्थीगण अपना ज्ञानार्जन करने के साथ-साथ प्रेरणा भी ले सकेंगे।

मैं वसंतश्री पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

(एस. लेले)
रेक्टर

Prof. Sudarshan Lal Jain
Dean, Faculty of Arts &
Head, Dept. of Sanskrit

BANARAS HINDU UNIVERSITY
VARANASI-221 005 (India)
Tel : (O) 230-7400, 7426, 0542-2369449
(R) 0542-2369334, (mobile)-9415388218
e.mail : sudarshanljain@sify.com

March 14, 2005

Message

I am very much delighted to know that the Vasant Kanya Mahavidyalaya, Kamachha, Varanasi is bringing out the Golden Jubilee issue of its Annual Magazine "VASANT SHREE". I am sure the issue will definitely maintain all its natural flavors and also add some more.

On behalf of the Faculty of Arts and on my own, I wish a grand success for the Magazine.

S.L. Jain

(S.L. Jain)
DEAN

P.K. Bhargava, Ph.D.
Professor
Dean, F.ss.

Department of Economics
BANARAS HINDU UNIVERSITY
VARANASI-221 005
Phone : 91-542-307 447 (Off.)
91-542-312241 (Res.)
bhargava bhu@rediffmail.com

दिनांक 10-03-05

शुभासंशा

वसन्त कन्या महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "वसन्तश्री" का स्वर्ण जयन्ती अंक निकट भविष्य में प्रकाशित होने जा रहा है। मेरे विचार से इस प्रकार की पत्रिका के माध्यम से संस्था की शैक्षणिक प्रगति को समाज के सामने लाना एक सराहनीय कार्य है। मैं समझता हूँ कि पत्रिका में प्रकाशित लेख विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं संस्था से जुड़े अन्य लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।

इस अवसर पर मैं पत्रिका के प्रकाशन से जुड़े सभी लोगों को बधाई देना चाहता हूँ तथा महाविद्यालय की प्रगति की कामना करता हूँ।

पी. के. भार्गव

(पी.के. भार्गव)

Phones : 320298, 327340
e-mail atmavidya@satyam.net.in

THERE IS NO RELIGION HIGHER THAN TRUTH

THE INDIAN SECTION

THE THEOSOPHICAL SOCIETY
KAMACHHA, VARANASI-221010

General Secretary
The Indian Section
The Theosophical Society
Kamachha, Varanasi

The Vasanta Kanya Mahavidyalaya completed its 50th year of existence in July 2004. I am indeed very happy to know that the College is bringing out its Golden Jubilee Number of the magazine *Vasanta Shree* on this occasion. The College was started with a sacred mission. I am sure the spirit of the mission will be kept alive for many many more years to come.

With best wishes.

S. Sundaram
(S.Sundaram)

प्रो. चन्द्रकला पाडिया
निदेशिका

महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी-221005

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यधिक प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि वसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, वाराणसी अपने शैक्षणिक जीवन के पचास वर्ष पूरे कर रहा है। इस विद्यालय की याद आते ही मन बहुत भावुक हो उठता है। मैंने अपने जीवन के चार वर्ष (१९६८-१९७२) यहाँ बिताये। यह एक ऐसा गुरुकुल था, जिसने परिवार के बाद मानवीय मूल्यों के बीज मुझमें बोये। यही वह पवित्र भूमि थी जहाँ परम आदरणीया श्रीमती लीला शर्मा जैसे महान् व्यक्तित्व की छाया में मुझे फलने-फूलने का अवसर प्राप्त हुआ एवं डॉ. रोहित मेहता के व्याख्यानों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आज जीवन के जिस भी शिखर पर मैं पहुँच सकी हूँ, उसमें इस विद्यालय की सबसे बड़ी भूमिका है। यह विद्यालय ऐसे शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों से भरा हुआ है, जो भारतीय मनीषा की सुगन्ध को अपने अंक में समेटे हुए हैं। यह एक अद्भुत गुरुकुल है, जो प्राचीन शिक्षा-पद्धति एवं उसके महत्त्व से हमें परिचित कराता है। इस विद्यालय का विद्यार्थी होना मेरे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है।

मैं बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना करती हूँ कि यह महाविद्यालय निरन्तर इसी प्रकार उन्नति के पथ पर अग्रसर होता रहे एवं अपनी पहचान को अक्षुण्ण बनाये रखे। विद्यालय की प्राचार्या एवं अन्य सभी सदस्यों को मेरी बधाई।

चन्द्रकला पाडिया

दो शब्द

वसन्त कन्या महाविद्यालय की स्थापना के पचास वर्ष–जुलाई में पूरे हुये। १० जुलाई १९५४ में प्रथम प्राचार्या श्रीमती लीला शर्माजी ने बालिकाओं के शैक्षिक, सांस्कृतिक, चारित्रिक उत्थान के मूल मन्त्र को सर्वोपरि रखकर डॉ. एनी बेसेन्ट के महान् उद्देश्यों को साकार करने का जो संकल्प लिया था, उसे महाविद्यालय के लिये समर्पित प्राचार्याओं और शिक्षिकाओं द्वारा निरन्तर संवर्धित करने का प्रयास हो रहा है। पचास वर्षों की गरिमामयी यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार के शैक्षिक, शिक्षणेतर तथा सांस्कृतिक क्रियाकलापों के माध्यम से छात्राओं के संस्कारयुक्त समग्र व्यक्तित्व के विकास का प्रयास रहा है। कुछ वैसे ही, जैसे समुद्र से निकले मोती और शंख प्रक्षालित करके तराशे जाते हैं।

एक सम्पूर्ण समाज का निर्माण बालिकाओं के सर्वांगीण विकास से ही सम्भव है। विकासक्रम में उनकी शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं चारित्रिक दृढ़तायुक्त शैक्षिक व्यवस्था के लिये डॉ. एनी बेसेन्ट का आत्मचिन्तन वर्तमान परिदृश्य में अत्यन्त आवश्यक हो गया है।

दशकों पूर्व महाविद्यालय के प्रांगण में ज्ञानार्जन की उत्कंठा लिये प्रवेश लेने वाली छात्रायें आज शिक्षा जगत् तथा अन्य क्षेत्रों में कुशल नेतृत्व कर समाज में प्रतिष्ठित हो रही हैं।

'वसन्तश्री' पत्रिका के माध्यम से हम महाविद्यालय की कुछ पुरानी कुछ नयी गतिविधियों और 'वसन्त परिवार' की अभिव्यक्तियों को आपके सम्मुख प्रस्तुत कर रहे हैं। आपकी पारखी दृष्टि और चिन्तन छात्राओं के लिये प्रेरक होगा।

कुसुम मिश्रा
प्राचार्या

वसन्त परिवार
अतीत

१.	श्रीमती लीला शर्मा	प्रथम प्राचार्या	एम.ए. दर्शन शास्त्र
२.	डॉ. सुश्री उमा मौडवेल	हिन्दी विभागाध्यक्षा एवं कार्यवाही प्राचार्या	एम.ए., बी.टी. पीएच्.डी. संगीत विशारद
३.	डॉ. सुश्री पुष्पलता प्रताप	प्राचार्या	एम.ए. (मनोविज्ञान), पीएच्.डी. डिप्लोमा पब्लिक एण्ड सोशल एडमिनिस्ट्रेशन (आक्सफोर्ड)
४.	श्रीमती रेणु कौल	प्राचार्या	एम.ए. (अंग्रेजी)
५.	डॉ. श्रीमती सुन्दरी सिद्धार्थ	प्राचार्या	एम.ए. (संस्कृत), पीएच्.डी.
६.	श्रीमती विमला खेड़ा	राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्षा एवं कार्यवाहक प्राचार्या	एम.ए., एम.एड.
७.	डॉ. ज्योत्स्ना श्रीवास्तव	अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा एवं कार्यवाहक प्राचार्या	एम.ए., बी.एड., पीएच्.डी.
८.	डॉ. वीणा व्यास	इतिहास विभागाध्यक्षा एवं प्राचार्या	एम.ए., पीएच्.डी.
९.	श्रीमती शीला सहस्रबुद्धे	प्रवक्ता संस्कृत	एम.ए., एम.एड.
१०.	कु. कमला अरोड़ा		एम.ए., एम.एड.
११.	श्री मुकुन्द विष्णु कालविण्ट	प्रवक्ता संगीत	संगीत विशारद
१२.	श्री शान्ति रंजन वोस	प्रवक्ता रंजनकला	कलाकार, विश्वभारती शान्ति निकेतन
१३.	श्री देवेन्द्र कृष्ण चैटर्जी	प्रवक्ता सितार	संगीत प्रभाकर-गायन वादन
१४.	डॉ. श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव	प्रवक्ता हिन्दी	एम.ए. (हिन्दी, संस्कृत), एम.एड. पीएच्.डी.
१५.	डॉ. सुश्री शोभना चक्रवर्ती	प्रवक्ता अंग्रेजी	एम.ए., पी.एच्.डी.
१६.	सुश्री लतिका खान	प्रवक्ता गृहविज्ञान	एम.ए., एम.एड.
१७.	सुश्री शोभा गुप्ता	प्रवक्ता अंग्रेजी	एम.ए.

१८.	श्रीमती शशिबाला दूबे	प्रवक्ता दर्शनशास्त्र	एम.ए.
१९.	श्रीमती मधुरिमा चौधरी	प्रवक्ता मनोविज्ञान	एम.ए. संगीत प्रभाकर
२०.	श्री सी.वी. चन्द्रशेखर	नृत्य शिक्षक	एम.एस.सी., कलाकार-कलाक्षेत्र अड्यार
२१.	डॉ. सुश्री उर्मिला शर्मा	प्रवक्ता संस्कृत	एम.ए., पीएच्.डी.
२२.	डॉ. सुश्री दुर्गा श्रीवास्तव	प्रवक्ता मनोविज्ञान	एम.ए., पीएच्.डी.
२३.	श्री नन्ददुलाल मुखोपाध्याय	प्रवक्ता रंजनकला	बी.एफ.ए., सीनियर एसोशियेटशिप पोस्ट ग्रैजुएट (यूनिट) कलाभवन विश्वभारती
२४.	श्रीमती कृष्णा चक्रवर्ती	प्रवक्ता-संगीतवादन	एम.बी.ए., एम. म्यूज. डी. म्यूज
२५.	डॉ. श्रीमती मंजुला राठौर	रीडर-समाजशास्त्र	एम.ए., पीएच्.डी.
२६.	श्रीमती कल्पना गुप्ता	रीडर गृह विज्ञान	एम.ए., बी.एड., पीएच्.डी.
२७.	डॉ. श्रीमती सुनीता मिश्रा	रीडर गृह विज्ञान	एम.ए., पीएच्.डी.
२८.	डॉ. महिमा शर्मा	प्रवक्ता-अर्थशास्त्र	एम.ए., पीएच्.डी.
२९.	डॉ. तनुश्री दत्ता	प्रवक्ता-मनोविज्ञान	एम.ए., पीएच्.डी.
३०.	श्रीमती बब्बुन श्रीवास्तव	प्रवक्ता संस्कृत	एम.ए., पीएच्.डी.
३१.	कु. सुमन श्रीवास्तव	पुस्तकालयाध्याक्षा	
३२.	सुश्री वह्नि शिखा	पुस्तकालयाध्यक्षा	
३३.	श्री श्यामल चौधरी	तबला संगतकार	संगीत प्रभाकर-तबला
३४.	श्री हरिहर प्रसाद श्रीवास्तव	कर्णिक	
३५.	श्री परेशनाथ दत्त	कर्णिक	
३६.	श्री मोती मिश्र	तबला संगतकार	संगीत प्रभाकर-तबला
३७.	श्री मोहन सिंह	प्रधान कर्णिक	
३८.	श्री अतीन्द्र कृष्ण चटर्जी	कर्णिक	
३९.	श्रीमती माधवीलता मुखर्जी	मनोविज्ञान प्रयोगशाला सहायिका	
४०.	सुश्री सपना बोस	मनोविज्ञान प्रयोगशाला सहायिका	
४१.	सुश्री विजया साही	गृहविज्ञान प्रयोगशाला सहायिका	

४२. सुश्री सुमति सरमुकद्दम	छात्रावास संरक्षिका	
४३. श्रीमती शान्ति गौड़	छात्रावास संरक्षिका	
४४. श्रीमती प्रभा श्रीवास्तव	छात्रावास संरक्षिका	
४५. सुश्री अन्नपूर्णा मेनन	छात्रावास संरक्षिका	
४६. श्री नानक राम यादव	कोषाध्यक्ष	
४७. श्रीमती दुलारी देवी	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	
४८. श्री रामजग	"	
४९. श्रीमती किशोरी देवी	"	
५०. श्री राम किसुन	"	
५१. श्री सत्यनारायण	"	
५२. श्री बादल	"	
५३. श्री झूरी प्रसाद	"	
५४. श्री विनोद कुमार	"	

वर्तमान

१. डॉ. श्रीमती कुसुम मिश्रा	प्राचार्या	एम.ए., (मनोविज्ञान) संगीत प्रभाकर (सितार), पीएच्.डी.
२. डॉ. सुश्री अनुराधा बनर्जी	रीडर अंग्रेजी	एम.ए., पीएच्.डी.
३. डॉ. सुश्री कृष्णा गोस्वामी	रीडर प्रा.भा.इति.सं.	एम.ए., पीएच्.डी.
४. डॉ. श्रीमती सुधा श्रीवास्तव	रीडर मनोविज्ञान	एम.ए., पीएच्.डी.
५. डॉ. सुश्री कमला पाण्डेय	रीडर संस्कृत	एम.ए., पीएच्.डी., साहित्याचार्य
६. श्रीमती मंजु सुन्दरम्	प्रवक्ता संगीतगायन	एम.ए. (संस्कृत), संगीत निपुण गायन
७. डॉ. श्रीमती कुमुद रंजन	रीडर समाजशास्त्र	एम.ए., पीएच्.डी.
८. डॉ. श्रीमती तृप्तिरानी जायसवाल	रीडर हिन्दी	एम.ए., पीएच्.डी.
९. श्री लम्बोदर नायक	प्रवक्ता रंजनकला	पो.डिप. कला, संगीत
१०. डॉ. श्रीमती नन्दिनी वर्मा	रीडर प्रा.भा.इति.स.	एम.ए., पीएच्.डी.
११. डॉ. श्रीमती शान्ता चटर्जी	रीडर संस्कृत	एम.ए., पीएच्.डी.

१२. डॉ. सुश्री स्मृति भटनागर	रीडर इतिहास	एम.ए., पीएच्.डी.
१३. डॉ. श्रीमती कल्पलता डिमरी	रीडर अर्थशास्त्र	एम.ए., पीएच्.डी.
१४. डॉ. श्रीमती रीता सिंह	रीडर समाजशास्त्र	एम.ए., पीएच्.डी.
१५. डॉ. श्रीमती संगीता देवडिया	रीडर गृहविज्ञान	एम.एससी., पीएच्.डी.
१६. डॉ. श्रीमती रचना श्रीवास्तव	रीडर राजनीतिशास्त्र	एम.ए., पीएच्.डी.
१७. श्रीमती अंजना चटर्जी	प्रवक्ता रंजनकला	एम.ए., एम.एफ.ए.
१८. डॉ. श्रीमती बीना मिश्रा/सिंह	रीडर अंग्रेजी	एम.ए., पीएच्.डी.
१९. डॉ. श्रीमती माधुरी अग्रवाल	रीडर मनोविज्ञान	एम.ए., पीएच्.डी.
२०. डॉ. श्रीमती आशा यादव	रीडर हिन्दी	एम.ए., पीएच्.डी.
२१. डॉ. श्रीमती स्वरवन्दना शर्मा	रीडर संगीतगायन	एम.ए. (संस्कृत), एम.म्यूज़.डी.म्यूज़.
२२. डॉ. श्रीमती उषा कुशवाहा	रीडर दर्शनशास्त्र	एम.ए., पी.एच्.डी.
२३. डॉ. श्रीमती रेणु श्रीवास्तव	रीडर राजनीतिशास्त्र	एम.ए., पीएच्.डी.
२४. डॉ. श्रीमती मीनू शर्मा पाठक	प्रवक्ता सितार	एम.म्यूज़. डी.म्यूज़.
२५. डॉ. सुश्री सुमन सिंह	प्रवक्ता सितार	एम.म्यूज़. डी.म्यूज़.
२६. डॉ. श्रीमती सुमन जैन	प्रवक्ता हिन्दी	एम.ए., पीएच्.डी.
२७. डॉ. सुश्री नीहारिका लाल	प्रवक्ता अंग्रेजी	एम.ए., पीएच्.डी.
२८. डॉ. श्रीमती ममता मिश्रा	प्रवक्ता दर्शनशास्त्र	एम.ए., पीएच्.डी.
२९. डॉ. श्रीमती पूनम पाण्डेय	प्रवक्ता इतिहास	एम.ए., पीएच्.डी.
३०. डॉ. श्रीमती इन्दु उपाध्याय	प्रवक्ता अर्थशास्त्र	एम.ए., पीएच्.डी.
३१. डॉ. सुश्री एलीना सामन्त राय	प्रवक्ता समाजशास्त्र	एम.ए., एम.फिल.
३२. डॉ. श्रीमती पूर्णिमा सक्सेना	प्रवक्ता मनोविज्ञान	एम.ए., पीएच्.डी.
१. श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव	अधीक्षक	
२. श्री गुलाब चन्द	आशु लिपिक	
३. श्रीमती कुमकुम अग्रवाल	पुस्तकालयाध्यक्षा	
४. श्री अतुल कुमार सिंह	वरिष्ठ लिपिक	
५. श्री सुभाष भारती	लिपिक	

६.	श्रीमती नुज़हंत फ़ातमा	प्रयोगशाला सहायिका
७.	श्री काशीनाथ मिश्रा	तब्ला संगतकार
८.	श्रीमती नमिता अग्रवाल	प्रयोगशाला सहायिका
९.	सुश्री रंजना भारती	पुस्तकालय लिपिक
१०.	श्री महेशनाथ मेहरोत्रा	लेखाकार
११.	सुश्री अन्नपूर्णा	लिपिक
१२.	श्री सौम्यकान्ति मुखर्जी	तबला संगतकार
१३.	श्री जय जय राम	पुस्तकालय लिपिक
१४.	सुश्री मीरा अस्थाना	छात्रावास निरीक्षिका
१५.	श्रीमती सोनमती सिंह	पाकशाला निरीक्षिका

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

१. श्री रामअधार
२. श्रीमती फूलपत्ती
३. श्रीमती लालमनी
४. श्री नन्दलाल
५. श्रीमती सावित्री
६. श्री भृगुनाथ यादव
७. श्रीमती चन्द्रावती
८. श्रीमती सुशीला
९. श्रीमती पार्वती
१०. श्री सीताराम कुशवाहा
११. श्रीमती कौशल्या देवी

❖

अनुक्रमणिका

एनी बेसेन्ट जयन्ती समारोह

प्रतियोगिता खण्ड

विविधा

कविता-खण्ड

मछुआरे



मनोरमा-III

पुरो वाक्

'वसन्त-श्री' का यह अङ्क सुनहले भावप्रसूनों का सम्भार लेकर उपस्थित है–

खट्टे-मीठे अनुभवों, नये पुराने चित्रों, हर्ष-विषादमय क्षणों के साथ प्रस्तुत है 'वसन्त-श्री' स्वस्थ-परम्परा का इतिहास लिये, ममता की रसधार लिये–

बस गयी एक बस्ती है, स्मृतियों की इसी हृदय में
नक्षत्रलोक फैला है, मेरे इस महानिलय में।।

स्मृतियों की आवली हृदय हार बन गयी है;

जिन्होंने नन्हें हाथों में तूलिका पकड़ाई उस तपोनिष्ठ गुरुपरम्परा को प्रणाम है–

प्रणाम है 'मां वसन्त' को, जिसने स्त्रीशिक्षा को अभिनव स्वर दिया–

प्रणाम है उस अन्तश्चेतना को, जिसके सामने शिक्षा के पुनर्गठन के साथ ही भारतीय संस्कृति के सनातन आदर्शों, सामाजिक मूल्यों, नैतिक, बौद्धिक, चारित्रिक तथा सौन्दर्यग्राही क्षमताओं के सन्तुलित विकास का महान् आदर्श था। इसी आदर्श में अपना प्रतिबिम्ब निहारती सी लग रही है 'वसन्त-श्री'–

जल उठी है नयी बाती सावित्री के 'वसन्त-दीप' से; (पूर्व प्रधान-सम्पादिका डॉ. सावित्री श्रीवास्तव की कविता से) महाप्राण रोहित जी के प्रथम सन्देश से, आदरणीया लीला दी के हृदयोद्गारों से, संगीतसाधक कालविण्ट जी की शब्दमयी अभिव्यक्ति से, संस्मरणीया वीणा दी के 'स्मृतियों के झरोखे' से–

इसी पुण्यभूमि की उपज (डॉ. कुसुम मिश्रा–प्राचार्या) ने किया है स्नेह-सिञ्चित इसे–

सादर सहयोग मिला है यहीं की पल्लविता डॉ. आशा यादव (सहायक सम्पादिका) से–

लेख संचयन किया है सुश्री रंजना भारती ने बड़ी तत्परता से–

प्रकाशित हो रही है सम्पादक-मण्डल के सक्रिय सहयोग से–

आज से पचास वर्ष पूर्व वसन्त के मुकुलन के प्रत्यक्षदर्शी और 'वसन्त-श्री' के प्रथम प्रकाशन (१९५९) के सहयोगी तारा प्रिंटर्स (श्री रमा शंकर पण्ड्या जी) से मुद्रित हो मुदित हो उठी है यह–

इस सुवर्णा 'वसन्त-श्री' की प्रस्तुति में अनवधानता से छूटी त्रुटियों के लिए नत हूँ क्षमा प्रार्थना के लिए–

आकांक्षिणी हूँ सुधीजनों के उदार चित्त के वैशद्यभाव की–

प्रधान सम्पादिका

महाप्राण श्री रोहित जी

श्रीमती लीला शर्मा

थियोसॉफिकल सोसाइटी के तत्कालीन मन्त्री, सुप्रसिद्ध विचारक, व्याख्याता और शिक्षा-प्रेमी श्री रोहित मेहता ने १० जुलाई सन् १९५४ को वसन्त कन्या महाविद्यालय की संस्थापना की। यह स्थापना शिक्षा जगत् की एक चिरस्मरणीय और अभूतपूर्व घटना है; क्योंकि उनके सामने शिक्षा के पुनर्गठन के साथ ही भारतीय संस्कृति के चिरन्तन आदर्शों को अक्षुण्ण रखने, सामाजिक मूल्यों की रक्षा के साथ छात्राओं की नैतिक, बौद्धिक, शारीरिक, आध्यात्मिक तथा सौन्दर्यग्राही शक्तियों के सन्तुलित विकास का महान् आदर्श था। श्री रोहित मेहता विद्यालय की स्थापना के साथ ही अपने शिक्षा के उन्नयन सम्बन्धी विचारों कल्पनाओं एवं स्वप्नों को साकार करने के लिए नवीनतम प्रयोगों में जुट गये। उन्होंने अध्यापक-अध्यापिकाओं का एक छोटा समूह चुना और संस्था का सम्पूर्ण कार्यभार उन्हें सौंप दिया। उनकी दृष्टि ऐसी सूक्ष्म थी और कार्यक्षमता के वे ऐसे पारखी थे कि उनके सम्पर्क में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति उनकी इच्छा को पूरा करने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगा देता था। व्यक्ति को दिये हुए कार्य के प्रति वे पूर्ण स्वतन्त्रता देते और आवश्यकता का अनुभव करने पर ही मार्गदर्शन देते तथा बिना इच्छा के किसी के कार्य में कोई हस्तक्षेप नहीं करते थे, जिसके परिणामस्वरूप वसन्त की मिट्टी ने सोना उगला। आरम्भिक वर्ष में ही विद्यालय की अनेकानेक कार्ययोजनाएँ सक्रिय हो उठीं और वे सभी अपनी सफलता के कारण प्रशंसित भी हुई, जिनमें कुछ निम्नाङ्कित हैं–

१. अन्तर्राष्ट्रीय थियोसाफिकल कन्वेन्शन में निवास प्रबन्ध, प्रातःकालिक जलपान और भोजन की व्यवस्था, साजसज्जा एवं सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रमुख एवं महत्त्वपूर्ण योगदान।

२. वार्षिकोत्सव।

३. विद्यालय की वार्षिक हस्तलिखित पत्रिका, एवं मासिक दीवार पत्रिका का क्रियान्वयन।

४. माध्यमिक शिक्षा परिषद् की हाईस्कूल, इण्टर की संस्थागत एवं व्यक्तिगत परिक्षार्थिनियों के केन्द्र का सञ्चालन।

५. प्रति सप्ताह शिक्षा की ज्वलन्त समस्याओं एवं अध्ययन सम्बन्धी शोधों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा के समुचित विकास हेतु शिक्षक गोष्ठियों का आयोजन।

६. सदूर आञ्चलिक क्षेत्रों से शिक्षा प्राप्ति की अभीप्सु छात्राओं हेतु छात्रावास का सञ्चालन।

७. प्रथम वर्ष में ही जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल इण्टर कक्षाओं को मान्यता प्राप्त होना। शिक्षा जगत् की यह एक अभूतपूर्व घटना है क्योंकि बिना रिज़र्वफण्ड एवं प्राभूत के मान्यता नहीं मिलती।

नि:सन्देह सम्मान्य श्री रोहित जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का कुछ ऐसा प्रभाव था कि शिक्षा विभाग ने अभिभूत होकर बड़ी सरलता से यह मान्यता दी थी।

८. प्रथम वर्ष में ही डिग्री विभाग का खोलना। इस विषय में बहुत दुविधा में थी कि अनुभवहीना मैं यह भार लूं कि नहीं। सब कुछ नया था। व्यवस्था के समस्त भार के साथ इण्टर को सप्ताह में १२ घण्टे पढ़ाती भी थी। डिग्री के आठ और घण्टे पढ़ाना ही नहीं, उसकी तैयारी भी करनी पड़ेगी। अत: मैंने श्री रोहित जी से हिचकिचाते हुए इस सम्बन्ध में पूछा—और उन्होंने समाधान करते हुए कहा ('ऐज यू थिङ्क बेस्ट') 'जैसा ठीक समझो'। रातभर ऊहापोह में थी। इतनी अन्य जिम्मेदारियाँ थीं। नया विद्यालय, धनाभाव, सामान की कमी इत्यादि। इतना होते हुए भी वह एक ऐसा समय था जिसमें प्रत्येक व्यक्ति विद्यालय के सर्वतोन्मुखी विकास के स्वप्नों में लगा हुआ था और उन स्वप्नों को जीवन देने वाले श्री रोहित जी थे, जो प्रेरणा देकर उसे पूरा करते थे। मैंने दूसरे दिन रोहित जी से जा कर कहा—'खोल ही दें'। फलस्वरूप १२ छात्राओं का डिग्री विभाग भी खुल गया और लग गये हमलोग उसके उपयुक्त वाचनालय एवं पुस्तकालय बनाने में और काष्ठोपकरण तैयार कराने में। उसी समय श्री रोहित जी ने पुस्तकों के लिए थियोसाफिकल लॉजों में अपील निकाली। प्रथम वर्ष में ही पुस्तकालय में कामचलाऊ पुस्तकें संगृहीत हो गईं।

श्री मेहता जी की कार्यप्रणाली का एक नमूना पेश करती हूँ। मंसूरी में अचानक एक दिन श्री चन्द्रशेखर जी से मेरी भेंट हो गई। वहाँ वे मानव भारती में कार्यरत थे। आदरणीय रोहित जी उस समय आस्ट्रेलिया में थे। मैंने उन्हें लिखा कि आग्रह करूं तो विद्यालय को चन्द्रशेखर जी जैसा निष्णात भरतनाट्यम् शिक्षक मिल सकता है। प्रस्ताव स्वीकृति का उत्तर समुद्री तार द्वारा मिला और विद्यालय 'कृष्ण लीला' जैसी अनेक उत्कृष्ट नृत्यनाटिकाएँ प्रस्तुत कर सका, जिसके शास्त्रीय संगीत पर आधारित कलात्मक दृश्य संयोजन को स्व. ओंकारनाथ ठाकुर जैसे कला-मर्मज्ञ ने भी भूरि-भूरि प्रशंसा की।

उपर्युक्त वर्णन से यह नहीं समझना चाहिए कि यह सब संयोग अनायास ही बैठते गये। विद्यालय में धनाभाव तो था ही। सामग्रियों के सञ्चय में पूरी मितव्ययिता व्यवहृत होती थी। चिन्दी-चिन्दी कागज की सम्हाल, पुराने लिफाफों का प्रयोग, पुराने कपड़ों के डस्टर (जब छात्राएँ घर से इन्हें सिलकर लातीं तो उन्हें भगवान जी का तकिया कहती) पर दूसरी तरफ सब प्रकार का उच्चस्तर, पठन-पाठन, काष्ठोपकरण व शिक्षण सामग्री में सर्वोत्तम सामान लेने की ललक। कैसे बने? पर बनता ही गया। 'क ईप्सितार्थस्थिरनिश्चयं मनः पयश्च निम्नाभिमुखं प्रतीपयेत्'। परिणाम यह हुआ कि रोहित जी द्वारा स्थापित परम्पराओं के पालन का प्रयास करते हुए प्रथम वर्ष में ही इण्टर व हाईस्कूल का अत्युत्तम परीक्षाफल प्राप्त हुआ। देश-विदेश में ख्याति बढ़ने लगी, फलस्वरूप छात्रावास में अफ्रीका, मारीशस व फिजी जैसे सुदूर क्षेत्रों से संवासिनियाँ अध्ययन के लिए आने लगीं।

यह सब इसलिए सम्भव हुआ कि श्री रोहित जी ने हमें एक दृष्टि दी। विद्यालय के कलेवर के रक्षण के साथ-साथ वे उसकी आत्मा की परिपुष्टि का भी सतत प्रयत्न करते रहे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त चिरकालीन प्रसुप्ति से मुक्ति के लिए तथा अध्यापक-अध्यापिकाओं को अपने कर्त्तव्य के प्रति जागरूक बनाने के लिये आरम्भ से ही शिक्षा सम्बन्धी गहन प्रश्नों पर साप्ताहिक गोष्ठियों का संयोजन किया, जिसमें बेसन्ट थियोसॉफिकल स्कूल के अध्यापकों के अतिरिक्त सोसाइटी के प्रमुख स्थानीय व्यक्ति भाग लेते थे। इनमें विचारणीय विषय होते थे-शिक्षा के उद्देश्य, व्यक्ति स्वातन्त्र्य एवं अनुशासन; शिक्षक का कर्तव्य, शिक्षा जगत् की ज्वलन्त समस्यायें एवं कार्य इत्यादि। इसकी परिणति १९५८ के नवम्बर-दिसम्बर में शिक्षा सप्ताह के रूप में हुई। जिसमें श्री राजाराम शास्त्री, श्री वी.वी. नारलीकर, श्री सत्यनारायण चौधरी जैसे मनीषियों ने भाग लिया। विद्यालयों में नैतिक शिक्षा एवं संस्कृति, शिक्षा एवं नागरिकता जैसे गम्भीर विषयों पर विशेषज्ञों के भाषण हुए।

श्री रोहित जी ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए जैसे अपनी आत्मा ही उड़ेल दी थी। किसी विषय को अनेक दृष्टिकोणों से कैसे पढ़ाया जा सकता है, उसे समझने-समझाने के लिए उन्होंने हम लोगों को 'वाराणसी प्रोजेक्ट' दिया; जिसमें बनारस का ऐतिहासिक, भौगोलिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोणों से अध्ययन किया गया था। श्री रोहित जी का दृढ़ विश्वास था कि विद्यार्थी के बौद्धिक, मानसिक, रागात्मक एवं शारीरिक विकास में सामञ्जस्य हेतु कोरा सूखा पाठ्यक्रम ही पर्याप्त नहीं है। उसे सन्तुलित एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए पाठ्येतर कार्यक्रमों को भी बराबर महत्त्व देना चाहिए। इसलिए नृत्य, नाट्य, खेल-कूद, चित्राङ्कन, कसीदाकारी, पुष्प-सज्जा एवं कला-प्रदर्शनियों पर जोर दिया जाता था। इन प्रदर्शनियों की उत्कृष्टता से विदेशी भी प्रभावित होते। शैक्षणिक यात्राएँ भी विद्यालय की प्रमुख विशेषता थी। यहाँ की कन्याएँ काश्मीर से कन्या कुमारी एवं द्वारिका से पुरी राजस्थान, नेपाल एवं दार्जिलिङ् तक घूम आई थी।

इसके अतिरिक्त श्रमदान को भी विद्यालय में विशेष महत्त्व दिया जाता था। वार्षिकोत्सव के समय मैदान की सफाई छात्राएँ बड़ी रुचि से करतीं। कितना अच्छा लगता था जब छोटी-छोटी छात्रायें टोकरियाँ लेकर कंकड़ बटोरतीं, खुरपियों से घास छीलती, झाड़ू लगा कर पानी छिड़कतीं और एक-एक करके विद्यालय के सारे काष्ठोपकरण ढोती थीं। उनके साथ उनकी अध्यापिकायें व प्रधानाचार्या भी लगी रहती थीं। रङ्गमञ्च की सज्जा होती। हफ्तों उसके उपकरणों में चित्राङ्कन होता। पर्दों की सिलाई, रंगाई होती, कर्मचारी भी उत्साह से सहर्ष सहयोग देते। एक अपूर्व आह्लादमय, उत्साह से परिपूर्ण वातावरण होता था। कई बार-रात के १०-१२ बजे तक कार्य चलता और तब वह सारा श्रम दूर हो जाता जब श्री रोहित जी व उनकी पत्नी श्री देवी जी स्वयं मञ्च पर आकर कुछ-कुछ सुझाव देते और कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करके हमें प्रोत्साहित करते तथा बार-बार यह पूछते 'चाय नाश्ता किया है या नहीं'?

ऐसी कुशल प्रबन्धन कला के साथ ही रोहित जी एक अत्यन्त विनम्र और सहृदय व्यक्ति हैं। वे कोरे बौद्धिक नहीं हैं। सहनशील, सुसंस्कृत और स्वप्नद्रष्टा भी हैं। उनके जैसा भारतीय दर्शन का

पारखी, अंग्रेजी-हिन्दी और गुजराती भाषा का ओजस्वी वक्ता विरला ही मिलेगा। गीता, उपनिषद् और योग पर उनकी अनेक पुस्तकें हैं। कृष्णमूर्ति के विचारों को उनके जैसे समझने वाले कम ही हैं। अरविन्द दर्शन पर तो वे देश-विदेश में सैकड़ों भाषण दे चुके हैं। भारत की आध्यात्मिक गहराई को समझाते, देश-विदेश में अलख जगाते वे परिव्राजक की तरह घूमते हैं। यूरोप, अफ्रीका इत्यादि में उनके भाषणों की माँग इतनी बढ़ गई है कि वे उसे पूरी नहीं कर पाते। नगर में भी कोई उच्चस्तरीय गोष्ठी, चाहे वह विश्वविद्यालयों की हो या सर्व सेवा संघ की, संगीत समाज की हो या वल्लभ सम्प्रदाय की, सब मञ्च उनकी अनुपस्थिति में सूना होता है। अब भी उनका इस विद्यालय के प्रति गहन प्रेम है। जो भी उनके पास भाषण, लेख या अन्य किसी भी कार्य से जाता है, सन्तुष्ट होकर ही लौटता है। नहीं करना वे जानते ही नहीं।

हाँ, विद्यालय की संस्थापना और विकास का सम्पूर्ण श्रेय श्री रोहित जी को देना अन्याय होगा। उनकी सहगामिनी, सहयोगिनी, प्रबुद्ध कला प्रेमी, धर्म पत्नी श्री देवी जी का विद्यालय के प्रति योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वे प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से रोहित जी के प्रत्येक कार्य को पूरा करने में संलग्न रहती हैं। ब्रह्म-विद्या के प्रचार-प्रसार हेतु जब रोहित जी लम्बी यात्राओं पर जाते तो श्रीदेवी जी विद्यालय व छात्रावास का सारा भार सम्हालतीं। वह हमारा मार्ग-दर्शन करतीं।

विद्यालय पत्रिका की प्रधान सम्पादिक महोदया ने कुछ लिखने का आदेश दिया। बार-बार स्मरण दिलाया, चैन नहीं लेने दिया–सो लिखने बैठी हूँ। अब तो पुरानी स्मृतियों का जैसे पुलिन्दा ही खुल गया हो। एक व्यक्ति ने कितना किया, कहीं अपनी इच्छा लादने का आग्रह नहीं। पूर्ण स्वतन्त्रता दी। मार्गदर्शन किया भी तो नेपथ्य से–स्नेहपूर्ण आशीर्वाद के साथ। ऐसे हैं, वसन्त कन्या महाविद्यालय के जनक, संस्थापक श्रीरोहित मेहता।

(वसन्तश्री रजत-जयन्ती अंक १९८० से साभार उद्धृत)

❖

"If science is not linked with spirituality, then the future of humanity is dark and dismal"

—Rohit Mehta

साधनास्थल : वसन्त

श्री मुकुन्द विष्णु काल्विन्ट
भूतपूर्व संगीत विभागाध्यक्ष

थियोसॉफिकल सोसायटी के भीतर, जहाँ वसन्त कन्या महाविद्यालय है, उसके सब स्थान मेरे लिए 'साधनास्थल' हैं। एक शिक्षक के लिए विद्यालय केवल धनोपार्जन का मात्र साधन न होकर उसके ज्ञानवर्धन, अनुभव अर्जित करने व आदान-प्रदान करने का एक साधना स्थल ही होता है। कोई सच्चा शिक्षक है तो दिन प्रतिदिन स्वयं सीखता जाता है और शिक्षक के रूप में दक्ष होता जाता है। यही सब मैंने भी ३० वर्षों में वाराणसी में शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए सीखा, अनुभव किया है। वही स्मृतियाँ आज आपके सामने प्रस्तुत करते हुए भी मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है जो स्वाभाविक है।

प्रारम्भ से ही यह विद्यालय उच्च विचारों को संजोये हुए ही सामने आया है। इसी मार्ग पर अग्रसारित होते हुए और इसी धारणा के कारण यह महान बन गया है। इसे सामने लानेवाले इसके निर्माता स्वयं ही महान् विद्वान् अनुभवी तथा कर्मशील थे। वे केवल महान विद्वान ही नहीं वरन् मानवता मात्र के सच्चे पुजारी भी थे, जिसके कारण हम सबकी छोटी अथवा प्रत्येक कठिनाई का हल वे प्रसन्नता तथा स्नेहपूर्वक करते थे। उन्हीं के व्यक्तित्व की छाया तले हम सबका अस्तित्व बना और हमारी छात्राएँ भी उसी प्रकार की शिक्षा को ग्रहण कर उच्च भावनामयी बनीं। वस्तुतः विद्यालय की नींव ही इसी आधार पर बनायी गयी जिसके कारण वह अत्यन्त प्रसिद्धि को प्राप्त हुआ और दूर-दूर से छात्राएँ विद्याध्ययन के लिए आने लगीं।

ये ही विचार आरम्भ से ही उनमें भी पनपने लगे। बच्चों को सदा ही विद्वानों के प्रवचन सुनने को मिलते थे। अनेक उत्सव होते थे तथा नाना प्रकार के कार्यक्रम होते थे, जिस कारण उस विद्यालय में चिर नवीनता है और सदा आनन्द ही आनन्द का अनुभव होता रहा है। कारण, साहित्य एवं अन्य विषयों का उच्चतम पठन-पाठन माँ एनी वेसेन्ट की विचारधारा के माध्यम से होने के कारण साहित्य, कला, संगीत आदि का भी बहुत सम्मान था तथा उन्हें भी वहाँ के वातावरण में घुला मिला दिया गया था।

हमारे संगीत की शिक्षा-दीक्षा भी एक खास ढंग से चलती थी-

१. प्रारम्भ में रोज ही प्रार्थना होती, जिसमें सब बच्चे नित्य नयी-नयी प्रार्थना करते। संस्कृत के श्लोक, सूर, तुलसी, मीरा, कबीर के पद, गीता, रामचरित मानस की चौपाइयाँ वगैरह नित्य के नियम से कार्यक्रम के आधार पर बदलते हुए गाये जाते थे। इसी सन्दर्भ में अनेक संगीत रचनाएँ भी तैयार होती गयीं जो आज भी मेरे पास सुरक्षित हैं।

२. अन्य कार्यक्रम, जैसे–कालिदास जयन्ती, तुलसी जयन्ती आदि पावन अवसरों पर भी संगीत कार्यक्रम होते रहे हैं। उसके योग्य रचनाएँ भी तैयार की गयीं व संगीतबद्ध हुईं।

३. नाटकों में भी पार्श्व संगीत व नाटक के सन्दर्भ में गाये जाने वाले गीत शास्त्रीय होते थे।

४. कभी-कभी नृत्य-नाटिकाएँ भी हुई हैं। कृष्णदीवानी मीरा या रामायण का सन्दर्भ लेकर भी नृत्य-नाटिकाएँ पूर्ण रूप से शास्त्रीय संगीत पर आधारित होती रही हैं। जयदेव के पदों पर भी संगीतमय नाटिका हुई हैं। ऐसे अवसरों पर सदैव चन्द्रशेखर जी नृत्याचार्य का भी हमें पूर्ण सहयोग मिला है और हमारी छात्राओं ने स्वयं उनके साथ मेरी रचनाओं को गाया है।

५. कला-विभाग के हमारे सहयोगी मित्र शान्तिरंजन बोसजी का तो हमें पूरा-पूरा सहयोग व मार्गदर्शन भी मिलता था। उन्हीं के साथ बैठकर हमने भी समझा था कि संगीत कला से और कला संगीत से भिन्न नहीं है, तथा दोनों का ही साहित्य से अटूट सम्बन्ध है। चित्र देखने की कुछ-कुछ अक्ल भी हमें आने लगी थी। शांतिदा से बात करने पर कुछ-कुछ नया मसाला हमें मिल जाता था। रेखाओं तथा ध्वनि का भी आपस में कैसा सम्बन्ध है। रंगों का सुन्दरता से व मधुरता से कैसा साम्य है, इसका अनुभव मुझे उनके सामीप्य से हुआ। वे स्वयं नृत्य के ज्ञाता थे, साथ ही टैगोर संगीत के। आज उनकी याद से हम विचलित हो जाते हैं। किन्तु सम्हलकर उनके स्नेहमय मार्गदर्शन पर संगीत के लिए भी अग्रसर हो जाते हैं। ऐसे ही और भी विद्वज्जन भी मेरी स्मृति में आते हैं, ज़ैसे चन्द्रशेखर जी।

६. हमने कक्षाओं में भी संगीत को पोथी-पत्रा के माध्यम से रटी-रटायी पट्टी के आधार पर कभी नहीं सिखाया, बल्कि गुरु-शिष्य परम्परा के आधार पर ही (जो विद्यालयों में सिखाना कठिन ही रहता है।) हमने संगीत की उच्च भावनाओं से पूर्ण ऐसी ही शिक्षा दी है। हमारी छात्राओं ने सब कुछ गाया है, जिसे श्रोताओं ने सदा सराहा है। 'लोकगीत' तक की रचनाएँ भी हमने बच्चों से गवायी है और श्रोताओं ने कहा भी कि वास्तविक प्राचीन 'लोकगीत' के समान ही ये रचनाएँ हैं। /

प्रारम्भ से ही उच्च भावनाओं, विचारों, आचारों पर आधारित शिक्षा होने से तथा अनुशासन-जो कि सबकी जड़ है, वह शुरू से ही विद्यालय की रग-रग में सहज ही भरी हुई थी; जिसके कारण कोई भी कठिन अथवा महान् कार्य करने में न हम, न छात्राएँ थकती थीं, न ऊबती थीं, न बहाना करती थीं, बल्कि सदा ही हम सब काम में प्राणपण से लगे रहते थे और कार्य सम्पूर्ण होने पर सबके साथ हम भी आनन्दित होते थे। सभी शिक्षक, शिक्षिकाएँ मिलकर काम करते थे। कारण, हम लोग छोटे-बड़े के भेदभाव की भावना से सर्वथा रहित थे। इसीलिए सबमें बन्धुत्व की भावना थी। इसी भावना के अन्तर्गत हम स्वयं को सेवक ही समझते थे। इसी प्रकृति ने हमें आज अपना उत्तरदायित्व सम्हालने के लिए चुस्त-दुरुस्त रखा है। विद्यालय में यही सब नित्य होता था। इसीलिए नित्य ही विद्यालय का समय होते ही वहाँ पहुँचने की जल्दी होती थी और जाते ही शीघ्रता से कार्य में संलग्न होने की धुन सवार रहती थी।

हमें यह सब करने-कराने में प्रेरणादायक, सलाहकार, मार्गदर्शक के रूप में जिस महान् व्यक्तित्त्व का सहारा मिला है वे हैं–श्री रोहित मेहता, श्रीमती राधा बर्नियर, श्री गुरदासजी फन्सालकर, सुश्री शुभदा तैलंगजी, हमारी भूतपूर्व प्रधानाचार्या श्रीमती लीला शर्माजी, हमारे परम मित्र स्व. एस.के. सामंतजी, श्री ठाकुर जयदेव सिंह जी, स्व. श्री चौधरी जी (रिटायर डाक्टर)। इनका सहयोग, मार्गदर्शन हमें न मिलता तो हम केवल गवैये ही रह जाते। यह हमारा परम सौभाग्य है और इनके सहवास में रहने के कारण ही हमने अपने को सम्पूर्ण रूप से 'साधक' बनाया है। जिस प्रकार हम विद्यालय के जीवन भर ऋणी रहेंगे, वैसे ही इन व्यक्तियों के भी। आज जो कुछ भी अनुभव, विचारधारा, कार्यविधान संगीत से हमें मिला और अब जिससे एक ठोस विचार मेरा प्रतिपादित हुआ है, जो मेरे लिए अरबों रुपयों से भी अधिक मूल्यवान है, वह इन तीन विद्यालयों के माध्यम से तथा गुरुजनों के आशीर्वाद से ही है। अन्त में विद्यालय अपने कार्य, निष्ठा, लगन आदि के द्वारा दिन-प्रतिदिन उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त हो तथा स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु स्वस्थ, पवित्र तथा सन्तुलित छात्राओं (नागरिकों) को सही दिशा दे–ऐसी मेरी इस विद्यालय के प्रति शुभकामनाएँ हैं।



(वसन्तश्री-रजत जयन्ती अंक १९८० से उद्धृत)


❖

मेरा ज्ञान भजन बन जाता।
अन्तर के आग्रह के सम्मुख मेरा चिन्तक चुप हो जाता।
मेरे मत्त प्रेम के आगे सब दर्शन जीवन बन जाता।
सब कुछ आता सब कुछ जाता नहीं हृदय में कुछ टिक पाता।
अहं विसर्जित करते-करते मेरा मन दर्पण बन जाता।
पीड़ा में क्या आह निकालूँ और विजय में नाद करूँ क्या।
सब सुख दुःख प्रिय के कटाक्ष बन आत्मा की पुलकन बन जाता।

—विद्यावती कोकिल

नींव के पत्थर










1. डॉ. उमा मौडवेल एवं श्रीमती मोहिनी भण्डारी 2. श्री शान्ति रंजन वोस 3. सुश्री मुधुरिमा चौधरी नृत्य की मुद्रा में 4. संगीत वादन रत छात्राएँ, इनसेट में श्री मु.वि. कालविंट, 5. श्रीमती लीला शर्मा अतिथियों के साथ 6. सितारवादन का एक दृश्य (मध्य में तबला वादन रत सितार शिक्षक श्री डी.के. चटर्जी) 7. वसन्त कन्यायें अपने जनक के साथ 8. शिक्षक वृन्द 9. श्रीमती विमला खेड़ा एवं डॉ. श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव


सांस्कृतिक संकुल























1. बंगाली लोक नृत्य 2. मणिपुरी लोकनृत्य 3. भरत नाट्यम् 4. फैन्सी ड्रेस "भिखारी" के रूप में छात्रा 5. वर्षा मंगल में थिरकती छात्राएँ 6. पूर्वाभ्यास का दृश्य 7. पिकनिक का आनन्द लेती छात्राएँ 8. गणतंत्र दिवस की शोभायात्रा में पी.एस.डी. की छात्राएँ 9. क्ले वर्क में रत छात्राएँ


वार्षिकोत्सव











1. मीरा 2. कर्ण 3. मदन दहन 4. आखिरी सवाल 5. बाज बहादुर 6. पृथ्वी वल्लभ 7. आर्म्स एण्ड द मैन 8. टिण्डर बॉक्स 9. इम्पॉर्टेन्स ऑफ बीइङ् अर्नेस्ट 10. कृष्ण लीला 11. पादुकाभिषेक

विशिष्ट व्यक्तित्व



1


2


3


4


5


6


7


8


9


10


11


12

1. नारायण भाई देसाई श्री रोहितजी के साथ 2. पं. हजारी प्रसाद द्विवेदी प्राचार्या श्रीमती लीला शर्मा के साथ 3. जान कोट्स के साथ श्रीमती राधा वर्नियर, श्रीमती लीला शर्मा व श्रीमती मालती पण्ड्या 4. डॉ. कर्ण सिंह एवं मंडलायुक्त राजीव रतन शाह 5. तेनसिंह नौर्के छात्राओं के बीच 6. माधुरी वेन शाह (यू.जी.सी. चेयरमैन) प्रो. सरोजिनी वार्ष्णेय (प्राचार्या म.म.वि.) के साथ 7. ठाकुर जयदेव सिंह श्री रोहित जी के साथ 8. विश्वभाषा के संपादक गुलामदस्तगीर विराजदार संस्कृत विद्वान् प्रो. विश्वनाथ भट्टाचार्य के साथ 9. श्री श्रीवत्स गोस्वामी जी को सं.मा.मं. का स्मृति चिह्न देते हुए काशी नरेश 10. करुणापति त्रिपाठी रोहित जी के साथ 11. कमलापति त्रिपाठी प्रो. हरिनारायण दीक्षित कुलपति का.हि.वि.वि. के साथ 12. सुरेश चन्द्र गुप्ता (उच्चशिक्षा निदेशक) के साथ प्राचार्या पुष्पलता प्रताप एवं प्रबन्धिका श्रीमती मालती पाण्ड्या

स्मृतियों के झरोखे से

डॉ. (श्रीमती) वीणा व्यास पाठक
पूर्व प्राचार्या

वसन्त की श्री और सुषमा से परिपूर्ण वसन्त कन्या महाविद्यालय से मेरा प्रथम परिचय दस जुलाई सन् १९६३ को हुआ और यही परिचय एक अविच्छिन्न स्मृति रूप में मनः पटल पर अंकित हो गया। आज भी उस प्रथम दिन की स्मृति मुझे रोमांचित और आह्लादित कर देती है। महविद्यालय प्रांगण में कदम रखते ही सर्वप्रथम शिवस्तुति की पंक्तियाँ 'विश्व-सृष्टिविधायिनं, पुनरेवपालनतत्परम्' मन की गहराइयों में उतर गंयीं। सारा प्रांगण शिवस्तुति से गुंजायमान था, एक शालीन, पावन, अनुशासित और सौम्य वातावरण से आवंटित महाविद्यालय प्रकृति की भरपूर सुषमा से युक्त था। प्रांगण के मध्य में शोकहरण सा करता अशोक अपनी सम्पूर्ण हरीतिमा के साथ था तो प्रवेश द्वार के निकट, कृष्णकमल के बैंजनी नीलाभ और एन्टीगोनन के गुलाबी फूलों से आच्छादित लता मण्डप, उसके निकट ही आम्रवृक्ष झूमती हरी-भरी शाखाओं के साथ अपनी छटा बिखेर रहा था। प्रार्थना का सत्र पन्द्रह मिनट का था और उसके उपरान्त सभी छात्राऐं धीर गम्भीर शान्त गति से अपनी कक्षाओं में प्रवेश कर रही थीं और अध्यापिकाएँ अपनी-अपनी कक्षाओं में जाने के लिये तत्पर। इस शान्त संकुल वातावरण में मैं एकाकी चिन्तन कर रही थी क्या करूँ कि मेरा चिन्तन सहसा ही टूट गया। प्राचार्या लीला शर्मा ने स्नेह और अधिकार के साथ समस्त उपस्थित प्राध्यापिकाओं से मेरा परिचय कराने के साथ ही आवश्यक निर्देश भी दे दिये, फिर तो सहज भाव से दिनचर्या आरम्भ हो गयी। उस औदार्यपूर्ण स्नेहिल पारिवारिक माहौल में मैं शीघ्र ही घुल मिल गयी, ऐसा लगा ही नहीं कि यह मेरा प्रथम दिन है, ऐसा स्नेहपूर्ण वातावरण था जो हर एक को आत्मसात कर लेता। यही विद्यालय की वह विशिष्टता थी, जिसने उसे एक अलग और अनुपम स्थान दे रखा था। कार्यभार के बोझ से बोझिल कन्धे थकते न थे, हर समय एक ऊर्जा, स्फूर्ति और हँसी के फव्वारे छूटते ही रहते थे। स्नेह, प्रेम, अनुशासन का अनुपम समिश्रण और सन्तुलन था, जो यदा-कदा ही कहीं देखने को मिलता है, यही इसकी खास पहचान थी।

इसी संदर्भ में सबसे मनोरंजक घटना घटी जो आज भी भुलाये नहीं भूलती। मैं एकदम नयी थी, मुझे विद्यालय के सम्बन्ध में कोई जानकारी न थी और विद्यालय अत्यधिक प्रतिष्ठा प्राप्त था। किन्तु उसकी अपनी समस्याएँ थीं जो क्रमशः मुझे ज्ञात होती गयीं, किन्तु उस दिन तो मुझे समयसारिणी समझनी और लिखनी थी। नागलक्ष्मी सिंह मुझे समय-सारिणी बता रही थी और चारों ओर समयसारिणी को लेकर एक अजीब तनाव और तकरार थी। नागलक्ष्मी सिंह अपनी भरसक सभी को सन्तुष्ट कर रही थीं कि एकाएक उठकर चल दीं, मैं उनके साथ ही उठी, हम दोनों अध्यापिका कक्ष के दरवाजे तक आ गये थे। नागलक्ष्मी सिंह परेशान सी थीं कि मैंने पूछ लिया कि आप क्या विषय पढ़ाती हैं, वे उतनी ही तत्परता से बोलीं 'टाइम

टेबुल'। मैं भौचक्की उन्हें देखती रही और सारे कक्ष में हँसी छूट पड़ी। नागलक्ष्मी दी को चेतना हुयी और कहा मैं गणित और अंग्रेजी पढ़ाती हूँ। वो तो मुझे बाद में पता चला कि वह अनेक प्रशासनिक दायित्वों का निर्वाह भी करती थीं और पूरे विद्यालय की, कक्षा ६ से स्नातक कक्षाओं तक की समय सारिणी बनाना उन्हीं का दायित्व था। वे अत्यन्त मेधावीं, तीक्ष्ण और कर्मठ थीं तथा इण्टर विभाग के पृथक् होने पर वह वसन्त कन्या इण्टर कॉलेज की प्रथम प्रधानाचार्य भी बनी। यह घटना आज भी जब हम दोनों मिलते हैं तो याद करके हँसते हैं। अपने माहौल की विशिष्टता के साथ-साथ विद्यालय प्रकृति की सुषमा से भी भरभूर था। कदम्ब, कचनार, नागचम्पा, श्रावणी के फूलों लदे पेड़; माधवी, चमेली, टैंगरी के फूलों के झाड़, जूही की लता क्लोरोडिण्डोन के लालगुच्छों के फूलों से लदी लता और छोटी कक्षा के रोड पर फैली गुलाबी फूलों की एन्टीगोनन की लता की सुषमा हरीतिमा अनुपम थी। ऐसा सुन्दर सरल माहौल तथा बाँस के झुरमुट और झूमती शाखाएँ अपना अलग ही सौन्दर्य बिखेर रहीं थी। प्रकृति के बीच बसा यह विद्यालय किसी प्राचीन गुरुकुल ही याद दिला देता था। यह तो इसका स्थायी सौन्दर्य था, जिसमें मौसमी फूलों की बहार कोटन, कर्न के पत्ते, कोलियास की रंगीन पत्तियाँ, गुलाब के फूलों की महक, गुलदाउदी और डेलिया की गमक, नागफनी और कैक्टेक्स भी अपनी आभा बिखेरते, विद्यालय की प्राकृतिक छटा को द्विगुणित करते रहते थे। जितना ही सोचो, उतना ही सौन्दर्य बिखर-बिखर जाता है जो शब्दातीत है। यह सौन्दर्य पूर्ण परिवेश जो फूलों सा कोमल, सुगन्ध बिखेरने वाला और कैक्टेक्स तथा नागफनी सा कड़ा था, समस्याओं से युक्त था, मेरी कर्मभूमि था, यहीं पर जीवन के कर्ममय वर्ष व्यतीत किये। एक सामान्य साधारण प्रवक्ता के रूप में आयी और सन् २००० में प्राचार्या पद से सेवा निवृत्त हुयी। इस कर्मभूमि में हर रूप में हर प्रकार का कार्य किया। शिक्षा दी ही नहीं शिक्षा प्राप्त भी की। यह केवल कर्मक्षेत्र ही न था वरन् यह तो मेरा शिक्षाक्षेत्र भी था जिसने मुझे सिखाया, शिक्षित किया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और आज मैं अपनी शिक्षा से पूर्ण सन्तुष्ट हूँ जो कुछ दिया उससे अधिक प्राप्त किया। यह इस महाविद्यालय की ही देन थी, क्यों न हो यह भूमि उस पवित्र कर्मठ नेत्री डॉ. बेसेन्ट की कर्मभूमि थी, जिसने भारत में भारतीयता के जनजागरण का उद्घोष किया था और विद्यालय उन्हीं की स्मृति में गठित हुआ था। इसके जनक शिक्षाविद् दार्शनिक समाजसेवी और थियोसाफिकल सोसायटी के तत्कालीन सचिव रोहित मेहता थे। अतः इन विभूतियों के व्यक्तित्व का प्रभाव तो पड़ना ही था, जो एक स्वाभाविक प्रक्रिया थी।

विद्यालय का सांस्कृतिक सत्र अगस्त माह में 'वर्षामंगल' रवीन्द्र दिवस से आरम्भ होता था। यह दिवस अपने में एक कलामय अभिव्यक्ति थी जो कविगुरु रवीन्द्रनाथ ठाकुर की स्मृति में आयोजित होती थी। गुरुदेव का स्मरण उनके कवित्वमय कलामय, प्रकृति प्रेममय रूप में किया जाता था। विद्यालय कलाकारों का गृह था। नृत्य पारंगत सी.वी. चन्द्रशेखर तो थे ही, उनकी शिष्या और मनोविज्ञान की प्राध्यापिका मधुरिमा चौधरी भी कोई कम न थी। नृत्य और संगीत तो उनके व्यक्तित्व का अभिन्न अंग था। रंजन कला के शान्तिरंजन बोस तो पूर्ण कलाकार थे। उनका आन्तरिक और बाह्य व्यक्तित्व कलामय था। नृत्य, संगीत, चित्रकला भावाभिव्यक्ति सभी में पारंगत! कला ही उनका जीवन थी। चौड़े जरी पाढ़ की सफेद शान्तीपुरी धोती और कुरता उनके व्यक्तित्व की कलाप्रियता को प्रगट करते थे। इनके साथ ही थी शान्त स्निग्ध मोहिनी भण्डारी।

अपने व्यवहार आचरण में नामरूप मोहिनी थी तो स्कूल विभाग में हिन्दी की प्रवक्ता, किन्तु थी एक शान्त सौम्य कलाकार। विचार और शैली की प्रखरता उनकी कला में प्रतिबिम्बित होती थी। इन कलाकारों के द्वारा सज्जित रवीन्द्र दिवस, वर्षामंगल, रवीन्द्र जयन्ती, रवीन्द्र के रचित कथ्यों का संगीतमय नृत्यमय मंचन और साथ में सौ दो सौ छात्राओं द्वारा किया जाने वाला नयनाभिराम समूह नृत्य, वृक्षारोपण, सभी कार्यक्रम महाविद्यालय के कण-कण में रची-बसी कलात्मकता, स्नेह, प्रेम, सहयोग, अनुशासन और औदार्य का प्रतिबिम्ब थे। जो 'एक बार यहाँ आता वह यहाँ की अमिट छाप लेकर ही जाता था, एक कभी न भूलने वाली स्मृति।

नृत्य संगीत तो मानो प्राण ही थे और इस विभाग में शास्त्रीय विद्या के जानकार अध्यापक थे सी.वी. चन्द्रशेखर और एम.वी. कालविन्ट, जिन्होंने इन दोनों विद्याओं को नयी ऊँचाइयाँ प्रदान की। इसके साथ ही पठन-पाठन, खेल-कूद किसी में भी महाविद्यालय पीछे न था। सारे वर्ष कोई न कोई कार्यक्रम होता ही रहता और उसी तत्परता से कक्षाएँ भी चलती, पठन-पाठन कभी भी छूटा नहीं, विद्यालय की गैर शैक्षणिक गतिविधियों को लक्षित करते हुये एक बार संस्कृत की प्रवक्ता शीला सहस्राबुद्धे ने हँसते हुये कहा कि यहाँ एक बोर्ड लगा देना चाहिये कि यहाँ पढ़ाई भी होती है। हम सभी हँस पड़े। पढ़ाई तो होती ही है तभी तो विद्यालय का परीक्षाफल सर्वश्रेष्ठ है और विद्यालय श्रेष्ठता सूची में है। इसकी शैक्षणिक-गैर शैक्षणिक गतिविधियाँ स्पर्धा का कारण बनी हुई हैं।

विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण था अन्तर्राष्ट्रीय थियोसाफिकल सोसायटी का वार्षिक कन्वेन्शन, जो सन् साठ के दशक में प्रति एक वर्ष के अन्तराल से दिसम्बर के अन्तिम सप्ताह में होता था। विद्यालय लगभग पन्द्रह दिनों तक बन्द हो जाता। सारा प्राँगण और इमारत के अधिकांश भाग का उपयोग कन्वेन्शन के लिये किया जाता था। देश-विदेश से लगभग दो हजार सदस्य थियोसॉफिकल सोसायटी के विस्तृत प्रभाग में एकत्रित होते। प्रातः से रात्रि तक अति व्यस्त कार्यक्रम रहता। यद्यपि विद्यालय बन्द हो जाता था किन्तु हम सभी अध्यापिकाओं कर्मचारियों को कोई न कोई कार्य का दायित्व मिलता। उसे पूरा करना था, अतः उपस्थिति अनिवार्य सी हो जाती थी। ऐसे लोग गिने चुने होते थे, जिन्हें कोई कार्यभार न मिले। विभिन्न कार्यों में महत्त्वपूर्ण कार्य जिसका विशेष निर्वाह विद्यालय को करना पड़ता था, वह था कन्वेन्शन में आने वाले अभ्यागत (डेलिगेट्स) की स्वागत समारोह (Reception) की व्यवस्था। जिसमें हल्का नाश्ता और गरमागरम चाय की माँग रखी जाती थी। वह भी उस समय जब शीतलहरी हुयी होती थी।

१९६३ का प्रथम वर्ष था। कन्वेन्शन के इस विशेष समारोह का मुझे कोई अनुभव न था। पद्मजा भड़भड़े सोसायटी की कार्यकर्त्ता एवं इस स्वागत समारोह समिति की प्रमुख थी, उन्हीं की समिति में मैं भी थी, केवल हम दो-चार लोग और पन्द्रह सौ लोगों की चाय बड़ी परेशानी हुयी। किसी प्रकार सब कार्य खत्म हुआ, कुछ खट्टा-मीठा अनुभव रहा, जिसका परिणाम था कि हम सभी ने इस विशेष आयोजन का स्वतन्त्र दायित्व ले लिया। अगले वर्ष मैं और मेरी ही सहकर्मी लतिका खान इसके लिये नियुक्त किये गये। हम दोनों ने गरमागरम चाय का निदान निकाला कि बर्त्तन वालों के यहाँ पहुँच गये। वाराणसी में उस समय

ट्वाय म्युजियम की बड़ी दुकान विश्वनाथगली के मध्य में थी, वह आज भी है, किन्तु उसका विभाजन हो चुका है और अब वह पुराना ट्वाय म्युजियम नहीं रहा। यह बड़ी प्रतिष्ठित बर्त्तनों की दुकान थी जहाँ मेरी भी पहचान थी और विद्यालय की प्रतिष्ठा की धाक भी थी। हम दोनों वहाँ से किराये पर चमचमाता चाय का बड़ा सा हम्माम ले आये, ताकि चाय गरम रहे। उसे स्वागत वाले दिन चायसहित रिसेप्शन स्थान के मध्यभाग में रखा। साथ में छात्राओं ने कुल्हड़ों की व्यवस्था की, ताकि उसकी टोंटी से गरम चाय अभ्यागतों को दी जा सके। वह खूबसूरत चाय का हम्माम सभी के आकर्षण का केन्द्र बन गया। विदेशी डेलीगेट्स के लिये तो वह अजूबा ही था। चारों ओर से प्रश्नों की बौछार, यह क्या है? कहाँ से आया? आदि-आदि। चाय तो गरम थी पर इसके बाद भी आलोचना प्रत्यालोचना थी सबके बावजूद व्यवस्था की सफलता का परिणाम था कि स्वागत समारोह का दायित्व विद्यालय को ही स्थायी तौर पर सौंप दिया गया और जब तक कन्वेशन यहाँ हुये यह भार हम सम्भालते रहे। मैं और लतिका साथ मिलकर काम करते रहे, नये-नये संशोधन भी किये, स्वागत समारोह के लिये विद्यालय का प्रांगण प्रयुक्त किया। साथ ही पृष्ठभूमि में वाद्यसंगीत की व्यवस्था भी की, जिससे मनोरम वातावरण बन सके। समय के साथ सोसायटी का वार्षिक कन्वेन्शन वाराणसी में होना बन्द हो गया और वह स्थायी तौर पर अड्यार में आयोजित किया जाने लगा। फलतः सारी व्यवस्थाएँ एवं सोसायटी के कार्यक्रमों में विद्यालय की भागीदारी क्रमशः कम होते-होते समाप्त हो गयी। यद्यपि आज भी प्रान्तीय सम्मेलन आयोजित होते हैं किन्तु उसका पूरा दायित्व सोसायटी का ही है। विद्यालय का दायित्व और भाग नहीं होता। जो आमंत्रित हों वे अथवा जो सदस्य हों वे उसमें भाग लेते हैं।

इन समस्त कार्यों और महाविद्यालय की शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ नागफनी सी सिर उठाये अनेक समस्याएँ भी थीं, उसके ऐसे कार्यों का दायित्व प्राध्यापिकाओं पर था जो वास्तव में प्राचार्य कार्यालय के कर्णिकों द्वारा सम्पादित किया जाना चाहिये था। ये अनेक समस्याएँ थीं जैसे महाविद्यालय में स्थान की कमी, पुस्तकालय भवन का अनुपयुक्त होना, प्राध्यापिकाओं के स्वाध्याय के लिये स्थानाभाव, स्नातक कक्षाओं के साथ-साथ इण्टर की कक्षाएँ भी लेने की बाध्यता, माह में तीन दिन छात्राओं से शिक्षण-शुल्क लेना, रजिस्टर बनाना, हिसाब करना, प्रतिसप्ताह डायरी भरना आदि अनेक कार्य तो थे। परीक्षा के समय छात्राओं को पुस्तकें प्राप्त होती थी, पुस्तकालय में प्रत्येक विषय की प्राध्यापिका के लिये अपने विषय की पुस्तकों की चेकिंग करनी और उसे सील करना अनिवार्य था। इसके अलावा अनेक कार्य जैसे कार्यालय के प्रपत्रों, रसीद बुकों, पत्राचार आदि आदि को देखकर नियमानुसार वीडिंग करना आदि। इन सबके साथ सारे नियम अत्यधिक कड़ाई के साथ इण्टर विभाग के लागू किये जाते थे। इन स्थितियों में गम्भीर समस्या वेतन सम्बन्धी थी। वेतन का समय से प्राप्त न होना, कभी-कभी माह बीत जाता था। फलतः महाविद्यालय में कर्म के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते हुये हम सभी एक जुट होकर अपने अधिकारों की प्राप्ति तथा सुविधाओं के लिये संघर्षरत भी रहते। कर्म और संघर्ष दोनों दो समानान्तर रेखाओं से निरन्तर चलते रहते थे। आवेदन, प्रतिवेदन किये जाते, कुछ आश्वासन मिलते कुछ अस्थायी सुविधाएँ भी मिल जाती थीं, किन्तु समाधान न होता था। यह वह कील थी जिससे असन्तोष के स्वर उभरते

थे। इन सबके बाद भी आपसी सम्बन्ध स्नेहपूर्ण, आत्मीय और सारा माहौल उल्लास तथा प्रेम से परिपूर्ण रहता था। सम्बन्ध सौहाद्रपूर्ण स्नेहिल बने रहते थे। शिक्षक कक्ष में हँसी के फौव्वारे छूटते, राजनीतिक बहसें और विमर्श होते, नयी-नयी योजनाएँ बनती और नित नए कार्यक्रम आयोजित होते थे। अपनी आर्थिक और अन्य अनेक कठिनाइयों के बाद भी विद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर था। विरोध और आपत्तियों के बाद भी हम सभी प्राध्यापिकाएँ वे समस्त कार्य करतीं थी जो हमें हमारे दायित्व के रूप में दिये जाते थे। इसी सन्दर्भ में जो रोचक तथ्य था वह यह कि विद्यालय में एक अवकाश प्राप्त चटर्जी मास्टर साहब थे, जो जय नरायण घोष स्कूल के प्रधानाचार्य रह चुके थे और हम सभी उन्हें बूढ़े मास्टर साहब कह कर सम्बोधित करते ,थे। कार्य के प्रति प्रतिबद्ध, समर्पित और सभी नियम कानून जानने वाले, शुल्क रजिस्टर उन्हीं को दिखा कर हस्ताक्षर करवाना अनिवार्य था। थे तो बूढ़े पर नजर बड़ी तीखी थी। छोटी सी भी गलती पकड़ लेते, काट-छाँट नापसन्द थी, साफ-सुथरा कार्य चाहते थे और उनकी वह डॉट जिसमें ममतामयी आँखों से स्नेह छलकता दिखता था, बड़ी ही मीठी लगती थी। वह एक अनोखा ही व्यक्तित्व था। कर्मठ और प्रतिबद्ध, सीधा, सरल और सादगीपूर्ण, जिसमें से स्नेह छलकता ही रहता था और सदैव सिखाने-बताने तथा सुधार करने के लिये तत्पर रहते थे। हम सभी उनसे सम्मानपूर्ण भय खाते और प्रेम भी करते थे, हिचक सी होती थी और अगर कार्य अच्छा रहा तो बड़ी निर्भीकता से उनके पास जाते थे।

बूढ़े मास्टर साहब के साथ ही याद आती हैं हिन्दी की वरिष्ठ प्रवक्ता और प्राचार्या के बाद उपप्राचार्य के समकक्ष हिन्दी की प्रवक्ता डॉ. उमा मॉडवेल। सीधी, शान्त, सरल, कभी क्रोध तो आता ही न था, कोई भी हलचल हो वे सदैव शान्त रहती, उद्वेलित न होती। वरिष्ठतम थीं। किन्तु रजिस्टर का काम उन्हें भी करना पड़ता जो कभी पूरा न होता। वे बड़े ही सुन्दर ढंग से कार्य आरम्भ करतीं। कहा करती 'इस बार ऐसा रजिस्टर बनाऊँगी जो आदर्श है। लीलादी और बूढ़े मास्टर साहब देखकर दंग रह जायेंगे और वास्तव में दो तीन महीनों तक कार्य बड़े मनोयोग से चलता पर उसे पूर्णता कभी भी न मिलती। हम सभी उनकी बातें सुनते और आनन्दित होते थे।

उमा मॉडवेल के ही विभाग में थी सावित्री श्रीवास्तव, अध्यापिका कक्ष में होने वाली तकरार और घटनाओं के शब्द चित्र इस सजीवता से खींचती कि हम सभी उसे पढ़ते और हँसते थे। उनके लिखे रेखाचित्र की पाण्डुलिपि का एक-एक पन्ना हम लोग आपस में बाँटकर पढ़ते, विशेषकर उस समय जब समय सारिणी की आपसी तकरार पर वे कुछ लिखकर लाती थी, बड़ा आनन्द आता था। इन्हीं के बीच थीं राजनीति में दखल रखने वाली अर्थशास्त्र ही प्रवक्ता ज्योत्सना श्रीवास्तव। इनके कुर्सी और बैठने का स्थान निश्चित था। यदि भूल से कभी कोई वहाँ बैठ गया तो आप चुपचाप वहीं पास में खड़ी हो जाती और सभी उपस्थित देख-देख कर मुस्कुराते थे। सभी के व्यक्तित्व भिन्न थे और सभी में एकरूपता ऐसी थी कि आपसी वैभिन्न्य का कोई स्थान न था। अध्यापिका कक्ष सदैव ही गरमागरम बातों, हँसी और तर्क-वितर्क से परिपूर्ण रहता, हर तरह की बातें और विवाद होते। हर विषय पर बात होती, गपशप होती और नये-नये कार्यक्रम बनते थे। हमारे बीच हमारी प्राचार्या भी आ बैठतीं। उस समय वह प्राचार्या नहीं हमारी दीदी होती और हम सब खुल कर बातें करते थे। सारा परिवेश ही पारिवारिक हो जाता था। साप्ताहिक डायरी भरना मुझे कभी भी

प्रिय न लगा और मैंने कभी नियम से नहीं भरी। समय-समय पर उसके लिये कठिन निर्देश भी मिले। इसी सन्दर्भ में एक बार पूरा वर्ष बीत गया। डायरी नहीं भरी तो आदेश हुआ कि डायरी कार्यालय में जमा किये बगैर विद्यालय से न जाऊँ। फलतः मैंने दो पीरियड (अस्सी मिनट) में पूरी डायरी भर कर जमाकर दी कोई कठिनाई न थी। अवकाश की सूची मैं ही बनाती थी। सारी छुट्टियाँ और दिन मुझे पूरी तरह ज्ञात थे। उपस्थिति रजिस्टर सामने रखकर सारे वर्ष को सप्ताह में विभक्त कर, आवश्यक विवरण अंकित कर, पढ़ाये गये सारे पाठ विभाजित कर दिये। फटाफट कार्य पूरा करके मैं घर चली आयी। दूसरे दिन प्राचार्या ने डायरी में लिखा पूरे वर्ष की डायरी एक ही दिन में इतने कम समय में कैसे भरी? आश्चर्यजनक है और यह अनुचित भी है। मेरा तर्क था कि एक वर्ष क्या कहें तो पाँच वर्षों अग्रिम डायरी भ़र दी जाय, इसमें समस्या ही क्या है। पाठ निश्चित है और पढ़ाने का तरीका भी निश्चित है बस व्याख्यान देना। इसे भरंने में क्या कठिनाई है। इस प्रकार कुछ न कुछ उठापटक होती ही रहती। कभी कुछ किया कभी नहीं किया और हँसते गाते आगे बढ़ते रहे। बिना किसी प्रकार की चिन्ता किये। अनेक आन्तरिक बाह्य उतार-चढ़ाव और कठिनाइयों के बाद भी विद्यालय समस्त प्रमुख क्षेत्रों में शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक में अपनी अनुपम और अद्वितीय उपलब्धियों को प्रतिष्ठापित करने में सफल रहा और वी.के.एम. का नाम ही प्रतिष्ठा का प्रतिरूप बन गया। उस गौरवमय अतीत और प्रतिष्ठा के हम सभी भागीदार थे। आज भी उस विगत अद्वितीय प्रतिष्ठित स्थिति की अनुभूति रोमांचित कर देती है।

विद्यालय की प्रगति के साथ ही उसका विस्तार भी हुआ। स्नातक कक्षाओं में नये विषय आरम्भ किये गये। स्थानाभाव तो पहले से ही था अब और भी कठिनाई होने लगी। समयसारिणी का बिखराव कुछ इस तरह हो गया कि सारा दिन विद्यालय में ही बीत जाता था, जिस कारण हम अपनी आंशिक सुविधा का प्रयोग भी नहीं कर पाते थे। स्वाध्याय, पठन-पाठन सभी स्थान की कमी के कारण प्रभावित होता था, किन्तु इसका कोई समाधान न था। विद्यालय के लिये अपने प्रसार हेतु निकटवर्त्ती रिक्त स्थान न थे। सोसायटी के परिसर में फैलने का प्रश्न भी न था, इसके बाद भी प्राचार्या लीला शर्मा के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप थोड़ा प्रसार हुआ तथा निकटवर्ती स्थानों का अधिग्रहण किया गया, जो आज विद्यालय का अभिन्न अंग है।

विद्यालय की प्रगति और विस्तार के साथ-साथ हमारा संघर्ष, हमारी आर्थिक, शैक्षणिक असुविधाओं की समाप्ति के लिये चलता रहा, जिसका प्रतिफल हुआ कि क्रमशः वे शिथिल होने लगे और १९७८ में नयी प्राचार्या के आगमन के साथ ही हमें स्वतन्त्र वायु का झोंका मिला। नयी प्राचार्या डॉ. पुष्पलता प्रताप एक तो काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के महिला महाविद्यालय से आयीं थी, साथ ही खुले विचार, स्वतन्त्र अभिव्यक्ति और मौलिक व्यक्तित्व की स्वामिनी थीं, जिनके आते ही हमें अनेक वे सुविधाएँ मिल गयीं जिनकी हम निरन्तर माँग कर रहे थे और जिन्हें प्राप्त करने के लिये नियमों का उल्लंघन भी कर रहे थे, किन्तु आर्थिक कठिनाई का निराकरण न हो सका।

इन सभी समस्याओं संघर्षों के बाद भी विद्यालय की पत्रिका वसन्त श्री अपनी सुषमा बिखेरती थी। विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मंचित नाटक मील का पत्थर होते थे। विक्रमोर्विशीयम्, कर्ण, सिद्धार्थ, भूमिजा

नाटकों ने और जयदेव रचित गीतगोविन्द पर आधारित कृष्णलीला ने अपनी अमिट छाप छोड़ी थी, जिन्हें आज तक भुलाया नहीं जा सका है। इसी शृंखला में मुझे याद आता है वी.के.एम. के मंच पर मंचित, वसन्त कानेटकर का सामाजिक नाटक आखिरी सवाल, जिसके मंचन में प्रमुख सूत्रधार मैं ही थी और थी मेरी सहयोगिनी कृष्णा गोस्वामी, लतिका खान, अनुराधा बनर्जी, रंजनकला के नन्ददुलाल मुखोपाध्याय, मंजु सुन्दरम् आदि आदि। नाटक हृदयग्राही और प्रभावशाली था, इसमें प्रारम्भ से अन्त तक किसी भी अंक में पर्दा गिरा ही न था और इसकी सफलता थी कि नाटक समाप्त हो गया, किन्तु दर्शक स्तब्ध अश्रुपूरित आँखे लिये बैठे रह गये। सच! इस नाटक के मंचन के दौरान कौन ऐसा था जिसके आँसू न गिरे, जिसका मन न भींगा। यह मुझे अन्दर तक हिला गया था, जिसकी स्मृति से आज तक मैं मुक्त नहीं हो पायी और न हीं उसके कथ्य तथा प्रस्तुतीकरण के सशक्त स्वरूप से ऊबर ही सकी हूँ।

इसी विद्यालय के कार्य करते हुये अनेक उतार चढ़ाव देखे और अन्त में विद्यालय की प्राचार्या का पदभार भी सँभाला। अपने अल्प प्रशासन के दौरान यही प्रयास था कि विद्यालय के जन्म के साथ ही जुड़ी आर्थिक समस्या, पुस्तकालय के कक्ष की समस्या का समाधान यदि हो सके तो उसे किया जाय। दो वर्ष आठ माह में क्या कर सकी यह तो नहीं जानती, किन्तु पुस्तकालय भवन की दीवारें अवश्य ही खड़ी करवा दी और वेतन भुगतान की अनियमितता को दूर करने का भी प्रयास किया।

आज जिस स्थिति में हूँ उसमें संतुष्ट तो हूँ ही साथ ही विद्यालय की अनगिनत स्मृतियाँ संजोये हुये हूँ; जहाँ हम सब एक साथ हँसते, विचारविमर्श करते, राजनीतिक बहस करते हुये आगे बढ़ते ही जाते थे, कभी पीछे मुड़कर या रुक कर देखा नहीं।

आज विद्यालय ने पचास वर्ष पूरे किये है उसका स्वरूप अधिक विस्तृत हो गया है इण्टर एवं स्नातक विभाग स्वतन्त्र पृथक अस्तित्व में स्थापित हो गये हैं और आज भी वह अपनी स्थानाभाव की समस्या से जूझता हुआ गतिशील है। क्या-क्या लिखें, क्या छोड़ें—यह एक ऐसा स्मृतियों का पिटारा है जो अनन्त है और बीता हुआ वह समय जिसकी धारा अविरल है, शाश्वत प्रवहमान है और अनन्त है।

❖

संस्कृत केवल भाषा नहीं, सभ्यता का मूल स्रोत है। संस्कृत को जो लोग ग्रीक एवं लैटिन के समक्ष रख कर मृतभाषा कहते हैं, वे वस्तुतः संस्कृत के सर्वाङ्ग स्वरूप को नहीं समझते।

(राष्ट्रीय संस्कृत संगोष्ठी में रोहित जी के उद्‌गार)

धन्य थे वे क्षण

डॉ. श्रीमती स्वरवन्दना शर्मा

वह अन्तिम सप्ताह था नवम्बर, १९९७ का। स्थान था वाराणसी का नागरी नाटक मंडली प्रेक्षागृह। अवसर था दिल्ली के 'ग्रितमा' संस्थान की ओर से 'गुरुवन्दन' के अन्तर्गत काशी के वरिष्ठ संगीत गुरुओं के सम्मान का। इस समारोह में मैं अपने पूज्य पिताजी पद्मश्री पं. बलवन्तराय भट्ट 'भावरंग' जी के साथ गई थी। 'ग्रितमा' सम्मान के लिये मंच पर पिताजी को ले गई और सम्मान-प्रदान के पश्चात् उन्हें पूर्व स्थान पर लाकर बिठाया। उनके बाद ही पं. मुकुन्द विष्णु कालविन्टे जी का आवाहन किया गया, जो मेरे पिताजी के निकट ही बैठे थे। तुरन्त मराठी भाषा में मुझसे बोले-'अग मला पण धरून धेशील का'! (अरे मुझे भी पकड़ लोगी क्या)। मैंने फौरन उन्हें उठते समय पकड़ कर सहारा दिया और मंच के अग्रभाग में ले आई। सम्मानित करने वाले गुरु महाराज और 'ग्रितमा' के संयोजकद्वय प्रख्यात गायक कलाकारों श्री राजन मिश्र और श्री साजन मिश्र द्वारा स्मृति चिह्न मुझे सम्हालने के लिये दिये। उन्होंने मानपत्र ग्रहण किया ही था कि कैमरामैन ने कैमरे का बटन दबाया और वह क्षण चिरस्थायी बन गया। वह फोटो जिसमें पूज्य कालविन्टे जी (जिन्हें मैं 'काका' कहकर सम्बोधित करती थी) के पीछे खड़े होने का सौभाग्य मुझे मिला, आज उन क्षणों की धन्यता का साक्षी है। उसमें पूज्य काका का सहज मन्दस्मित युक्त चेहरा उनकी चिरपरिचित गम्भीर मुखमुद्रा से अलग ही भासित हो रहा है।

सत्तर के दशक के अन्तिम वर्षों में जब मैं सेण्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल की छात्रा थी, तभी से पू. कालविन्टे जी के अनुशासन के आग्रही गुरुस्वरूप का वर्णन सुन चुकी थी। उस समय वे वसन्त कन्या महाविद्यालय में संगीत (गायन) के प्राध्यापक थे और उनके समय से ही महाविद्यालय की संगीत प्रस्तुतियाँ (विशेष कर शास्त्रीय गायन-वादन-नृत्य के कार्यक्रम) वाराणसी भर में अत्यन्त चर्चित और प्रशंसित होती थीं। यद्यपि उनकी कनिष्ठ पुत्री विद्याताई से (जो तब का.हि.वि.वि. में संगीतशास्त्र में शोधकार्य कर रही थीं) काफी निकट का सम्पर्क था, पर पू. कालविन्टेजी को बहुत निकट से जानने का अवसर नहीं मिला था। कुछ वर्षों बाद का.हि.वि.वि. में हमारी एम.म्यूज प्रथम वर्ष की परीक्षा के लिये मैंने मंचप्रदर्शन के लिये पूरिया कल्याण राग चुना, जो कि शाम का राग है। परीक्षा के दिन पता चला कि पूर्व नियुक्त बाह्य परीक्षक नहीं आ सकेंगे, उनके स्थान पर पं. कालविन्टेजी परीक्षक के रूप में आए हैं और उन्हें शाम को असुविधा है, अतः तीनों परीक्षार्थियों का मंचप्रदर्शन सुबह ही होगा। उन जैसे अनुशासन प्रिय गुणी के सामने शाम के राग को दिन में गाना कैसे सम्भव है? मैं चिन्ता से घबरा रही थी, मैंने अपनी दुविधा अपने अध्यापक को बताई। यह बात कालविन्टे जी तक पहुँची। विभागाध्यक्ष के कमरे में बैठे-बैठे ही वे जोर से बोले-बच्चों से कह दीजिये अब वो पहले वाला कालविन्टे नहीं रहा। किसी को डरने की जरूरत नहीं है। जिसने जो अभ्यास किया है, उसे ही निश्चिन्त हो कर गाओ। समय के लिये मत घबराओ। दूर दूसरे कमरे में बैठे हम विद्यार्थियों को वह सुनाई दे गया था, सुनते ही जैसे राहत मिल गई और परीक्षा में यथाशक्ति गाया।

सुनकर वे प्रसन्न हुए और आशीर्वाद दिया। संयोग कुछ ऐसा रहा कि अन्तिम वर्ष की परीक्षा में भी पुनः पूर्वनिर्धारित परीक्षक के न आने के कारण पं. कालविन्ट जी ही हमारे प्रायोगिक परीक्षक बने।

इस परीक्षा के प्रायः १० वर्ष बाद जब वसन्त कन्या महाविद्यालय के ही संगीत विभाग में मुझे सेवा का अवसर मिला तो पू. काका के पास जा कर, इस नियुक्ति का समाचार बताते हुए उन्हें प्रणाम किया। उन्होंने प्रसन्न होकर आशीर्वाद दिया और कहा कि जो आता है, जितना आता है उसे खूब मन से सिखाओ। मुझे सुख भरा सन्तोष है कि जिस वसन्त कन्या महाविद्यालय में पं. मुकुन्द विष्णु कालविन्ट जी जैसे विद्वान कलाकार और गुरु संगीत शिक्षा के पुरोधा रहे, उसी संस्था में मुझे सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। आज पू. काका के देहावसान को एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है। महाविद्यालय की पत्रिका स्वर्ण जयन्ती के विशेषांक के माध्यम से मैं उनके प्रति अपनी सादर प्रणामांजलि अर्पित करती हूँ।

❖

अविस्मरणीय ग्राहक

श्री रमाशंकर पण्डया
तारा प्रिंटिंग वर्क्स

वर्ष १९५४ के मई मास की बात है। एक सुबह थिओसाफिकल सोसायटी के कार्यालय में तत्काल आने का सन्देश मिला। पहुँचने पर हॉल में जाने को कहा गया। हॉल के दक्षिणी-पूर्वी छोर पर एक छोटी मेज पर शुभ्र धवल साधारण किनारे की खादी की साड़ी में एक ओजस्विनी महिला कुछ कार्य कर रही थी। मुझे सामने की कुर्सी पर बैठने का संकेत करते हुए कहा "आप तारा प्रेस से आये हैं, मुझे एक लेटर पेपर छपवाना है। बहुत से अतिआवश्यक पत्र भेजने हैं, आज दोपहर तक छप जाना चाहिये" और एक कागज मेरी ओर बढ़ा दिया। कागज पर वसन्त कन्या महाविद्यालय के लेटर पेपर का मैटर था। आत्मीयता और स्नेह से परिपूर्ण आग्रह। नियत समय लेटर पेपर छपवा कर भेजवा दिया। ये था वसन्त कन्या महाविद्यालय और लीलादी (श्रीमती लीला शर्मा) से प्रथम परिचय।

लीलादी जब तक विद्यालय की प्रिंसिपल रहीं; उन्होंने जब जो कोई मुद्रण का आदेश दिया, हमने भी लगन और निष्ठा से पूरा किया। वर्षों तक बिलों का भुगतान रुक जाता था। कुछ का भुगतान ही नहीं हो पाता था। लेकिन मैंने कभी इसकी परवाह नहीं की। हमारा संबन्ध ग्राहक और मुद्रण व्यवसायी का नहीं रह गया। मुझे लीलादी से उनके प्रिंसिपल के कार्यकाल और उसके बाद भी वही स्नेहपूर्ण आत्मीयता का व्यवहार मिला। जब भी मिलता हूँ तो सोसाइटी के हॉल के एक छोर पर शुभ्र धवल खादी की साड़ी में बैठी ओजस्विनी महिला की छवि स्मृति पटल पर उभर आती है।

❖

वसन्त कन्या महाविद्यालय

(1954 - 2005)

एक सिंहावलोकन

वसन्त कन्या महाविद्यालय, विगत पचास वर्षों से नारी शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर प्रगति पर अग्रसर है। यद्यपि अपने स्थापना काल से ही उत्कृष्ट परीक्षा फलों, स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विविध शिक्षणेतर गतिविधियों से इस शिक्षा संस्थान ने जो अभ्युदय प्राप्त किया है, उसका सम्पूर्ण एवं सर्वाङ्ग विवेचन इस लघु कलेवर में सम्भव नहीं; तथापि कुछ देदीप्यमान प्रतिभाओं के शैक्षिक कीर्तिमान एवं समाज में उनके विशिष्ट अवदान का स्मरण करना आवश्यक है। यहाँ महाविद्यालय की विगत से वर्तमान तक की गतिविधियों का एक विहंगावलोकन प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

स्थापना- १० जुलाई १९५४

परीक्षा फल- सर्वोच्च स्थान एवं पदक

आनन्दमयी मन्त्री १९६९, वीणा अग्रवाल १९७०, शुभ्रा शर्मा १९७१ (बी.ए., बी.कॉम में सर्वोच्च अंक-का.हि.वि.वि. स्वर्ण पदक एवं पुरस्कार; प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व में अधिकतम अंक प्राप्ति के लिये सुधा नारायणन पदक), आनन्द प्रभा बराट् १९७५, उषा केजरीवाल १९७८, सुमन रटाटे १९९३, कुमारी सुमित्रा २००० (का.हि.वि.वि. में पंचम स्थान प्राप्त), श्रद्धा खेमका समाजशास्त्र २००२-०३, प्रियंका सेठ मनोविज्ञान २००२-०३, ज्योति मिश्रा संगीतवादन, मोमिता चटर्जी संगीत गायन २००२-०३, दीपिका अग्रवाल गृहविज्ञान (एमएस.सि प्रवेश परीक्षा में प्रथम)

छात्राएँ विशिष्ट व्यक्तित्व के रूप में

प्रो. सुशीला सिंह (प्राचार्या-महिला महाविद्यालय का.हि.वि.वि.), डॉ विजय शिवपुरी (प्राचार्या-वसन्त महिला महाविद्यालय राजघाट, अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति वसन्त कन्या महाविद्यालय, इण्टर एवं डिग्री विभाग), उमा चक्रवर्ती (आई.ए.एस.), अन्नासिंह (आई.ए.एस.), प्रो. चन्द्रकला पाडिया (का.हि.वि.वि.), डॉ. आशा रानी मेहरोत्रा (का.हि.वि.वि.), प्रो. अरुणा सिन्हा (का.हि.वि.वि.), डॉ. भानु अग्रवाल (का.हि.वि.वि.), डॉ. उर्मिला चतुर्वेदी (का.हि.वि.वि.), डॉ. रेवती साकलकर (का.हि.वि.वि. एवं प्रख्यात गायिका), श्रीमती पुष्पा बनर्जी (प्रख्यात गायिका दूरदर्शन एवं आकाशवाणी), श्रीमती विद्या कालविंट-कातगड़े (दूरदर्शन एवं आकाशवाणी की प्रख्यात गायिका), कु. महुआ बनर्जी (प्रख्यात गायिका), मनीषा कोइराला (प्रसिद्ध अभिनेत्री), चित्रा चन्द्रशेखर, मञ्जरी चन्द्रशेखर (सुप्रसिद्ध भरतनाट्यम् नृत्यांगना) श्रीमती राधा कुमारी सिन्हा (माता राज्यपाल-जम्मू कश्मीर), डॉ. रीना सैटिन (चिकित्सक), डॉ. सविता भारद्वाज (काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर), श्रीमती रत्ना अग्रवाल (पन्ड्या) (हीरा व्यवसायी), श्रीमती

रश्मि मेहता (पण्ड्या)(प्रिंसिपल-बड़ोदा), सुश्री सरला पाण्डेय (सम्पादिका श्रीमाता पत्रिका, स्वत्वाधिकारी श्रीमाता कम्प्यूसिस, वाराणसी), सुश्री नन्दिनी जोइस (सह सम्पादिका श्रीमाता पत्रिका), श्रीमती मंगला तिवारी (वसन्त महिला महाविद्यालय, राजघाट), श्रीमती अन्जू खन्ना (विदेश में कार्यरत), श्रीमती नीता अस्थाना (ओमान में शिक्षारत), डॉ. शुभ्रा बनर्जी (आर्यमहिला महाविद्यालय), डॉ. भावना त्रिपाठी (आर्यमहिला महाविद्यालय), श्रीमती करुना घिल्ड्याल (चिकित्सक), श्रीमती रेखा कोठारी (नृत्य निदेशिका), श्रीमती श्रद्धा खेमका, श्रीमती अरुणा रमन, श्रीमती माला दास गुप्ता, श्रीमती रेखा गुप्ता, श्रीमती अलका मिश्रा, श्रीमती संगीता गुप्ता (प्रो. सिग्मा कम्प्यूटर), राजुल धाड़ीवाल (राष्ट्रीय स्तर की वास्तु शिल्पी), डॉ. सुषमा कुलश्रेष्ठ (डाएरेक्टर-कालिदास ऐकेडमी ऑफ संस्कृत, म्यूजिक एण्ड फाइन आर्टस्, दिल्ली)।

महाविद्यालय में सेवारत पूर्व छात्राएँ

डॉ. कुसुम मिश्रा, डॉ. कमला पाण्डेया, डॉ. आशा यादव, डॉ. शान्ता चटर्जी, डॉ. पूनम पाण्डेय, डॉ. नमिता अग्रवाल, डॉ. कुमुद रंजन, डॉ. रीता सिंह, कु. रंजना भारती, श्रीमती नुज़हत हैदर, डॉ. क्रान्ति सिंह (इण्टर विभाग), श्रीमती मंजु गुप्ता (इण्टर विभाग)।

राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ी

हर्षिदा चौहान, राजुल धाडीवाल, कामिनी लता बघेल, निशि चौबे, प्रीति चौबे, सीमा कपूर, लता कपूर, रूपा मुंशी, रोमिला पटनी, कामिनी सिंह, अनिता बजाज, शशि पाण्डेय, दिव्या श्रीवास्तव, नीलम मेहरोत्रा, पूनम खन्ना, रेखा सिनहा, सावित्री सिंह, कु. रंजना।

राष्ट्रीय सेवा योजना

विगत पन्द्रह वर्षों से महाविद्यालय में भारत सरकार की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाइयाँ कार्यरत हैं जिसमें तीन सौ छात्राएँ पंजीकृत होती हैं। जिसके अन्तर्गत दो एक दिवसीय शिविर और एक दस दिवसीय शिविर का आयोजन होता है। जिसमें छात्रायें वृद्धा आवासिनियों की देखभाल, मलिन बस्ती की महिलाओं को स्वच्छता तथा परिवार कल्याण से सम्बन्धित जानकारियाँ, अनाथालय परिसर में श्रमदान, जन जागरण रैली इत्यादि सामाजिक कार्य करती हैं। इन शिविरों में निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है-पोस्टर प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता।

संस्कृतमातृमण्डलम्

नारी में सांस्कृतिक जागरण के उद्देश्य से सं.मा.म. की स्थापना - २९ अगस्त १९९१ को हुई थी। इसकी संस्थापिका / अध्यक्षा-डॉ कमला पाण्डेय हैं। इसके अन्तर्गत-१. संस्कृत सभाषण शिविर, २. प्रो सिद्धेश्वर भट्टाचार्य स्मृति व्याख्यान माला का उद्घाटन २५ नवम्बर १९९४ को हुआ, प्रो. डॉ. विश्वेश्वर भट्टाचार्य (अध्यक्ष प्लास्टिक सर्जरी विभाग, का.हि.वि.वि.) द्वारा अपने पिता की स्मृति में प्रदत्त आर्थिक संरक्षण से निम्नांकित विषयों पर व्याख्यान मालायें आयोजित हुईं-(क) 'महर्षि वेदव्यास'-वक्ता, प्रो. रमारंजन मुखर्जी एवं डॉ. रामशंकर भट्टाचार्य, अध्यक्ष-प्रो. ए.सी. बनर्जी, (ख) 'महाकवि कालिदास'-

वक्ता प्रो. विद्यानिवास मिश्र, डॉ. अनुराधा बनर्जी, अध्यक्ष-प्रो. ए.सी. बनर्जी, (ग) 'श्रीमद्भागवत' वक्ता-श्रीश्रीवत्स गोस्वामी, डॉ. राजीव रंजन सिंह, अध्यक्ष-प्रो. सुधांशु शेखर शास्त्री, (घ) 'वैदिक सृष्टि विज्ञान' वक्ता-डॉ. रमाकान्त पाण्डे, अध्यक्ष-प्रो. युगल किशोर मिश्र, डॉ. माया त्रिपाठी, (ङ) 'गीत गोविन्द' व्याख्यान-प्रो. कमलेश दत्त त्रिपाठी, नृत्य नाटिका का मुख्य निर्देशन-श्रीमती मंजू सुन्दरम्, (च) 'रामायण' वक्ता-प्रो. वायुनंदन पाण्डे, डॉ. श्रीमती वीणा व्यास, डॉ. भानु अग्रवाल, अध्यक्ष-स्वामी कमल नयन दास, डॉ. किरन मिश्रा, (छ) 'महाकवि बाणभट्ट' वक्ता-डॉ. शंकर देव अवतरे, प्रो. आर.सी. शर्मा, अध्यक्ष-प्रो. अमर नाथ पाण्डेय, प्रो. सुदर्शन लाल जैन।

सर्जना

स्थापना – १९९२, संस्थापिका स्व. डॉ. सावित्री श्रीवास्तव, पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्षा। छात्राओं की सृजनात्मक प्रतिभा के परिवर्द्धन एवं परिमार्जन के लिये 'सर्जना मंच' की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ विगत १२ वर्षों से चल रही हैं जिसके अन्तर्गत काव्य तथा विचार गोष्ठियों के अतिरिक्त निम्न प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की जाती हैं। एकल गान प्रतियोगिता : देश भक्ति तथा भजन, समूह गान प्रतियोगिता : देश भक्ति तथा भजन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, मेंहदी, कार्ड मेकिंग, स्वरचित काव्य पाठ, प्रसिद्ध रचनाओं का पाठ, व्यंजन, भाषण तथा एकल एवं समूह नृत्य प्रतियोगितायें। इसके अन्तर्गत हस्तलिखित तथा भित्ति पत्रिकायें भी प्रसारित की गयीं।

पुरस्कार-सम्मान

बेस्ट कॉलेज एवार्ड, बेस्ट टीचर एवार्ड, श्रेष्ठ पूर्व छात्रा सम्मान (महिला महाविद्यालय, का.हि.वि.वि. द्वारा), आरती दत्ता मेमोरियल एवार्ड, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी सम्मान, कन्ट्री वीमेन एसोसिएशन सम्मान-श्रीमती लीला शर्मा। ग्रितमा सम्मान-श्री मुकुन्द विष्णु कालविंट। राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ से शिक्षक सम्मान-श्री मु.वि. कालविंट, डॉ. श्रीमती पुष्पलता प्रताप, डॉ. उमा मॉडवेल, सुश्री लतिका खान, श्रीमती शशि बाला दुबे, डॉ. अनुराधा बैनर्जी। काशीरत्न, विजयरत्न, पूर्वाञ्चल रत्न-डॉ. श्रीमती वीणा व्यास। सौहार्द सम्मान (उ.प्र. हिन्दी संस्थान), सिटी पुष्प, श्रीमती सुमति अय्यर पुरस्कार, शिक्षक सम्मान (प्रतीक संस्थान), फेम्पसी सम्मान-डॉ. अनुराधा बैनर्जी। विद्योत्तमा सम्मान (नई दिल्ली), सीसीआई अवार्ड (नई दिल्ली), विद्याभूषण सम्मान (प्रतीक संस्थान), साक्षीचेता पुरस्कार (कानपुर), ग्रन्थलेखन पुरस्कार (मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, दिल्ली), हेरिटेज पर्यावरण चेतना सम्मान, सिटी पुष्प, अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान-डॉ. कमला पांण्डेय। पहरुआ सम्मान (२०००), अन्तर्राष्ट्रिय महिला दिवस पर सम्मान (२०००) (महिला कल्याण बाल विकास विभाग द्वारा), काशी शिवा जूनियर द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान (२०००), सेण्ट्रल सोशल वेल्फेयर बोर्ड (दिल्ली, उ.प्र.) द्वारा सम्मान (२००१)-डॉ. कुमुद रंजन। रोटरी क्लब के वाराणसी एवं नव साधना केन्द्र द्वारा संगीत के क्षेत्र में अतिविशिष्ट योगदान के लिये श्रीमती मंजू सुन्दरम् का सम्मान। शिक्षक सम्मान (प्रतीक संस्थान)-डॉ. नन्दिनी वर्मा। सारस्वत गौरव सम्मान-डॉ. मीनू

पाठक। शिक्षक सम्मान (शिक्षा संकाय का.हि.वि.वि.)–डॉ. सुमन जैन। उ.प्र. संस्कृत एकेडमी से पुस्तक पुरस्कृत–डॉ. ऊषा कुशवाहा।

पुस्तक लेखन प्रकाशन

डॉ. पुष्पलता प्रताप, डॉ. श्रीमती वीणा व्यास, श्रीमती सावित्री श्रीवस्तव, डॉ. ऊर्मिला शर्मा, डॉ. अनुराधा बैनर्जी, डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव, डॉ. कमला पाण्डेय, डॉ. कुमुदरंजन, डॉ. मंजुला राठौर, डॉ. तृप्तिरानी जायसवाल, डॉ. कल्पलता डिमरी, डॉ. रचना श्रीवास्तव, डॉ. रेणु श्रीवास्तव, डॉ. ऊषा कुशवाहा, डॉ. वीणा मिश्रा, डॉ. आशा यादव, डॉ. सुमन जैन, डॉ. ममता मिश्रा, डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ. इन्दु उपाध्याय।

अन्तर्राष्ट्रीय उपलब्धियाँ

श्रीमती मंजू सुन्दरम् द्वारा सेल्जवर्ग, आस्ट्रिया में सांगीतिक प्रस्तुति, थियोसॉफिकल इण्डो पैसिफिक फेडरेशन के त्रिवार्षिक सम्मेलन में सोसायटी की भारतीय शाखा का प्रतिनिधित्व करते हुए सिंगापुर की यात्रा की। डॉ. अनुराधा बनर्जी ने विश्व हिन्दी सम्मेलन में मॉरिसस में प्रतिभागिता की। डॉ. मंजुला राठौर ने यू.एस.ए., जर्मनी, वाशिंगटन, नेपाल, बंग्लादेश, फिलीपिन्स तथा बर्लिन में समाज शास्त्रीय उच्च अध्ययन हेतु प्रवास किया। डॉ. सुनीता मिश्रा ने नीदरलैण्ड में यूरोपियन एसोसिएशन ऑफ एग्रिकल्चर इकोनमिस्ट द्वारा आयोजित ८४वें अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. पुष्पलता प्रताप का ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डिप्लोमा, डॉ. स्वर वन्दना शर्मा का विद्यार्थी जीवन में ही पिता एवं गुरू के साथ यू.एस.ए. में तीन महीने का प्रवास तथा नवनियुक्त डॉ. पूर्णिमा सक्सेना का नार्थ ईस्ट अफ्रीका में शिक्षण अनुभव भी उल्लेखनीय है।

वार्षिकोत्सव

श्रीमती लीला शर्मा के प्राचार्य काल में डॉ. उमा माडवेल, श्रीमती मोहिनी भंडारी, डॉ. श्रीमती वीणा व्यास, डॉ. शोभना चक्रवर्ती, डॉ. अनुराधा बनर्जी, श्री सी.वी. चन्द्रशेखर, श्रीमती मंजू सुन्दरम् के निर्देशन एवं श्री शान्ति रंजन बोस, श्री नन्द दुलाल मुखोपाध्याय के मंच कला निर्देशन, आहार्य सज्जा इत्यादि संयोजन तथा सम्पूर्ण वसन्त-परिवार के सहयोग से शबरी (१९५४-५५), जय सोमनाथ (१९५५-५६), अमिताभ (१९५६-५७), मीरा (१९५८-५९), कृष्णलीला (१९६०-६१), मायार खेला (१९६४-६५), मदनदहन (१९६६-६७), पादुकाभिषेक, दि ग्रेट कैथरीन (१९६८-६९), कर्ण (१९७१-७२), ऋतुसंहार, टिंडर बाक्स (१९७२-७३), सिद्धार्थ (१९७४-७५), डॉ. श्रीमती पुष्प लता प्रताप के प्राचार्य काल में–शाहजहाँ (१९७७-७८), भोर का तारा, इम्पॉर्टेन्स ऑफ बीइङ् अर्नेस्ट (१९७८-७९), पृथ्वी वल्लभ (१९८०-८१), आर्म्स एण्ड द मैन (१९८०-८१), आखिरी सवाल (१९८२-८३), रूपमती (१९८४-८५), डॉ. श्रीमती वीणा व्यास के प्राचार्य काल में–यशोधरा (१९९९-००), बात एक रात की (१९९९-२०००), डॉ. कुसुम मिश्रा के प्राचार्य काल में–जिस देश में गंगा बहती थी (२००१-०२), अस्वीकार (२००३-०४)।

यू.जी.सी. द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम

१. राष्ट्रीय संगोष्ठी

१. वर्तमान समय में संस्कृत की उपयोगिता (१९८८) संयोजक–डॉ. कमला पाण्डेय, डॉ. शान्ता चटर्जी

२. प्रसाद एवं महादेवी (१९८९) संयोजक–डॉ. सावित्री श्रीवास्तव, डॉ. तृप्ति रानी जायसवाल

३. दहेज एवं उसके सामाजिक परिणाम (१९८९) संयोजक–डॉ. कुमुदरंजन, डॉ. मञ्जुला राठौर, डॉ. रीता सिंह

४. पूर्वी उत्तर प्रदेश के पिछड़ेपन के कारण एवं निवारण (१९९२) संयोजक–डॉ. कल्पलता डिमरी

५. बदलते परिवेश में गृहविज्ञान की भूमिका (१९९२) संयोजक–सुश्री लतिका खान, डॉ. कल्पना गुप्ता, डॉ. संगीता देवडिया

६. भारत और वैश्वीकरण (आर्थिक पक्ष) (१९९१), ७. भारत और वैश्वीकरण (सामाजिक सांस्कृतिक पक्ष) (२००१) संयोजक–डॉ. कुमुद रंजन, डॉ. कल्पलता डिमरी

८. २१वीं सदी में निर्देशन कार्यक्रम के पुनः मूल्याङ्कन (२००३) संयोजन–डॉ. सुधा श्रीवास्तव, डॉ. माधुरी अग्रवाल

९. स्त्री अधिकार मानवाधिकार के रूप में (२००३) संयोजन–डॉ. रचना श्रीवास्तव, डॉ. रीता सिंह, डॉ. रेणु श्रीवास्तव

२. सरल संस्कृत सम्भाषण केन्द्र (२०००-०१)

एक लाख का अनुदान प्राप्त, तीस दिवसीय दस शिविर, संचालन डॉ. शान्ता चटर्जी, प्रशिक्षिका कु. सुमन लता।

३. रेमिडियल कोर्स

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति की छात्राओं के लिये विगत पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत अंग्रेजी, मनोविज्ञान तथा प्रा.भा.इ.सं. विषयों के अध्यापन की व्यवस्था।

४. माइनर प्रोजेक्ट

Indo Nepal Security Concerns - a need for introspection and rethinking –डॉ. रचना श्रीवास्तव। आचार्य विनोबा जी की साहित्य दृष्टि–डॉ. सुमन जैन। मीमांसा दर्शन की प्रमाण विषयक अवधारणा का समीक्षात्मक अध्ययन– डॉ. ममता मिश्रा। भारतीय दर्शन की समस्याओं का तुलनात्मक अध्ययन –डॉ. शान्ता चटर्जी। साहित्यकार हजारी प्रसाद द्विवेदी की दृष्टि एवं सृष्टि–डॉ. तृप्तिरानी जायसवाल। Acquisition of English in the Perimary Schools of Uttar Pradesh : A Case Study of Varanasi District–डॉ. वीणा मिश्रा। डॉ. निहारिका लाल को साहित्य एकेडेमी से–The Nature of Narrative and the Indian English Novel पर प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ।

प्रौढ़ शिक्षा

सप्त दिवसीय प्रौढ़ शिक्षा अनुदेशिका प्रशिक्षण कार्यशाला (१९८६)।

छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार

सरकार द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्तियों के अतिरिक्त मेधावी, निर्बल और सुशील छात्राओं के लिये निम्न छात्रवृत्तियाँ हैं– १. पं. राधेश्याम शर्मा स्मृति योग्यता छात्रवृत्ति, २. श्रीमती श्याम किशोरी दर छात्रवृत्ति, ३. सावित्री स्मृति पुरस्कार, ४. श्रीमती राधा सिन्हा स्मृति छात्रवृत्ति, ५. लोकेश्वरी देवी योग्यता छात्रवृत्ति।

घोषित नये पुरस्कार एवं पदक

१. स्व. लालधारी पाठक स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी स्मृति स्वर्णपदक–द्वारा–डॉ. सविता भारद्वाज (का.न.स्ना.महाविद्यालय, ज्ञानपुर), २. स्व. रूपनारायण आत्रेय प्रतिभान्वेषी छात्रवृत्ति–द्वारा–डॉ. आशा यादव। ३. श्री शिव मंगल पाण्डेय स्मृति योग्यता छात्रवृत्ति–द्वारा–डॉ. पूनम पाण्डेय।

पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से सम्बन्धित १८४०८ पुस्तकें हैं तथा वाचनालय में २० पाक्षिक पत्रिकायें तथा ३ जर्नल्स उपलब्ध हैं।

वर्तमान गतिविधियाँ

क्रमशः विकास के सोपानों को पार करते हुए महाविद्यालय वर्तमान में भी पारम्परिक एवं आधुनिक सभी शिक्षणानुकूल गतिविधियों में अग्रसर है जिनका विवरण इस प्रकार है–

प्राचार्या अलंकरण समारोह

१. वर्तमान वर्ष महाविद्यालय की स्थापना का स्वर्ण जयन्ती वर्ष है। स्वर्ण जयन्ती कार्यक्रमों का शुभारम्भ महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्याओं के अलंकरण समारोह से हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो.पी. रामचन्द्र राव, कुलपति–काशी हिन्दू विश्वविद्यालय थे। कुलपति महोदय के कर–कमलों से महाविद्यालय की सात पूर्व प्राचार्याओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये तथा दो दिवंगत प्राचार्याओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।

२. 'वसन्त श्री' पत्रिका का लोकार्पण–११ सितम्बर को आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत कुलपति प्रो.पी. रामचन्द्र राव ने किया।

३. वार्षिकोत्सव–स्वर्ण जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में दिनांक १४ तथा १५ नवम्बर को इन्दुमती कौशिक द्वारा रचित खण्डकाव्य 'अस्वीकार' पर आधारित नाटक का मंचन छात्राओं द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी *(१२.३.०५)*

वसन्त कन्या महाविद्यालय एवं आचार्य बीरबल सिंह इन्स्टीटूयूट आर्फ सोशल डेवलपमेन्ट, के संयुक्त तत्त्वावधान में 'भारत में अपराध और सामाजिक असुरक्षा' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दिनांक १२/०३/०५ को किया गया।

इक्कीसवीं शतांब्दी जहाँ भारत वर्ष के लिए एक सुखद एवं सुनहरे भविष्य को लेकर आया है, वहीं भारत में व्याप्त अपराध एवं सामाजिक असुरक्षा की भावना जन-जन को उद्वेलित कर रही है। भारत में बढ़ते हुए अपराध के कारण समस्त जनमानस एवं नारियों की असुरक्षित स्थितियों का विस्तार से विश्लेषण करते हुए आज की भयावह सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक परिवेश के प्रति चिन्ता व्यक्त की गई।

संगोष्ठी में देश के विभिन्न भागों से आए विद्वान वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। लगभग ५५ प्रपत्र वाराणसी, जौनपुर, गाज़ीपुर, गोरखपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, बलिया आदि स्थानों से आए। गैर सरकारी संस्थाओं ने भी अपनी भागीदारी की।

उद्घाटन सत्र में माननीय श्री वीरेन्द्र सिंह, मन्त्री इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना एवं प्रौद्योगिकी की एवं सार्वजनिक उद्यम, राज्यमन्त्री ने दीप प्रज्ज्वालित कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। इसी सत्र की अध्यक्षता विधि संकाय प्रमुख प्रो. एम.पी. सिंह जी ने की। विशिष्ट अतिथि प्रो. ए.के. श्रीवास्तव, अध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग एवं छात्र अधिष्ठाता का.हि.वि.वि. थे।

संगोष्ठी का आरम्भ संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा कुलगीत से हुआ। तत्पश्चात् संगोष्ठी की प्रमुख आयोजिका प्राचार्या डा. कुसुम मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रस्तुति की। उद्घाटन सत्र का संचालन डा. रीता सिंह, रीडर, समाजशास्त्र विभाग ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सहसंयोजिका डॉ. कुमुद रंजन, अध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग ने दिया।

संगोष्ठी के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता कोलकाता से आए कस्टम कमिश्नर श्री अभिजीत भट्टाचार्य जी थे। इसके अतिरिक्त प्रो. ए.एल. श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, का.हि.वि.वि., उपकुलपति प्रो. सुरेन्द्र सिंह, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, श्री शशांक शेखर त्रिपाठी, सम्पादक हिन्दुस्तान, श्री राकेश प्रधान, एस.पी. सिटी, वाराणसी, प्रो. डी.पी वर्मा, का.हि.वि.वि ने विषय विशेषज्ञ के रूप में अपने सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किए। संगोष्ठी के प्रथम सत्र का संचालन डा. तृप्तिरानी जायसवाल, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, व.क.म. ने किया।

संगोष्ठी के दूसरे सत्र में अपराध के कारणों की जड़ों पर प्रहार किया गया तथा समस्या के समाधान के लिए मूल्यों की पुनस्थापना, कानून में परिवर्तन, त्वरित दण्ड की व्यवस्था एवं अपने बच्चों को मूल्यों एवं संस्कारों से युक्त शिक्षा देने पर जोर दिया गया। दूसरे सत्र का संचालन डा. रेणु श्रीवास्तव, रीडर, राजनीतिशास्त्र विभाग, व.क.म. ने किया। डॉ. कल्पलता डिमरी, अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग ने सम्पूर्ण संगोष्ठी की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. कृष्णा गोस्वामी, अध्यक्ष प्रा. भा. इति. सं. एवं पुरातत्त्व ने आए हुए समस्त अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

प्रो. सिद्धेश्वर भट्टाचार्य स्मृति व्याख्यान माला *(७,८-१२-०४)*

गद्यकार बाणभट्ट की प्रासंगिकता।

महिला प्रकोष्ठ की स्थापना *(२००४)*

समाज के अर्धांश (स्त्री वर्ग) के साथ हो रहे अत्याचारों एवम् उपेक्षाओं की ओर उसी का ध्यान

आकृष्ट करने एवं महिलाओं को अपने अधिकार के प्रति जागरूक बनाने के लिए का.हि.वि.वि. के महिला अध्ययन केन्द्र में निरन्तर शोधपरक अध्ययन हो रहा है। उसी की एक शाखा वहाँ की वर्तमान निदेशिका प्रो. चन्द्र कला पाडिया की अध्यक्षता में महाविद्यालय में स्थापित की गई। इसकी निदेशिका डॉ. कुमुद रञ्जन हैं।

संगोष्ठी स्मारिका *(१६.१.०४)*

"स्त्री अधिकार मानवाधिकार के रूप में" (राष्ट्रीय संगोष्ठी वर्ष २००३ के शोध पत्रों का लोकार्पण)।

वैदेशिक विद्वानों का व्याख्यान

भारत नेपाल सम्बन्ध (१९.१.०५) श्री हेम राज सुवैदी (विशिष्ट नेपाली शोधकर्ता) मनोविज्ञान एवं अन्य सामाजिक विज्ञान (०५.१.०५) प्रो. वी.के. कूल (स्टेट यूनिवर्सिटी, न्यूयार्क)।

गैर सरकारी संगठन के कार्यक्रम *१३.१२.०४*

बाल यौन हिंसा तथा महिलाओं के विरुद्ध हिंसा पर सार्क द्वारा व्याख्यान, "मैं तो एक सारंगी हूँ" (नुक्कड़ नाटक), भाषण प्रतियोगिता।

कार्यालय प्रशासन से सम्बद्ध कार्यक्रम *(७.१.०५)*

स्किल्स फॉर बेटर कम्यूनिकेशन (एस.एम.एस., श्री के.के. वाजपेयी)।

कम्प्यूटर प्रशिक्षण

श्री वी. नारायणन।

छात्राओं हेतु कम्प्यूटर कोर्स

नालेज सेन्टर के सहयोग से।

क्ले मॉडलिंग प्रशिक्षण

गृहविज्ञान विभाग तथा एन.एस.एस. के संयुक्त तत्त्वावधान में तीनों द्वारा वर्षों की छात्राओं हेतु।

स्त्री पौरोहित्य प्रशिक्षण कार्यशाला *(५,८-१-०५)*

श्री उपेन्द्र विनायक सहस्त्रबुद्धे-लोकमान्य सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति।

राष्ट्रीय सेवा योजना *(०१.११.०४, २३.०२.०५, १३.१२.०४ से २२.१२.०४)*

तीन इकाइयाँ। प्रति इकाई में १०० स्वयंसेविकाएँ पंजीकृत। प्रथम एक दिवसीय शिविर, काशी तत्व सभा परिसर में। द्वितीय एक दिवसीय शिविर हदीगंज, (निकट राजातालाव) में। दस दिवसीय विशेष शिविर (कार्यक्षेत्र-सुदामापुर मलिन बस्ती, बैजनत्था मलिन बस्ती, रामकृष्ण मिशन वृद्धाश्रम) के अन्तर्गत वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता, कराटे प्रशिक्षण, आर्ट ऑफ लिविंग, स्वास्थ्य प्रशिक्षण, मेंहदी, पोस्टर प्रतियोगिता,

परिसर की स्वच्छता, जनजागरण एवं विभिन्न जन सेवा कार्य। इसके अतिरिक्त सद्भावना सप्ताह, कौमी एकता सप्ताह, स्वयं सेवक दिवस, युवा दिवस का आयोजन।

नेशनल कैडेट कोर

छात्रायें का.हि.वि.वि. के एन.सी.सी. की बटालियन के साथ संयुक्त रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। इस वर्ष कु. शिवांगी शुक्ला, बी.ए. तृतीय वर्ष को एन.सी.सी. की राज्य स्तरीय निशानेबाजी में तृतीय पुरस्कार तथा गणतन्त्र दिवस परेड में बेस्ट के रूप में चयन किया गया।

व्यावसायिक प्रशिक्षण से सम्बन्धित कार्यक्रम

कैरियर काँउन्सिलिंग *(१६.१२.०४)* श्री एस.सी. बागला, निदेशक कैरियर लाँचर द्वारा।

स्वहित रोजगार प्रदर्शनी *(२३-२५.१२.०४)*

२३,२४,२५.१२.०४ को छात्राओं द्वारा स्वहित रोजगार प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें निर्मित वस्तुओं के निर्माण हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को उनके रुचि और कौशल के अनुसार समूह में विभाजित किया गया। समूह का नेतृत्व बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने किया। कार्यशाला में प्रदर्शनी के क्रय हेतु सिलाई से निर्मित वस्तुएँ जैसे एप्रॉन, पिलो कवर, टेबिल नैपकिन, टेबल क्लॉथ, बैग, रुमाल इत्यादि वस्तुओं की सिलाई की गई। सिरैमिक द्वारा पॉट का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त बाँधनी से निर्मित दुपट्टे, फ्री-हैंड पेंटिंग, स्टेनसिल ब्लाक प्रिंटिंग से निर्मित टेबल क्लॉथ, चादर, नैपकिन का निर्माण किया गया। आर्टिफिशियल ज्वेलरी, मोती के बैग, पर्स, सॉफ्ट टॉय, कढ़ाई से निर्मित बंदनवार, रुमाल, सलवार कुर्त्ते, चादरें, पिलो कवर इत्यादि निर्मित किए गए। हैंड निर्मित ग्रीटिंग कार्ड, पैक्ड फूड भी शामिल किए गए। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य गृह विज्ञान शिक्षा का प्रयोग व्यावसायिक शिक्षा के रूप में करने हेतु किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमती इंदिरा विशनोई, विभागाध्यक्षा गृहविज्ञान, का.हि.वि.वि., विशिष्ट अतिथि के पद पर श्री मंगला सिंह, निदेशक, यू.पी. हैण्डीक्राफ्ट व श्रीमती उर्मी वर्मा थी।

रेडिमेड वस्त्र उद्योग पर आधारित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण *(१०.०१.०५)* साफ्ट के तत्वावधान में शाखा लघु उद्योग सेवा संस्थान, लघु उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार।

सांस्कृतिक साहित्यिक कार्यक्रम

सर्जना मंच के अन्तर्गत छात्राओं की साहित्यिक, सांस्कृतिक, सृजनात्मक क्षमताओं के परिवर्धन हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। इस वर्ष डॉ. रेणु श्रीवास्तव के प्रमुख संयोजकत्व में कुल ९ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम एकल और समूह गान का आयोजन हुआ। इसके बाद भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'काशी की संस्कृति'। इसके बाद निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था– 'काशी के दुर्गा पूजनोत्सव में युवाओं की भूमिका'। इसके बाद वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था "बलात्कार के लिए मृत्युदण्ड होना चाहिए या नहीं"। जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में काव्य पाठ की प्रतियोगिता का आयोजन किया

गया। अंत में एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में तीनों वर्षों की कुल १२० छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस वर्ष 'चल वैजन्ती' बी.ए. द्वितीय की छात्राओं को प्राप्त हुई। बी.ए. प्रथम वर्ष को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष को तृतीय स्थान मिला।

विभागीय कार्यक्रम

वर्ष का सर्वप्रथम विभागीय कार्यक्रम के रूप में संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने मंगलाचरण, वर्षागीतम् तथा संस्कृत हास्य अभिनय एवं व्याख्यान प्रस्तुत किये। मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं को 'दीपावलि-मेला' के परिदर्शन हेतु ले जाया गया, जिसका आयोजन देवा इण्टर नैशनल सोसाइटी के द्वारा किया गया था। जहाँ मानसिक प्रतिबन्धी बच्चों के द्वारा बनाये गये दियों, मोमबत्तियों आदि को छात्राओं ने देखा तथा खरीदा। इस वर्ष मनोविज्ञान की छात्राओं को उद्योग के क्षेत्र में मनोविज्ञान के प्रयोग एवं आवश्यकता की जानकारी के लिए डीजल लोकोमोटिव कारखाने के परिदर्शन हेतु ले जाया गया। इसके साथ ही तृतीय वर्ष की छात्राओं को देवा पुनर्वास केन्द्र में विशिष्ट बालकों के अध्ययन हेतु ले जाया गया। तृतीय वर्ष की छात्राओं को दिनांक ७-९-०५ को रामनगर दुर्ग में परिदर्शन हेतु ले जाया गया। जहाँ संग्रहालय के साथ-साथ प्राचीन दुर्गा मन्दिर की भित्ति पर बनी मूर्त्तियों से भी परिचित कराया गया।

शैक्षणिक परिदर्शन *(५.१.०५)*– चुनार दुर्ग, वेधशाला तथा संग्रहशाला (दुर्ग संस्थापक विकमादित्य प्रथम ई.पू. प्रथम शती) का परिदर्शन *प्रा.भा.इति.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग।*

'बलात्कारी को मृत्युदण्ड का औचित्य' विषय पर छात्राओं की एक विभागीय परिचर्चा का आयोजन। *(७.९.०४) दर्शन विभाग।*

संस्कृत दिवस *(५.१.०५)* पर छात्राओं ने मंगलाचरण, श्लोकपाठ, संस्कृत भाषण एवं संस्कृत हास्य नाटक 'चतुरः श्रृगालः' का अभिनय किया। *संस्कृत विभाग।*

'साइकोथेरेपी' विषय पर व्याख्यान– डा. फराह बानो, अतिथि व्याख्याता-मनोविज्ञान विभाग, काशी विद्यापीठ। *मनोविज्ञान विभाग।*

परिदर्शन– देवा मनश्चिकित्सा केन्द्र का मन्दबुद्धि बालकों के व्यवहार एवं हस्तशिल्प का दीपावली मेला के उपलक्ष्य में।

सहगल गैस एजेन्सी के सहयोग से वर्कशॉप– गैस की प्रतियोगिता जिसमें १६ छात्राओं ने भाग लिया तथा ३ छात्रायें पुरस्कृत हुई। *गृहविज्ञान विभाग।*

शैक्षणिक यात्रा– प्रसार शिक्षा के अन्तर्गत ग्राम मेंहदीगंज बालिका विद्यालय का परिदर्शन। २३.२.०५ गृह विज्ञान विभाग।

परिसर के बाहर की उपलब्धियाँ

छात्राओं ने वर्ष भर महाविद्यालय परिसर से बाहर विश्वविद्यालय तथा अन्तर-महाविद्यालय स्तर पर अनेक कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

युवा संसद २००३-०४ में भारतीय राज्य सभा के २००वीं वर्षगाँठ के अवसर पर संसद भवन, नई दिल्ली में आयोजित अन्तर राज्यीय भाषण प्रतियोगिता में भी मेरी साहा तथा तनुरिमा सरकार ने भाग लिया।

युवा महोत्सव, पूर्वी क्षेत्र, हजारी बाग १. समूह नृत्य-प्रथम पुरस्कार-अनुप्रिया चटर्जी (बी.ए. प्रथम वर्ष), पत्राली घोष (बी.ए. द्वितीय वर्ष), २. एकल नृत्य-तृतीय पुरस्कार-अनुप्रिया (बी.ए. प्रथम वर्ष)। स्पन्दन में महाविद्यालय के चित्रकला विभाग को द्वितीय स्थान (प्रथम रनर्स अप) की वैजयन्ती प्राप्त हुई है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में दिनांक ४.२.२००४ से ८.२.२००४ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय टीम के सहभागी के रूप में छात्राओं ने भाग लिया। राष्ट्रीय युवा महोत्सव (झुमर), ०३, (पूर्वी क्षेत्र) विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में-१. समूह गान (पाश्चात्य)-प्रथम पुरस्कार पत्राली घोष (बी.ए. द्वितीय वर्ष), अनुप्रिया चटर्जी (बी.ए. प्रथम वर्ष), २. एकल नृत्य-तृतीय पुरस्कार अनुप्रिया चटर्जी (बी.ए. प्रथम वर्ष)।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव *(२००५)* उद्घाटन के अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक पदयात्रा में का.हि.वि.वि. टीम के साथ भाग लिया। टीम को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। समूह गान में भी एक छात्रा ने का.हि.वि.वि. टीम में भाग लिया तथा टीम को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रितूषा (प्रथम वर्ष) ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया।

स्पन्दन में २००३-०४, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. तथा अनेक पुरस्कार प्राप्त किये।

१. लोकनृत्य-सान्त्वना पुरस्कार-समूह, २. द्वैत संगीत-सान्त्वना पुरस्कार-समूह, ३. एकल गायन-द्वितीय पुरस्कार-तुषार उन्नीतान, ४. मेंहदी प्रतियोगिता-द्वितीय पुरस्कार-प्रज्ञा वर्मा, ५. समूह नृत्य-सान्त्वना पुरस्कार-समूह, ६. पोस्टर प्रतियोगिता-प्रथम पुरस्कार-वर्षा सिंह, ७. चित्रांकन (आन द स्पॉट) तृतीय पुरस्कार-वर्षा सिंह, ८. लघु संगीत एकल-तृतीय पुरस्कार-रोमी चक्रवर्ती, ९. एकल नृत्य-सान्त्वना पुरस्कार-शर्मिष्ठा शर्मा, १०. मोनो एक्टिंग-सान्त्वना पुरस्कार-तूलिका सिंह, ११. हिन्दी वाद-विवाद-प्रथम पुरस्कार-अर्पिता रंजन (विपक्ष), नेहा कुमारी (पक्ष), १२. लघु नाटक-तृतीय पुरस्कार-समूह।

अन्तर्महाविद्यालयीय भजन सम्मेलन *(२००५)* महाविद्यालय तथा आर्य महिला महाविद्यालय कीं छात्राओं द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति। अन्त में महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं सोहिनी गुन और रागिनी सरना की प्रस्तुति।

संगीत संचेतना *(११.९.०४)* प्रो. सी.वी. चन्द्रशेखर, मूर्व अध्यापक, वसन्त कन्या महाविद्यालय तथा पूर्व संकाय प्रमुख संगीत संकाय, प्रोफेसर महाराज सयाजी राव विश्वविद्यालय, चेन्नई का सप्रयोग व्याख्यान (भरतनाट्यम्)।

युववाणी कार्यक्रम आकाशवाणी में सारिका पाण्डेय (प्रथम वर्ष) का कण्ठ संगीत प्रसारित।

अंतर्महाविद्यालयीय रंगोली प्रतियोगिता- रोटरी क्लब द्वारा आयोजित अंतर्महाविद्यालय रंगोली प्रतियोगिता में कु. अंजलि पाण्डेय (प्रथम वर्ष) को तृतीय पुरस्कार प्राप्त।

कार्ड बनाओ प्रतियोगिता– श्री गणेशोत्सव समिति द्वारा आयोजित नव वर्ष अभिनन्दन पत्र-प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्रायें– बी.ए. प्रथम वर्ष की कु. रश्मि तिवारी-द्वितीय पुरस्कार कु. रिवेका चक्रवर्ती-सान्त्वना पुरस्कार, कु. ऋचा त्रिपाठी-सान्त्वना पुरस्कार, कु. पपीहा पॉल-सान्त्वना पुरस्कार।

वाद-विवाद प्रतियोगिता– श्री शारदा भवन के वार्षिक गणेशोत्सव में आयोजित संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता में श्रद्धा मिश्रा (तृतीय वर्ष) को द्वितीय स्थान तथा हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के साथ ही शिवमूर्ति शिवाचार्य रजत पदक प्राप्त हुआ।

' ७५वें गणेशोत्सव के अवसर पर शारदाभवन में आयोजित वाद-विवाद हिन्दी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा शिवमूर्ति शिवाचार्य रजत पदक : अर्पिता रंजन, तृतीय वर्ष (संस्कृत)। संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान (१) : श्रद्धा मिश्रा, द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान (२) : मीना देवी, तृतीय वर्ष (संस्कृत)।

अन्तर राज्यीय श्री गीता महोत्सव-मालवीय भवन में भाषण प्रतियोगिता-प्रथम स्थान : अर्पिता रंजन, तृतीय वर्ष (संस्कृत), निबन्ध प्रतियोगिता-सान्त्वना पुरस्कार : अर्पिता रंजन, तृतीय वर्ष (संस्कृत), मालवीय जयन्ती के अवसर पर संस्कृत भाषण प्रतियोगिता-तृतीय स्थान : अर्पिता रंजन, तृतीय वर्ष (संस्कृत)।

जन जागरण कार्यक्रम मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कन्या भ्रूण हत्या के विरोध में लिटिल फ्लावर स्कूल के सहयोग से निकाली गयी रैली तथा शहीद उद्यान में आयोजित जन सभा में छात्राओं ने भाग लिया।

कैरियर गाइडेन्स विश्वविद्यालय सेवा योजना सूचना एवं मन्त्रणा केन्द्र द्वारा आयोजित 'अपना व्यवसाय चुनिये' पखवारे के आयोजन में महाविद्यालय के कैरियर गाइडेन्स प्रकोष्ठ ने पूर्ण सहयोग देते हुए पखवारे का समापन समारोह का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया।

अन्तर्महाविद्यालयीय कालिदास अन्त्याक्षरी– प्रायोजक-ज्ञान प्रवाह- पुस्कृत छात्राएँ :- बी.ए. तृतीय वर्ष (संस्कृत ऑनर्स) की कु. श्रद्धा मिश्रा, कु. उर्वशी श्रीवास्तव, कु. लक्ष्मी सिंह तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की कु. सारिका पाण्डेय।

प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता– ज्ञान प्रवाह में १३.१.०५ को आयोजित सांस्कृतिक ज्ञान प्रश्नोत्तर कार्यक्रम में महाविद्यालय की चार छात्राओं ने भाग लिया।

नेत्रदान एवं पोस्टर प्रतियोगिता– विभिन्न पोस्टर प्रतियोगिता में निम्न छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया।

प्रतीक संस्थान द्वारा पुरस्कृत छात्रायें– बी.ए. प्रथम वर्ष की कु. ऋचा त्रिपाठी- प्रथम पुरस्कार, कु. अंजलि पाण्डेय- द्वितीय पुरस्कार, कु. रिबेका चक्रवर्ती- तृतीय पुरस्कार, एन.एस.एस. का.हि.वि.वि. द्वारा पुरस्कृत बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रायें कु. अंजलि पाण्डेय- द्वितीय पुरस्कार, कु. ऋचा त्रिपाठी- तृतीय पुरस्कार। नेत्र विभाग, का.हि.वि.वि. द्वारा आयोजित 'नेत्रदान' पोस्टर प्रतियोगिता द्वारा पुरस्कृत छात्राओं कु. रिबेका चक्रवर्ती, बी.ए. प्रथम वर्ष- सान्त्वना पुरस्कार, कु. मनोरमा, बी.ए. तृतीय वर्ष- सान्त्वना पुरस्कार।

स्वास्थ्य शिक्षा से सम्बन्धित कार्यक्रम

(क) टी.बी.-संक्रमण तथा रोकथाम *(६.१०.०४)* डॉ. सत्येन्द्र सिंह, युनिसेफ तथा रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शन तथा प्रश्नोत्तर सहित व्याख्यान।

(ख) स्तन कैंसर-निदान तथा उपचार *(३०.१०.०४)* डा. बेला सहगल, काशी शिवगंगा जेसीज की सहायता से।

(ग) स्मरण शक्ति वृद्धि के लिये पढ़ाई के तरीकें तथा अभ्यास *(१६.१२.०४)* डॉ. तुलसी, संयोजक, देवा मनश्चिकित्सा केन्द्र।

(घ) कास्मेटिक सर्जरी का प्रारम्भिक परिचय *(१८.१२.०४)* प्रो. डा. विश्वेश्वर भट्टाटाचार्य, अध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

(ङ) मानसिक स्थिरता एवं सम्पूर्ण स्वास्थ्य *(१७.१२.०४)* डॉ. प्रियम्बदा तिवारी, पूर्व अध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसूति रोग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।

(च) टर्च-संक्रमण एवं रोकथाम *(२१.१२.०४)* डा. प्रियम्बदा तिवारी, पूर्व अध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसूति रोग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।

(छ) आँखों की देखभाल *(२००५)* डा. निधि अग्रवाल एवं श्री सिद्धार्थ गुप्ता, अपोलो क्लिनिक, महमूरगंज द्वारा सामाजिक सेवा कार्य के अन्तर्गत।

कुछ प्रमुख दिवस एवं जयन्तियाँ

स्वतन्त्रता दिवस *(१५.८.०४)* डा. पुष्पलता प्रताप, पूर्व प्राचार्या, वसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, वाराणसी।

संस्कृत दिवस *(२५.८.०४)* डॉ. कमला पाण्डेय, संस्कृत विभागाध्यक्ष, व.क.म.।

हिन्दी दिवस *(१६.९.०४)* डा. अवधेश नारायण मिश्र, रीडर हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

एनी बेसेण्ट जयन्ती *(१.१०.०४)* प्रो. चन्द्रकला त्रिपाठी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

गणतन्त्र दिवस *(२६.१.०५)* श्री एस.सुन्दरम्, महासचिव, थिओसॉफिकल सोसाइटी, कमच्छा, वाराणसी।

इसके अतिरिक्त गांधी जयन्ती, मालवीय जयन्ती, सुभाष जयन्ती, शहीद दिवस, वसन्त पंचमी का आयोजन प्रतिवर्ष होता है।

पूर्व छात्रा सम्मेलन *(२४.१२.०४)*

उद्घाटन समारोह। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा डा. कुसुम मिश्रा (प्राचार्या, वसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, वाराणसी) ने पूर्व छात्रा सम्मेलन के प्रारम्भ होने की घोषणा की।

शिक्षक वर्ग की विशिष्ट उपलब्धियाँ

डॉ. अनुराधा बनर्जी हिस्ट्री ऑफ बी.एच.यू. के सम्पादक मण्डल में सदस्या नियुक्त। श्रीमती अंजना चटर्जी राष्ट्रीय युवा महोत्सव, २००५ में प्रोसेसन मैनेजर तथा उद्घाटन, सांस्कृतिक एवं समापन समिति (का.हि.वि.वि.) की सदस्या नियुक्त।

इस वर्ष डॉ. सुमन जैन की पुस्तक 'शिक्षा और शिक्षकों की रचनाधर्मिता' का प्रकाशन हुआ। डॉ. अनुराधा बैनर्जी का हिन्दी कविताओं का सुन्दर संग्रह 'हवा ने करवट ली' के नाम से प्रकाशित होकर सामने आया।

विषय विशेषज्ञ-एकेडेमिक स्टाफ कालेज (का.हि.वि.वि) महिला अध्ययन केन्द्र (का.हि.वि.वि.) डॉ. अनुराधा बैनर्जी।

प्राचार्या डॉ. कुसुम मिश्रा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सभी महिला छात्रावासों के निरीक्षण समिति के तथा यू.जी.सी. द्वारा महिला छात्रावास के अनुदान निर्धारण हेतु विशेषज्ञ समिति के विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित हुईं। गृहविज्ञान विभाग की रीडर डॉ. संगीता डेवडिया ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रवक्ता चयन समिति, कानपुर विश्वविद्यालय तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षक चयन समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया। गृहविज्ञान विभाग की ही रीडर डॉ. कल्पना गुप्ता ने भी अवध विश्वविद्यालय तथा पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय के चयन समिति सदस्य के साथ ही साथ विभिन्न महाविद्यालयों में गृहविज्ञान विभाग प्रारम्भ करने हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप में भी कार्य किया। डॉ. कुमुद रंजन-रीडर चयन समिति, पूर्वाञ्चल की सदस्य हुईं। डॉ. नन्दिनी वर्मा तथा डॉ. आशा यादव ने वनिता विश्राम गृह में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में कार्य किया। डॉ. मीनू पाठक ने डान्स ऑन ह्वील कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में कार्य किया।

कार्यशाला-सञ्चालन-संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ. कमला पाण्डेय ने अन्नदा संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण शिविर का अध्यक्ष के रूप में उद्घाटन किया। डॉ. कुसुम मिश्रा से कवफिडारेशन ऑफ फ्री ट्रेड यूनियन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित चाइल्ड ट्रैफिलिंग साइकोलजिकल एस्पेक्ट विषयक कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. सुमन जैन ने सारनाथ में धरोहर संरक्षण कार्यशाला डेमोक्रेसी डेबलपमेण्ट एण्ड कार्नफलेक्ट मैनेजमेण्ट एवं साउथ विषय पर त्रिदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला तथा महिलाओं के प्रति हिंसा विषयक कार्यशाला में अंशग्रहण किया।

नवजीवन नेचर क्योर सेण्टर के तत्वाधान में डॉ. सुमन जैन को २२ प्रदर्शनात्मक व्याख्यान दिनांक ६-५-०३ से ५-६-०३ तक गुजरात के भुज, मांडवी रोड, मांडवी तथा कच्छ में आयोजित हुआ।

अभिलेखों के लिए संस्कृत शिक्षण १४ दिवसीय कार्य शाला ज्ञानप्रवाह-वाराणसी की समन्वयक डॉ. कमला पाण्डेय हुईं।

विशिष्ट व्याख्यान-मालवीय भवन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में 'गीता समिति' द्वारा आयोजित रविवासरीय गीता व्याख्यान में डॉ. कमला पाण्डेय तथा डॉ. शान्ता चटर्जी ने गीता पर आधारित एक-एक

व्याख्यान प्रस्तुत किये। काशी तत्व सभा में सायंकालीन व्याख्यानमाला के अन्तर्गत डॉ. कल्पना गुप्ता का तथा डॉ. सुमन जैन का व्याख्यान प्रस्तुत हुआ। डॉ. कमला पाण्डेय ने केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा, में रसखान आधुनिक सन्दर्भ–पर शोधपत्र प्रस्तुत किया तथा स्वरचित 'गंगा दण्डकम्' काव्य का भी पाठ किया तथा मालवीय सेन्टर फार पीसं में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भी मुख्य अतिथि का वक्तव्य दिया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान द्वारा उज्जैन में आयोजित भगवान् आदि शंकराचार्य जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र भी प्रस्तुत किया। डॉ. सुमन जैन ने काशी विभूति परिषद द्वारा आयोजित संगोष्ठी "अतः संवाद" की अध्यक्षता की।

विहार थियासॉफिकल फेडरेशन, छपरा (शतवार्षिकी समारोह) थियासाफिकल सोसायटी अन्तर्राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन में श्रीमती मंजु सुन्दरम्, काशीतत्त्व सभा, वाराणसी, वर्ल्ड लिट्रेसी आफ कनाडा (लखनऊ) में डॉ. श्रीमती कुमुदरंजन, डॉ. संगीता देवडिया इलाहाबाद विश्वविद्यालय में, मैत्री भवन, वाराणसी में डॉ. रेणु श्रीवास्तव ने व्याख्यान दिया।

एसोसिएटशिप–भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला से एसोसिएटशिप डॉ. अनुराधा बैनर्जी को प्राप्त।

दृश्य कला तथा मंच कला क्षेत्र के विशिष्ट कार्य–श्रीमती अंजना चटर्जी राष्ट्रीय युवा महोत्सव (पूर्वीक्षेत्र) हजारीबाग विश्वविद्यालय में तथा राष्ट्रीय युवा महोत्सव जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की टीम मैनेजर के रूप में नियुक्त की गयी।

श्रीमती मंजू सुन्दरम् के द्वारा दुर्गास्तुति, श्रीसूक्त की सीडी के साथ-साथ त्रिक इण्टररिलीजियस ट्रस्ट के द्वारा निर्मित उत्पलदेव शिव स्तोत्रावलि की सीडी तथा शक्ति नामक सीडी में तीन स्तोत्र गाये गये हैं।

१. संस्कृत नाटक-विक्रमोर्वशीयम्, जिसका प्रायोजन–ज्ञान प्रवाह द्वारा स्थान–संस्पूर्णानन्द सं.वि.वि. में प्राच्य विद्या सम्मेलन के उपलक्ष्य में किया गया; उसमें डॉ. स्वरवन्दना शर्मा–संगीत निर्देशन, श्रीमती मंजु सुन्दरम्–पात्र गीत रचना एवं परामर्श, श्रीसौम्य कान्ति मुखर्जी– तबला वादन तथा डॉ. श्रीमती मीनू पाठक ने सितार वादन किया।

२. श्रीमती मंजु सुन्दरम् का प्रो. बेटिर वाउमर के व्याख्यान के साथ स्तोत्रों की सह प्रस्तुति डिवोशनल मीटिंगका संचालन तथा मंचगान प्रायोजन–त्रिक अर्न्तधार्मिक न्यास, स्थान–थियासाफिकल सोसाइटी, उपलक्ष्य–अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन। शहीद दिवस के उपलक्ष्य में मैत्री भवन में संगीत प्रस्तुति।

श्री सौम्य कान्ति मुखर्जी ने तबला वादन, महाकौशल संगीत समिति रायपुर, संकल्प–सूरत, वालूरघाट संगीत सम्मेलन, मालदा। गीति नाट्य लेखन तथा निर्देशन 'गाइ मानुषेर गान' बंगाली टोला इण्टर कालेज की १५० वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में किया।

गौरवमयी प्राचार्य परम्परा

महाविद्यालय के इतिहास में स्वर्णिम सोपान जोड़ने वाली प्राचार्य परम्परा की अपनी एक पहचान है। अपनी वसन्त कन्या के प्रति उनके हृदय के उद्गार समय-समय पर प्रकट होते रहे हैं।

१. श्रीमती लीला शर्मा



कार्यकाल 1954-1977

विद्यालय में विद्याध्ययन सह जीवन है। विद्यालय के प्रत्येक कार्यकर्ता, शिक्षक अथवा शिक्षित को यह बोध हो कि सह जीवन का अलभ्य अवसर उसे विद्यालय में ही मिलता हैं। संयत मृदु सारगर्भित वाणी, कुशल-कर्मेन्द्रियां एवं सहानुभूति वाला हृदय- इन सभी का विकास सह जीवन में होता है। इसी सहजीवन में ही आचार-विचार एवं व्यवहार में सामञ्जस्य आता है। अतः सच्ची शिक्षा तो पुस्तकों से नहीं, विद्यालय के स्वस्थ वातावरण से मिलती है।

२. डॉ. सुश्री उमा मौडवेल



कार्यकाल 1977-1978

डॉ. वेसेण्ट के दिखलाये हुए प्रशस्त पथ पर चलते हुए, प्राचीन गुरुकुल के गुरु-शिष्य के मधुर स्नेह सम्बन्ध को बनाये रखते हुए पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली के साथ सामञ्जस्य स्थापित करते हुए, भारतीय नारी की गरिमा को अपनाना ही इस महाविद्यालय की शिक्षा प्रणाली का लक्ष्य है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम, उत्कृष्ट परीक्षा फल के साथ छात्राओं के चरित्र विकास की ओर ध्यान देना ही इस विद्या मन्दिर का कर्तव्य है।

३. श्रीमती पुष्पलता प्रताप



कार्यकाल 1978-1987

As is known to us all, in V.K.M., we have inherited a fine name. One reason of course is the convenience of the location but the crucial and far greater part is the quality of the students, teachers, education, which it imparts acquired after many years of efforts by so many. Our thanks are due to each and every one of the colleagues, management, clerical staff and class IV employees, without whose efforts our team simply could not function.

A good institution, is much bigger than any one or two or even more, individuals. I like to think that in V.K.M. we have such an institution. For to carry on, upholding and improving upon its fine reputation in Varanasi, U.P. indeed in entire India, all of us—the students, the faculties and the rest must continue to strive for the best. Whatever our alloted tasks, if all of us conscientiously do them well, the sum total, the institution, our V.K.M., our Alma Mater can not help but be bigger than the sum of the whole. V.K.M. can not help but be the very best thereis.

४. श्रीमती रेणु कौल



कार्यकाल 1987-1990


जून १९८७ में राजकीय सेवा से निवृत होने के उपरान्त मैने १ जुलाई १९८७ में वसन्त कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य के रुप में कार्यभार ग्रहण किया। शिक्षा विभाग के लम्बे सेवाकाल के अन्तर्गत मेरे यें तीन वर्ष ८७-९० स्वर्णिम काल के रूप में गिने जा सकते है। वसन्त कन्या महाविद्यालय की आदर्श परम्परा मेरी गुरुजी श्रद्धेया लीला दी द्वारा स्थापित अभी भी विद्यमान है। महाविद्यालय की अध्यापिकाओं की कार्य के प्रति निष्ठा और कुछ करने का उत्साह शिक्षा जगत के लिये एक दृष्टान्त है। इस कर्तव्यनिष्ठ वातावरण में कार्य करना मेरे लिये भी एक चुनौती था। निदेशालय में लम्बी अवधि तक कार्य करने के कारण प्रशासनिक अनुभव मेरे साथ रहा और मैं शीघ्र ही यू.जी.सी. दिल्ली से महाविद्यालय की उन्नति के लिये पाँच लाख रुपये का अनुदान ले आई, जिससे महाविद्यालय का भौतिक विकास काफी मात्रा में हुआ।

मुझे इस स्वर्णिम दिवस पर सबसे अधिक खुशी इस बात की है कि महाविद्यालय परसिर का लगभग एक तिहाई भाग हमारे परिवार का निजी भवन था, हम सब भाई-बहिन इस भवन में पले थे। ये स्मृतियाँ वसन्त कन्या महाविद्यालय के साथ एक आत्मीयता पैदा करती थी, मुझे यह कहने में गर्व होता है कि ३६ वर्ष की लम्बी सेवा काल में वसन्त कन्या महाविद्यालय का समय सबसे आनन्दमय रहा। श्रद्धेया लीला दी और पुष्पी दी के आदर्शो को मैने संजोये रखने का प्रयत्न किया। आज के इस शुभ अवसर पर ईश्वर से प्रार्थना है कि इस महाविद्यालय का नाम उज्जवल रखते हुए वसन्त कन्या महाविद्यालय की शिक्षित छात्रायें देश को गौरवान्वित कर सकें।

५. सुन्दरी सिद्धार्थ (कार्यकाल 1990)

यह ज्योति स्तम्भ 'कर्म ही पूजन है शिक्षाही सेवा है' का प्रकाश अनवरत बिखेर रहा है। मां वसन्त के इस आह्वान से निरन्तर प्रेरणा लेती हुई असंख्य दीपिकाएं, शिक्षा के अभियान में आगे बढ़ती जा रही हैं। इस प्रकार 'मेरा भारत महान्' का राष्ट्रीय सन्देश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प ले रही हैं।

६. श्रीमती विमला खेड़ा



कार्यकाल 1990-1991

कितनी छात्राएं आती हैं चली जाती हैं किन्तु उनके जीवन के कुछ क्षण उन्हें विद्यालय के जीवन में अमरत्व प्रदान करते हैं। उनके मधुर संस्मरण आने वाली छात्राओं के लिए प्रेरणादायक होते हैं। अध्ययन के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं शिक्षेतर कार्यक्रम संस्था के जीवन में नवीन चेतना का संचार करते हैं।

७. सुश्री इन्दिरा गुप्ता



कार्यकाल 1991-1997

It is a pleasure to associate oneself with a perstigious institution like the Vasant Kanya Mahavidyalaya. It's an honour and privilege to serve the college as its principal.

I'm grateful to the honourable member of the Managing-Committee for their cooperation and guidance. I'm grateful to my dear colleagues for accepting me so well. The team spirit of the non-teaching staff of the college is also to be acknowledged gratefully.

Being situated in the heart of the city, there is an ever-increasing demand for admission. Our aim is to retain the quality of the students and not add to the number. A time may come in future when we can plan of expansion of the campus with additional facilities to the students.

But we must deserve first and then desire. Much depends on our performance in academic and extra-curricular fields, to bring about a major change,as financial assistance is the basic need of the hour.

I strongly feel, that we should focus our attention to revive the cultural tradition of this institution and students should be inspired to imbibe the 'besant spirit' in their everyday life.


८. डॉ. श्रीमती ज्योत्स्ना श्रीवास्तव



कार्यकाल 1997

वसन्त कन्या महाविद्यालय नारी चेतना का संवाहक वह केन्द्र है जहां सामाजिक, आर्थिक राजनैतिक एवं सांस्कृतिक सभी राष्ट्रीय समस्याओं पर जोर पर बहस एक सहज पाठयक्रम है। दहेज समस्या हो या आर्थिक पिछड़ांपन या त्रिभाषा फार्मूले का कहर झेलती संस्कृत हो अथवा उदारीकरण की राजनीति - पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ जीवन दृष्टि प्रदान करना हमारा लक्ष्य रहा है।

९. डॉ. वीणा व्यास



कार्यकाल 1997-2000

सभी के द्वारा सभी के प्रति उदारता, सद्भाव, सहयोग एवं सह अस्तित्व कठिन से कठिन समस्याओं के निदान का मार्ग है।..... छात्राएँ सही अर्थों में वसन्त कन्याओं के स्वरूप को स्थापित करती हुई जीवन के कर्मक्षेत्र में अग्रसर हों। यह कभी भी विस्मृत न करें कि भारत का सनातनधर्म एवं संस्कृति नित्य, निरन्तर, शाश्वत और स्थायी है। इसे किसी काल और स्थान सीमा में आबद्ध नहीं किया जा सकता।

१० डॉ. कुसुम मिश्रा



कार्यकाल 2000-वर्तमान

वसन्त कन्या २१वीं सदी की दहलीज पर खड़ी है। प्राचीन मूल्यों की सुरक्षा तथा प्रगतिशीलता के क्षेत्र में प्रभाव शाली पैठ हमारा उत्तरदायित्व है। मजबूत जड़ों और फैलती शाखाओं के साथ वैश्वीकरण के नये दौर में हमें अपनी गुणवत्ता बनाये रखनी है इसी महान् लक्ष्य की ओर हम सम्मिलित हो कर आगे बढ़ रहे हैं।

❖

वासन्तिका

दासता की धुन्ध में घुटती नारी चेतना! श्वेताभ 'एनी' की अमिताभ उजास!! अमा पूर्णिमा सी परस्पर दूर होते हुए भी यह संयुति कितनी लोमहर्षक रही होगी!!!

वह कैसा अपूर्व क्षण था, जब प्रतीची की एक लौ प्राची के लिए जल उठी। नारी-शिक्षा के महाजागरण का दीप लिये 'मां वसन्त' भारत के घरों में घूमी। उनके तपः पूत स्वप्न साकार हुए। अन्तर्दर्शन रूपायित हुआ। थियॉसाफिकल सोसायटी के कोमल उत्सङ्ग में वासन्ती कलियां खिलने लगीं।...... तभी किसी ने द्वार पर दस्तक दी। वसन्त महिला कालेज राजघाट स्थानान्तरित हो गया। किन्तु वासन्ती चिड़ियों की चहचहाहट मौन न हुई; कोकिला की पञ्चम तान महाप्राण रोहित जी के कानों में रस घोलने लगी। उस विराट् व्यक्तित्व में 'चरैवेति-चरैवेति' (= चलते रहो-बढ़ते रहो) का आर्ष नाद गुञ्जायमान था। ठहराव उन्हें रुचा नहीं, फलतः मात्र छः सप्ताह के अन्दर कक्षा छः से बी.ए. तक सम्पूर्ण महाविद्यालय उसी स्थान पर पुनः स्थापित हो गया। १० जुलाई १९५४ के मङ्गल मुहूर्त में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति श्री सी.पी. रामास्वामी अय्यर ने ज्ञानदीप प्रज्ज्वलित करके इस विद्यामन्दिर का शुभारम्भ किया। यह श्रीरोहित मेहता जी के अतुलनीय प्रताप एवं ज्ञान के प्रकाश का प्रभाव था। उदात्त भावनाओं एवं गम्भीर विचारों के ताने-बाने से बुनी खादी के श्वेत परिधान में सर्वशुक्ला सरस्वती सी लीला शर्मा को श्रीरोहित जी ने इस पवित्र ज्ञान-यज्ञ का प्रथम पुरोधा बनाया। उस मूर्तिमती तपस्या ने अपनी कर्मनिष्ठा से तेईस वसन्तों में वसन्त को कुसुमाकर बना दिया।

निसर्ग का सहज उपहार बौटल ब्रश, क्षुद्र घण्टिका सा लगता कर्णिकार, अग्निशिखा सी लालिमा विखेरता पलाश, निदाघ की प्रखरता को सहता गुलमोहर, खिलखिलाती मौलश्री, कामिनी के कर्णफूल सा लुभावना काञ्चनार-इन सबके साथ उगने वाली वासन्ती पौध शैक्षिक, शिक्षेतर और सांस्कृतिक विविधताओं में लहराने लगी। मजबूत जड़ों और फैलती शाखाओं वाले सरस कदम्ब, सुकुमार शिरीष, पवन परिशोधक नीम, शोकहर अशोक और सहस्रफण नागलिङ्गम् से नित-नूतन पाठ पढ़ती वह भी सांस्कृतिक आध्यात्मिक गहराइयों और विकसित वैचारिक ऊँचाइयों से समृद्ध होती ही जा रही है आज तक।

अरे यह क्या! नन्ही वसंन्त कन्या सुनहली हो गयी!! उत्तरोत्तर विकास के स्वर्णिम सोपानों पर चढ़ती हुई आपादमस्तक सुवर्णा हो उठी है यह! वसन्त के सिंह द्वार पर हाथ टिकाये यह क्या निहार रही है? रुद्रप्पा हंजी की भित्ति पुत्तलिकाओं से क्या पूछ रही है? क्या नींव के पत्थरों की अनुगूंज को सुनने के लिए दत्तचित्त है? अथवा कलियों की मुस्कान, ढुलकते ओस कणों और पत्तों की सरसराहट को सुनते ही नंगे पाँव दौड़ पड़ने वाले जनक के पदचापों की शुश्रूषा (सुनने की अभिलाषा) में एकाग्र हो गयी है?

वह अतीत की ओर देख रही है-सफेद खादी की किनारेदार सीधे पल्ले की साड़ी में सजी-सँवरी भारतीयता मन्दस्मित बिखेरती सिंह द्वार से प्रवेश कर रही है। तेजस्विता उसका शृङ्गार है और गम्भीरता

शिरोभूषण।[❀] जमीन पर पड़े छोटे से कागज को भी झुक कर अपने हाथ से उठा कर कूड़ेदान में डालते हुए वह पर्यावरण रक्षा का मौन व्याख्यान दे रही है। पूरे वासन्ती परिसर की साफ सुथरी छवि में वह खो सी गई है। नयनाभिराम हरियाली में डूब सी गई है। क्यों न हो; चारों ओर हरीतिमा बिखेरते लतामण्डप कुञ्ज निकुञ्जों का आभास दे रहे हैं, प्रकृति शान्ति, स्नेह और सौहार्द का पाठ पढ़ा रही है; प्रार्थना के बाद का मौन मननशीलता की सीख दे रहा है, कला-कक्ष में कोई तूलिका पकड़े सतरंगी आभा छिटका रहा है, कोई नेपथ्य से सप्तस्वर साध रहा है, कोई पदतलों के साथ ताल, लय, गति, छन्द को मिला रहा है। एक साहित्य सरिता में स्नान कर रहा है तो दूसरा श्लोकों के गान से वाग्देवी की समर्चा में लीन है; कोई 'स्टुपिड-स्टुपिड' की मृदुकषाय ध्वनि से सबको सावधान करता हुआ अनुशासन का पाठ पढ़ा रहा है।[❀] कहीं विश्वजनीन घटनाओं की जानकारी दी जा रही है, तो कहीं विकास के अभिनव आयामों पर बहस छिड़ी है। इन सब, साहित्य-संगीत-कला-विज्ञान और समस्त आधुनिक सामाजिक विषयों से परिचिति के अन्दर भी मणियों में सूत्र की तरह पिरोयी हुई है-एक जीवनदृष्टि, सम्पूर्ण व्यक्तित्व बनने की कला, पशु से मानव और मानव से महामानव बनने की विकासयात्रा। इसी यात्रा के पड़ाब बने वर्ष पर्यन्त आयोजित होने वाले सांस्कृतिक शिक्षणेतर कार्यक्रम।

शैशव काल में ही वसन्त कन्या ने शबरी (५५) जय सोमनाथ (५६) अमिताभ (५७) मीरा (१९५९) कृष्णलीला (१९६३) मायार खेला (६४-६५) मदन दहन (६६-६७) कर्ण (७१-७२), टिण्डर बौक्स (७२-७३), पादुकाभिषेक (७२-७३), द ग्रेट कैथरीन (७२-७३), सिद्धार्थ (७४-७५), भूमिजा, पादुकाभिषेक, विक्रमोर्वशीयम् आदि नाटकों का मञ्चन कर अपनी रंगमञ्चीय दक्षता का परिचय दिया। 'वर्षा मङ्गल' की झींसियों में महामानव रवीन्द्र की 'मरु विजयेर केतन उड़ाओ रे .....' का मधुर गान, ओस से सान्द्र सोसायटी की सड़कों पर सैकड़ों महावर लगे पावों की थिरकन, घुंघुरुओं की मिठास, पीछे चलता हुआ कवि गुरु की वाणी को दोहराता जोगिया समूह, भरत नाट्यम्, ओडिसी, मणिपुरी तथा अन्य विविध लोक नृत्यों ने भला किसका मन नहीं मोहा!

कलागुरु शान्तिदा (श्रीशान्ति रञ्जन बोस), संगीत साधक पं.मुकुन्द विष्णु काल्विण्ट, नृत्य निदेशक श्री सी.वी. चन्द्रशेखर तथा श्रीमती मधुरिमा चौधरी को वसन्त कन्या से असीम लगाव था। 'कर्म ही पूजन है, शिक्षा ही सेवा है'- की सुवास उनके तन-मन-प्राण में सलिल में चन्दनवत् रची-बसी थी, इसी सरसता का पारावार लिये मोहिनी की मनमोहिनी उजास फैल जाती थी वसन्त के आंगन में। हिन्दी नाटकों एवं नृत्य नाटिकाओं में इन स्वनामधन्य मनीषियों का उत्साहपूर्ण निर्देशन चरमोत्कर्ष पर रहता था। अंग्रेजी नाटकों में डॉ. शोभना चक्रवर्ती का नाट्यनिर्देशन उल्लेखनीय है। सभी कार्यक्रमों में सुश्री लतिका खान की आहार्य सज्जा, शान्ति दा एवं नन्द दुलाल मुखोपाध्याय की मंच सज्जा उनके रचना कौशल की परिचायक तो थी ही, उससे भी आगे बढ़कर थी अपने सहकर्मियों को साथ लेकर चलने की कला। वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय विद्यालय नहीं परिवार होता था। सभी इसे सम्पन्न करने में मनसा वाचा कर्मणा समर्पित रहते थे। श्रीमती शशिबाला दूबे का पर्यवेक्षण,

---

❀ श्रीमती लीला शर्मा

❀ श्री राम बाबू चक्रवर्ती-बुड्ढे मास्टर साहब

द्रष्टव्य-स्मृतियों के झरोखे से-पृष्ठ-३५

वसन्त के किस सदस्य को क्या आवश्यकता है? आज भी रोमाञ्चित कर रहा है। डॉ.ऊर्मिला शर्मा का संस्कृत प्रेम संस्कृत-दिवस और कालिदास जयन्ती के अवसरों पर अपने चरमोत्कर्ष पर होता था।

पांच वर्ष की वसन्त-कन्या बालू के घरोंदों का खेल खेलने की तरह वर्णों की वेदिका बनाने लगी। इस क्रीड़ा रस में उसने उमा को सहेली बनाया। १९५९ में प्रथम बार जब डॉ. उमा मौडवेल के सम्पादकत्व में वार्षिक-पत्रिका का प्रकाशन हुआ तो स्वर्णाक्षरों से सजी 'वसन्त-श्री' देखते ही बनती थी। इस वर्णविन्यास का अग्रिम सूत्र थामा डॉ. सावित्री श्रीवास्तव ने। फिर क्या था; उत्तरोत्तर प्रगति का उल्लास शब्दायित हो उठा; उपलब्धियों का सम्भार चित्राङ्कित होता हुआ नयनाभिराम बन पड़ा। पूरे साज शृङ्गार, सांस्कृतिक वैभव और चतुष्कोणीय सफलताओं से चमकती शनैः-शनैः पच्चीस वसन्त पार करती 'वसन्त-श्री' रजताभ हो उठी। इस वयः सन्धि में गौरवमयी परम्परा की बाग डोर सम्हाली-इसी पुण्यभूमि में पुष्पिता डॉ. पुष्पलता प्रताप❀ ने। उनकी कलाप्रियता एवम् आभिजात्य शालीनता ने सांस्कृतिक फलक में और चटकीले रंग भरे।

अब तक वसन्त परिवार के दो स्वतन्त्र स्थायित्व उभर चुके थे। डिग्री विभाग और इण्टर विभाग दो इकाइयों में अस्तित्ववान् हो चुका था। इण्टर विभाग की प्रधानाचार्या के रूप में प्रतिष्ठित हुईं अध्यापिका दक्षता पुरस्कार से सम्मानित मेधाविनी श्रीमती नागलक्ष्मी सिंह। यह स्वनामधन्या लीलादी के आन्तरिक साहस और शक्ति का ही परिणाम था कि महाविद्यालय को सफेद भवन के पीछे का क्रीड़ा क्षेत्र प्राप्त हुआ। तत्कालीन प्रबन्धक श्री बद्रीनारायण जी ने उनका पूरा सहयोग किया। जिस पर १९७४ में गोपी कृष्ण खेमका चैरिटी के अनुदान से विद्यालय भवन निर्मित हुआ तथा १९७० में परेश बाबू का भवन प्राप्त हुआ, जिसमें इण्टर एवं डिग्री विभाग का कार्यालय है।

आदरणीया पुष्पी दी (डॉ. पुष्पलता प्रताप) के प्राचार्यत्व में वासन्ती बयार फिर चल पड़ी। उन्होंने अपने गुणी उत्साही साथियों में आत्मीयता की ऐसी स्फूर्ति भरी कि एक बार फिर वसन्त सक्रिय हो उठा। फलतः सत्र-दर-सत्र शाहजहाँ (७७-७८) भोर का तारा, इम्पार्टेंस ऑफ बीइंग अर्नेस्ट (७८-७९) पृथ्वीवल्लभ (७९-८०) आर्म्स एण्ड द मैन (७९-८०) आखिरी सवाल (८२-८३) रानी रूपमती (८४-८५) जैसे अनेक नाटकों का सफल मञ्चन हुआ।

वयः सन्धि को पार कर वसन्त कन्या को अपने बौद्धिक विलास का कीर्तिमान् स्थापित करने का अवसर मिला। उच्च-शिक्षा निदेशालय में ज्वाइण्ट डाइरेक्टर पद से सेवा निवृत्त, राजकीय अनुभवों की धनी श्रीमती रेणु कौल ने जब प्राचार्या का पद भार ग्रहण किया, उस समय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की 'कोहसिप' योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय विचार गोष्ठियों की एक शृङ्खला ही बन पड़ी। इसी की प्रथम कड़ी थी त्रिदिवसीय राष्ट्रीय-संस्कृत-संगोष्ठी। त्रिभाषा सूत्र में भारतीय संस्कृति की मूल उत्स देववाणी (संस्कृत) पर होने वाले प्रहार ने सम्पूर्ण वसन्त परिवार की अन्तश्चेतना को झकझोर दिया। भारतीय संस्कृति के उन्नायक पूर्व कश्मीर नरेश डॉ. कर्ण सिंह के मुख्यातिथ्य में उद्घाटित इस गोष्ठी में संस्कृत के लिए चिन्तित राष्ट्रीय एवम् अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विद्वानों का समवेत स्वर स्वतः फूट पड़ा। इस संगोष्ठी में संस्कृत के पुनरुज्जीवन

❀ इसी परिसर में १९५४ के पूर्व वसन्त कालेज की पूर्व छात्रा।

के लिये जिस सक्रियता की गुहार की गई, उससे अनुप्रेरित हो कर वसन्त परिवार ने संस्कृत-मातृ-मण्डलम् समिति की स्थापना की। डॉ. कमला पाण्डेय की अध्यक्षता में यह समिति प्रतिवर्ष सार्धैकमासीय (डेढ़ महीने का) एकमासीय, दसदिवसीय संस्कृत-सम्भाषण-शिविरों के माध्यम से संस्कृत को ग्रन्थ भाषा की जटिलता से निकाल कर बात-चीत परम्परा में लाने का प्रयास करने लगी, इसी की अग्रिम शृङ्खला में (सन् २००२ में) यू.जी.सी द्वारा सरल संस्कृत-सम्भाषण-केन्द्रम् के रूप में वसन्त कन्या महा विद्यालय का चयन हुआ और एकलाख रूपये के अनुदान से डॉ. शान्ता चटर्जी के संचालकत्व में तीस दिवसीय दस पाठ्यक्रमों की सम्पन्नता का कीर्तिमान स्थापित हुआ। इसका अध्यापन संस्कृत भारती की कु. सुमन लता ने किया। कोह़सिप' विचार गोष्ठियों के क्रम में हिन्दी विभाग ने जयशंकर प्रसाद एवं महीयसी महादेवी पर तथा समाजशास्त्र विभाग ने दहेज समस्या पर गहन चिन्तन प्रस्तुत किया।

संस्कृति की संवाहिका संस्कृत को जानने पहचानने की गुहार करती हुई वासन्ती चेतना 'जयतु संस्कृतं जयतु भारतम्' का शङ्ख नाद कर रही थी। यह देख संतुष्टचेता श्रीरोहित जी के उद्गार 'संस्कृत भाषा ही नहीं सभ्यता की मूल स्रोत है' के रूप में निकले। ऐसे सांस्कृतिक परिवेश में संस्कृतानुरागिणी अध्यात्म-दर्शन की परम विदुषी सुश्री इन्दिरा गुप्ता ने प्राचार्य पद को सुशोभित किंया। यद्यपि वे काशी के बाहर (आगरा स्नातकोत्तर महाविद्यालय) की थीं; तथापि अपने गम्भीर पाण्डित्य, उदात्त विचार, विशालहृदय एवं विनम्र वाग्विलास से उन्होंने सभी सहकर्मियों में आत्मीयता और आदर का सञ्चार किया। उनके संरक्षण में एक ओर संस्कृत-मातृ-मण्डलम् ने आचार्यप्रवर प्रो. सिद्धेश्वर भट्टाचार्य की पावन-स्मृति में व्याख्यान माला का उद्घाटन किया जिसको महामनीषी के सुपुत्र प्रो. डॉ. वी भट्टाचार्य ने आर्थिक संरक्षण प्रदान किया। दूसरी ओर अर्थशास्त्र व गृहविज्ञान विभागों द्वारा राष्ट्रीय विचार गोष्ठियों का आयोजन हुआ। महाविद्यालय की सभी परम्पराओं के प्रति उनके मन में अपार श्रद्धा थी।

इसी के समानान्तर ही 'सर्जना' की सक्रियता ने मौलिक सृजन शीलता का उन्मीलन किया। 'कल्पना की पंखिनी' अनन्त आकाश में उड़ान भरने लगी। हिन्दी विभागाध्यक्षा डॉ.सावित्री श्रीवास्तव एवम् अहिन्दी भाषी हिन्दी लेखिका डॉ. अनुराधा बैनर्जी ने स्वांतः सुखाय को 'वसन्त-सुखाय' बनाने की तैयारी की। फलतः सर्जना की हस्त-लिखित पत्रिकाओं में नव-नवोन्मेषशालिनी प्रतिभा ने कविता का अभिनव परिधान पहना। इसके साथ ही वसन्त कन्या की अनेक स्फुट कविताओं एवं कविता संग्रहों का प्रकाशन भी हुआ, संस्थापिका की आशा को मुकुलित किया उन्हीं की नयी पौध डॉ. आशा यादव ने। उसके बाद तो सर्जना को मिला बहुआयामी विस्तार-काव्य, भाषण, निबन्ध वाद-विवाद, संगीत, नृत्य मेंहदी, पोस्टर आदि-आदि प्रतियोगिताओं के रूप में, जिसकी कर्णधार बनी क्रमशः डॉ. वीणा मिश्र, डॉ. कल्पना गुप्ता डॉ. रेणु श्रीवास्तव और डॉ. सुमन सिंह। अनेक पुरस्कारों के साथ-साथ चलवैजयन्ती की भी व्यवस्था हुई।

वसन्त के मकरन्द की सुवास घर आँगन से बाहर भी बहुत-दूर-दूर तक पँहुची। इसलिए समय-समय पर विशिष्ट व्यक्तित्वों के आगमन की जगमगाहट भी अपने आप में अनूठी रही है। श्रीमती रुक्मिणी देवी अरुण्डेल, श्री नारायण भाई देसाई, राष्ट्रकवि दिनकर, पं हजारी प्रसाद द्विवेदी, पद्मविभूषण ठाकुर जयदेव सिंह, राय कृष्णदास, पं. सीताराम चतुर्वेदी, तेन सिंह नौर्के, डॉ. कर्ण सिंह, पद्मविभूषण पं. विद्यानिवास

मिश्र, पद्मश्री पं बलवन्त राय भट्ट, पं करुणा पति त्रिपाठी, पं कमला पति त्रिपाठी, परम पावन दलाई लामा, यूजीसी चेयरमैन माधुरी बेन शाह, श्रीश्रीवत्स गोस्वामी जी, महाराज काशी नरेश विभूति नारायण सिंह, डॉ. भानुशंकर मेहता, प्रो प्रेमलता शर्मा, प्रो रिन्पोछे, श्री अमृत लाल नागर, श्री श्याम लाल यादव, श्री नरेन्द्र सिंह गौर, श्री वीरेन्द्र सिंह इत्यादि। इसके अतिरिक्त समय-समय पर अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के विद्वानों के समुदाय विचार-गोष्ठियों एवं व्याख्यानों में सहर्ष उपस्थित हो कर ज्ञान-सत्र सम्पन्न करते रहे हैं।

वसन्त अपने वासन्ती वैभव में झूम रहा था, तभी एक झटका लगा...... वसन्त में पतझर आ गया। २० मार्च १९९५ को जनक ने अपनी कन्या की ओर से आंखें मूंद ली, श्रीरोहित जी मौन हो गये। अस्तंगत चन्द्रमा की अनुगामिनी विभावरी की भांति श्रीदेवी जी ने भी कुछ महीनों बाद उनका अनुगमन किया। जनक-जननी के विछोह से हतप्रभ वसन्त अभी सम्हल भी न पाया था कि पुनः एक अनभ्र वज्रपात हुआ....दोपहर कालरात्रि बन गयी। प्रखर निदाघ ने मानो वसन्त की साहित्य सरिता को सुखा देना चाहा था। पंचरंग चूनर ओढ़े सावित्री सविता के रश्मिरथ पर बैठ कर अदिति की गोद में समा गई; इस बार अनुगमन किया सत्यवान् ने। (पतिव्रता डॉ सावित्री श्रीवास्तव का १६ जून १९९५ में दोपहर में स्वर्गवास हो गया और सोलह घण्टे बाद उनके पति श्री राम सुन्दर लाल का भी महाप्रयाण हो गया।) वसन्त के इतिहास ने करवट ली। अनेक दीप वर्तिकाओं ने विश्राम की इच्छा से अवकाश ग्रहण किया। कुछ प्रकाश किरणें भू लोक से देवलोक की राह पकड़ चलीं। वसन्त ने पीले पत्ते से आँसू गिरा-गिरा कर इस पतझर को देखा-सहा-श्रद्धाञ्जलि दी। किन्तु वह विवश था जीवन दर्शन को ले कर आगे बढ़ने को। फिर तैयारी होने लगी तूलिका से नये रंग भरने की।

इस बार चित्र-फलक को सधे हाथों ने थामा। डॉ. वीणा व्यास जो सुदीर्घ काल तक विविध वासन्ती आयामों की सहभागिनी थी, प्राचार्या के महिमामय पद में प्रतिष्ठित हुईं। वार्षिकोत्सव के अवसर पर जिनके निर्देशन में अनेक नाटकों की उत्कृष्ट प्रस्तुति हुई, संस्कृत-मातृ-मण्डलम् के गठन और विकास में जिनकी दूरदृष्टि एवं बहु आयामी व्यक्तित्व की अहम भूमिका थी, 'सर्जना' की प्रतिष्ठा में जिनका काव्यप्रेम 'कमठ' आधार बना था, उनके प्राचार्यत्व में वासन्ती चेतना मह-मह महकने लगी। फलतः स्वल्पकाल में ही अनेक महत्त्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हुए। श्रीमद्भागवत पर प्रो. सिद्धेश्वर भट्टाचार्य स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन अपूर्व था। कथाकार थे अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त भागवत मर्मज्ञ श्री श्रीवत्स गोस्वामी जी (निदेशक-चैतन्य प्रेम संस्थान, वृन्दावन) तो कथामृत पान कर रहे थे काशी नरेश महाराज विभूति नारायण सिंह एवम् अन्य अनेक गणमान्य सुधीजन। एक ओर महाविद्यालय का दोमंजिला पुस्तकालय भवन निर्मित हुआ, तो दूसरी ओर वार्षिकोत्सव की चहल-पहल। 'बात एक रात की', 'यशोधरा' एवं राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति हुई। वर्षपर्यन्त किये जाने वाले सभी शिक्षणेतर कार्यक्रमों को उन्होंने सहयोगियों को स्नेह-सीकरों से सींच कर हंसते-खेलते सम्पन्न किया।

"तू न अपनी छांह को अपने लिए कारा बनाना; जाग तुझको दूर जाना"– महादेवी की इन पङ्क्तियों में वसन्त ने जीवन दर्शन को खोजा है। इसीलिये उसकी चेतना न तो शिक्षा-परीक्षा की जकड़न में सिमटी है और न कक्षाओं में पाठ्यक्रम भर पूरा करने की रूढ़ियों में; अपितु इन दोनों को समेटते हुए वह चैतन्यधारा

वैश्वीकरण उदारीकरण जैसी आर्थिक वैदेशिक नीतियों, तलाक–अशिक्षा–बलात्कार–अपहरण जैसे दुर्भाग्य पूर्ण विसंगतियों और दहेज की बलिवेदी पर चढ़ती महिलाओं की चीत्कार से अनजान नहीं, सतत चिन्तित है। इसीलिए वासन्ती चेतना की अनेक रश्मियां अपने स्वाध्याय को तृणमूल स्तर से जोड़ती हुई सक्रिय हैं। इस क्रम में समाजशास्त्र की अध्येता डॉ कुमुदरंजन ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर पिछड़े वर्ग की महिलाओं एवं बच्चों पर शैक्षिक जागरुकता, सामाजिक समानता तथा थियासाफिकल आर्डर आफ सर्विस की वाराणसी शाखा के अन्तर्गत भिटारीगांव में जागरुकता का कार्य किया है।

महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवम् उनकी दुरूहजीवन की समस्याओं के निराकरण के क्रियात्मक उपायों पर अमल करने के लिए यहीं की पूर्व छात्रा डॉ. चन्द्रकला पाडिया के समन्वयन में प्रचालित महिला अध्ययन केन्द्र की उपशाखा के रूप में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ का शुभारम्भ वसन्त के परिसर में २००३–०४ में डॉ. अनुराधा बनर्जी के प्रयास से हुआ है। वर्तमान में इसकी संयोजिका डॉ. कुमुद रंजन हैं।

देववाणी के प्रचार–प्रसार हेतु ज्ञान–प्रवाह सांस्कृतिक अनुशीलन केन्द्र में अभिनीत संस्कृत नाटकों के सहनिर्देशन में डॉ स्वर वन्दना शर्मा का अवदान सराहनीय है। श्रीमती मंजुसुन्दरम् के गायन की संस्कृत–छन्दों की ध्वन्यंकित कैसेट्स साहित्य एवं संगीत जगत् के लिए बहुमूल्य अवदान हैं। यू.जी.सी. द्वारा निर्देशित पिछड़ी जाति जन जाति की छात्राओं के लिए विशेष अध्ययन की व्यवस्था डॉ. कृष्णा गोस्वामी द्वारा हुई। डॉ. रीतासिंह ने आचार्य बीरबल सिंह समाज विकास संस्थान के अन्तर्गत गोवा में मादक द्रव्य व्यसन केन्द्रों में जा कर सरकारी मदों के यथोचित उपयोग का सर्वेक्षण किया तथा मिर्जापुर सोनभद्र में पेय जल की स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

कलाशिक्षक श्री लम्बोदर नायक ने राष्ट्रीय स्तर की अनेक कलादीर्घाओं में अपनी कलाकृतियां प्रदर्शित की तथा उ.प्र. तथा उत्तरक्षेत्र (भारत) का प्रतिनिधित्व किया। श्रीमती अंजना चैटर्जी ने आकाशवाणी, दूरदर्शन तथा सिने जगत् स्तर पर गायन एवं अभिनय में योगदान दिया है। लोकविद्या संस्थान के तत्त्वावधान में नारी के अस्तित्व को जमीन से जोड़ने वाली 'उत्सा' समिति की सक्रिय भागीदार डॉ. रेणु श्रीवास्तव, 'सार्क' के तत्त्वावधान में यौन एवं बाल हिंसा कार्यक्रम में सहयोगी डॉ. रचना श्रीवास्तव, जय जगत् एवम् आचार्य कुल के सक्रिय कार्यक्रमों से जुड़ी सुमन जैन के कार्य उल्लेखनीय हैं। कु. एलीना सामन्त राय ने सेन्टर फार स्पेशल रिसर्च एन.जी.ओ, नई दिल्ली के अन्तर्गत औरतों की घरेलू हिंसा तथा वृद्धों की समस्या पर कार्य किया। डॉ. नमिता अग्रवाल ने ज्ञान विज्ञान समिति के तत्त्वावधान में वाराणसी एवं अल्मोड़ा के गांवों की शिक्षा प्रसार पर कार्य किया। श्रीमती नुजहत फातमा हैदर विशेषरूपसे मुस्लिम महिलाओं के स्वावलम्बन हेतु कार्यशालाओं, कानूनी जानकारी, साक्षरता और स्वास्थ्य चेतना, मदरसे का नवीनीकरण एवं दूसरे धर्मों से अच्छे रिश्ते कायम करने के स्तर पर काम कर रही हैं।

डॉ. श्रीमती मीनूपाठक की आकाशवाणी तथा नगर एवं बाहर उत्कृष्ट मञ्चीय सांगीतिक प्रस्तुतियां प्रशंसनीय है। श्रीसौम्य कान्ति मुखर्जी ने 'गाते हैं मानवता के गीत' शीर्षक से प्रस्तुत बैले में अपना पेशा छोड़ शहर की ओर उन्मुख जमीन से जुड़े लोगों की निराशा को अभिनीत करने में सहभागिता की। भारतीय

सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् दिल्ली में विदेश में कार्यक्रम प्रस्तुति हेतु आपका चयन हुआ है। आपके अनेक कार्यक्रम संगीत जगत् को अर्पित हैं।

सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं, ओजोन क्षरण, पर्यावरण-प्रदूषण एवं जल संकट जैसी गम्भीर समस्याओं से भी वासन्ती चेतना मर्माहत है। निरन्तर दूषित होती मां गंगा को देख कर एक ओर अनुराधा बैनर्जी की वेदना 'इस देश में गंगा बहती थी' नाटक में मुखरित हुई तो दूसरी ओर संस्कृत कवयित्री कमला पाण्डेय का शोक श्लोक बन गया 'रक्षत गङ्गाम्' महाकाव्य में। गंगा निर्मलीकरण की यह चेतना निश्चय ही श्रीमती एनी वेसेण्ट की नारी चेतना से अनुप्राणित थी, जो विद्यार्थी चेतना के रूप में वसन्त की सोंधी माटी में मिल गयी।

वसन्त कन्या की गौरवमयी प्राचार्य परम्परा अपने आप में एक इतिहास है। अपने प्रभामय अवयवों से सुशोभित सर्वाङ्ग सुन्दर वसन्त लक्ष्मी विकास के स्वर्णिम शिखर तक पहुँच कर ऐसे शिरोभूषण की तलाश में थी, जो परम्पराओं और प्रगति में सन्तुलन बनाये रखने में कुशल हो। दूर तक दृष्टि टिकाये वसन्त ने अपनी ही पौध की ओर बड़ी आशा से निहारा। डॉ. कुसुम मिश्रा, जो इसी पावन धरती की उपज थी, प्राचार्या के महत्त्वपूर्ण पद पर विराजमान हुईं। आपके संरक्षण में पूर्वाचार्याओं के प्रति श्रद्धासमर्पण से स्वर्ण-जयन्ती सत्र का आरम्भ हुआ। वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्रीमती मंजु सुन्दरम् के प्रमुख संयोजन में 'अस्वीकार' नाटक ने समाज के समक्ष नारी चेतना के स्वर को सशक्त किन्तु मर्यादित रूप में उभारा। स्त्री अधिकार, वैश्वीकरण, कैरियर गाइडेन्स, अपराध एवं सामाजिक असुरक्षा जैसे ज्वलन्त विषयों पर राष्ट्रीय विचार गोष्ठियां, पुरातन छात्रा सम्मेलन, संगणक (कम्प्यूटर) शिक्षण, महिला चेतना प्रकोष्ठ, कल्याण-कोष, स्वहित रोजगार प्रदर्शनी, राष्ट्रीय प्रत्यायन मूल्यांकन परषिद् (नैक) के पर्यवेक्षण की पूर्ण व्यवस्था इत्यादि विविधताओं में वसन्त आगे कदम बढ़ा रहा है और अनेक ग्रन्थों के लेखन, प्रकाशन एवं सम्मानों से अलङ्कृत होता जा रहा है।

भगवती भागीरथी की भांति वसन्त की पावन लहरियां भी सर्ग के नियम का पालन करते हुए उठती और लय होती रही हैं। इसी सहजता को हृदयङ्गम करते हुए इस वर्ष संगीत साधिका श्रीमती मञ्जु सुन्दरम् ने 'वॉयस आफ साइलेन्स' के आत्मदर्शन से अभिप्रेरित हो स्वैच्छिक अवकाश ग्रहण कर लिया। संस्कृत-मातृ-मण्डलम् द्वारा महामनीषी प्रो. सिद्धेश्वर भट्टाचार्य की स्मृति में 'गीत-गोविन्द' पर आयोजित व्याख्यान माला में लीलामय श्रीहरि के रसावतार की जो झांकी आपके निपुण निर्देशन में प्रस्तुत हुई, वह आपके द्वारा सत्र-दर-सत्र सम्पन्न अनेक मनोरम प्रस्तुतियों में अनूठी थी, जिसकी भूरि-भूरि सराहना न केवल काशी के सहृदय सामाजिकों ने की, अपितु नगर के सभी समाचार पत्रों ने भी की। वासन्ती महक को स्वर्णिम आयाम देने में आपकी स्नेहिल तत्परता और अगाध आत्मीयता शब्दों की नहीं भावना की, अभिव्यक्ति की नहीं प्रज्ञा की, प्रदर्शन की नहीं दर्शन की विषय है। वसन्ताङ्गण से विश्वप्राङ्गण की ओर प्रथित यशस्विनी को कनिष्ठाओं का मौन नमन समर्पित है। इसी वर्ष अन्तरराष्ट्रीय फलक पर अपने समाज शास्त्रीय विचारों को रखने वाली डॉ. मञ्जुला राठौर ने भी स्वैच्छिक अवकाश ले कर अपने नीड़ की ओर प्रस्थान किया। उन्हें भी भावभीनी संस्मृति अर्पित है।

"यहां की भूमि 'माँ वसन्त' के चरणों से ही नहीं, आराधक स्वरों से भी पुनीत है"– पूर्व सम्पादिका डॉ. सावित्री श्रीवास्तव के ये उद्गार तब सत्य प्रतीत हुए, जब 'संगीत-संचेतना' के लिए विश्वपटल पर निकल पड़े ललित कला के श्रेष्ठ आचार्य प्रो. सी.वी चन्द्रशेखर एवं श्रीमती जया चन्द्रशेखर अपने पुराने नीड़ में पुनः उपस्थित हुए। वे क्षण कितने भावुक थे! काशीतत्त्व सभा के पवित्र मञ्च से जब उन्होंने नयी पौध को पचास वर्ष पहले पहुंचा दिया था। वसन्त कन्या की पचासवीं वर्ष ग्रन्थि के मङ्गलमय अवसर पर अपने नृत्यप्रस्तुति परक व्याख्यान में उन्होंने वे सतरंगी भाव भरे, जो वसन्त की सांस्कृतिक चेतना के प्राण थे। अतीत और वर्तमान की यह दुर्लभ युति महनीय विभूतियों की अहैतुकी कृपा का प्रसाद था।

निःसन्देह वसन्त की माटी सोना उगलने वाली है। इसीलिए आदरणीया लीला जी ने महिला महाविद्यालय (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) के पूर्व छात्रा सम्मिलन समारोह में अपने उद्गार इन स्वर्णाक्षरों में व्यक्त किये–"मेरे लिए इससे अधिक गौरव और सम्मान की बात और क्या होगी कि मेरी संस्था वी.के.एम. की तीन छात्राएँ आज वाराणसी जैसे दीप्तमान् नगर के महाविद्यालयों के प्राचार्य पद को विभूषित कर रही हैं–

महिला महाविद्यालय (का.हि.वि.वि.) डॉ. सुशीला सिंह

वसन्त महिला महाविद्यालय (राजघाट) डॉ. विजय शिवपुरी

वसन्त कन्या महाविद्यालय (कमच्छा) डॉ. कुसुम मिश्रा"


वसन्त का इतिहास लिखूँ तो उसके उस चिर प्रहरी को कैसे भूलूँ जो विगत पचास वर्षों से विशाल वटवृक्ष की छाया में बैठकर सभी को वटवृक्ष सी छाया प्रदान करता आ रहा है। मंगल का सौम्य, शान्त, स्नेहिल व्यक्तित्व हर नये पुराने को जिस आत्मीयता की चाशनी में डुबोता है, वह शायद ही कहीं हो। मंगल का यह उदार रूप वसन्त को सुन्दर फलों से सफल बनाये–यह शुभकामना है।


समय बदल रहा है। चक्रनेमि का उतार-चढ़ाव वासन्ती चेतना को भी साथ लिये है। नैतिक मूल्यों का उत्तरोत्तर ह्रास समाज को दिग्भ्रान्त कर रहा है। चारित्रिक विघटन के तमः प्रवाह में आदर्श तिनके की भाँति बह रहे हैं। शान्ति, स्नेह और सौख्य की त्रिवेणी सूख रही है, सद्भावना की देवधुनी दिवङ्गत है। वैश्विक एकता की गुहार करती स्त्री चेतना स्व की परिधि में ही सिमटी हुई है। नारी अपमान, बालकों का अपहरण एवं हत्या को व्यवसाय बनाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। वञ्चना नटी की चकाचौंध विवेक चक्षुओं को चौंधिया रही है। यह सब अनर्थ देख प्रकृति भी क्षुब्ध है, सुनामी की लहरों से अपना आक्रोश व्यक्त कर रही है। प्रचण्ड अट्टहास करते हुए सब कुछ लील जाना चाहती है। काल के कपाल में उभरती रेखायें अस्पष्ट हैं; 'वसन्त-श्री' उन्हें पढ़ने की उत्सुक है; इसीलिए निशान्त में अरुणोदय की सुनहरी छटा के साथ प्रस्तुत है शब्दमय पुष्पाञ्जलि लिए हुए ......


प्रधान सम्पादिका.......

❖

वार्षिकोत्सव












1. यशोधरा 2. सितार वादन 3. गंगा पुजय्या 4. सी.वी. चन्द्रशेखर नृत्य मुद्रा में 5. अस्वीकार नाटक का एक करुण दृश्य 6. सी.वी. चन्द्रशेखर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए 7. झूमर नृत्य 8. यूथ फेस्टिवल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएँ 9. रवीन्द्र दिवस में भरत नाट्यम् का एक दृश्य 10. शोभा यात्रा का एक दृश्य 11. बात एक रात की-नाटक का एक दृश्य

संस्कृत-मातृ-मण्डलम्

















1. स्मृति चिह्न देते हुए प्रो. वी. भट्टाचार्य एवं डॉ. श्रीमती शिप्रा भट्टाचार्य 2. उज्जीवयन्तु संस्कृतम्-नाटक का एक दृश्य 3. हरिरिह विहरति सरस वसन्ते-संगीतरत छात्राएँ एवं श्रीमती मंजू सुन्दरम् 4. गीत गोविन्द - नृत्य नाटिका की एक झाँकी 5. वेद ज्ञान सप्ताह में अध्यक्षीय वक्तव्य देती डॉ. प्रज्ञा देवी, मंचस्थ प्रो. श्री किशोर मिश्र, डॉ. सावित्री श्रीवास्तव, सुश्री इन्दिरा गुप्ता 6. वाणभट्ट पर प्रो. सिद्धेश्वर भट्टाचार्य स्मृति व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता डॉ. शंकर देव अवतरे एवम् अध्यक्ष प्रो. अमरनाथ पाण्डेय 7. कल्याण कोष 8. ज्ञान प्रवाह में कालिदास के श्लोक पाठ करती हुई छात्राएँ 9. सुरभारती महोत्सव के अवसर पर महाराज कुमारी कृष्ण प्रिया (व्यवस्थापिका विश्व संस्कृत प्रतिष्ठानम्) के साथ पूर्व प्राचार्याद्वय 10. संस्कृत सम्भाषण कार्यशाला 11. सरल संस्कृत शिक्षण का प्रमाण पत्र लेती हुई सुश्री रंजना भारती 12. कालिदास जयन्ती पर व्याख्यान रत प्रो. आर.सी. शर्मा, मंच पर श्रीमती सरोजनी कुलश्रेष्ठ एवं श्रीमती शीला सहस्रबुद्धे 13. संस्कृत दिवसोत्सव में संस्कृत संगीत संगोष्ठी


व्याख्यान, कार्यशाला एवं प्रदर्शनी























1. व्याख्यान देते हुए प्रो. वी.के. कूल (स्टेट यूनिवर्सिटी न्यूयार्क) 2. स्कूल ऑफ मैनेजमेण्ट पर व्याख्यान देते हुए श्री के.के. बाजपेयी 3. प्लास्टिक सर्जरी पर व्याख्यान देते हुए प्रो. वी. भट्टाचार्य 4. हिन्दी दिवस के अवसर पर व्याख्यान देते हुए डॉ. अवधेश नारायण सिंह 5. कम्प्यूटर प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए श्री वी. नारायणन 6. गृह विज्ञान कार्यशाला में सिलाई करती हुई छात्राएँ 7. दर्शन विभाग द्वारा प्रस्तुत परिचर्चा 8. कला प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए पूर्व कुलपति प्रो. इकबाल नारायण (का.हि.वि.वि.) 9. स्वहित रोजगार प्रदर्शनी का उद्घाटन करती डॉ. इन्दिरा विश्नोई एवं मंच पर श्री मंगला सिंह, श्रीमती उर्मि वर्मा, प्राचार्या तथा गृह विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. संगीता देवडिया 10. बाँधनी 11. पौटरी


क्या भूलूँ क्या याद करूँ?















1. भजन सम्मेलन में भजन प्रस्तुत करती हुई आर्यमहिला की छात्राएँ 2. पण्डित राजन साजन मिश्र से ग्रितमा सम्मान प्राप्त करते हुए पूर्व संगीत विभागाध्यक्ष पण्डित मुकुन्द विष्णु कालविंट साथ में हैं डॉ. स्वर वन्दना शर्मा 3. महाविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सत्रारम्भ के अवसर पर वसन्तश्री पत्रिका का विमोचन करते हुए प्रो. पी. रामचन्द्र राव (पूर्व कुलपति का.हि.वि.वि.) 4. डॉ. शोभना चक्रवर्ती स्व. इन्दिरा गुप्ता (पूर्व प्राचार्या), सुश्री लतिका खान 5. स्वर्ण जयन्ती सत्रारम्भ में प्राचार्या अलंकरण समारोह में आर्शीवचन देते हुए प्रथम प्राचार्या श्रीमती लीला शर्मा, मंच पर समस्त प्राचार्या वृन्द 6. विद्यार्थी चेतना कार्यक्रम में भाषण देती हुई कुमारी तनुरिमा सरकार 7. श्रीमती शशिबाला दूबे (पूर्व दर्शन विभागाध्यक्ष) डॉ. कुमुद रंजन के साथ चिंतन की मुद्रा में 8. अरे भाई देख के चलो-अभिनयरत छात्रा प्रीतूषा 9. स्वैच्छिक अवकाश के भावुक क्षणों में डॉ. मंजुला राठौर (रीडर-समाज शास्त्र) बहनों के साथ 10-11. दाल-बाटी का स्वाद लेता वसन्त परिवार

सर्जना, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा अन्य























1. प्रौढ़ शिक्षा अनुदेशिका प्रशिक्षण में व्याख्यान देती हुई मुख्य अतिथि निदेशक-प्रौढ़ शिक्षा उ.प्र. 2. कबीर गोष्ठी का संचालन करती हुई डॉ. आशा यादव, मंच पर प्रो. चौथी राम यादव 3. डॉ. अनुराधा बनर्जी रचित व्यंग्य नाटक 'निकटदर्शन से' में प्रतिभागिनी शिक्षिकाएँ 4. छात्रा को सर्जना पुरस्कार देती हुई प्राचार्या डॉ. कुसुम मिश्रा 5. सर्जना ट्राफी के साथ छात्राएँ एवं डॉ. अनुराधा बनर्जी 6. सर्जना पत्रिका का विमोचन करते हुए डॉ. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र एवं डॉ. जय गोविन्द राय तथा साथ में डॉ. कमला पाण्डेय 7. हिन्दी दिवस पर उपस्थित प्रो. राम कुँवर राय तथा अन्य विदुषियाँ 8. पुरातन छात्रा सम्मेलन का उद्घाटन करती हुई प्राचीन छात्राएँ श्रीमती माधुरी पाण्डेय, डॉ. आशा मेहरोत्रा, प्रख्यात दूरदर्शन गायिका श्रीमती पुष्पा बनर्जी एवं प्राचार्या डॉ. कुसुम मिश्रा 9. राष्ट्रीय सेवा योजना में जूडो कराटे का प्रदर्शन करती छात्रा 10. शोभा यात्रा में छात्राएँ 11. घाट सफाई करती छात्राएँ

राष्ट्रीय विचार गोष्ठी























1. राष्ट्रीय संस्कृत संगोष्ठी में पं. वासुदेव द्विवेदी एवं अन्य संस्कृत विद्वान् 2. बदलते परिवेश में गृहविज्ञान की भूमिका में डॉ. अन्नपूर्णा शुक्ला एवं अन्य 3. प्रसाद एवं महादेवी में मंचस्थ विद्वद्वृन्द 4. दहेज समस्या 5. भारत में अपराध और सामाजिक असुरक्षा में बोलते हुए प्रो. डी.पी. वर्मा, मंचस्थ श्री अभिजीत भट्टाचार्य कमिश्नर-कोलकाता, श्री राकेश प्रधान एस.पी.सिटी 6. संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए सांस्कृतिक मन्त्री श्री वीरेन्द्र सिंह एवं अन्य विद्वान् 7. पूर्वी उत्तर प्रदेश के पिछड़ेपन का कारण व निवारण में श्री हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, श्री सियाराम मैत्रेय 8. भारत और वैश्वीकरण सामाजिक सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में प्रो. मैनेजर पाण्डे, प्रो. पी. कृष्णा, प्रो. वी वैण्कटाचलम् 9. 21वीं सदी में निर्देशन कार्यक्रम के पुनर्मूल्यांकन में धन्यवाद ज्ञापित करती डॉ. सुधा श्रीवास्तव, मंच पर, प्रो. जनक पाण्डे एवं डा. विजय शिवपुरी 10. रिपोर्टिंग करती हुई शिक्षिकाएँ 11. पंजीकरण करती छात्राएँ

Dr. Annie Besant : An Era in Herself

Shivangi Shukla
B.A.III–Political Science Hons.

Dignitories, this is not only a day to remember Dr. Annie Besant but to make her alive because Dr. Besant is not only a name but an era in herself. A deep study of Dr. Besant reveals the portrait of a woman of education, virtue, compassion, humanity & understanding before us.

But life was not so easy for Annie; her life was not a bed full of roses but a way of pebbles. She had to struggle hard to prove her existence. Let's have a look at the life of Annie Besant.

She stepped on earth on 1st of Oct., 1848 and this twinkling star lightened the whole world with her light of education, humanity & love for the nation. At the early age of 5 years, she lost the guidance and affection of her father. Her early education was somehow completed by her mother at the age of 14 years. She learned German, French and Latin. She is said to be an Irish lady because she was Irish on her mother's side and she grew up with the Irish virtues of mercy, humanity, compassion, love for the nation etc.

Annie was married at the age of 20 to a strict Catholic. She was in the web of religion after marriage and couldn't breathe freely. All her desires for humanity, education, expression were to pass through the narrow thoughts of her husband based on religion but couldn't stop the flight of a bird freely in the sky. So the relation with her husband ended in court and she became the custodian of her daughter. But her life didn't stop here. After divorce, she was financially weak but she didn't go to her brother, who loved her a lot because he was an atheist and completely ignored the existence of god. Dr. Besant always felt a voice coming from her heart and her religion was now not limited to ,Christianity but her religion was humanity.

Mrs. Besant took membership of the Theosophical Society on 21st May, 1889, and became a disciple of Madam Blavetsky. In Jan. 1894, she came to Varanasi. She was very much impressed by this spiritual city and thus she started living here considering Varanasi her Indian home. On 6th July, 1907 she was selected as Theosophical President.

After joining the Theosophical Society and even before it, she stuck to her beliefs. She gave up money, family, friends for the right cause. This was a merit of her life which lasted upto her death. Humanity was her first priority.

From the very beginning, her vision was not only limited to reading books, lectures and publishing books but she believed that all the wisdom and knowledge she had ac-

quired should be spread through service. And for this she always searched a chance for service.

She was the follower and believer of free thoughts. Once on 19th July 1874, she got an edition of the magazine, Reformer. After reading it, she met the founder of the National Secular Society, Mr. Bradella. She became the member of this institution and Dr. Besant along with Mr. Bradella didn't leave a chance of social service.

Slowly and steadily by taking part in social service they gave face to their imagination.

She formed the ORDER OF THEOSOPHICAL SANYASI for those who believed service as the ultimate aim of their life. They wore yellow clothes and went wherever service was needed. This institution couldn't survive due to lack of participation.

On service she said—"Inspired by love whatever you do for others is service. Feel the pain of others, you devote your all for the service of others. If you want to help someone, destroy the root cause of his/her misery. Without love for other, life has no worth!"

Her concern for humanity and service is also reflected in her newsletter Commonwheel. In her speech at Payachhappa College, Madras, on 19th Sep., 1923, she emphasized on the education of youth because they are the future citizens. For the future citizens she started Indian Boys Scouts in 1927. She expressed youth as a clay which can be shaped by the hands of knowledge. Knowledge is the only means which can fill a youth with a zeal of humanity. She said a teacher built a nation by understanding the students and teaching them in a friendly manner.

She started scouts service to promote brotherhood feelings. For her, brotherhood feelings are not limited to the humans but also to the rest.

For the future citizen, she made a guideline of the civilization of Athens, where students were not limited only to study, but essential military knowledge was given to them for the protection of their sovereignty. State service, military training and love for the nation should be above all.

Her contribution to Central Hindu College in 1898 is well known. Had it not been, the flowering of B.H.U. would have been difficult.

Her undaunting spirit of service to her nation made her demand with other national leaders, specially Tilak, the formation of Home Rule League in 1916.

And last, but not the least, her great compassion for the women cause resulted in the establishment of the Association of Indian Women in 1917. From then on, India travelled a long way in women emancipation. To pay my homage to this true soul, I would like to quote lines of Annie Besant, which were once said by her :

"Of this we may be sure that Indian greatness will not return until Indian womanhood obtains a larger, freer and fuller life, for largely in the hands of Indian woman must lie the redemption of India".

❖

डॉ० एनी बेसेन्ट का शिक्षा में योगदान

रश्मि विश्वकर्मा
तृतीय वर्ष-राजनीति विज्ञान

१ अक्टूबर १८४७ की शाम एक नन्हें सितारे ने अपने प्रकाश से पूरे विश्व को प्रभावित किया और जिसे नाम दिया गया एनी। डॉ. एनी बेसेन्ट विश्व में एक महान् वक्ता, युग प्रवर्तक समाजसेविका के रूप में विख्यात हुईं। इन्हें हम थियोसॉफिकल सोसायटी की अध्यक्षा के रूप में जानते हैं।

पाँच वर्ष की अवस्था में एनी के पिता की मृत्यु हो गई। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा उनकी माता के पास हुई। तत्पश्चात् धन अभाव के कारण उनकी शिक्षा का भार एक उदार हृदया महिला कु. मैरियट ने स्वीकार कर लिया। विलक्षण प्रतिभा की धनी एनी ने १४ वर्ष की आयु में जर्मन, फ्रेंच व लैटिन भाषा पर अधिकार कर लिया। आरम्भ से ही उनका झुकाव धार्मिक ग्रन्थों की ओर था जो कि हमें इस बात से ज्ञात होता है कि भारत-आगमन के पश्चात् उन्होंने संस्कृत सीखी तथा रामायण, महाभारत और गीता जैसे ग्रन्थों का अनुवाद अंग्रेजी में किया। इस अद्वितीय प्रतिभा की धनी, सशक्त व मौलिकता से परिपूर्ण महिला का विवाह एक कट्टर ईसाई से हुआ जो कि सफल न हो सका; क्योंकि इनके पति की कट्टर ईसाई धार्मिकता इनके अन्दर छिपी मृदु मानवता को कहीं से विचलित एवं अवरुद्ध कर रही थी। स्वतन्त्र विचारों की पोषक एनी बेसेन्ट ने सम्बन्ध-विच्छेद कर स्वतन्त्र रूप से जीवन को मानवता के लिए समर्पित कर दिया। अदम्य ऊर्जा की स्रोत डॉ. बेसेन्ट इस घटना से विचलित न हुईं वरन् और भी सशक्त हो गईं। उन्होंने दूसरे घरों में कार्य कर जीविकोपार्जन किया तथा शिक्षा ग्रहण की।

मानवता को सर्वोच्च वरीयता देने वाली डॉ. बेसेन्ट का मानना था कि शिक्षा उन्मुक्त विचारों की पोषक होती है तथा चरित्र-निर्माण में जो कार्य शिक्षा करती है उसका स्थान सर्वोच्च है। शिक्षा डॉ. बेसेन्ट के अनुसार एक सीमित दायरा नहीं वरन् चरित्र-निर्माण, मानवता के प्रति अगाध प्रेम, जीव-जन्तुओं, पेड़-पौधों तक के प्रति आपके प्रेम का निर्माण करना था।

डॉ. बेसेन्ट राष्ट्र के भावी आदर्श नागरिक के रूप में बच्चों के लिए ऐसी शिक्षा-पद्धति की पोषक थीं जो उन्हें बचपन से ही चारित्रिक दृढ़ता प्रदान करे तथा उनका बौद्धिक विकास कर उसके अन्दर मानवता के उन गुणों का विकास करे जो उसे अपनी संस्कृति के निकट रखता है। शिक्षा छात्रों को निर्भीक बनाते हुए राष्ट्र पर सर्वस्व निछावर करने की प्रेरणा देती है। यद्यपि डॉ. एनी बेसेन्ट ने कहीं शिक्षिका के रूप में कार्य नहीं किया था, फिर भी हम उन्हें एक शिक्षिका के रूप में याद करते हैं; क्योंकि शिक्षक वही होता है जो हमारे अन्दर ज्ञान का स्रोत प्रस्फुटित करता है और यह कार्य एक कुशल वक्ता, समाज सेविका, लेखिका डॉ. बेसेन्ट ने बखूबी किया साथ ही अनेक शिक्षण-संस्थाओं की स्थापना भी की। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान उनके राष्ट्र प्रेम एवं मानवता के लिए सर्वस्व निछावर करने का द्योतक है।

जब उनका भारत में आगमन हुआ तब उन्होंने मैडम ब्लैवैत्स्की की शिक्षा के रूप में थियोसॉफिकल सोसायटी की सदस्यता ग्रहण की। अपने शिक्षा प्रसार के वेग को उन्होंने यूँ ही थमने न दिया। उन्होंने वाराणसी में लड़के-लड़कियों की शिक्षा के लिए सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल की स्थापना की तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के लिए अपना विद्यालय दान देकर उन्होंने मालवीय जी की राह आसान कर दी। यह एक महान् दान था जिसने आज लाखों घरों में शिक्षा का दीप जलाए रखा है।

ऊँच-नीच की भावना से परे डॉ. बेसेन्ट ने अड्यार में आल्कॉट पंचम नामक स्कूल खोला। शिक्षा-प्रसार में कहीं कोई त्रुटि न रह जाए इसके लिए १९०८ में उन्होंने वसन्त प्रेस के माध्यम से लोगों में शिक्षा जागृत करने का उत्कृष्ट प्रयास किया।

जैसा कि हमें ज्ञात है कि शिक्षा का अर्थ उनके लिए सिर्फ शिक्षित होना ही नहीं था वरन् एक सम्पूर्ण समर्पित व्यक्तित्व था, इसलिए विश्व-बन्धुत्व की भावना लिए १९१८ में उन्होंने लड़कों के लिए स्काउटिंग का श्रीगणेश किया। शिक्षा की ज्योति जलाने के लिए उन्होंने इलाहाबाद में एनी बेसेन्ट स्कूल की स्थापना की। समय की गति के साथ ही डॉ. बेसेन्ट की शिक्षा-प्रसार की गति भी चलती गई। जिस स्थान पर उन्होंने वसन्त महिला महाविद्यालय की स्थापना की जो कि आज वसन्त महिला महाविद्यालय, राजघाट के नाम से विख्यात है, वसन्त कन्या महाविद्यालय आज उनके निवास स्थान के परिसर में बना है तथा उनके आदर्शों की शिक्षा दे रहा है और काशी के लिए एक गौरवमयी बात यह भी है कि इन विश्व विख्यात हस्ती ने जहाँ कुछ वर्ष बिताए थे वो थियोसाफिकल सोसायटी भारत में उसका केन्द्र है।

इतनी श्रद्धेय विदुषी को तथा उनके कार्यों व योगदान को शब्दों के बन्धन में नहीं बाँधा जा सकता लेकिन इस महान विभूति को श्रद्धाञ्जलि अर्पित करते हुए मैं कुछ पंक्तियाँ कहना चाहूँगी-

श्रेय कहूँ या प्रेय कहूँ या तुझको मैं ध्रुव ध्येय कहूँ।
शरणांगत का प्राण कहूँ, मानव-जीवन-कल्याण कहूँ।।
जो होता है सब कह तुमको शिक्षा का भगवान कहूँ।।।

(डॉ. एनी बेसेन्ट के जन्मदिवस पर प्रस्तुत)

❖

"मैं नहीं तू"

स्वर्ग और नर्क की, चिन्ता को छोड़कर
अपने 'स्वं' और 'अहम्' को भूलकर
केवल 'तुझे' याद कर
धर्म, सम्प्रदाय की विधाओं को छोड़कर
अशिक्षा, दरिद्रता, शोषण को दूर
पीड़ित मानवता की सेवा में,
बुद्ध की भाँति,
जीवन-उत्सर्ग हेतु
प्रयाण है-नव प्रभात का,
आदि है यह-
अन्त है
अन्त तक-

-स्वामी विवेकानन्द

वाराणस्याः वैभवम्

मीना पाण्डेया

(प्राचीन छात्रा)

भूमिष्ठाऽपि न याऽत्र भूस्त्रिदिवतोऽप्युच्चैरधः स्थापिता
या बद्धा भुवि मुक्तिदा स्युरमृतं यस्यां मृता जन्तवः।
या नित्यं त्रिजगत्पवित्रतटिनी तीरे सुरैः सेव्यते
सा काशी त्रिपुरारि-राजनगरी पायादपायाद् जगत्।।

स्कन्दपुराणे काशीखण्डे पवित्रतमायाः अस्याः पुर्याः माहात्म्यं प्रकटितम्। इयं पुरी असि-वरुणयोः मध्ये स्थिता, अतः वाराणसीति निगद्यते। वाराणसीनगर्या वैभवं विविधरूपेण वर्णयितुं शक्यते। यथा-सांस्कृतिकं, सामाजिकं, धार्मिकम्, आध्यात्मिकं, विद्यासम्बन्धि। अस्याः वैभवं सर्वोत्कर्षेण विराजतेतमाम्।

इयं हि विश्वस्य प्राचीनतमा नगरी। एषा काशीति कथ्यते, यतोहि अध्यात्मम् अस्य हृदयम्। ज्ञानालोकेन काशते प्रकाशते इति काशी। एतदेव अस्य आध्यात्मिकं वैभवम्। अत्र शास्त्रतत्त्वस्य चिन्तनं भवति, अद्वैततत्त्वस्य दर्शनं भवति, उपनिषदां श्रवणं मननं निदिध्यासनं भवति। अतएव एषा नगरी सर्वेभ्यः नगरेभ्यः विशिष्टा वर्तते। आदिशङ्कराचार्यस्य अद्वैतप्रज्ञानम् अत्रैव विलसति। किञ्च-'मरणं मङ्गलं यत्र विभूतिश्च विभूषणम्'।

एषा नगरी अमृता अमराणां देवानां ज्ञानगुरोः भगवतः विश्वेश्वरस्य राजधानी। भगवती अन्नपूर्णा यत्र चिन्मयीं भिक्षां प्रददाति ब्रह्मजिज्ञासवे। यथोक्तम् आदिशङ्कराचार्येण-

कैलासाचलकन्दरालयकरी, गौरी उमा शङ्करी
कौमारी निगमार्थगोचनकरी, ओङ्कारबीजाक्षरी।
मोक्षद्वार-कपाटपाटनकरी, काशीपुराधीश्वरी
भिक्षां देहि कृपावलम्बनकरी, मातान्नपूर्णेश्वरी।।

अत्रैव जगद् गुरुरामानन्दाचार्यवर्याः, गोस्वामी-तुलसीदास-महाभागाः, कबीरदासादयः तत्त्वचिन्तकाः पराधीनं भारतं भक्तिआन्दोलनेन जागरितवन्तः। अतएव अत्र भक्तिरसस्य उत्तमप्रवाहः अजस्ररूपेण प्रवहति। किञ्च-राधावतारः चैतन्यमहाप्रभुः अत्र समायातः। महाप्रभुवल्लभाचार्यस्य कृष्णभक्तिधारा अत्रैव प्रवाहिता। एतेन अस्याः धार्मिकं वैभवं सर्वोत्कर्षेण विराजते। वाराणसी नगरी यथा अध्यात्मवैभवेन सुशोभते, तथैव तस्याः भौगोलिकं मानचित्रमपि सनातन संस्कृतेः गभीरं रहस्यं प्रकटयति।

एषा नगरी शिवमयी, चिन्मयी, सुवर्णमयी। अस्याः नगर्याः मृत्तिका मृत्तिका नास्ति, अपितु सुवर्णमेव वर्तते इत्यस्ति जनानां विश्वासः। भौगोलिक-दृष्ट्या एषा नगरी शिवलिङ्गमयी विज्ञायते। पञ्चक्रोशेषु वर्तुलाकाररूपेण अवस्थिता एषा नगरी शिवलिङ्गस्य प्रतीकभूता। यस्याः मस्तके अर्धचन्द्राकाररूपेण भगवती

भागीरथी सुशोभते। यथा–चन्द्रशेखरस्य मुकुटमणिः शशिकला वर्तते, तथैव शिवरूपस्य काशीनगर्याः अपि मुकुटमणिः अर्धचन्द्राकारस्वरूपा भगवती भागीरथी परिदृश्यते।

किञ्च, श्रीगङ्गा अत्र उत्तरवाहिनी वर्तते, संसारसागरात् समुत्तारयति खलु मोक्षप्रदायिनी भगवती गङ्गा। एषा मुक्तिप्रदा नगरी न केवलं भूलोके अपितु त्रिभुवने सर्वोत्कर्षेण विराजते।

अस्यां काश्यामेव अनुपमं तीर्थं वर्तते खलु मणिकर्णिका। यत्र सदाशिवः भगवत्या अन्नपूर्णया सह जीवं तारकमंत्रं श्रावयति। श्रीगङ्गा च स्वचैतन्यधारया तम् अभिसिञ्चति। एषा विलक्षणता कुत्र लब्धुं शक्यते ऋते वाराणस्याः। एतदेव अस्याः आध्यात्मिकं सामाजिकं, धार्मिकं च वैभवं यत् पुराणेषु गीतं, वेदेषु स्तुतम्, उपनिषत्सु संकीर्तितं, काव्येषु च प्रशंसितम्।

सामाजिकदृष्ट्या वाराणसी लघुभारतम् इति कथ्यते। अत्र भारतवर्षे विराजमानानां समस्तानां तीर्थानाम् अवस्थितिः द्रष्टुं शक्यते। प्रत्येकं प्रान्तस्य जनाः अत्र निवसन्ति। अत्र काष्ठ उद्योगः, क्षौमवस्तु उद्योगः, कुटीर उद्योगः, क्रीडनक उद्योगः, कालीन इति उद्योगः अहर्निशम् अस्याः आर्थिकं वैभवं प्रकटयन्ति।

वाराणस्यां बहवः मेलापकाः आयोज्यन्ते। यथा श्रावणमेला, रामलीला, नासाकर्तना (नक्कटैया इति) भरतमिलाप इत्यादिषु वाराणसेयानां मनोरञ्जयन्ति। किञ्च–वृद्धाङ्गारकः (बुढ़वामङ्गल) कौमुदी महोत्सवः, वसन्तोत्सवः, होलिका, दीपावली, अन्नकूटमहोत्सवः इत्यादयः अस्याः सांस्कृतिकं, सामाजिकं, धार्मिकं महत्त्वं प्रकटयन्ति।

वाराणस्यां पञ्चक्रोशीपरिक्रमा, अन्तर्गृहपरिक्रमा च विशेषरूपेण अस्याः महत्त्वं प्रकटयतः। यत्र मन्दिराणां दर्शनं, गङ्गास्नानं, कथाश्रवणं, जप–तप–व्रतोपवासादयः विधीयन्ते। दर्शनं पूजनं च अस्याः पुर्याः प्रधानं कर्म।

वाराणस्याः वैभवम् अपरिमितम्। वाराणसेयाः सदैव रसनिमग्नाः भवन्ति। एषा पुरी 'मौजमस्ती का शहर' इत्यपि कथ्यते। विश्वस्य सर्वेजनाः वाराणसीं द्रष्टुम् अभिलषन्ति। अस्याः घट्टानां संरचना यादृशी शोभावहा न तादृशी अन्यत्र कुत्रापि। किन्तु हन्त! साम्प्रतम् एषा शोभावहा काशी वाराणसी भयङ्करैः प्रदूषणैः ग्रस्ता। तस्याः प्राणधारा भगवती गङ्गा अपि दीना–हीना–मलिना चीत्कुर्वतीव परिलक्ष्यते।

अस्माकं शास्त्रेषु वाराणसी श्रीगङ्गा च नित्ये मन्येते। किन्तु भगवती गङ्गा 'रक्षत गङ्गाम्' महाकाव्ये रुदती कथयति–

वदति यच्च नित्यत्वमावयोः, वचनमप्रमाणं तदस्ति किम्?
बहुमला च वाराणसी पुरी, विकृतदर्शनाऽहं प्रदूषिता।।

किन्तु अस्माभिः विचारणीयं नेयं नगरी न च भगवती गङ्गा तथा दुःखिता स्यात्। एतदर्थं दिवानिशं प्रयतनीयम् अस्माभिः, येन त्रिदशपूजितेयं नगरी त्रिपथगा अमृताम्बुमयी भगवती गङ्गा स्वमहात्म्येन वैभवेन च विलसताम्। अन्ते एतादृशीं त्रिभुवनपूजितां पवित्रां नगरीं श्रद्धया प्रणमामि–

विश्वेशं माधवं ढुण्ढिं, दण्डपाणिं च भैरवम्।
वन्दे काशीं गुहां गङ्गां, भवानीं मणिकर्णिकाम्।।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालये भाषण–प्रतियोगितायां प्रथमः पुरस्कृतः

❖

विश्वविद्यालयेषु ज्योतिषःअध्ययनं अनिवार्यं भवेत् न वा

श्रद्धा मिश्रा
स्नातक-तृतीय-वर्ष

अयि मान्याः,

शारदा भवने समायोजिते वाद-विवाद प्रतियोगितायाम् अस्मिन् वर्षे एकः महत्त्वपूर्णः विषयः निर्धारितः—

'विश्वविद्यालयेषु ज्योतिषः अध्ययनम् अनिवार्यं भवेत् न वेति।'

महोदयाः,

अहं तु अस्मिन् पक्षे स्वकीयान् विचारान् प्रस्तोतुम् उपक्रमे। अस्माकं संस्कृतिः वेदमूला इति तु सर्वे एव स्वीकुर्वन्ति। ज्योतिषशास्त्रं तु वेदाङ्गेषु अन्यतमम्। अपि च इदं शास्त्रं वेदस्य नेत्रम् इति उरीकृतम्। यथोऽक्तं 'मुखं व्याकरणं तस्य ज्योतिषं नेत्रमुच्यते' इति। चतुर्णां वेदानां गहन-सिद्धान्तानां विधिवत् परिज्ञानाय वेदाङ्गेषु कौशलं अपेक्षितम्। यथा चक्षुः दूरस्थवस्तुनः ज्ञानं कारयति तथैव ज्योतिषशास्त्रं अपि नवग्रहाणां फलाफलं निर्दिशति। ज्योतिषशास्त्रे त्रयोभागाः सन्ति सिद्धान्तं, फलितं, संहिताभागश्च। एतेषु त्रिषु भागेषु फलितभागः जटिलतमः। अस्य परिपूर्णं ज्ञानं परमेश्वरस्य एव अस्ति। किन्तु भौतिके जगति ज्योतिर्विदः इमं गहनतमं ज्ञानं प्रकटयितुं प्रयत्नं कुर्वते।

महोदयाः! वदन्तु भवन्तः, विश्वविद्यालयीय पाठ्यक्रमे ज्योतिर्विज्ञानम् न सम्मिलतो भवेत् चेत् कथम् अस्य रहस्यमयस्य विज्ञानस्य लाभः लोको प्राप्नुयात्।

अहो! कीदृशं खलु अस्माकं दौर्भाग्यम्, स्वतन्त्रतायाः सप्तपंचाशत् वर्षाणि व्यतीतानि। किन्तु भारतीय समाजस्य कृते यादृशी शिक्षा अपेक्षिता आसीत्, सा अद्यावधि न दृष्टा न च उपलब्धा। तस्य कृते बॉलीवुड-हॉलीवुड इत्यादिकं हास्यास्पदं विकृतं मनोभोजनं परिवेशितम्। परन्तु परिवर्तितोऽयं कालचक्रः। साम्प्रतं तु विश्वस्मिन् वैज्ञानिकानां रुचिः ज्योतिषम् अभिवर्धते। तत्र शास्त्राणां विभिन्नेषु पक्षेषु शोधा भवन्ति। नूतनेषु अविष्कारेषु तेषां प्रयासाः सफलीक्रियन्ते। एतत् शास्त्रं ईदृशं महत्त्वपूर्णं यस्य एकस्मिन् हस्ते अध्यात्मं अपरस्मिन् च विज्ञानं युगपत् सुशोभितम्। अतएव एतादृशं, महत्त्वपूर्णं, गूढं ज्योतिर्विज्ञानं सम्यक्रूपेण ज्ञातुम् अस्य क्रमपूर्णं अध्ययनं अपेक्षितम्। तद् यदि विश्वविद्यालयेषु विषयरूपेण निर्धारितो न भवेत् कथम् अस्य विज्ञानस्य लाभो लोको लभेत।

अस्माकं सौरमण्डले बृहस्पति-शनि-चन्द्र-मंगल-पृथ्वी-बुध-शुक्रादिनवग्रहाणां स्थितिः वर्तते। एते परस्परं समन्वयं स्थापयन्ति। सृष्टिकालादेव एतेषां ग्रहाणां कार्यम् आरब्धम्। ज्योतिषा सह भूगोल-खगोलयोः

साक्षात् सम्बन्धः। एतत् शास्त्रं स्वतन्त्रं विज्ञानम्। अनेन सह पर्यावरणस्य साक्षात् सम्बन्धः। किं च इदं शास्त्रं कालस्य निर्धारणं करोति। नक्षत्राणां माध्यमेन शुभाशुभमुहूर्तानां सन्देशं प्रसारयति। पञ्चाङ्गस्य निर्माणं, चन्द्रमसः कलानां नक्षत्रग्रहाणां गतिः स्थितिः अनेन शास्त्रेण ज्ञायते। मानवसंस्काराणां, भवन निर्माणं, आयोरारोग्यं, शिक्षा, परिवारः, धनसम्पत्तयः, शत्रवः, पुत्राणि, दुर्घटना, भाग्यानि सर्वाणि जीवनयापनस्य पक्षाणि ज्योतिषा प्रकाश्यन्ते। एतद् विज्ञानं सूर्य-चन्द्रग्रहणस्य समयं निर्दिशति। भूकम्प-प्रकृतिविप्लवानाम् सङ्केतम् अपि करोति।

मान्याः, ज्योतिषः अध्ययनं भारतीयविद्यानां अध्ययनस्य प्रतीकम्। यदि वयं भारतं पुनः उज्जीवयितुम् वाञ्छामः तदा भारतीय शिक्षा प्रणाली अस्माभिः स्वीकरणीयाः। जानन्ति एव भवन्तः जनतायाः आस्था ज्योतिषं प्रति दृढा। यदि ज्योतिर्विद्यायाः सम्यक् अध्ययनं न स्यात् तर्हि अज्ञाः, अल्पज्ञाश्च जनताम् प्रतारयन्ति, वञ्चयन्ति, दिग्भ्रान्तं च करिष्यन्ति। अतएव ज्योतिर्विद्यायाः गहनं अध्ययनं लोककल्याणाय कल्पते।

हर्षस्य विषयोऽयं विश्वविद्यालयानुदानायोगेन विश्वविद्यालयेषु पौरोहित्य-ज्योतिषशास्त्रस्य अध्ययनस्य आवश्यकता अनुभूता। सर्वोच्च न्यायालयेन अस्य विरोधे प्रस्तुता याचिका निरस्ता तथापि साम्प्रतं सम्प्रगसर्वकारः पूर्वनिर्धारिताया नीतेः पालनं न करोति। तत्तु न समीचीनम्। शिक्षाविद्भिः ज्योतिषः अध्ययनविषये यः निश्चयः कृतः तं वयम् आद्रियामहे। अतएव निश्चयेन अहं ब्रवीमि विश्वविद्यालयेषु ज्योतिर्विद्यायाः अध्ययनं भवेद् इति।

जयतु भारतं जयतु संस्कृतम्

(शारदाभवने गणेशोत्सवे आयोजितायां वादविवाद-स्पर्धायां द्वितीयः पुरस्कृतः)

❖

मनसि वचसि काये पुण्यपीयूषपूर्णाः
त्रिभुवनमुपकार-श्रेणिभिः प्रीणयन्तः।।
परगुण-परमाणून् पर्वतीकृत्य नित्यं
निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्तः कियन्तः।।

मन, वाणी और शरीर में पुण्य रूपी अमृत से भरे हुए, उपकार की परम्पराओं से तीनों भुवनों को प्रसन्न करने वाले, दूसरे के गुण रूपी परमाणुओं को पर्वत के समान बढ़ाकर अपने हृदय में समझने वाले इस संसार में कितने सन्त हैं।

(अर्थात् बहुत विरले ही ऐसे होते हैं)

"क्या शिक्षा का उद्देश्य अर्थोपार्जन ही है?"

अर्पिता रंजन
पूर्व छात्रा-संस्कृत ऑनर्स

आज यह तथ्य बिल्कुल सही है कि शिक्षा का उद्देश्य अर्थोपार्जन ही है, क्योंकि वक्त के बदलते इस दौर में जहाँ व्यक्ति की नैतिकता का दृष्टिकोण बदल रहा है, वहीं शिक्षा का स्वरूप भी बदल रहा है।

आज शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का ही माध्यम नहीं है, अपितु उसके व्यक्तित्व के सुनहरे भविष्य की परिधि है, जिसके अंतर्गत वह स्वयं को योग्यता की कसौटी पर तौलता है और अपनी मंजिल की ओर अग्रसर होता है।

शायद मेरे विपक्षी दल आज यह सोच रहे होंगे कि शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य अर्थोपार्जन कैसे हो सकता है? मैं उन्हें यह बताना चाहती हूँ कि शिक्षा का मूल प्रयोजन अर्थोपार्जन ही है, जो प्रारंभ में भी था, आज भी है और सदैव रहेगा। शिक्षा तो वह अमूल्य निधि है जो व्यक्ति की जिज्ञासा की पराकाष्ठा को शांत करती है, जो साधना की कठोर सीपी में पलती है, जो हमारे आत्मज्ञान को प्रखर करती है।

यद्यपि भूमण्डलीकरण के इस दौर में जहाँ शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिये आवश्यक है, पर उससे भी कहीं अधिक आवश्यकता आज इस बात की है कि आप अपने जीवन में कितने सफल हैं। क्योंकि योग्यता के बदलते मापदण्ड आज इस बात के प्रमाण हैं, यदि आप बेहतर भविष्य और जीवन-स्तर को ऊपर उठाना चाहते हैं, तो आप अर्थोपार्जन करें। क्योंकि आज भौतिक सुख-सुविधा वही व्यक्ति प्राप्त या इकट्ठी कर सकता है जो उद्यमी है, परिश्रमी है, धनी है, शिक्षित है। यद्यपि आत्मज्ञान की संतुष्टि सर्वोपरि है तथापि आज सफल वही है जो आत्मनिर्भर है, जो अपनी जीविका के लिये स्वयं अर्थोपार्जन करता है, हालाँकि एक निरक्षर भी धन कमाता है, परन्तु शिक्षा के अभाव में वह उस मुकाम को हासिल नहीं कर पाता है, जिसका कि वह हकदार होता है।

महोदय! मैं पूछना चाहती हूँ कि आखिर क्यूँ आज हम शिक्षा को अर्थोपार्जन का कारण नहीं मान सकते। यदि हम शिक्षित हैं तो हम अपनी जीविका के लिए कोई निजी प्रयास या स्वरोजगार कर सकते हैं। क्योंकि उचित शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक है कि हम अपने कार्य और समय के प्रति सजग रहें। हमारे जीवन की यही सजगता, हमारे जीवन की सहजता है।

क्या मेरे विपक्षी मित्र, हितोपदेश में कहे गये उस सिद्धांत को भूल गए हैं- "विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम्, पात्रत्वाद् धनमाप्नोति।" इस कथन के अनुसार विद्या का परिणाम धन ही तो है। हमारे वेद, पुराण और इतिहास इस बात के साक्षी हैं। प्राचीन काल से ही हमारी शिक्षा का प्रयोजन अर्थोपार्जन ही रहा है जो सदा ही कायम रहेगा।

मैं पूछती हूँ, यदि प्राचीन गुरुकुल परम्परा के समय हमारे आत्मिक ज्ञान की सम्पदा सर्वश्रेष्ठ थी तो क्या उस समय हमारे अर्थ की सम्पदा अपने चरम सीमा को न प्राप्त थी। हम कैसे भूल सकते हैं- महाभारत

के गुरु द्रोण को, जिन्होंने अर्थोपार्जन के लिए ही कौरवों और पाण्डवों को युद्धकला की शिक्षा दी थी। ऋषि कौत्स भी जब राजा रघु के पास गए थे तो उन्होंने भी अपनी शिक्षा का उपयोग केवल अर्थोपार्जन हेतु ही किया था। तो फिर मैं पूछती हूँ अपने विरोधी मित्रों से या उन विपक्षियों से वे शिक्षा को अर्थोपार्जन का साधन क्यों नहीं मानते हैं। क्योंकि उपरोक्त सभी कारण यही सूचित करते हैं।

यदि आज हम जीविकोपार्जन का अर्थ (तात्पर्य) अर्थ से लेते हैं तो मेरा कहना है कि वास्तविक अर्थ तो पुरुषार्थ है। एक विकसित और उन्नत राष्ट्र की परिकल्पना कभी भी अर्थरूपी पुरूषार्थ के बिना संभव नहीं हो सकती है।

आयोजकों ने इस विषय को प्रस्तावित करके हम प्रतिभागियों के लिए एक व्यापक आयाम खोला है– हमारी सनातन संस्कृति में अर्थ का अर्थ तो अत्यंत ही व्यापक है। चतुर्विध पुरुषार्थों में द्वितीय पुरुषार्थ अर्थ को माना गया है। फलतः अर्थ का स्थान महत्त्वपूर्ण है।

कौटिल्य ने कहा है– अर्थो मनुष्यवती:भूमिः। अर्थात् मनुष्यवती भूमि ही अर्थ है। इस कथन से स्पष्ट होता है एक विकसित और उन्नत राष्ट्र के लिए अर्थ का उपार्जन आवश्यक है।

अर्थ की अधिष्ठात्री देवी की इस स्तुति में श्रीसूक्त में कहा गया है– "धनम् अग्निः धनं वायुः धनं सूर्यो: धनं वसुः, धनम् इन्द्रो बृहस्पतिः वरुणो धनमश्विना।।" अर्थात् अग्नि धन है, वायु धन है अर्थात् सम्पूर्ण प्राणियों का प्राणतत्त्व धन है। सारे जगत् का प्रकाशक सूर्य है, जिसकी ऊष्मा से चर, अचर जीवित हैं, वही धन है। बुद्धि के देवता बृहस्पति धन हैं, पर्जन्य देव इन्द्र धन हैं और औषधियों के ज्ञाता महान चिकित्सक अश्विनी कुमारों को धन कहा गया है।

इससे यह स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण पर्यावरण का संतुलन ही अर्थ है। जिससे राष्ट्र में समृद्धि, सुख और शांति प्राप्त हो सकती है। ऐसे अर्थ को प्राप्त करने के लिए शिक्षा प्राप्त करने की सार्थकता है और इस दृष्टि से अर्थोपार्जन के साथ शिक्षा का घनिष्ठ सम्बन्ध है।

महोदय! मैं निश्चयपूर्वक यह कहना चाहती हूँ कि चाहे बात जीविकोपार्जन की हो या पर्यावरण संतुलन की या फिर बात हमारे राष्ट्र-निर्माण की हो, इन सभी प्रकार के अर्थों को शिक्षित होकर ही प्राप्त किया जा सकता है, क्योंकि शिक्षित व्यक्ति ही अर्थ के इस व्यापक आयाम को समझ सकता है जो–

"बुभुक्षितं किं न करोति पापम्" के आंतरिक मर्म को समझता हुआ व्यक्ति ही सुखी जीवन और आत्मिक शांति के सोपानों को पार कर सकता है। अतः भारतीय चिंतकों ने अर्थ के सनातन महत्त्व को समझा है, उसे सराहा है। उसके व्यवहारिक पक्ष में, स्वरोजगार द्वारा जीविकोपार्जन को न तो नकारा है और न ही मानव मात्र के कल्याण के लिए अर्थ की व्यापकता को नजरअंदाज किया है। अतः मैं दृढ़तापूर्वक यह कहना चाहती हूँ कि अर्थ का महत्त्व सर्वदा से ही सुंदर, सत्य, श्रेष्ठ, उत्तम तथा कल्याणकारी है।

**(शारदाभवन-गणेशोत्सव के अवसर पर प्रथम पुरस्कार के रूप में
शिवमूर्ति शिवाचार्य रजत पदक से सम्मानित)**

❖

काशी की संस्कृति

श्रद्धा

द्वितीय वर्ष (सामाजिक विज्ञान)

'मोक्षदायिनी काशी' 'गंगा किनारे बसी सांस्कृतिक भारत की प्राचीनतम नगरी काशी' या 'सुबहे बनारस' इसी प्रकार के न जाने कितने ही वाक्य काशी की विभिन्न विशेषताओं के लिए पढ़े जाते हैं। ४००० वर्ष पूर्व प्रथम आर्य राजा रेणु के ब्राह्मण महामंत्री सदागोविन्द द्वारा बनाई यह नगरी उपनिषद् काल से लेकर आज तक सर्वोपरि है। वाराणसी अर्थात वरुणा से लेकर अस्सी के बीच बसा यह शहर भारत का वह विशाल हृदय है जहाँ, जो आता है, समाहित हो जाता है।

'सुबहे बनारस' की कल्पना करें तो कितनी अनोखी एवं अनूठी लगती है, 'सुबह का समय, भक्तजन मोक्षंदायिनी गंगा में डुबकी लगाकर, अंजली से भगवान दिवाकर को जल अर्पित कर रहे हैं। फिर पण्डित जी से मस्तक पर चन्दन का लेप लगवाकर बढ़े जा रहे हैं बाबा विश्वनाथ के मन्दिर की ओर। तत्पश्चात् माँ अन्नपूर्णा का दर्शन कर कचौड़ी-जलेबी का आनंद लेते हुए बनारसी पान चबा रहे हैं, फिर 'हर-हर महादेव' का बोल एक दूसरे को कहते हुए बढ़े जा रहे हैं अपने व्यवसाय की ओर।' इतने मनोरम दृश्य भला किसी के मन को क्यों न भाएंगे?

बड़े-बड़े विद्वानों ने काशी को मोक्षदायिनी भी कहा है क्योंकि यहाँ मृत्यु प्राप्त करने वाला सीधे भगवान भोले शंकर के चरणों में जा गिरता है अर्थात् मोक्ष प्राप्त करता है। काशी को सांस्कृतिक भारत की प्राचीनतम राजधानी भी कहा गया है; क्योंकि वाराणसी एक ऐसा शहर है जिसने पूरे भारत की संस्कृति को एकत्रित करके रखा है। केवल संस्कृति ही नहीं यहाँ धर्मों की भी एकता है। जहाँ एक ओर भगवान् विश्वनाथ का मन्दिर है तो दूसरी ओर उसी से जुड़ी ज्ञानवापी मस्जिद है, इस मेलजोल की पूरे विश्व में मिसाल दी जाती है। यहाँ सारनाथ में भगवान् बुद्ध ने बौद्ध-धर्म स्थापित किया तो स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की प्रतिष्ठा के लिये शास्त्रार्थ किया, यहाँ अनेक गिरजाघर भी हैं तो सिक्ख स्वयं ही खिंचे चले आए काशी की ओर। अब यह सभी धर्म पूरे विश्व को 'सर्वधर्म समभाव' की सीख दे रहे हैं।

यहाँ केवल धर्म और संस्कृति ही नहीं बल्कि भारत के विभिन्न प्रदेशों के संस्कार भी एकता बनाए हुए हैं जैसे काश्मीर के रूप में काश्मीरीगंज, मैसूर के रूप में हनुमान घाट, पंजाब के रूप में लाहौरी टोला तो तमिलनाडु के रूप में अगस्तकुण्डा, गुजरात के रूप में चौखम्बा तो असम के रूप में कामाक्षा इत्यादि। केवल भारत ही नहीं बल्कि नेपाल के रूप में नेपाली खपड़ा व दूधविनायक भी समाहित हैं यहाँ। काशी धर्म, संस्कृति, मंदिर, गलियों, साड़ियों का शहर कहलाता है, जहाँ कण-कण में भगवान् बसे हों भला वहाँ की संस्कृति सबसे श्रेष्ठ क्यों न होगी? यही श्रेष्ठ संस्कृति देश-विदेश के लोगों को सदैव आकर्षित करती है। इसके कुछ महत्त्वपूर्ण तत्त्व निम्नलिखित हैं-जैसे

(क) आनंद और उल्लास का जीवन जीने की उत्कंठा,

(ख) पवित्र एवं धार्मिक जीवन जीने की राह,

(ग) सादा जीवन, उच्च विचार एवं

(घ) संस्कृति के प्रति प्रगाढ़ अनुराग।

यह तत्त्व वर्तमान के साथ-साथ अतीत के भी राजसीपन को दर्शाते हैं। अतीत में राजा-महाराजाओं का संगीत एवं नृत्य के प्रति झुकाव, उल्लास एवं संस्कृति का उदाहरण है। काशी में आज भी ठुमरी व कजरी गाई जाती है। नागपंचमी पर आज भी महुअर होता है। यहाँ के लोगों की मिश्री जैसी बोली आज भी पूरी दुनिया का आकर्षण है। काशी के अस्सी से लेकर आदिकेशव तक कुल ८५ घाट आज भी यहाँ का सांस्कृतिक आधार मजबूत बनाए हुए हैं। यह आधार मजबूत होगा भी, आखिर यह भगवान् शंकर के त्रिशूल की नोंक पर जो टिका हुआ है। अंततः रामचरितमानस से लिया गया गोस्वामी तुलसीदास जी का यह दोहा सदैव दुनिया को काशी की ओर आकर्षित करेगा–

मुक्ति जन्म महि जानि, ग्यान-खानि अघ-हानि कर।
जहँ बस संभु भवानि, सो कासी सेइअ कस न।।

('सर्जना' निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान)

❖

उम्मीद

वर्षा बरनवाल
द्वितीय वर्ष

मैंने भी देखे थे कुछ सपने।
मगर उन सपनों की कली को,
खुलने नहीं दिया समाज की बेड़ियों ने।।
मेरी भी कुछ आशाएँ थीं,
मगर उसे मजबूत नहीं बनने दिया,
समाज के पाखण्डियों ने।
मेरे भी कुछ अरमां थे,
जो उड़ न पाये,
इन समाज के बन्धनों से खुलकर।
लेकिन फिर भी,
उम्मीद की एक किरन है,
समाज की बेड़ियों को तोड़ने की,
पाखण्डियों से लड़ने की और,
खुले आसमान में उड़ने की।।

काशी में दुर्गापूजा का बदलता स्वरूप एवं युवा पीढ़ी

प्रियंका द्विवेदी
बी.ए. तृतीय वर्ष (अंग्रेजी ऑनर्स)

भारतवर्ष पर्वों का देश है। यहाँ पर प्रत्येक मास, प्रत्येक हफ्ते कोई न कोई उत्सव, त्यौहार अवश्य पड़ता है। किसी का स्वरूप बड़ा, तो किसी का छोटा होता है। कोई त्यौहार अत्यन्त विस्तृत तरीके से तो कोई लघु रूप में मनाया जाता है। यह इस देश की सर्वप्रमुख विशेषताओं में से एक है। इन सभी उत्सवों का कोई न कोई कारण अवश्य होता है एवं सभी पर्व किसी विशेष स्थान अथवा प्रान्त से या प्रदेश से जुड़े हुए होते हैं। इसी प्रकार भारतवर्ष का एक सुखमय प्रदेश है 'पश्चिम बंगाल' और यहाँ के निवासियों का प्रमुख पर्व है 'दुर्गापूजनोत्सव'। यह पर्व वहाँ (पश्चिमबंगाल) की प्रमुख विशेषताओं में है जो अत्यन्त विस्तृत तरीके से मनाया जाता है! इसका स्वरूप इतना विस्तृत है कि धीरे-धीरे इसने एकतरह से समूचे भारत वर्ष पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया है।

उत्तरप्रदेश भारत का एक प्रमुख राज्य है और इस राज्य के अन्तर्गत 'काशी' नामक तीर्थस्थल का वास है। हर स्थान की तरह यहाँ पर भी दुर्गा-पूजा मनायी जाती है। यद्यपि यह पर्व मूलरूप में यहाँ विगत अनेक दशकों से मनाया जा रहा है, जो कि यहाँ पर 'रामलीला' की देन माना जाता है। जैसा कि हम जानते हैं, हर पर्व मनाने का एक विशेष कारण होता है, ठीक उसी तरह 'दुर्गापूजा' भी एक विशेष कारण से मनायी जाती है।

वाराणसी अथवा काशी में दुर्गापूजा प्रथा आजकल के स्वरूप में १५-२० वर्षों के पहले इतनी प्रचलित नहीं थी। यहाँ पर प्रत्येक वर्ष 'क्वार मास' की 'अनन्त चतुर्दशी' को रावण का जन्म एवं 'विजयादशमी' को 'रावण वध' का चलन रामलीला प्रथा के अन्तर्गत मनाने का विधान है।

इसी विजयादशमी के पिछले नौ दिन दुर्गा देवी जी, जो कि 'शुंभ निशुंभ दानव संहारिनी' कही जाती हैं, की पूजा अत्यन्त हर्ष व उल्लास के साथ सम्पन्न कराने की प्रथा है। इस प्रथा के अन्तर्गत 'दुर्गा माँ' की प्रतिमा का स्थापन कर नौ दिनों तक उनकी पूजा की जाती है। तत्पश्चात् नवें दिन उनकी विदाई अर्थात् प्रतिमा विसर्जन करते हैं। इसे काशी में 'दुर्गाधसान' कहा जाता है।

काशी में दुर्गा पूजा का बदलता स्वरूप

काशी में यह प्रथा वास्तव में कई वर्षो पहले शुरू हुई है। इसकी शुरुआत बंगाली परिवारों में हुई थी, लेकिन उस समय इसका स्तर छोटा हुआ करता था। अर्थात् जनमानस छोटे स्तर पर किन्तु श्रद्धा के साथ दुर्गामाँ की आराधना व उपासना किया करता था। समय बीतने के साथ साथ इसका रूप और वृहद्

तथा स्तर और ऊँचा हुआ। परन्तु लोगों की श्रद्धा का धीरे-धीरे अभाव होने लगा। दुर्गा-पूजा के नाम पर कई संस्थाओं ने चन्दे माँग कर प्रतिमा-स्थापन का बीड़ा उठाया तो देवी की उपासना का स्थान बाहरी आडम्बरों ने ले लिया। देवी पूजा के नाम पर प्रतियोगिताएँ होने लगीं कि कौन श्रेष्ठ है? किस स्थान की प्रतिमा श्रेष्ठ सज्जा से परिपूर्ण है? काशी में यह पर्व लगभग सभी प्रमुख स्थलों 'मछोदरी', 'नयीसड़क', 'हथुआ मार्केट', 'लक्सा', 'भेलूपूर' आदि में प्रत्येक वर्ष आय का प्रमुख माध्यम बन गया। यहाँ तक की बनारस की छोटी-छोटी तंग गलियाँ भी इससे अछूती न रहीं। यह बदलता स्वरूप ही है जिससे देवी की आराधना मात्र मनोरंजन का साधन बन कर रह गयी है। जहाँ पर सच्चे मन व पूरी श्रद्धा से भक्तिमयवचनों की वर्षा होनी चाहिए थी उस स्थान पर अत्यन्त भद्दे एवं फूहड़ गीत बजाए जाते हैं। इस उत्सव को अब लोगों ने मात्र 'घूमने का प्रमुख उत्सव' मान लिया है। हर वर्ष यह भावना तीव्र होती जा रही है। यह प्रतियोगीताओं व प्रतिस्पर्धा का युग है। हर कोई भीड़ से आगे निकल अलग बनना चाहता है। प्रथा के इस चलन से दुर्गापूजनोत्सव अछूता नही है। हर वर्ष पण्डालों की साज सज्जा पर न जाने कितने धन का व्यय किया जाता है। साथ ही साथ 'लकी ड्रॉ' जैसी प्रतियोगिताओं द्वारा लोगों को आकर्षित व स्वयं को लोकप्रिय बनाने का प्रयास हर वर्ष चौगुना-पाँचगुना होते दिखाई देता है; परन्तु इस भीड़ व प्रतिस्पर्धा में दुर्गा पूजा का असली स्वरूप खोता जा रहा है। युवा पीढ़ी का इस आयोजन में प्रमुख स्थान होता है। युवाओं के उत्साह व जोश के कारण ही यह आयोजन सम्पन्न होता है।

सच तो यह है कि यह आयोजन दिन प्रतिदिन अपना असली स्वरूप खोता जा रहा है। युवाओं के माध्यम से ही यह आयोजन, जो अत्यन्त पावन है, में जो-जो खामियाँ हैं उन्हे दूर किया जा सकता है।

यदि युवा चाहें तो जो विकृतियाँ अभी इस आयोजन में होती हैं, उन्हें दूर कर सकते हैं। और फिर से वह स्वरूप जो कभी दुर्गा मां के नेत्रों में परिलक्षित होता था, जीवन्त हो उठेगा। कहते हैं पहले दुर्गा विसर्जन के समय दुर्गा माँ के नेत्रों से अश्रु धारा बहने लगती थी। यह बात इसका परिचायक है कि उस समय जन मानस सचमुच देवी-आराधना पूरे तन-मन-धन से करता था।

अतः आज युवा लोगों में चेतना को उजागर करने की आवश्यकता है जिससे वो बाह्य आडम्बरों अर्थात् दिखावे पर न जाए। यह उत्सव प्रेम व सच्ची श्रद्धा का है। अतः इन दिखावे के माध्यमों को छोड़ कर जो इस उत्सव की माँग व आवश्यकता है उसे पूरा करने का प्रयास निरन्तर करते रहने की आवश्यकता है। जिससे 'दुर्गा चालीसा' की ये पंक्तियाँ सार्थक व जीवंत हो उठें-

"निरंकार है ज्योति तुम्हारी;
तिहूँ लोक फैली उजियारी।"

('सर्जना' निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान)

❖

काशी में दुर्गापूजा का बदलता स्वरूप व युवापीढ़ी

आराधना श्रीवास्तव
बी.ए. द्वितीय वर्ष

आदिशक्ति माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना का उल्लेख शास्त्रों में मिलता है पर उत्सव के रूप में पूजा का प्रचलन कब से शुरु हुआ इसका कोई प्रामाणिक उल्लेख प्राप्त नहीं है। समय-काल-परिस्थितियों के अनुसार उत्सव-प्रधान-पूजन की अवधारणा में क्रमशः बदलाव होता आया है अतः तिथि की प्रामाणिकता की कोई अनिवार्यता नहीं रह जाती है।

सोलहवीं शताब्दी में बंगाल के राजा कंस नारायण ने दुर्गा पूजा को उत्सव-प्रधान बनाने में ऐतिहासिक योगदान दिया। समय-समय पर राजाओं द्वारा युद्ध के पूर्व विजय की कामना से आदिशक्ति माँ दुर्गा की पूजा का राजकीय उत्सव के रूप में आयोजन किया गया जो बाद में जनमानस के लिए प्रेरणा बने।

इसी क्रम में धीरे-धीरे सोलहवीं शताब्दी से दुर्गापूजा बंगाल से काशी की ओर आने लगी। दुर्गापूजा की शुरुआत काशी में १८वीं शताब्दी से शुरु हुयी। चौखंभा में आनन्दमित्र ने १७७३ में इस पूजनोत्सव का आरंभ किया। काशी में सबसे पहले सार्वजनिक दुर्गापूजा की शुरूआत १९२१ में नदेसर स्थित मिंट हाउस में ललितबिहारी सेन राय की ओर से की गयी। पूजा-मण्डपों को सबसे पहली बार १९२८ में बिजली के बल्बों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। इन सार्वजनिक पूजा आयोजनों के अलावा १९२८ में भारत सेवाश्रम संघ ने भी दुर्गापूजा की शुरुआत की। १९३१ में रामकृष्णमिशन में इस पूजनोत्सव की शुरुआत हुयी। इसी क्रममें धीरे-धीरे काशी में दुर्गापूजा की संख्या में वृद्धि होती गयी।

काशी में दुर्गापूजा के बदलते स्वरूप को समझने से पहले दुर्गापूजा के वार्स्तविक स्वरूप को समझना आवश्यक होगा। नव रात्रि का पर्व शक्ति-पूजन और अर्चन का पर्व है। वैदिक युगसे शक्ति की पूजा शक्ति-स्वरुपा माँ दुर्गा की नौ शक्तियों के नौ प्रतीकों के रूप में होती आयी है। नवरात्रि पर्व में माँ दुर्गा की पूजा के पीछे अनेक पौराणिक कहानियाँ प्रचलित हैं। जैसे माँ दुर्गा के महिषासुर से नौ दिन के युद्ध के पश्चात् प्राप्त विजय के उपलक्ष्य में नवरात्रि का पर्व मनाया जाना; परंतु यदि वैज्ञानिक पक्ष देखा जाय तो यह समय वर्षाऋतु की समाप्ति व शरदऋतु के आगमन का होता है। इस समय मौसम में बदलाव होता है। इस अवधि में गर्म दिन व ठंडी शाम तथा कभी-कभी हल्की-हल्की बरसात भी होती है जिसके कारण न केवल विभिन्न प्रकार के विषैले-कीड़े-मकौड़ों का जन्म होता है वरन् मानव-शरीर पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। अतः व्यक्ति को मौसमी बीमारियों से बचाना व स्वस्थ शरीर हेतु शरीर की प्रतिरोधक क्षमता का विकास करके शरीर को शक्ति प्रदान करना नवरात्रि पर्व का मुख्य उद्देश्य था। माँ दुर्गा, जो सर्वत्र पहाड़ों पर विराजती हैं, के दर्शन हेतु पहाड़ों पर चढ़ना व सुरम्य प्रकृति की गोद में सर्वोच्च सत्ता का नमन शारीरिक एवं मानसिक

शक्तियों के साथ ही आत्मिक शक्तियों की भी वृद्धि का कारक होता है। सुखी सात्विक जीवन व्यतीत करना नवरात्रि का वैज्ञानिक आधार है। सत् के द्वारा असत् भाव का दमन नवरात्रि का मुख्य प्रतीक है।

किन्तु बाद में क्या हुआ। व्यक्ति के अंदर अर्थवाद उत्पन्न हो गया। सम्पत्ति के संग्रहण के साथ ही साथ सब कुछ घर बैठे पाने की लालसा जन्मी। इसी क्रम में सम्पन्न राजाओं-महाराजाओं ने माँ दुर्गा की पूजा पहाड़ों पर चढ़ कर करने की अपेक्षा महल परिसर के अन्दर ही करने की जुगत लगायी और पुजारी ब्राह्मणों ने 'अन्नदाता की जय' बोल कर माँ दुर्गा को पहाड़ों से नीचे मैदान की चहारदीवारी में बैठा दिया तथा इस प्रकार कुएँ को ही प्यासे के पास ला दिया गया। फिर यह महलों से निकलकर नवधनाढ्यों के मुहल्लों में पहुँची और बाद में तो हर गली हर मुहल्ले में माँ दुर्गा की मूर्ति पूरे फैशन व शान-शौकत के साथ बिठा दी गयी। दिखावे व प्रतिस्पर्धा के दौर में हर मुहल्ले वाला केवल अपनी दुर्गा ही नहीं बल्कि उनके लिए बनाये जाने वाले मण्डपों की शान-शौकत को अपनी नाक की प्रतिष्ठा के रूप में देखने लगा। पूजा-मण्डप जो असल में पौराणिक मंदिर का प्रतीक होते थे आज वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, संसद भवन, एनाकोंडा सांप इत्यादि दर्शाते हैं जिनकी सजावट पर लाखों रुपये खर्च किये जाते हैं। यह किसी एक शहर की नहीं बल्कि पूरे पूर्वी उत्तर व मध्य भारत की कहानी है जिसमें काशी भी शामिल है।

पहले लोग धर्मभीरु थे। प्राकृतिक आपदाओं के समय चिकित्सकीय सुविधाओं के अभाव के कारण लोग पूजा-पाठ पर अत्यधिक विश्वास रखते थे; परंतु आज स्थिति बदल रही है। प्राकृतिक आपदाओं पर सहज एवं सरल ढंग से काबू पा लिया गया है। व्यक्ति नितान्त भौतिकवादी हो गया है। आज यदि व्यक्ति ईश्वर की पूजा करते हैं तो मात्र अपने स्वार्थ के लिए। वह दुर्गा-पूजा में नाना प्रकार के दिखावटी साज-सामान, फैशनेबल गीत-संगीत इत्यादि को अपने स्वार्थ के अनुसार ही आयोजित करने लगा है। पहले दुर्गापूजा में जहाँ जात्रा, धार्मिक-नाटक, रवीन्द्र-संगीत, भजन इत्यादि कार्मक्रम होते थे आज वहीं बुगी-बुगी फैशन शो व फिल्मी गाने इत्यादि होते हैं।

जब दुर्गापूजा की शुरुआत हुयी तब लोग खुशी-खुशी चंदा देते थे; परंतु आज पूजा-पण्डालों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हो जाने के कारण लोगों से जबरदस्ती चंदा वसूला जा रहा है। मूर्ति का मानवीकरण हो गया है। मूर्ति के साज में सोलावुड की जगह प्लास्टिक, शीशा, सितारा आदि का उपयोग हो रहा है।

डांडिया मातृशक्ति का प्रतीक है। डांडिया में प्रयुक्त डजी माँ के हाथ में धरे खड्ग का प्रतीक मानी जाती है। इस नृत्य-उत्सव में देवी गीतों के साथ-साथ कृष्ण-लीला व संत रचित गीत ही गाए जाते थे; परन्तु वर्तमान काल में डांडिया उत्सव का मूल उद्देश्य लुप्त हो गया है। आज खुले मार्ग पर फिल्मी गीतों की लय में डांडिया नृत्य पेश किये जा रहे हैं। पारंपरिक वस्त्रों को पहनने के बजाय लांछन लगाने वाले वस्त्र पहन कर घिनौने नृत्य कर युवक-युवतियाँ माँ के डांडिया नृत्य की गरिमा को ठेस पहुँचा रहे हैं।

यह स्थिति अब दिन-प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। इसमें युवा पीढ़ी, जिसे देश का भविष्य कहा जाता है, आधुनिकता तथा पाश्चात्य संस्कृति की नकल करने की होड़ में न तो देशी ही रह गयी है और न ही विदेशी बन पायी है। उद्दंड से उच्छृखल अवश्य हो गयी है। जो घर, समाज एवं विद्यालय

में अपने से बड़ों को सम्मान नहीं देना चाहते हैं उनसे देवी देवताओं की श्रद्धा पूर्वक पूजा करने की आशा करना छलनी में पानी रोकने के समान है। आज यही युवा वर्ग दुर्गापूजा का कर्णधार बना है। जिन बुराइयों को समाप्त करने की इच्छा से दुर्गापूजा का आयोजन शुरु हुआ था आज माँ दुर्गा के अधिकांश मण्डपों में उन्हीं बुराइयों के साथ, उन्हीं बुराइयों को अपना कर दुर्गापूजा का आयोजन किया जा रहा है।

दुर्गापूजा को स्त्री-शक्ति की पूजा मान सकते है; परंतु दुर्गापूजा को जो लोग श्रद्धापूर्वक मनाते हैं वे अक्सर अपने घर-परिवार की महिलाओं की अनदेखी कर जाते हैं। नारी के एक स्वरूप के प्रति अगाध श्रद्धा तथा दूसरी तरफ जीती-जागती नारी की अवहेलना यह मात्र ऊपरी दिखावा नहीं तो और क्या है।

अंत में हम अपनी युवापीढ़ी से यही आशा करते हैं कि वे दुर्गापूजा की मूल भावना को समझें तथा दुर्गापूजा के बहाने ही सही समाज में फैली कुरीतियों तथा दुर्व्यवहार रूपी राक्षसों को समाप्त कर न केवल स्वयं को मुक्त करें बल्कि समाज से उनका विनाश कर एक सबल पीढ़ी को विकसित करने हेतु कदम बढ़ाएँ ताकि यह देश अध्यात्म, शिक्षा, क्रीड़ा इत्यादि क्षेत्रों में विश्व का सर्वोपरि देश होने का गौरव प्राप्त कर सके।

('सर्जना' निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान)

❖


यदि सन्ति गुणाः पुंसां विकसन्त्येव ते स्वयम्।
न हि कस्तूरिकामोदः शपथेन विभाव्यते।।

पुरुषों में यदि वस्तुतः गुण है तो वे स्वयं विकसित होते हैं। कस्तूरी की गन्ध शपथ के द्वारा अनुभूत नहीं कराई जाती।

यशोधनानां हि यशो गरीयः – कालिदास

(यश को धन मानने वालों के लिए सर्वश्रेष्ठ यश ही होता है।)

मजदूर



वर्षा सिंह-III

सर्जना-गीत

स्व. डॉ. सावित्री श्रीवास्तव

शारदे! झंकार दे दो।
सुप्त स्वर को साज दे दो।।
बह चले मरुभूमि में मकरन्द की धारा मचलती।
खिल उठें फीके सुमन, आमोद भर जाए बसन्ती।।
जल उठे दीपक हमारा
अमल दीपक राग दे दो।।
शारदे! झंकार दे दो।।
एक किरण अनन्त तम के आवरण को छिन्न कर दे।
एक शब्द असीम मानव का सकल सन्ताप हर ले।।
सुभग हो जाएँ दिशाएँ
सप्त स्वर का गान दे दो।।
शारदे! झंकार दे दो।।
सर्जनाएँ प्रतिशिरा में स्फूर्ति बिखराएँ रंगीली।
चेतना की ज्योति से पुलकित बने जड़ता लजीली।।
कल्पना की पंखिनी को
नित नवल आकाश दे दो।।
शारदे! झंकार दे दो।।

❖

चतुराई का मीठा फल
(नाटक)

सञ्चिता सरना
तृतीय वर्ष–संस्कृत–ऑनर्स

पात्र – सूत्रधार, श्रृगाल, श्रृगाली, सिंह, व्याघ्र, वृक।

(मंच पर वन–प्रदेश का दृश्य है। मंच पर पर्याप्त प्रकाश है। सूत्रधार का प्रवेश।)

सूत्रधार– सभी सुधी और प्यारे दर्शकों को मेरा नमस्कार। जी हाँ, आपने सही पहचाना, मैं हूँ सूत्रधार। और सूत्रधार का काम ये होता है कि वह किसी कथा या घटना को एक सूत्र में बाँधकर सही व उचित प्रकार से उसे बताता जाए। पर आज तो मैं कोई ऐसी कथा सोचकर ही नहीं आया। (सोचने का अभिनय करते हुए) हाँ याद आयी अरे रे ऽ ऽ ऽ। कोई कथा–कहानी नहीं बल्कि एक बहुत ही प्रसिद्ध लोकोक्ति यही, यही कि "सब्र का फल सदैव मीठा होता है।" इसलिए दर्शकों सब्र आप भी करिए कोई ना कोई कथा तो याद आ ही जायेगी। (पुनः सोचने का अभिनय करते हुए) लीजिए मैंने जो लोकोक्ति आप से कही उसी से मुझे एक कहानी याद आ गई। इसी कहानी को आज मैं आपके समक्ष नाटक के रूप में प्रस्तुत करता हूँ। लेकिन इसे देखने के बाद आप सभी थोड़ा सा बदल कर कहेंगे कि सब्र से अधिक तो "चतुराई का फल मीठा होता है।" (सूत्रधार मंच से बाहर चला जाता है।)

(मंच पर अंधकार, नेपथ्य से सूत्रधार की आवाज़ आती है।)

सूत्रधार– एक घना जंगल। जंगल में पशु–पक्षी सभी स्वच्छंद होकर विचरण कर रहे हैं। अरे! ये कौन आया? हूँ ऽऽ ऽऽ ये तो श्रृगाल और श्रृगाली हैं।

श्रृगाली– (श्रृगाल से) (कुछ दुःखी स्वर में) स्वामी! इतनी देर हो गई परन्तु आज अभी तक भोजन नहीं मिला। मुझे बहुत भूख लगी है। कृपया कुछ भोजन की व्यवस्था कीजिए।

श्रृगाल– प्रिये! भूखा तो मैं भी हूँ। परन्तु आज सुबह से कोई शिकार ही नहीं मिला। अब तो यदि थोड़ा ही मिल जाए तो बहुत है। मैं कुछ व्यवस्था करता हूँ। (कुछ ढूँढने का अभिनय करते हुए श्रृगाल व श्रृगाली आगे बढ़ते हैं तभी ....)

श्रृगाल– प्रिये! (अत्यन्त प्रसन्न होकर) देखो, ये इतना बड़ा हाथी यहाँ मृत पड़ा है। वाह रे मेरा भाग्य!

श्रृगाली– (श्रृगाल की बात बीच में ही काटते हुए) हाँ स्वामी! हमने पूर्व जन्म में अवश्य ही महान कार्य किये होंगे तभी आज इतना बड़ा हाथी हमें आहार–रूप में प्राप्त हुआ है। अब हमें और शिकार ढूँढने की कोई आवश्यकता नहीं है।

(श्रृगाल व श्रृगाली हाथी के चारों ओर प्रसन्न होकर घूमते हुए कहते हैं)–आहा ऽ ऽ ऽ अहो भाग्य!

(नेपथ्य से सूत्रधार की आवाज़ उभरती है)

सूत्रधार– तभी अचानक एक बड़ा सा सिंह गरजता हुआ वहाँ आ पहुँचता है और ....

श्रृगाली– अरे! ये सिंह तो यहाँ आ रहा है। स्वामी! अब क्या करें मुझे तो बहुत भय लग रहा है।

श्रृगाल– ठहरो डरो मत। मैं इसे यहाँ से भगाने की कोई युक्ति सोचता हूँ।

(सिंह आकर सबसे पहले मृत हाथी को देखता है। फिर श्रृगाल व श्रृगाली को घूर कर देखता है।)

श्रृगाल– (चापलूसी करते हुए) अरे ऽऽऽ जंगल के महाराजाधिराज! आप! यहाँऽऽऽ अ..अ..नमस्कार आइए–आइए। मैं आपके ही भोजन हेतु इस विशाल मृत हाथी की रक्षा कर रहा हूँ। महाराज! कृपया इसे स्वीकार कीजिए।

सिंह– पर यह बताओ कि इस हाथी को मारा किसने?

श्रृगाल– (मुँह बनाते हुए) महाराज अन्य किसी सिंह ने इसे मारा है।

सिंह– (क्रोधित होकर) मूर्ख! किसी दूसरे के द्वारा मारे हुए हाथी को मैं खाऊँगा? क्या मैं इतना निश्शक्त हो गया हूँ? नहीं, मैं इसे नहीं खाऊँगा। मैं इसे तुम दोनों को देता हूँ। लो, तुम्हीं इसे खा लो।

श्रृगाल– हे महाराज! आप श्रेष्ठ, धीर, सत्पुरुष हैं। सज्जन सदैव आप जैसा ही व्यवहार करते हैं।

सिंह– (गर्व तथा प्रसन्नता के साथ) हाँ–हाँ, सत्य ही है।

(सिंह का प्रस्थान)

श्रृगाल– (श्रृगाली से) देखा, मैंने किस चतुराई से सिंह को यहाँ से भगा दिया।

श्रृगाली– हाँ स्वामी! अब मैं भी इसी चतुराई से हर परिस्थिति का सामना करूँगी।

(दोनों पुनः प्रसन्न होकर हाथी को खाने का प्रयास करते हैं। नेपथ्य से पुनः सूत्रधार का स्वर उभरता है।)

सूत्रधार– अभी पति–पत्नी दोनों के सामने से एक मुसीबत गई ही थी कि दूसरी आ गई। इस मुसीबत के रूप में तो व्याघ्र महाशय चले आ रहे हैं।

(व्याघ्र गर्जना करते हुए मंच पर श्रृगाल, श्रृगाली के पास आ पहुँचता है और लालच भरी दृष्टि से हाथी को देखता है।)

श्रृगाली– (श्रृगाल से।) स्वामी! अब इस मुसीबत से मैं छुटकारा दिलाऊँगी।

श्रृगाली– (व्याघ्र से) हे व्याघ्र महाशय! नमस्कार। (तनिक डरते तथा सचेत करते हुए) परन्तु आप यहाँ मत रहिए।

व्याघ्र– क्यों? मं यहाँ क्यों नहीं बैठ सकता?

श्रृगाली– थोड़ी देर पहले यहाँ सिंह महाराज आये थे। उन्हीं ने इस हाथी को मारा और इसकी रक्षा का भार हमें सौंपकर स्नान के लिए गये हैं। जाते समय उन्होंने हमसे कहा कि–(व्याघ्र को डराते हुए) एक व्याघ्र मेरे आहार को छीनना चाहता है। इसलिए जैसे ही यहाँ वह व्याघ्र आये तो तुरंत मुझे बताना, मैं उसे मार कर उसके प्रति अपना क्रोध शान्त करूँगा।

व्याघ्र– (डरकर) हे मित्रों! आप दोनों बहुत अच्छे हैं, दयालु हैं। कृपया इतना उपकार मुझ पर कीजिए। सिंह महाराज को कह दीजिएगा कि कोई व्याघ्र यहाँ आया ही नहीं था।

(भयभीत होकर दौड़ता हुआ वहाँ से भाग जाता है।)

श्रृगाली– (श्रृगाल से) देखा स्वामी! मैंने भी किस चतुराई से व्याघ्र को यहाँ से भगा दिया।

श्रृगाल– (कुछ सोचते हुए) हाँ, वो तो ठीक है, परन्तु मुझे एक चिंता है कि हाथी का चर्मविदारण करना अत्यन्त ही कठिन कार्य है। इसलिए मैं सोचता हूँ कि किसी अन्य के द्वारा चर्मविदारण कराया जाये और फिर आराम से इसे खाया जाए।

(श्रृगाल व श्रृगाली आपस में विचार-विमर्श करने का अभिनय करते हैं तथा नेपथ्य से सूत्रधार की आवाज आती है।)

सूत्रधार– अभी तक जो भी इस दम्पती के पास आया वो साक्षात् विपत्ति-स्वरूप था, परन्तु अब जो आ रहा है, वह है इनकी चिन्ता का 'समाधान'। पर ये है कौन? अरेऽऽऽ! ये तो वृक है!

(वृक का मंच पर प्रवेश। श्रृगाल व श्रृगाली वृक को देखते ही प्रसन्न हो जाते हैं तथा कोई योजना बनाने का अभिनय करते हैं।)

श्रृगाल– हे वृक भैया! आओ-आओ और कहो कुशलपूर्वक हो? बहुत दिनों से तुम्हारे दर्शन नहीं हुए?

श्रृगाली– अरे, आप तो बहुत ही भूखे लगते हैं? आइए, देखिए, ये गजमाँस है। आप थोड़ा सा खा लीजिए।

वृक– (आँखों में चमक तथा लालच भरी दृष्टि से। गजमाँस? इसे किसने मारा है?

श्रृगाली– सिंह ने इसे मारा है।

वृक– पर वह है कहाँ?

श्रृगाल– वह स्नान के लिए गये हैं। उनके आने से पहले तुम इसे खा लो।

वृक– क्या कहा? (डरकर) सिंह द्वारा मारे गये हाथी को मैं खाऊँगा! नहीं–नहीं, कभी नहीं। पहले प्राणों की रक्षा, उसके बाद भोजन। आपको और आपके भोजन को प्रणाम। ऐसे माँस के लिए तो दूर से ही नमस्कार।

श्रृगाल– अरे। डरो मत। सिंह के आने से पहले खा लो। मैं दूर रहकर सिंह के आने की प्रतीक्षा करता हूँ।

श्रृगाली– और मैं सिंह के आने से पूर्व ही आपको बता दूँगी। आप जल्दी से यहाँ से भाग जाइयेगा। डरने की क्या बात है?

वृक– (प्रसन्न होकर) ऐसा है? सचमुच तुम दोनों बहुत अच्छे हो। ठीक है, मैं खाना प्रारंभ करता हूँ परन्तु सिंह के आते ही तुरंत मुझे बता देना। (वृक चर्मविदारण करने का अभिनय करने लगता है।)

श्रृगाल– (श्रृगाली से हँसते हुए) देखो वो चर्मविदारण कर रहा है। (कुछ देर देखने के बाद) अब चर्मविदारण समाप्त हो गया, चलो, अब अपनी पूर्व-नियोजित योजना के अनुसार कार्य करते हैं।

श्रृगाली– हाँ–हाँ मैं शोर करती हूँ। (चिल्लाते हुए।) अरे–अरे! सिंह आ गया। जल्दी दौड़ो, जल्दी जाओ, जाओ, यहाँ कहीं भी मत रहो दौड़ो–दौड़ो।

(वृक अत्यन्त भयभीत होकर वहाँ से भाग जाता है।)

वृक के जाने पर श्रृगाल, श्रृगाली दोनों प्रसन्न होकर हँसते हैं।

श्रृगाल– वृक डरकर भाग गया। और चर्मविदारण भी हो गया।

श्रृगाली– हाँ अब ये सारा माँस हमारा है। इसे हम खायेंगे।

श्रृगाल– श्रृगाली–(साथ में, दर्शकों से) तो कैसी थी हमारी चतुराई भरी·युक्ति? (कुछ माँस हाथ मे लेने का अभिनय करते हुए) क्यों अब तो कहना पड़ेगा न ..... कि

'चतुराई का फल मीठा' होता है।

(पटाक्षेप)

❖

पर्यावरण-शिक्षा

हेमा कुमारी
बी.ए. तृतीय-हिन्दी ऑनर्स

पर्यावरण दो शब्दों से मिलकर बना है–परि+आवरण, जिसका अर्थ है हमारे चारों ओर का वातावरण। इस पर्यावरण के बचाव के लिए प्रत्येक गांव एवं शहर में प्रयास चल रहे हैं। हमारे पृथ्वी विभिन्न प्रकार के लाखों जीवधारियों को अत्यन्त विस्तृत प्रकार के निवासों के लिए आश्रय प्रदान करती है। धरती पर मनुष्य प्रजाति सहित समस्त जीवधारियों का जीवन पूर्णरूपेण सूर्य एवं पृथ्वी पर आधारित हैं। सूर्य से निकलता प्रकाश विकिरण ऊर्जा का सतत स्त्रोत है, जिसका पृथ्वी पर जीवन के संचालन के लिए अनेक प्रकार से उपयोग होता है। उदाहरण के लिए दृश्य प्रकाश वनस्पतियों द्वारा खाद्य निर्माण में प्रयुक्त होता है। सौर विकिरण का एक भाग ऊष्मा पैदा करता है एवं पृथ्वी के तापक्रम को जीवधारियों के लिए अनुकूलतम बनाये रखता है। पृथ्वी को आधार एवं पोषण प्रदान करती है।

बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में विस्फोटक जनसंख्या वृद्धि तथा बढ़ती ऊर्जा खपत (जैसे–जीवाश्म ईधन का उपयोग) पर्यावरण में तीव्र विनाशक परिवर्तन कर रहा है, जिससे पर्यावरणीय संकट पैदा होता जा रहा है। अनेकों वन, घास स्थल, नम स्थल, सागर, झरना, झील, तालाब आदि समस्त भू-सतह पर फैले हुए हैं, जो विभिन्न वर्ग के पारिस्थितिक तंत्रों के अभिलाक्षणिक जीवजात या सम्पूर्ण जैविक जाति के साथ आपस में एवं अपने पर्यावरण में पारस्परिक क्रिया करते रहते हैं, जो जीवों के जीवन को प्रभावित करते हैं अतः स्थानीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्तर पर मानव जनित पर्यावरणीय परिवर्तनों को समझने की आवश्यकता है।

वास्तव में भारत की पर्यावरणीय छवि बहुत ही व्यापक है। एक तरफ का दृश्य अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह के उष्ण कटिबंधीय/उपोष्ण क्षेत्रों की जातियों का है जहाँ मानव अभी प्रकृति का अंग है एवं पर्यावरण से उनसे दैनिक आवश्यकताओं की माँग भी सीमित है।

पर्यावरण भागों के आधार पर जहाँ यह बहुतायत में मिलता है वह है वायुमण्डल, जलमण्डल एवं स्थलमण्डल। अतः पर्यावरण शिक्षा के माध्यम से इसे जानना आवश्यक है।

शिक्षा को एक उच्च श्रेणी का निवेश माना जाता है जो समय आने पर एक पूँजी बन जाती है। इस प्रकार पर्यावरण शिक्षण की स्थान विशेष वाली सोच उपयोगी प्रतीत होती है। पर्यावरणीय जागरुकता अभियानों को विशेष रूप से बच्चों व महिलाओं के निमित्त निर्देशित करने की आवश्यकता है। भारत में ५०% से भी अधिक भूमि मृदा अपरदन से ग्रसित है। अतः हमें एक जुट होकर पर्यावरण को बचाने का प्रयास करना चाहिए।

❖

भारत में आतंकवाद की गतिविधियाँ

सुमैय्या अन्सारी
बी.ए. द्वितीय वर्ष

"अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर पर आतंकी हमला ५० हजार से ज्यादा मरे, अक्षरधाम मन्दिर पर हमला, गुजरात के इलाके में आतंकियों की मुठभेड़" न्यूज़ पेपर की हेडलाइन को पढ़ कर रोंगटे खड़े हो गए कि लंका के रावण के दहन के बाद दूसरा रावण कहाँ से पैदा हो गया जो इन्सानों के खून का प्यासा है। अध्ययन के पश्चात् पता चला कि यह "रावण" आतंकवाद है।

विश्व की समस्त समस्याओं में एक विशालतम समस्या है आतंकवाद। यह सिर्फ चन्द स्वार्थी लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को सामने रखकर हिंसात्मक कार्यवाही से पनपा है। आज आतंकवाद विकसित राष्ट्रों में भी अपनी अच्छी पैठ बना चुका है। किसी राष्ट्र में उस राष्ट्र के कानून के खिलाफ हिंसात्मक अनैतिक व घृणित कार्यवाही को आतंकवाद की संज्ञा दी जा सकती है। इनका कोई राष्ट्र, धर्म, जाति, समाज कुछ भी नहीं होता, इनका सिर्फ एक ही तत्व होता है "स्वार्थ"।

कुछ स्वार्थी तत्व असहाय तथा बेरोजगार तत्व को पैसे का लालच देते हैं और कहते हैं गरीबी में तिल-तिल मरने के बजाय थोड़े दिन जियो और शान से जियो।

कभी-कभी आतंकवाद उस समय जन्म लेता है जब किसी की आवश्यक आवश्यकता के सारे दरवाजे बन्द करके उन पर अत्याचार किये जायें।

दक्षिण एशिया के आतंक प्रभावित क्षेत्रों में काश्मीर का प्रमुख स्थान है जिसे हम पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवाद की संज्ञा देते हैं। हमारे देश में आतंकवाद का जन्म १९८५ से हुआ जो इस वक्त उन्नीसवीं वर्षगाँठ मना रहा है। प्रमुख घटनाओं में काश्मीर के ४५ पण्डितों की निर्मम हत्या, संसद-भवन पर हमला, लाल किले पर आतंकियों का कब्ज़ा, कारगिल पर आतंकियों की घुसपैठ, इण्डियन एयरलाइंस के विमान का अपहरण, अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर पर हमला, जिसकी प्रतिक्रिया के फलस्वरूप अमेरिका ने अफ़गानिस्तान का खून आतंकवाद के सफाये के नाम पर किया। इससे लगता है कि इसकी जड़ और भी मज़बूत हुई। इसी तरह पूरा विश्व आतंकवाद की बेड़ी में जकड़ा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के बाद विश्व उपनिवेशवाद से तो मुक्त हो गया किन्तु आतंकवाद ने इसे पुनः कैदी बना डाला है।

किसी राष्ट्र की बढ़ती हुई शक्ति को तोड़ने का सबसे अच्छा साधन आतंकवाद है। विकसित देश विकासशील देश को अपने बराबर देखना नहीं चाहते इसलिए वह उनमें आतंक को फैला कर उन्हें उलझाए रखना चाहते हैं।

आतंकवाद का मकसद क्या है? वह क्या चाहते हैं? हमें शायद मालूम नहीं, आतंकवादी समुदाय किस धर्म जाति के होते हैं, यह भी कहना मुश्किल है क्योंकि कहीं हिन्दू एवं यहूदी आतंकवाद मचा रहे हैं तो कहीं मुस्लिम एवं ईसाई। इसलिए यह कहना उचित होगा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। धर्म क्या है यह जानने से पहले यह जान लेना चाहिए कि इन्सान और जानवरों में असल अन्तर बुद्धि का होता है जो हमें धर्म ने दिया। धर्म ने हमें मानवता सिखाई। धर्म की कोई सरहद नहीं होती है। सरहद दो कुत्तों के अन्दर होती है कि एक मुहल्ले का कुत्ता दूसरे मुहल्ले में नहीं जा सकता, धर्म ने इस सरहद को तोड़ा है।

सभी धर्म हमें आपस में मेल मुहब्बत, आपसी भेद-भाव, खूनखराबा तथा अवैध कार्यों से रोकते हैं न कि आतंक फैलाने को कहते हैं। किसी धर्म को आतंकवाद से नहीं जोड़ना चाहिए क्योंकि आतंकवादी आतंक फैलाते समय धर्म का ध्यान नहीं रखते, वे खुद धर्म के दुश्मन हैं। धर्म ने हमें एक किया, आतंकवाद ने हमारे धर्मों के बीच दीवारें खड़ी कर दीं, आतंकवाद पूरी मानवता का दुश्मन है।

आतंकवाद के सफाये के लिये स्वार्थ को खत्म करके धर्म की सही शिक्षा देकर मनुष्य के अन्दर के मनुष्य को जगाने की आवश्यकता है। शिक्षा और धर्म आतंकवाद विरोधी तत्व हैं इसलिए इनके सफाये के लिए इन्हीं अहिंसा के हथियारों का प्रयोग करके उसकी नींव को खोखला किया जा सकता है। 'सभी धर्म अच्छा व सच्चा है' के सहारे साम्प्रदायिक भेद-भाव को मिटाकर लोगों को रोज़गार देने का आश्वासन देकर उन्हें अपने विश्वास में लेकर अन्दर के पशु को मारा जा सकता है। इसके लिए लोगों में जागरण लाना होगा और शिक्षित युवा पीढ़ी को आगे आना होगा।

आतंकवाद को सब बुरा कहते हैं। इसलिये अपने अधिकार को सामने रखकर धर्म के साये में अपने कर्तव्य का पालन करते हुए एक आदर्श के साथ आतंकवाद सफाये के लिए एक पुख्ता व ठोस कदम उठाना चाहिए।

आज हमारा पूरा देश आतंकवाद के मसले में उलझा हुआ है। हमारे राजनीतिज्ञों को चाहिए कि उन्होंने जिस तरह हमारे मध्य दीवार खड़ी करके आतंकवाद को बढ़ावा दिया उसी तरह वह आगे आएँ और इस दीवार को गिराकर सब को एक समान दर्जा भी दें तथा साथ-साथ गरीबी और बेरोज़गारी को देश से खत्म करने का प्रयास करें।

> ''वो लोहे जिससे बनते हैं हमारे लिए खंजर
> उसी को मोड़कर उनकी बेड़ी बना लेते तो अच्छा था,
> हमारे देश के दामन पर धब्बा आतंकवाद का
> यह धब्बा खून बहा कर छुड़ा देते तो अच्छा था।''

❖

आग की एक लपट

पार्वती बरनवाल
बी.ए. द्वितीय वर्ष

एक बालक जिसकी उम्र यही कोई १० वर्ष की होगी। अपने माँ-पिता से हठ कर रहा था स्कूल न जाने के लिए। उसके पिता ने कहा-तू तो मेरा राजा बेटा है, तू तो पढ़-लिख कर एक दिन बहुत बड़ा आदमी बनेगा और हमारा नाम रोशन करेगा। ये सब तो तू स्कूल जाकर ही करेगा। पिता के समझाने पर वह स्कूल जाने के लिए तैयार होता है।

माँ का ममत्व पिता का आशीर्वाद लेकर वह स्कूल जाने को होता है कि उसकी माँ उससे कहती है कि बेटा आज मैं, तुम्हारे पिता और तुम्हारी बहन बाजार जायेंगे, अगर तू स्कूल जायेगा तो तेरे लिए ढेर सारी चीजें लायेंगे और बेटे का माथा चूम लेती है। लड़का माँ की बातों को सुनकर प्रसन्नचित्त मुद्रा में उछलता हुआ स्कूल चल देता है।

स्कूल में पहुँचकर अपने सहपाठियों के मध्य रहकर भी वह उन वस्तुओं के बारे में विचारमग्न था जो उसकी माँ ने बाजार से उसके लिए लाने को कहा था। आज पढ़ाई के प्रति उसकी रुचि कम थी। स्कूल की घंटी बजती है, वह दौड़कर अपना बैग उठाता है और अपने घर की ओर चल देता है।

रास्ते में वह मुस्कुराते हुए और सोचते हुए आ रहा होता है कि उसके माँ-पिताजी ढेर सारी चीजें उसके लिए लाये होंगे और सपने सँजोते हुए वह मस्ती भरी चाल से अपने कदमों को तेजी से बढ़ा रहा था कि तभी सड़क पर कुछ दूर उसके घर के सामने लोगों की भीड़ का एक रेला दिखाई दिया। लोग इस भीड़ में एक-दूसरे को धक्का देते हुए उस दृश्य को देखने के लिए बेचैन हो रहे थे।

उस लड़के के हृदय की धड़कनें तेज हो गयीं। वह अपने कदमों को चीरने की कोशिश करता हुआ एक करुण क्रन्दन से परिपूर्ण चीत्कार करता है। उस चीत्कार को लोग अनसुना कर उस भयावह दृश्य को देख सहानुभूति कर रहे थे।

आग की लपटें अपनी चरम पराकाष्ठा पर थीं। काल के गाल ने उसके परिवारजन को निगल लिया था वह किं-कर्तव्यविमूढ़ हो गया। उसके परिवारजन उस आग की आहुति बन गये थे।

उस भयावह दृश्य को देखते हुए उसकी आँखें अश्रुमय होकर फटी की फटी रह गयीं और मानो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि घोर वज्रपात हो गया हो। लोग उसे सांत्वना देने के सिवाय कुछ नहीं कर रहे थे।

वह मूक सा खड़ा अपने आपको इस संसार में अकेला महसूस कर रहा था। उसके सपने टूटे ही नहीं वरन् उसका अस्तित्व ही मिट गया। उसकी आँखों से बह रहे आँसू चीख-चीख कर कह रहे थे विधाता ने उसके साथ ही ऐसा क्यों किया?

❖

गांधी की सामाजिक दृष्टि एवं भारतीय समाज

डॉ. रीता सिंह

गाँधी जी तत्त्वशास्त्र तथा राजनीतिक दर्शन के क्षेत्रों में रीतिबद्ध तथा शास्त्रीय पद्धति से चिन्तन करने वाले व्यक्ति नहीं थे। वे इतिहास में संघर्षशील, समाजसुधारक, समाजसेवी, विचारक तथा मुक्तिदाता के रूप में प्रतिष्ठित हुए।

बीसवीं शताब्दी में मानव जीवन के सभी पहलुओं पर रचनात्मक विचार प्रस्तुत करने वाले, महापुरुषों में गाँधी जी का नाम उल्लेखनीय है। गाँधी जी की मौलिकता भी इस प्रसंग में, वर्णन करने योग्य है कि उन्होंने विचार को चिन्तन तक ही सीमित नहीं रखा। उनका प्रत्येक विचार उनका आचरण बन गया। यदि समाजशास्त्रीय सिद्धान्त निर्माण, अध्ययन पद्धति विश्लेषण या विषय वस्तु निर्धारण करना ही सामाजिक होने की आवश्यक शर्त है तो गाँधी जी सामाजिक विचारक नहीं थे; किन्तु यदि सामाजिक विचारक का कार्य सामाजिक समस्याओं के विषय में चिन्तन करके सामाजिक जीवन के विभिन्न पक्षों से सम्बन्धित घटनाओं के विषय में विचार प्रस्तुत करना है, जो विचार व्यवहारिक जीवन में उपयोगी हों, समाज व्यवस्था को संगठित व संतुलित बनाने में सहायक हों तो इसमें कोई सन्देह नहीं कि गाँधी जी सामाजिक विचारक ही नहीं अपितु एक महान विचारक थे।

ऐसा इसलिए था कि उनका जीवन "जियो और जीने दो" की अवधारणा से अलग "दूसरों के लिए जियो" की अवधारणा पर आधारित था। समाज के सभी शोषित वर्ग के लिए उन्होंने आवाज उठाई। स्वयं उनके मध्य जाकर उनकी अस्मिता को ललकारा और व्यक्ति की पहचान व्यक्ति से करवाई। कार्य की अपवित्रता और पवित्रता के स्थान पर कार्य के महत्त्व को समझाया। वर्ण की प्राप्ति जन्म से न मानकर कर्म से बताया। स्त्री जाति को पूर्ण सम्मान दिया और कहा कि अपने व्यवहार में स्त्रियाँ पुरुषों से कहीं ज्यादा ऊँचे मानदण्ड रखती हैं। उन्होंने सत्याग्रह संग्राम में भाग लेने के लिए भी स्त्रियों को आमंत्रित किया था। ऐसा उन्होंने सिर्फ इसलिए नहीं किया कि वह उन्हें पुरुषों के समान मानते थे वरन् ऐसा इसलिए किया क्योंकि सत्याग्रह जैसे संग्राम में अपार धीरज और सहनशीलता जैसे गुणों की आवश्यकता थी और ये गुण स्त्रियों में अधिक पाया जाता है।

गाँधी जी के रचनात्मक कार्यक्रम में मद्यनिषेध के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाये गए थे क्योंकि गांधी जी स्वस्थ, संस्कारी और नैतिक जीवन के पक्षपाती थे। इसके लिए वह आवश्यकताएँ कम करके जीवन में सादगी लाने का प्रतिपादन करते थे। गाँधी जी शिक्षा में भी पर्याप्त सुधार चाहते थे। क्योंकि वे मानते थे कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो अर्थकरी हो और व्यक्तित्व के विकास में अपना योगदान दे। शोषित

वर्ग के साथ-साथ उन्होंने पूँजीपति वर्ग के समर्थन में भी मार्क्स के विपरीत विचार दिया है कि हमें पूँजीपतियों को समाप्त करके साम्यवाद नहीं लाना है क्योंकि पूँजी बढ़ाने की क्षमता भी सभी में नहीं होती। हमें सत्याग्रह के माध्यम से उनका हृदय परिवर्तित करना होगा, जिससे वे अतिरिक्त धन का प्रयोग समाज विकास हेतु करें। कुटीर उद्योग व स्वदेशी आन्दोलनों के माध्यम से बुनकरों के पक्ष में भी उन्होंने अपने विचार दिए।

गाँधी जी समाज में व्याप्त उन सभी कुप्रथाओं का विरोध करते थे जो समाज व राष्ट्र की एकता में बाधा पहुँचाते हों या व्यक्ति का शोषण करते हों; क्योंकि सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण तभी सम्भव है जब वहाँ के व्यक्ति संतुष्ट, संगठित एवं नैतिकता से परिपूर्ण हों। ऐसे व्यक्तियों से ही बन सकेगा स्वस्थ समाज, सुदृढ़ राष्ट्र एवं राष्ट्र की अस्मिता जिसके लिए गाँधी ने किया आजीवन चिन्तन, संघर्ष एवं निःस्वार्थ सेवा।

❖

सुनहरा गाँव

कु. रीता पाण्डेय
प्रथम वर्ष

वो पीपल की छाँव, वो सुनहरा सा गाँव
वो नदियों का कलकल, वो पेड़ों की हलचल
वो पक्षियों का कलरव, वो भौंरों का गूँजन
कहाँ गया ये सब

वो मीठे-मीठे आम, वो ठण्डी-ठण्डी छाँव
वो भीनी-भीनी हवा, वो सखियों का साथ
गुम हो गया न जाने कहाँ

इन सबको याद कर दिल रोता है
शहरों में ये सब कहाँ होता है।

जिन्दगी

कु. समिया सुबूही
प्रथम वर्ष

ज़िन्दगी रंग बदलती है
नये-नये सांचे में ढलती है
कभी फूलों की बारिश तो
कभी कांटों की बरसात होती है
कभी लबों पे खिलते हैं तबस्सुम
कभी अश्कों से आंखें जगमगाती हैं
ज़िन्दगी रंग बदलती है
नये-नये सांचे में ढलती है
कभी मिलती है मुकद्दर की मेहरबानी
कभी क़िस्मत हमारी रुठ जाती है
हमारा दामन कभी खुशियों से भरती है
कभी होठों से मुस्कुराहट छीन लेती है।
ज़िन्दगी रंग बदलती है
नये-नये सांचे में ढलती है
कभी आती है बहार जिन्दगानी में
कभी मौसम ख़िजाओं का भी लाती है
कभी जो कामयाबी कदम हमारे चूमती है
कभी नाकामियाँ भी मुकद्दर की दिखाती है
ज़िन्दगी रंग बदलती है
नये-नये सांचे में ढलती है
कभी कराती है सैर हमको आसमां की
कभी ला बिठाती है ज़मीं की बांहों में
कभी ले जाती है ख्वाबों की दुनिया में
कभी खींच लाती है हमको हक़ीकत में
ज़िन्दगी रंग बदलती है
नये-नये सांचे में ढलती है।

छूआ-छूत एवं जाति-पाँति

कु. कौशाम्बी सिंह
प्रथम वर्ष

ऊँच-नीच भेदभाव भूल जाईं आज से
सगरे ललनवा के एक महतरिया
सगरे लड़िकवन के एक ही बा जरिया
बाबु रमायन सिंह चाहे होखे हरिया
सभई के लाल खून बार बाते करी करिया
केहू खातिर छिपुली बा केहू खातिर थरिया
केहू खाला दुध-भात केहू खाला दरिया
करत-करत काम अब बितली उमरिया
कबहूं त ताक तहूं प्रेम की नजरिया
तूहूं त जनमल बाट एही समाज से
ऊँच-नीच भेदभाव भूल जाईं आज से
पईसा के खेल बाटे पइसा के बतिया
घइली में पईसा बाटे कट जाई रतिया
पइसा त बूझे ना केहू के जतिया
पंडित से वियहल जग जीवन के नतिया
सबके बनाव तू आपन संघतिया
सभई के दिल एक-एक ही सुरतिया
काहे नाहीं करे ल तू इनसे पीरितिआ
सगरी कुरीतिया मिटाई सभे नाज से
ऊँच-नीच भेदभाव भूल जाईं आज से

❖

दहेज

आकांक्षा शर्मा
प्रथम वर्ष

लाखों घर बर्बाद हो गये,
इस दहेज की होली में।
अर्थी चढ़ी कन्याओं की,
बैठ न पायी डोली में।
घर द्वार सब कुछ तो बिक गये,
चुटकी भर सिंदूर के लिये।
बाबुल कितने पैरों पर पड़े,
इक रेशम के धागे के लिये।
कितनी बहनें बर्बाद हो गयीं,
कितनी सुबह रात हो गयी।
कितनी ज़िन्दगियों को निगला,
फिर भी मरा न हाय दहेज।

❖

अन्तिम सत्य

यशिका तिवारी
तृतीय वर्ष

हम नहीं बोलते,
हमारी आँखें बोलती हैं।
हम नहीं चलते,
हमारी साँसे चलती हैं।
हम नहीं हँसते,
हमारी खुशियाँ हँसती हैं।
हम नहीं रोते,
हमारी अधूरी कामना रोती है।

हम नहीं बहते,
हमारी भावना बहती है।
हम नहीं गहरे,
हमारी अनुभूति गहरी है।
सभी में बस हम नहीं
हमारा प्रेम हमारी प्रीति
यही है राह हमारी
अन्तिम सत्य तक पहुँचने की।

खोया हुआ

नैनी वर्मा
द्वितीय वर्ष

यह आकाशवाणी है,
सुनिये खोये हुये व्यक्तियों की सूचना,
मैंने भी सुना।
उन्हीं खोये हुए व्यक्तियों में
यह भी एक प्राणी है।
अपना भी नाम,
लौटाने वाले को ईनाम।।
यहीं कहीं तो गिरा है।

टूट कर विश्वास
अंधेरे से घिरा है।
अपना प्रकाश।।
इसे कौन पायेगा?
यहाँ तक कौन आयेगा?
फिर भी यह जानता है।
टूटू विश्वास को मानता है।
न साथी कोई अपना है
क्योंकि वापस तो लौटना है।

❖

Oh! Examination

Km. Puja Bohra
Part-III

Oh! Dear examination,
you take lots of concentration,
I am afraid of you,
Tell me what to do,
you are early I am late,
Day by day I'm loosing weight.

Please leave me and go away
I only want to sit & may.
If you don't leave my room,
I will have to stay in gloom,
I have no preparation
Oh! Dear examination

❖

मौत

कु. विनीता चतुर्वेदी
प्रथम वर्ष

मौत तू एक हसन सौगात है
जो मिलती है जिन्दगी में एक बार
यूँ तो डर बना रहता है तुझे लेकर
पर इसी डर के साथ जीता है हर इंसान
जिन्दगी को बस एक बार।
मौत तू खुदा का वो बेशकीमती तोहफा है
जो कभी आसानी से तो कभी काफी शिद्दतों के बाद मिलता है।
तू तो वो हसीन गुलाब है
जो उम्र की ढलती हुई शाम में खिलता है
मौत तू ही रवानी है इस जिन्दगी की
तूने ही तो लिखी है खामोश कहानी जिन्दगी की
तू ही खतम और तू ही है आगाज़ जिन्दगी की
तुझसे ही है हर साज़ जिन्दगी की
मौत तुझे करीब से समझने की इस दिल में चाहत सी है।
कभी न कभी तो राहों में मुलाकात हो ही जाएगी
बस इसी बात से राहत सी है।
तू वक्त के साथ नहीं
वक्तों को ही अपने मुताबिक मोड़ लेता है
इंसान कितना ही हिम्मतदार क्यों न हो
तू उसे अपने एक ही वार में तोड़ देता है।
तेरी इसी रूमानियत के तो हम कायल हो गए हैं।
जिन्दगी तो बस चलती ही रही है
हम तो तेरे तिलिस्म में खो गए हैं।

❖

वर्तमान भारतीय समाज में नारी की स्थिति

डिम्पल परमार
तृतीय वर्ष

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में असंदिग्ध रूप से यह कहा जा सकता है कि भारतीय समाज के प्रत्येक क्षेत्र में नारियों ने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए आत्मोन्नयन के साथ राष्ट्रोन्नयन को मूर्त रूप प्रदान किया है। इसके बावजूद इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता है कि विकास और सामाज़िक दृष्टि से नारियाँ अभी भी पुरुषों की अपेक्षा बहुत पीछे हैं।

महिलाओं के लिए सरकारी प्रयासों के तहत सरकार ने वर्ष २००१ को "महिला सशक्तिकरण" वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की थी; किन्तु क्या ऐसे प्रयासों से नारियों को वैदिक युग का समाज एवं अधिकार वर्तमान भारतीय समाज में प्राप्त हो सकते हैं? उत्तर वैदिक काल से मनु एवं पुराणों के विचार के बाद नारी धीरे-धीरे परतंत्र होने लगी और मध्यकाल (अत्यधिक मुस्लिम काल) में नारी निस्सहाय एवं अबला बना दी गई। उसी समय से समाज पुरुष प्रधान बन गया। यह प्रवृत्ति वर्तमान में विद्यमान है।

वर्तमान समय में भी नारी अबला ही समझी जाती है। भारत को स्वतंत्रता प्राप्त किए हुए पचास वर्ष पूरे हो चुके हैं। संविधान के द्वारा जो अधिकार नारी को प्रदान किये गए हैं, उसे भी प्राप्त नहीं कर पा रही है।

इन अधिकारों के द्वारा कुछ नारियों के प्रगति कर लेने से भारत के उन गाँवों में निवास करने वाली नारियों की प्रगति नहीं होती है। नारी प्रगति का अर्थ पूरे नारी समाज से लिया जाना चाहिए।

वर्तमान भारतीय समाज के गाँवों की नारियाँ अभी भी दूरसंचार एवं मीडिया से कटी हुई हैं। कुपोषण, अशिक्षा एवं अंधविश्वास की शिकार बनी हुई हैं। जो भी नारी-जागरुकता के कार्यक्रम होते हैं, वे शहरों एवं नगरों में ही ज्यादा होते हैं। इसके कारण गाँव की नारियाँ इसका सदुपयोग नहीं कर पाती हैं।

समाज में नारी का अभी भी सही स्थान न प्राप्त करने का मुख्य कारण नारी भी है। वर्तमान समय में देखा जा सकता है कि अक्सर नारी का विरोध नारी के द्वारा ही होता है। जिसका स्पष्ट उदाहरण किसी भी परिवार में देखा जा सकता है, चाहे वह बहू के साथ सास का क्रूर व्यवहार हो पुत्री के प्रति माँ का अविश्वास हो या दादी के विरोध के कारण नातिन भ्रूण की हत्या हो, अधिसंख्य मामलों में नारियाँ ही नारियों का विरोध करती हैं, जबकि उन्हें नारी होने के नाते नारी के प्रति प्यार तथा सहानुभूति रखनी चाहिए।

२१वीं सदी में आ जाने के बावजूद वर्तमान भारत में नारी की स्थिति दयनीय है। आज नारी भ्रूण हत्या समाज में अमानवीयता की हद तक पहुँच गयी है। वह नारी जिसका गर्भपात कराया जाता है वह

भी इसका विरोध नहीं कर पाती है इसलिए वह चुप रहती है कि वह स्वयं भुक्तभोगी रह चुकी है। ऐसे में कैसे कहा जाए कि भारतीय समाज में नारी सुरक्षित है। आज के विकासशील समाज में भी उसे दहेज जैसी कुप्रथा का शिकार बनना पड़ रहा है। उसे दहेज के लिए मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और आग व जहर के द्वारा मृत्यु के गोद में सुलाया जा रहा है।

सरकार के द्वारा जितनी भी योजनाएँ चलाई जा रही हैं उनमें सिर्फ आरक्षण के नाम पर नारियों का नाम चलता है। उनके जगह पर पति या पुत्र कार्य करते हैं। उनका नाम सिर्फ कागज के टुकड़े में सिमट कर रह गया है।

अन्ततः निष्कर्ष में कहा जा सकता है कि नारी को जो स्थान सचमुच में आजादी के पचास वर्ष के पश्चात प्राप्त होना चाहिए था वह अभी प्राप्त नहीं हुआ, क्योंकि नारी को राष्ट्र के साथ-साथ समाज एवं परिवार का भी सहयोग चाहिए। किन्तु अन्ततः नारियों का उन्नयन नारियों के हाथ में ही है।

"दृढ़ इच्छा शक्ति के बिना प्रयास ठीक उसी प्रकार होगा जिस प्रकार किसी बुत के हाथों में परमाणु हथियार के होते हुए भी किसी चूहे का शिकार भी असम्भव है।"

❖

समय

कु. चन्द्रकला सोनकर
प्रथम वर्ष

☞ आप १ वर्ष के महत्त्व को समझते हैं तो
➡ एक विद्यार्थी से पूछें जो परीक्षा में फेल हो गया है।

☞ आप १ महीने के अर्थ को समझते हैं तो
➡ एक माँ से पूछें जो अपने बच्चे को जन्म देना चाहती है।

☞ आप १ सप्ताह के महत्त्व को समझते हैं तो
➡ साप्ताहिक पत्रिका के सम्पादक से पूछें।

☞ आप १ घंटे के महत्त्व को समझते हैं तो
➡ एक मरीज से पूछें जो जिन्दगी-मौत से लड़ता है।

☞ आप १ मिनट के महत्त्व को समझते हैं तो
➡ एक यात्री से पूछें जो अपनी रेल छोड़ चुका हो।

☞ आप १ सेकेण्ड के महत्त्व को समझते हैं तो
➡ एक घायल व्यक्ति से पूछें जो अभी तक स्वस्थ था।

☞ आप एक मिली सेकेण्ड के महत्त्व को समझते हैं तो
➡ एक ओलम्पिक खिलाड़ी से पूछें जिसने रजत पदक प्राप्त किया।

❖

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय लोकतंत्र

ऋचा पांडे
तृतीय वर्ष-इतिहास

भारत में लोकतन्त्र स्थापित हुये आज लगभग ५० वर्षों से अधिक समय बीत चुका है। वर्तमान समय में भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतान्त्रिक देशों की श्रेणी में आता है।

भारत में लोकतंत्र की स्थापना के पीछे भारतीय स्वतंत्रता का काफी लम्बा संघर्षपूर्ण इतिहास रहा है। लोकतंत्र की स्थापना के पूर्व यहाँ विदेशियों का शासन था। इस विदेशी दासता से मुक्ति दिलाने के लिये हमारे स्वाधीनता सेनानियों व महान राष्ट्रवादी नेताओं ने अनगिनत बलिदान दिये। इन महान् देशभक्तों के बलिदानों व अथक प्रयत्नों के कारण ही अंततः १५ अगस्त १९४७ को भारत को आज़ादी मिली।

आज़ादी के बाद भारत ने अपना एक नवीन संविधान बनाया जिसकी मूल प्रस्तावना में भारत को एक लोकतान्त्रिक देश घोषित किया गया। संविधान-निर्माताओं की यह प्रबल इच्छा थी कि भारत एक आदर्श लोकतान्त्रिक देश के रूप में विकसित हो जिसमें सभी नागरिकों को शासन में भाग लेने का पूर्ण और समान अवसर प्राप्त हो। इस संदर्भ में महात्मा गांधी ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा था–

> "लोकतन्त्र का अर्थ मैं यह समझता हूँ कि इस तन्त्र में नीचे से नीचे और ऊँचे से ऊँचे सभी व्यक्तियों को आगे बढ़ने का समान अवसर प्राप्त हो।"

वर्तमान में भारतीय संविधान की इच्छा के अनुरूप ही भारत में लोकतंत्रात्मक शासन स्थापित किया गया है। भारतीय संसद लोकतंत्र की आदर्श प्रतीक है। इसके अतिरिक्त मताधिकार का व्यापक प्रयोग, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया आदि ऐसे तत्त्व हैं जो इस बात की ओर संकेत करते हैं कि भारत में निश्चय ही लोकतंत्र स्थापित है।

इतना सब कुछ होते हुये भी यदि हम अपनी दृष्टि निष्पक्ष रूप से वर्तमान भारतीय राजनीतिक परिदृश्य पर डालें तो क्या हम कह सकते हैं कि आज भी भारत में लोकतंत्र का वही आदर्श स्वरूप विद्यमान है जिसकी परिकल्पना हमारे संविधान-निर्माताओं ने की थी?

लोकतंत्र का अर्थ होता है–जनता का शासन जिसमें जनता निष्पक्ष होकर योग्य प्रतिनिधियों को चुने और इस आधार पर उनके द्वारा जनता की इच्छानुसार शासन चलाया जाय; लेकिन वर्तमान में तो यह कपोल-कल्पना ही प्रतीत होती है। आज सभी लोग जाति, धर्म जैसी क्षुद्र संकीर्णताओं से ग्रसित होकर देश का शासन ऐसे भ्रष्ट व्यक्तियों के हाथों में दे रहे हैं जो शायद लोकतंत्र का अर्थ तक न जानते हों।

प्रश्न यह उठता है कि क्यों २१वीं सदी में आने के बाद भी हमारी विचारधारा अत्यन्त संकुचित है, हम यह नहीं समझते कि जो लोग हमसे जातीय, भाषायी, धार्मिक अथवा अन्य किसी आधार पर वोट माँगते

हैं वो मात्र अपने राजनैतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए ऐसा करते हैं इनको किसी भी धर्म, सम्प्रदाय अथवा जाति से कोई सहानुभूति नहीं होती। वास्तव में यह सब मात्र इन लोगों की अवसरवादी प्रवृत्ति और सत्तालोभी आकांक्षा होती है।

अतः इन परिस्थितियों में हमें यह अवश्य सोचना चाहिये कि इन राजनैतिक स्वार्थों से प्रेरित व्यक्ति, जिन्हें हम अपनी संकीर्ण विचारधाराओं के आधार पर अपना प्रतिनिधि चुनते हैं, ऐसे लोगों के हाथों में हमारा लोकतंत्र कहाँ तक सुरक्षित और कहाँ तक सफल है।

आज न तो हमारे देश में व्यक्ति के अधिकार सुरक्षित हैं और न ही उसे समान रूप से अवसरों के उपभोग का पूर्ण अधिकार मिल रहा है। ऐसी दशा में हम यह कैसे कह सकते हैं कि भारत एक सफल लोकतन्त्रात्मक देश है। भ्रष्टाचार, घूसखोरी, घोटालों आदि जैसे श्वेतवसन अपराधों की संख्या राजनीति में निरंतर ही बढ़ती जा रही है क्या यही हमारे लोकतंत्र का आदर्श स्वरूप है?

वास्तविकता तो यह है कि वर्तमान में भारत का लोकतंत्र भीड़तन्त्र में परिवर्तित होता जा रहा है जिसमें राजनैतिक नेता लोग महज अपने ही स्वार्थों की पूर्ति में लगे हुये हैं। इस वर्तमान भारतीय लोकतंत्र में आदर्श लोकतंत्र का प्रतिबिम्ब मात्र ही शेष रह गया है।

लोकतंत्र के इस विकृत स्वरूप के लिये निश्चय ही हम जिम्मेदार हैं जो अपनी संकीर्णताओं व स्वार्थों के चलते शासन गलत व्यक्तियों के हाथों में दे रहे हैं। अतः आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी जागरुक होकर अपने मानसिक व बौद्धिक विचारधाराओं को व्यापक बनाये और शासन संचालन ऐसे योग्य व्यक्तियों के हाथों में दें जो न केवल लोकतंत्र के सजग प्रहरी हों अपितु हमारे देश में लोकतंत्र के वास्तविक आदर्श स्वरूप की स्थापना में भी सफल हों।

❖

Seven Social Sins

Km. Ankita Gupta
Part-I

- Politics without Principles
- Wealth without Work
- Commerce without Morality
- Education without Character
- Pleasure without Conscience
- Science without Humanity
- Worship without Sacrifice

छायावाद और पन्त

डॉ. तृप्ति रानी जायसवाल

बीसवीं शताब्दी के शुरू के पन्द्रह वर्षों में भारत की आर्थिक राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिस्थितियाँ उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम वर्षों की परिस्थितियों के विकसित और परिवर्द्धित रूप में ही दिखलाई पड़ती हैं। काव्य की भाषा खड़ी बोली हुई उसका परिष्कार हुआ। हिन्दी कविता में छायावाद के रूप में व्यक्तिवादी भावनाएँ अनेक रूपों में अभिव्यक्त हुईं। चाहे वह पार्थिव प्रेम की कविता हो या आध्यात्मिक प्रेम की, चाहे राष्ट्रीय हो या मानवतावादी, सभी में कवि अकेला एक योद्धा के रूप में समाज के बन्धनों से मुक्ति पाने के लिए जूझता हुआ दिखलाई पड़ता है। छायावादी कवियों ने सूक्ष्म आन्तरिक और भावात्मक सौन्दर्य को अपना लक्ष्य बनाया। छायावादी कवियों ने प्रिय अथवा प्रकृति के सर्वश्रेष्ठ और भव्यतम स्वरूप को ही प्रस्तुत किया। मनु श्रद्धा को ज्योत्स्ना निर्झर के रूप में देखते हैं–

"कौन हो तुम खींचते यों मुझे अपनी ओर।
और ललचाते स्वयं हटते उधर की ओर।
ज्योत्स्ना निर्झर! ठहरती ही नहीं यह आँख।
तुम्हें कुछ पहचानने की खो गई सी साख। (कामायनी)

प्रकृति के सुन्दरतम ग्रामीण पहाड़ी वातावरण में जन्म लेने तथा पलने के कारण सुमित्रानन्दन पन्त ने प्रकृति को अपने और अपने मानव-समाज से अलग नहीं देखा, उसको मानव-जीवन के अभिन्न अंग के रूप में ही स्वीकार किया। पन्त को सभी मानवीय प्रवृत्तियाँ एवं चेष्टाएँ प्रकृति के कण-कण में अन्तर-गर्भित ही दिखाई पड़ीं। एक तरफ उन्हें प्रकृति-सौन्दर्य-सरिता में दार्शनिकता की लहरें दिखाई दीं तो दूसरी ओर उन्होंने प्रकृति का मानवीकरण भी किया। दुःख-सुख के परिज्ञान से जो चिन्तनपूर्ण संवेदना कवि में पैदा होती है, ज़िसे उन्होंने इन शब्दों में व्यक्त किया है–

"जग पीड़ित है अति दुःख से,
जग पीड़ित रे अति सुख से,
मानव-जंग में बँट जावें
दुख सुख से और सुख दुःख से।"

छायावादी कवि किसी वस्तु को देखकर उसका चित्रण उसी रूप में नहीं करता जैसी वह है, बल्कि उसके व्यक्तित्व, संस्कारों, मनोविकारों और कल्पना के कारण उसे जैसी दिखती है, उसी क्रम में चित्रित करता है। इसमें कवि का व्यक्तित्व तो स्पष्ट दिखलाई पड़ता है किन्तु उसकी अपनी जीवन-कथा उसमें नहीं प्रवाहित होती है। जीवन, प्रकृति, मानव, ईश्वर आदि सब की, कवि अपने भावानुकूल अभिव्यंजना करता है जैसे वे वायु से कहते हैं–

"प्राण तुम लघु-लघु गात।
नील नभ के निकुंज में लीन।
नित्य नीरव निस्संग नवीन।
निखिल छवि तुम छवि हीन।
अप्सरी सी अज्ञात।" (गुंजन)

चितम्बरा की भूमिका में कवि पन्त ने स्वयं स्वीकार किया है कि "मैंने बाहर के प्रभावों को सदैव अपने ही अन्तः के प्रकाश में ग्रहण किया है और वे प्रभाव मेरे भीतर प्रवेश कर नवीन दृष्टिकोणों तथा उपकरणों से मंडित होकर निखरे हैं जिन्हें मैं समय-समय पर अपनी रचनाओं में वाणी दे सका हूँ।" 'वीणा' 'पल्लव' की रचनाओं को देखकर लगता है कि कवि मुख्यतः प्रकृति के कवि हैं। ये सब रूपकाव्य हैं। उनकी सारी महिमा रूप-चित्रण की महिमा है। 'बाला-पन', 'परिवर्तन' तथा 'अनंग', 'पल्लव' की कविताओं में केवल भावनाओं का सौन्दर्य है। किन्तु 'गुंजन' तक आते-आते पल्लव कालीन पन्त जी का किशोर मन अपना सहज सन्तुलन खो चुका था, जो प्रकृतिगत जीवन सिद्ध संस्कारों तथा संसार के प्रति जन्मजात विश्वासों का बना था। 'गुंजन' काल में उनमें नवीन आत्म विश्वास जागृत होने लगा था। मानव-जीवन के दुःख-दैन्य के साथ ही मानसिक उहापोहों को नवीन बोध के धरातल पर उठाने के साथ ही जगजीवन से भी नवीन रूप से सम्बन्ध स्थापित करने की जिज्ञासा कंवि को प्रेरित करने लगी थी। 'जग-जीवन में ही है सुख-दुःख' अथवा 'स्थापित कर जग में अपनापन' आदि अनेक रचनाओं में कवि की जिज्ञासा को देखा जा सकता है। 'तप रे मधुर-मधुर मन' 'गुंजन' की प्रथम रचना है जिसमें कवि अपने अनुभवों की आँच में तपकर अपने मन को नवीन रूप, नवीन विश्वासों में ढालना चाहता है।

'युगान्त' की कविताओं में कवि की भावना में नवीन के प्रति आग्रह उत्पन्न होने लगा जो हमें 'द्रुत झरो जगत के जीर्ण पत्र' अथवा 'रच मानव के हित नूतन मन' आदि रचनाओं में देखने को मिलता है। इस नवीन भाव-बोध के सम्मुख कवि का 'पल्लव युग का कलात्मक मोह टूटने लगा था। कवि का मन युग के आन्दोलनों, विचारों, भावों तथा मूल्यों के नवीन प्रकाश में आन्दोलित होने लगा। 'युगान्त' नामक संग्रह की 'मानव' शीर्षक रचना में मानव एकदम भिन्न दिखाई देता है। एक ओर कवि मानव के सम्मुख नतमस्तक होता है जैसे वह कोई देवता हो, दूसरी ओर कवि उसे विश्व की सबसे परिपूर्ण रचना मानता है :

"सुन्दर है विहग, सुमन सुन्दर।
मानव तुम सबसे सुन्दरतम।।"

मानवतावादी कवि पन्त ने बुद्ध, गाँधी, अरविन्द, रवीन्द्र जैसे संसार के प्रमुख उन्नायकों को आदर्श पुरुष मानकर उनके कर्म-सौन्दर्य की प्रशंसा मुक्त हृदय से की है। बुद्ध की पारमार्थिक सेवा परायणता, गांधी का सात्विक सेवा-भाव, अरविन्द का सन्तुलित जीवन-दर्शन, रवीन्द्र की निश्छल सौन्दर्य-प्रियता को अपने काव्य का आधार बनाया। चाँदनी की स्निग्धता से परिपूर्ण गाँधी जी की शुभ्र-मुस्कान का स्वागत करते हुए पन्त कहते हैं :

"देख रहा हूँ शुभ्र चाँदनी का सा निर्झर,
गाँधी युग अवतरित हो रहा जन धरणों पर।
विगत युगों के तोरण, गुम्बद, मीनारों पर,
नव प्रकाश शोभा रेखाओं का जादू भर।"

पन्त जी की प्रारम्भिक प्रकृति विषयक रचनाओं की तुलना में 'युगान्त' के प्रकृति-चित्र आमतौर पर अधिक यथार्थ लगते हैं। आरम्भ में कवि संसार की ओर मानो ऐसी ऐनक के बीच में से देखता था, जो उसकी अनूठी कल्पना एवं भाववादी विचार प्रणाली के रंग में रंगी हुई थी, किन्तु अब वे चतुर्दिक की वास्तविकता को सीधे अपनी आँखों से देखते हैं, उनकी कविता में अब प्रेरणादायिनी प्रकृति क्रमशः पृष्ठभूमि में रहने लगी, प्रकृति अब मानवीय अनुभूतियों के सुस्पष्ट एवं सर्वांगीण उद्घाटन का एक साधन मात्र बन गई। 'युगान्त' में पहली बार पन्त जी ने श्रमिक जनता के जीवन की पूरी संकटपूर्णता एवं अभावग्रस्तता का चित्र अंकित किया :

"ये नाप रहे निज घर का मग
कुछ श्रमजीवी घर डगमग डग
भारी है जीवन, भारी पग।"

सन् १९५० में 'ग्राम्या' का प्रकाशन हुआ। 'ग्राम्या' में ग्राम-जीवन का दर्शन है। ग्रामीण जीवन के विविध रूपों और कुरूपों के सुन्दर शब्द-चित्र और भाव-चित्र कवि ने प्रस्तुत किये हैं। पर्व, तीर्थ, नृत्य-गीत, पनघट और खेतों के रोमान्स आदि के रूप में कवि ने गाँवों के सौन्दर्य, आनन्द और उत्साह को चित्रित किया है, साथ ही गाँव की दरिद्रता, मलिनता, रूढ़िवादिता और अपूर्णता को भी कवि ने चित्रित किया है। ग्रामीणों के उत्पीड़न, उनकी बेबसी और वेदना के प्रति कवि की मार्मिक सहानुभूति है। ग्राम के विराट रूप के विविध चित्रों के अतिरिक्त ग्रामीण व्यक्तियों के भी अनेक मार्मिक चित्र हैं जो ग्राम के अतिरिक्त जीवन की हलचल को अभिव्यक्त करने में समर्थ है। ग्राम वधू, कठपुतले 'वह बुड्ढा' 'मजदूरनी' और 'ग्राम नारी' आदि ग्रामीण व्यक्तित्व के सजीव चित्र हैं। ग्राम संस्कृति के विभिन्न चित्र भी 'ग्राम्या' में देखने को मिलते हैं। 'वह बुड्ढा' शीर्षक कविता आधुनिक हिन्दी काव्य संसार की अत्यधिक सशक्त, भाव-परिपुष्ट कविताओं में से एक है। एक दरिद्र बुड्ढा कवि के द्वार पर आता है, भीख माँगता है और एक छोटा-सा सिक्का पाकर चला जाता है। यह एक नगण्य साधारण प्रसंग है, पर कवि ने उसमें इतने भाव भर दिए हैं, ऐसा दुःखपूर्ण चित्र अंकित किया है कि वह हमारी आँखों के सामने सजीव-सा खड़ा हो जाता है :

"खड़ा द्वार पर लाठी टेके,
वह जीवन का बूढा पंजर,
सिमटी उसकी सिकुड़ी चमड़ी
हिलते हड्डी के ढाँचे पर।

उभरी ढीली नसें जाल सी,
सूखी ठठरी से हैं लिपटी।
पतझर में ठूँठे तरू से ज्यों
सूनी अमर बेल हो चिपटी।।''

उक्त कविता में वर्णित दरिद्र भाग्यहीन बुड्ढे की मूर्ति में मानो समस्त जनता का सारा दुःख ही कूट-कूट कर भरा हुआ है।

'ग्राम्या' संग्रह की रचनाओं में पन्त जी ने भारतीय नारियों और विशेषकर कृषक स्त्रियों की स्थिति को लेकर ही लिखा है। 'ग्राम युवती' शीर्षक रचना में देहाती लड़की की मनोहर प्रतिमा अंकित है। वह सिर पर भारी गागर लिए जल छलकाती, रस बरसाती, बल खाती घर आती है। पर एकाएक कविता का स्वर बदल जाता है। अभाग्य, दुख, कमरतोड़ श्रम, अखण्ड अभाव से भरा जीवन-बस यही है ग्राम-नारी के ललाट का लेखा :

जर्जर हो जाता उसका तन
ढह जाता असमय यौवन धन
बह जाता तट का तिनका
जो लहरों से हँस खेला कुछ क्षण।''

पर भारतीय नारी को मध्ययुगीन कूपमंडूकता से मुक्त और झूठे पूर्वाग्रहों की दम घोंटने वाली दलदल से बाहर निकालने का प्रयास 'मजदूरनी के प्रति' शीर्षक रचना में उभर कर आता है :

''निज बंधन खोल, तुमने स्वतन्त्रता की अर्जित।
स्त्री नहीं, आज मानवी बन गई तुम निश्चित।।''

'ग्राम्या' के भाव पक्ष को कवि ने कोरी भावुकता से बचा कर सहानुभूतिपूर्वक मान्यताओं के प्रकाश में सँवारा है। लोक-जीवन के कलुषित पंक को धोने के लिए नये मानव की अन्तर पुकार को प्रस्तुत किया है। 'ग्राम्या' में कवि का दृष्टिकोण मानव जीवन के सत्य के प्रति समन्वयात्मक ही रहा। मानव जीवन के विकास के लिए भौतिक आध्यात्मिक दोनों मूल्यों की अनिवार्य आवश्यकता पर बल दिया है। 'ग्राम्या' नामक संग्रह की रचनाएँ प्रकृति विकास की दृष्टि से उनकी प्रारम्भिक रचनाओं से मूलतः भिन्न है। दारिद्र्य, दुःख एवं अज्ञान के भयानक प्रभावशील चित्र पन्त जी की आँखों के सामने खड़े होते हैं। आनन्द भरी प्रकृति के विरोध में कवि लोगों के आनन्द शून्य जीवन को प्रस्तुत करता है। 'ग्राम चित्र' शीर्षक कविता के उदाहरण देखे जा सकते हैं :

यहाँ नहीं है चहल-पहल!
वैभव विस्मित जीव की!
यहाँ डोलती वायु, म्लान!

सौरभ मर्मर ले-वन की!
आता मौन प्रभात अकेला!
सन्ध्या भरी उदासी!
यहाँ घूमती दोपहरी में!
स्वप्नों की छाया सी!

'पल्लव' के सौन्दर्य-बोध के क्षितिज से जब कवि बाहर निकले और बाहर के जगत् के प्रति प्रबुद्ध हुए तो उन्हें जीवन के भीतरी बाहरी परिस्थितियों का बोध पीड़ित करने लगा। सामाजिक जीवन की सीमाओं से क्षुब्ध होकर कवि ने 'युगान्त' 'युगवाणी' 'ग्राम्या' में पुरानी दुनिया की अन्ध रूढ़ि, रीति, परम्पराओं तथा संकीर्ण आर्थिक राजनीतिक प्रणाली तथा सामाजिक परिस्थितियों में पथराई बाह्य जीवन की चेतना पर निर्मम आघात किया और अपने युग की सम्भावनाओं से दृष्टि प्राप्त कर नवीन परिस्थितियों के विपरीत सत्य को वाणी देने का प्रयत्न किया। जिस समय भारतीय सांस्कृतिक जीवन में महात्मा अरविन्द ज्वलन्त प्रकाश पुंज की तरह आभा बिखेर रहे थे; धर्म और अध्यात्म के क्षेत्र में महर्षि विवेकानन्द के क्रान्तिकारी विचार जन जीवन में जागरण फैला रहे थे प्राय: उसी समय पन्त जी समन्वयवाद के दर्शन को और भी समृद्ध, आकर्षक और भड़कीला बनाने का प्रण लेकर, युग के सम्मुख नवमानववाद अथवा नवचेतनावाद का दर्शन लेकर उपस्थित हुए।

❖

प्रेम

यशिका तिवारी
तृतीय वर्ष

करते हो प्रेम किसी से गर,
कर दो उस पर सर्वस्व वार
तिनके की भी उम्मीद न करना
सच्चे प्रेम का यही आधार

शिक्षा के प्रति भारतीय दृष्टिकोण

मुदिता राय
बी.ए. द्वितीय वर्ष

आधुनिक युग में हम आर्थिक प्रगति को ही जीवन का मुख्य लक्ष्य मानते हैं। जीवन स्तर को उत्तरोत्तर श्रेष्ठ बनाने के लिए शिक्षा को आजीविका के साथ जोड़ना आवश्यक हो गया है। परन्तु आधुनिक शिक्षा व्यवस्ता के तहत विद्या की साधना तो की जा रही है परन्तु प्रज्ञा के विकास पर बल नहीं दिया जाता है फलस्वरूप शिक्षा केवल साक्षरता में ही सीमित हो गई हैं। सर्वागीण बोध शक्ति का अभाव नयी पीढ़ी में व्याप्त होता जा रहा है।

प्राचीन भारतीय परम्परा में शिक्षा को अज्ञात से ज्ञात की ओर बढ़ने की निरन्तर यात्रा के रूप में देख गया है। हमारी प्रमुख प्रार्थना थी–

असतो मा सद्गमय
तमसो मा ज्योतिर्गमय
मृत्योर्मामृतं गमय।

तात्पर्य यह है कि जन्म से मृत्यु के सामने तीन प्रस्थान बिन्दु हैं अन्धकार, मृत्यु, असत्य। हमारा अन्धकार मिटे। हम मृत्यु के रहस्य को जान सकें। असत्य का हमारे जीवन में कोई स्थान न रहे।

वस्तुतः शिक्षा मानव जीवन के प्रत्येक अंग एवं उसके कृत्य से सम्बन्ध रखती है तथा उसे कोई कार्य करने न करने की विचार शक्ति प्रदान करती है।

सुभाषित रत्न संग्रह में वर्णित है कि ज्ञान मनुष्य का तीसरा नेत्र है जो समस्त तत्वों के मूल को समझने में समर्थ बनाती है तथा उसे सही कार्यों में प्रवृत्त करती है–

अनेकसंशयोच्छेदि परीक्षार्थस्य दर्शकम्।
सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नारत्यन्धः एव स।।

प्राचीन भारतीय परम्परा के अनुसार शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य था धार्मिक भावना का जागरण। भारत में सब गुणों के सार का आंकलन धर्म शब्द में समाहित किया गया है। इसीलिये महाभारत में भी कहा गया है जो शिक्षित है वही धार्मिक है। भारतीय विचारकों की दृष्टि में ज्ञान की अपेक्षा चरित्र की महत्ता थी। इसी से मनु ने कहा है कि एक अच्छे चरित्र का व्यक्ति उस वेदविद् से अधिक प्रशंसनीय है जो जीवन विचार और क्रियाओं में पवित्र हो।

समाज कल्याण प्रवृत्ति पर बल देना भी शिक्षा का उद्देश्य रहा। बालक को समाज में अनेक प्रकार के लोगों के साथ रहना पड़ता है इसीलिये उसको व्यावहारिक ज्ञान की शिक्षा दी जाती थी तथा शिक्षा में

भिक्षान्न व्यवस्था चलायी गयी थी जिससे विद्यार्थी के मन में यह अनुभूति हो कि समाज का बहुत बड़ा ऋण उसके ऊपर अध्ययन काल से ही पड़ा है।

प्राचीन भारतीय परम्परा के अनुसार बालक में तर्कशक्ति का विकास करना भी शिक्षा का उद्देश्य था जिससे वह जीवन की विषय परिस्थितियों का अपने साहस और उपक्रम से सामना कर सके।

वैदिक कालीन शिक्षित नवयुवक मानवोचित सद्‌गुणों से विभूषित होते थे जबकि आधुनिक शिक्षा व्यवस्था केवल तथ्य प्रदान करके तथा बी.ए., एम.ए. की डिग्री प्रदान करके ही अपने कर्तव्य को समाप्त करना समझती है। बालक अपनी योग्यता एवं व्यक्तित्व को बहुधा समझने में असमर्थ रहता है और जीवन के कटु सत्य के सामने आकर अपने को विवश महसूस करने लगता है। आधुनिक शिक्षा पद्धति की उन त्रुटियों को ध्यान में रखते हुए एनी बेसेन्ट जैसी महान आधुनिक शिक्षाविद् का विचार था कि हमें शिक्षा के क्षेत्र में प्राचीन भारतीय आदर्शों को थोड़े बहुत आधुनिकीकरण के साथ स्वीकार करना चाहिए।

❖

हमारा महाविद्यालय

कु. नैनी वर्मा
द्वितीय वर्ष

बनारस के कालेजों में, यू. पी. के कालेजों में
हमारा महाविद्यालय श्रेष्ठ है।
प्राचार्या के अनुशासन में, छात्राओं के भाषण में
हमारा महाविद्यालय श्रेष्ठ है।
छात्राओं और अध्यापिकाओं के मेल में, दुनिया भर के कार्यक्रम में,
हमारा विद्यालय श्रेष्ठ है।
छात्राओं के विदाई में, कला और अनुशासन में,
हमारा महाविद्यालय श्रेष्ठ है।
कालेजों के विकास में, बुराइयों के निकास में
हमारा महाविद्यालय श्रेष्ठ है।
सबसे प्रशंसा पाने में, कविता-संगीत और गाने में,हमारा महाविद्यालय श्रेष्ठ है।
हमारा महाविद्यालय श्रेष्ठ है।
प्रतिनिधियों के चुनाव में, सर्वश्रेष्ठ होने के चाव में,
हमारा महाविद्यालय श्रेष्ठ है।

साक्षरता और विकास के आयाम

डा. कुमुद रंजन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 'नई तालीम' को शिक्षा कहा करते थे। वह इस बात पर जोर देते थे कि शिक्षा जीवन के लिये और जीवन शिक्षा के लिये है। गांधी जी के लिए शिक्षा में सम्पूर्ण जीवन समाहित था। उनके अनुसार जीवन के सबसे महत्वहीन पक्ष के विषय में सीखना भी शिक्षा है, इसलिए उन्होंने शिक्षा को जीवन के सबसे महत्वहीन पक्ष के विषय में सीखना बी शिक्षा है, इसलिए उन्होंने शिक्षा को जीवन का पर्याय मानते हुए स्वास्थ्य और स्वच्छता, काम और पूजा, खेलकूद और मनोरंजन जैसे जीवन के समस्त पक्षों को इससे जोड़ा और प्रत्यक्ष सम्बन्ध को न्यायोचित माना। शिक्षा की प्रथम कड़ी साक्षरता है किन्तु गांधी जी साक्षरता को जीवन का अन्त नहीं मानते थे और न ही उसे शिक्षा का अन्त बल्कि उसे शुरूआत मानते थे। इन अर्थों से यह स्पष्ट हो जाता है कि साक्षरता वह प्रक्रिया है जिससे समय तथा स्थान के अनुसार घटनाओं, विचारों और दृष्टिकोण को प्रकट करने में मदद मिलती है। यह जानकारी को संप्रेषित करने के साथ-साथ उसे संकलित करने का भी माध्यम है। इसके द्वारा मानव का शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक विकास होता है तथा यह मन, मस्तिष्क और शरीर की शक्तियों को एकजुट करने का नाम है।

विकास का सम्बन्ध केवल कल-कारखानों, बांधों और सड़कों से नहीं है। इसका सम्बन्ध बुनियादी तौर पर लोगों के जीवन से है। इसका लक्ष्य है लोगों की भौतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उन्नति, मानवीय पक्ष और उससे जुड़ी हुई बातें। इन बातों को व्यवहारिक स्वरूप प्रदान करने में शिक्षा की प्रथम कड़ी साक्षरता का महत्वपूर्ण स्थान है। साक्षरता मानव के विकास का एक बहुत ही जरूरी अंग है। यह अपनी बातों को दूसरों तक पहुँचाने, नई बातें सीखने और ज्ञान तथा विज्ञान के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम है। इस प्रकार साक्षरता, व्यक्ति की उन्नति और राष्ट्र के उत्थान की पहली शर्त है क्योंकि यह सामाजिक, आर्थिक और मानवीय विकास के साथ जड़ से जुड़ा हुआ है। यहाँ यह भी स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि साक्षरता के लिये केवल पढ़ना और लिखना आना काफी नहीं है। ऐसे लोग जो पढ़ना-लिखना जानते हैं किन्तु अपनी समस्याओं के कारणों के विषय में कम ही जानते हैं। हमारे देश में ऐसे करोड़ों पढ़े-लिखे बेरोजगार युवक हैं जिनकी जिन्दगी का वह महत्वपूर्ण हिस्सा जिसमें वो स्वयं के परिवार, राष्ट्र एवं समाज के लिए कुछ कर सकते हैं, रच सकते हैं, काम की तलाश करते-करते नष्ट हो जाता है। उनकी बेरोजगारी का सही क्या है? वे शायद ही जानते हों। अतः साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना ही नहीं बल्कि समाज में, हमारे अपने समय में और इस विस्तृत संसार में अपने लक्ष्य का पहचानना है और यही विकास की धुरी है। अतः वास्तविक और व्यावहारिक अर्थ में साक्षरता मानव के अपने दुःखों, अपनी तकलीफों और अपनी मुश्किलों के कारणों

को समझना तथा स्वयम् में यह समझ पैदा करना कि हम अपनी कठिन और समस्याग्रस्त जिन्दगी को कैसे बदल सकते हैं?

भारत में साक्षरता की आवश्यकता को इसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर दृष्टिपात करके भी देखा जा सकता है। वयस्क शिक्षा की अवधारणा भारत में नवीन नहीं है। प्रथम विश्वयुद्ध के पश्चात् ईसाई मिश्नरियों ने धर्म प्रचार के साथ-साथ बम्बई, मद्रास, पंजाब में स्कूल खोले, जो सायंकाल चलते थे। सन् १९०५ से हमारे देश में सहकारी समितियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रौढ़ साक्षरता आरम्भ हुआ। सन् १८८१ से १९३५ के बीच कुछ विश्वविद्यालयों ने भी प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम चलाये। सन् १८८२ में दादा भाई नौरोजी ने सर्वप्रथम इस दिशा में संगठित प्रयास किया था जिसका उद्देश्य सार्वभौमिकरण तथा सार्वजनिकरण था। इसी प्रकार सन् १९१० में गोपाल कृष्ण गोखले ने अनिवार्य शिक्षा प्रस्ताव रखा था। इन सभी प्रस्तावों को ब्रिटिश सरकार ने अस्वीकार कर दिया था। राष्ट्रीय स्तर पर असफलता के बाद राज्य स्तर पर बम्बई में विट्ठल भाई पटेल ने अनिवार्य शिक्षा कानून पारित किया तथा रात्रि पाठशालायें खोली गई। उत्तर प्रदेश में भी सन् १९१८ से १९२७ के मध्य अनेक रात्रि पाठशालाएँ खोली गई। सन् १९३९ के पश्चात् राष्ट्रीय स्तर पर इसकी आवश्यकता तीव्रता से महसूस की गई। इसकी पृष्ठभूमि में देश की जनसंख्या में तीव्रता से होने वाली वृद्धि और उसके अनुपात में साक्षरता की मन्द गति चिन्तनीय विषय बना। विश्व स्तर पर भी यह स्वीकार किया गया कि विकास के लिए मानव मस्तिष्क का चेतन विकास आवश्यक है। भारत जैसे पिछड़े देश ने भी अपनी स्वतन्त्रता प्राप्ति के साथ ही इसे और भी तीव्रता के साथ महसूस किया।

स्वतन्त्रता के पश्चात् राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं महाकवि रवीन्द्र नाथ टैगोर की प्रेरणा से विदेशी महिला वेल्थी होनसिंगर फिशर ने १३ फरवरी, १९५३ को उत्तर प्रदेश में साक्षरता निकेतन की स्थापना करके देश को निरक्षरता के अन्धकार से बचाने में अविस्मरणीय योगदान दिया। भारत में इन्हें अक्षरदात्री के रूप में स्मरण किया जाता है। विश्व स्तर पर इस समस्या के समाधान के लिये वर्ष १९६५ में यूनेस्को द्वारा ईरान के तेहरान नगर में आयोजित शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में निरक्षरता के विरूद्ध जनमत तैयार करने के लिये प्रत्येक वर्ष ८ सितम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

अनेक प्रयत्नों के पश्चात् भी भारत में स्वतन्त्रता की प्राप्ति से १९७१ तक के साक्षरता के आंकड़े बहुत आशाजनक नहीं रहे हैं (सारणी संख्या १)।

सारणी १ : भारत में साक्षरता का प्रतिशत (१९५१-१७१)

जनगणना वर्ष	*व्यक्ति*	*पुरूष*	*स्त्री*
१९५१	१६.६७	२४.९५	७.९२
१९६१	२४.०२	२४.४४	१२.९५
१९७१	२९.४५	३९.४५	१८.६९

सारणी के आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि वयस्क शिक्षा के क्षेत्र में साक्षरता को बढ़ावा न मिलने तथा महिलाओं को शिक्षित करके मुख्य धारा में प्रवेश दिलाने के सरकारी और गैर-सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं रहे। इसका एक कारण यह भी था कि स्वतन्त्रता के पश्चात् निरक्षरता उन्मूलन के लिए सरकारी तथा गैर-सरकारी कार्यक्रमों का केन्द्र बिन्दु औपचारिक स्कूली शिक्षा के प्रसार पर ही केन्द्रित रहा। इसके पीछे धारणा यह थी कि जब स्कूली शिक्षा का प्रसार होगा तो वयस्क निरक्षरता धीरे-धीरे स्वतः ही समाप्त हो जाएगी किन्तु ऐसा हुआ नहीं। पुंनः १९७८ में सरकार ने निरक्षरता उन्मूलन के प्रयास तेज किये तथा वयस्कों के लिये (१५-३५ वर्ष) केन्द्र आधारित और प्रत्येक एक को पढ़ाये का कार्यक्रम चलाया किन्तु यह भी असफल रहा। इसके पीछे निम्न कमियाँ दिखाई पड़ा- साक्षरता का जनान्दोलन न बन पाना, प्रौढ़ निरक्षरों में साक्षरता के प्रति रूचि न जागृत कर पाना तथा प्रशिक्षण और मूल्यांकन की कमी इत्यादि थीं।

सन् १९८८ में इन कमियों पर गम्भीरता से विचार किया गया और सातवीं पंचवर्षीय योजना में साक्षरता के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल देते हुए राष्ट्र के पाँच मिशनों में से इसे एक मिशन माना गाया। इसे जनान्दोलन का स्वरूप प्रदान करने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गाँधी द्वारा ५ मई, १९८८ को राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की स्थापना की गई। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन एक सामाजिक मिशन है। इसके पीछे सोच यह है कि लक्ष्यों को पाने के लिये सभी जगहों पर राजनीतिक संकल्प मौजूद है, सामाजिक शक्तियों को जुटाने के लिए जनमत तैयार किया जा सकता है और लोगों की छिपी हुई शक्तियों को जगाकर उनका पूरा-पूरा सहयोग पाने के तौर तरीके विकसित किये जा सकते हैं जिससे विकास को बढ़ावा मिले तथा लोगों के रहन-सहन तथा कामकाज की हालतों में सुधार हो। इस सोच के साथ १५-३५ आयु वर्ग के निरक्षर व्यक्तियों को कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

मिशन के अनुसार कार्यात्मक साक्षरता–

१. साक्षरता और गणित में आत्मनिर्भर होना;

२. अपनी गिरी हुई हालत के कारणों की जानकारी पाना और संगठित होकर विकास के कामों में भाग लेकर अपनी दशा सुधारने की कोशिश करना;

३. अपनी आर्थिक स्थिति को और उत्तम, हालत को सुधारने के लिये नये कौशल सीखना; तथा

४. राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण का बचाव, महिला और पुरुषों की समानता, छोटा परिवार-इन सामाजिक मूल्यों को अच्छी तरह समझना।

कार्यात्मक साक्षरता के इन लक्ष्यों को केन्द्र बिन्दु में रखकर १९९० में केरल के अर्नाकुलम जिले में गैर सरकारी स्तर पर इसका अनूठा प्रयोग किया गया जिसमें २० हजार स्वयमसेवी अनुदेशकों की मदद से डेढ़ लाख लोगों ने पढ़ने-लिखने के साथ स्वयम् को जागृत करने की योग्यता हासिल की। इसे एक जनान्दोलन के रूप में संगठित किया गया और संगठन में बुद्धिजीवी, वैज्ञानिक, सरकारी अधिकारी, कलाकार तथा छात्रों ने अपनी सहभागिता निभाई। इससे १९९१ में जनान्दोलन का एक प्रारूप तैयार हुआ जिसे साक्षरता मिशन द्वारा सम्पूर्ण देश पर लागू करने का प्रयास किया गया। इस प्रारूप को क्षेत्र विशेषता के आधार पर

अपना कर केरल, पाण्डिचेरी, पश्चिम बंगाल इत्यादि राज्यों ने साक्षरता के क्षेत्र में सफलता प्राप्त किया। अनेक राज्यों में साक्षरता ने नये आन्दोलनों को जन्म देकर विकास का मार्ग प्रशस्त किया जैसे आन्ध्र के नेल्लूर जिले का अरक आन्दोलन, तमिलनाडु के पुदुकोदई का क्वारी और साइकिल आन्दोलन, बिहार के मधेपुरा और पलामू का भ्रष्टाचार और भू साक्षरता आन्दोलन तथा हरियाणा का शराब बन्दी आन्दोलन इत्यादि। इसके साथ ही देश में साक्षरता का प्रतिशत भी तीव्रता से बढ़ा जिसमें महिलाओं पर विशेष प्रभाव पड़ा।

सारणी २ : भारत में साक्षरता का प्रतिशत (१९८१-२००१)

जनगणना वर्ष	*व्यक्ति*	*पुरूष*	*स्त्री*
१९८१	३६.१७	४६.७४	२४.८८
१९९१	५२.२१	६४.१३	३४.२९
२००१	६५.४	७५.८	५४.२

साक्षरता आन्दोलन और अभियान द्वारा निरक्षर बन्धुओं को प्रकाश दिखाने के पश्चात् पुनः उन्हें निरक्षर होने से बचाने के लिए दो क्रार्यकम और निर्धारित किये गये। १- उत्तर साक्षरता कार्यक्रम तथा २- सतत् शिक्षा कार्यक्रम।

इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास के निम्न आयाम सम्पादित है :-

१. बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए कौशल का विकास, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं स्वयम् सहायता समूहों का निर्माण;
२. स्वास्थ्य तथा पोषण सम्बन्धी शिक्षा;
३. महिला विकास, रोजगार तथा लिंग असमानता, शांति एवं सद्भावना;
४. महिला तथा पुरूषों को कानूनी शिक्षा और अधिकारों की जानकारी;
५. वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास तथा तकनीकी शिक्षा;
६. जनसंख्या की समस्या की जानकारी, छोटे परिवार की संकल्पना को स्थापित करना एवं परिवार नियोजन के कार्यक्रमों को बढ़ावा देना;
७. पर्यावरण कीं जानकारी तथा पर्यावरण संरक्षण;
८. विकास में अवरोधक सामाजिक कुरीतियों की जानकारी तथा राष्ट्रीय और नैतिक मूल्यों का विकास;
९. सरकार द्वारा ग्रामीण और नगरीय विकास के लिए बनाये गये योजनाओं की जानकारी तथा उसके लाभों को नवसाक्षरों तक पहुँचाना;
१०. परिवर्तन की गति के साथ नवीन परिस्थितियों को ग्रहण करने की क्षमता का विकास।

विकास के उपर्युक्त आयाम अन्तिम नहीं हैं और न ही मात्र सरकार द्वारा ही निर्धारित एवं संचालित हैं, क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुसार इन्हें अपनाया और संशोधित किया जा सकता है। यहाँ यह भी स्पष्ट

कर देना आवश्यक है कि व्यक्ति को ही आगे बढ़कर साक्षरता को अपनाना होगा। अतः इस कार्य को सरकार, स्वयम् सेवी संगठनों अथवा निःस्वार्थ भावना से परिपूर्ण व्यक्तियों द्वारा जहाँ कहीं भी संचालित किया जा रहा हो वहां निरक्षर बन्धुओं को लाभ उठा कर स्वयम् और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होना चाहिये। अंत में इस कार्यक्रम को संचालित करने वाली संस्थाओं को चर्चा के माध्यम को अपनाते हुए व्यावहारिक बनाना होगा क्योंकि क्षेत्र विशेष की अलग-अलग समस्याएँ हैं और उन्हें चर्चा के माध्यम से सामने लाते हुए आवश्यक सुधार की आवश्यकता है अन्यथा यह कार्यक्रम जनान्दोलन की अपेक्षा जनता के समक्ष प्रश्नवाचक चिन्ह छोड़ जाएगा।

❖

बूँद

यशिका तिवारी
तृतीय वर्ष

एक बूँद देखकर आज मुझको खुशी मिली
वो बूँद जो बहती है नदी की धारा में
वो बूँद जो बनाती है अस्तित्व सागर का
वो बूँद जो बुझाती है प्यास किसी प्यासे की
वो बूँद जो अक्सर आकर थम जाती है इन आँखों में।

❖

परिभाषा जीवन की

गुंजन सोनकर
प्रथम वर्ष

मानव के जीवन में,
आशा और निराशा है।
मिलना और बिछुड़ना,
जीवन की परिभाषा है।।

वैश्वीकरण: मूल्यांधता का संकटबोध

डा. आशा यादव

स्वस्थ जीवन-दृष्टि जीवन-संघर्षों में सहभागी होते हुए जीवनविषयक मूल्यों के गतिशील चिन्तन के द्वारा प्राप्त होती है। आधुनिक युग में तो कितने ही लोगों को मूल्यविषयक चिन्तन ही दकियानूसीपन की बात लगती है। आज हम वैश्वीकरण के युग में जी रहे हैं और हमें यह कहने में तनिक भी संकोच नहीं है कि आज का युग जीवन-विषयक मानव-मूल्यों के विघटन का युग है। मानव-मूल्यों का यह विघटन लोभोपहतचेता व्यक्तियों की जीवन दृष्टि का परिणाम है। यह जीवन-दृष्टि वैश्वीकरण के प्रभाव से भौतिकतावादी सभ्यता के करण विकसित हुई है। इस सभ्यता की गन्दी बेशर्म कहानी द्वितीय महायुद्ध के रूप में संसार के सामने प्रखरतापूर्वक प्रकट हुई है। इस कहानी का सबसे अधिक दर्दनाक पहलू मूल्यांधता है। यही मूल्यांधता का संकटबोध आधुनिकता बोध के केन्द्र में है। मूल्यों के विघटन ने कैंसर की तरह मानवीयता को अंदर से खोखला कर दिया है। मूल्यों के इस विघटन के परिणामस्वरूप व्यक्ति और समाज के जीवन में विवेक और आचरण के बीच खाई पैदा हो गयी है। मूल्यों के विघटन के मूल में अन्तरात्मा का विध्वंस है। नये मूल्यों के अन्वेषण और उनकी पुनः स्थापना के लिये ध्वस्त अन्तरात्मा की पुनः प्रतिष्ठा करनी नितान्त आवश्यक है। अन्तरात्मा वस्तुतः आधुनिक संदर्भ में मानवीय गौरव के प्रति हमारी जागरुक संवेदना का पर्याय है। इसलिये हमें न तो नीत्से द्वारा प्रतिपादित अन्तरात्मा की निरर्थकता की बात मंजूर है और न ही फ्रायड के समान यह मान लेना है कि मनुष्य में पाशविक अचेतन वृत्तियाँ ही सर्वोपरि हैं। हमें आज के युग द्वारा प्रतिपादित व्यक्तित्व के सृजनात्मक संतुलन के सिद्धान्त का समर्थन करने की आवश्यकता है क्योंकि मानवीय आचरण की सार्थकता सामाजिक संतुलित वैयक्तिकता में है। इस प्रकार की वैयक्तिकता में ही मानवीय गरिमा निहित है।

मानवीय गरिमा की वास्तविक प्रतिष्ठा के लिये समानता की शर्त पहलीशर्त है। इस समानता को बनाए रखने के लिये व्यक्ति और समाज को सदैव जागरूक रहना होगा। 'कोऊ नृप होहु हमहि का हानी' की उदासीनता अत्यन्त घातक है। वैश्वीकरण के दौर में विदेशी कम्पनियाँ हमारे ऊपर हावी होती चली जा रही हैं और धीरे-धीरे हमने उनकी मानसिक गुलामी स्वीकार कर ली है। मीठे ज़हर की तरह हमारे अन्तस् में उनका और उनके उत्पादों का असर घुलता जा रहा है जो हमें अस्तित्व के संकट तक पहुँचा देगा इसमें संदेह नहीं। आखिर हम कब चेतेंगे? आज सामान्यजन मुक्ति के लिये छटपटा रहा है, गरीब और गरीब तथा धनवान और धनवान होताजा रहा है गरीब और अमीर के बीच खाई बढ़ती जा रही है। दुःख इस बात का है कि भारत के जनतंत्र में तंत्र विशिष्ट लोगों के हाथ में है और जन ज्यों-का त्यों दास बना हुआ है। आर्थिक सुविधा के बिना व्यक्ति की राजनीतिक स्वतन्त्रता एक भ्रम मात्र है। इसीलिये आर्थिक-शोषण को बढ़ावा देने वाली पूँजीवादी-व्यवस्था का विरोध होना आवश्यक है; क्योंकि इसी पूँजीवाद ने मानवीय संबंधों के आधार परस्परिक प्रेम और सहयोग को नष्ट कर दिया है। इस व्यवस्था ने धनसंचय को ही प्रमुख

स्थान दिया। इस व्यवस्था में आर्थिक स्तर पर एक वर्ग का व्यक्ति अपना श्रम बेचने को विवश है व दूसरा उसे खरीदने को स्वतंत्र। एक व्यक्ति पिसने को विवश है और दूसरा पीसने को स्वतंत्र। यह ऐसी व्यवस्था है जिसमें ईश्वर की जगह मशीनों ने ले ली और प्रेम की जगह रुपयों ने।

पूँजीवाद की प्रतिस्पर्धा में अस्तित्व में आने वाली साम्यवादी-राज्य-व्यवस्था के समर्थक गोर्की ने मानव को ही देवता माना और मानव को ही सबसे बड़े सत्य के रूप में स्वीकारा। लेकिन साम्यवादी सिद्धान्त में सबसे पहली भ्रांति यह है कि वह मनुष्य की स्वाधीनता और व्यक्ति के महत्त्व की पूर्णतया उपेक्षा करती है। किन्तु मानवीय मूल्य अन्ततोगत्वा मनुष्य के वैयक्तिक जीवन में ही पनपते हैं और उनका विकास व्यक्ति से समूह या समाज की ओर होता है। कम्यूनिज़्म व्यक्ति को पूर्णतया अस्वीकृत कर एक अमूर्त निराकार समूह को प्रतिष्ठित करता है। फिर उस समूह के दायित्व को निर्धारित करने का काम राज के हाथ में होता है। परिणाम यह होता है कि मानवीय मूल्यों का स्थान राजनीतिक दुराग्रह ले लेता है और मनुष्य के बहुआयाम वाले विराट् जीवन को केवल राजनीति के छोटे से पैरामीटर से मापने की कोशिश की जाती है।

स्वस्थ चिन्तन और समग्र समन्वित दृष्टि के अभाव में मानव अन्तरात्मा संकल्प-विकल्प की शक्ति से हीन बनकर अपने वास्तविक गौरव से वंचित हो जाती है। अन्तरात्मा को संकल्प-विकल्प की शक्ति, विवेक से प्राप्त होती है। विवेक अंतरात्मा के सहायक तत्त्वों में संभवतः सबसे प्रमुख और सबसे विश्वसनीय है। विवेक ही मनुष्य के आचरण की मर्यादा निर्धारित करता है। स्वतंत्र विवेकपूर्ण मानवीय संकल्प आचरण के लिये प्राथमिक शर्त है। विवेक के द्वारा ही हम 'सम्प्रदायगत मर्यादा' का परित्याग करके 'मूल्यगत मर्यादा' को स्वीकार करते हैं। मूल्यों द्वारा नियोजित मर्यादा प्रगतिशील और विकासोन्मुख होती है। इसके विपरीत सम्प्रदायगत मर्यादा थोथी एवं ख़तरनाक होती है। दायित्व चेतना से सम्पन्न मनुष्य के लिये वैयक्तिक-मुक्ति की कल्पना निरर्थक हो गयी है। वह अब समझने लगा है कि सबकी मुक्ति में उसकी मुक्ति है। वह 'सबकी' एक सचेत इकाई है।

मानवीय-मूल्य की चरम पूर्णता का पर्याय ही ईश्वर है। इस धारणा में स्वतंत्र चेतना और दायित्व का सुखद मिलन होता है। अन्ततोगत्वा कहने का अभिप्राय यह है कि स्वतंत्रता और दायित्व से युक्त व्यक्तित्व वैयक्तिक स्थिति में स्वतंत्र भी है और फूल की तरह मूल्य की वराट अंजलि में भी; किन्तु यदि हम मूल्यगत दायित्व की मर्यादा से वंचित हो जाते हैं तो हमारी वैयक्तिकता प्राणहीन, गतिहीन होकर मूल्य हीनता के अथाह सागर में डूब जाती है। कहा भी गया है–

हरिणा ये विनिर्मुक्ता ते मग्ना भवसागरे।'

❖

सभ्यता अंग पर क्षत कराल, यह अर्थ मानवों का बल है।
हम रो कर भरते उसे हमारी आँखों में गंगाजल है।।

–दिनकर

बच्चों के सामने आपका व्यवहार

डॉ. नमिता अग्रवाल

बच्चों के व्यक्तित्व का विकास मुख्य रुप से २ से १२ वर्ष तक की अवस्था में होता है। इस आयु में बच्चों में अनुकरण की प्रवृत्ति पाई जाती है अतः परिवार के सदस्य, अध्यापक, पास-पड़ौस के व्यक्ति जैसा व्यवहार करते हैं उसका प्रभाव बच्चों पर पड़ता है वह भी वैसा ही व्यवहार करने लगते हैं। उनकी इस अनुकरण की प्रवृत्ति को सुविकसित करने के लिये यह आवश्यक हो जाता है कि माता-पिता अध्यापक तथा परिवार के अन्य सदस्यों का व्यवहार इस प्रकार का हो जो बच्चे में आत्मविश्वास, अनुशासन, कर्त्तव्यपरायणता और नैतिक गुणों का विकास कर सके। बच्चे की मूल प्रवृत्तियों को ध्यान में रखते हुए यदि उसके साथ व्यवहार किया जाय तो उसके व्यक्तित्व का उचित विकास होगा। जीवन की प्रारम्भिक अवस्था में बच्चा जो सीखता है वह उसकी आदत बन जाती है।

बच्चों के साथ व्यवहार करते समय उनके व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पक्षों को ध्यान में रखना चाहिये।

१. **शारीरिक विकास–** शारीरिक विकास का बालक के व्यवहार पर बहुत महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है क्यों कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है। अतः माता-पिता को बच्चों के शारीरिक विकास पर ध्यान देना चाहिये । ३ से ११ वर्ष की आयु तक बच्चों में शक्ति अधिक होती है उन्हें अधिक आराम की आवश्यकता नहीं होती अतः बच्चे अधिक से अधिक खेलना पसंद करते हैं। इसीलिये माता-पिता को बच्चों को अनावश्यक रूप से खेलने से मना नहीं करना चाहिये बल्कि अधिक से अधिक खेलने व कार्यों में व्यस्त रहने को प्रेरित करना चाहिये जिससे उनकी मांस-पेशियों का विकास हो सके।

इस आयु में बच्चों को उत्तम पोषण एवं उचित मात्रा में आहार की आवश्यकता होती है नहीं तो वह चिड़चिड़ा हो जाता है अतः यदि बच्चा बार-बार खाना मांगता है तो उसे यह नहीं कहना चाहिये कि 'अभी तो तुमने खाया ही है- फिर मांग रहे हो' बल्कि प्रत्येक बार उसे अलग प्रकार का पौष्टिक भोजन और फल आदि देना चाहिये।

बच्चों में भोजन सम्बंधी अच्छी आदतों का विकास करना चाहिये अर्थात बच्चे को सभी तरह का भोजन करने की आदत होनी चाहिये। खाने के समय में अनियमितता न हो इसका ध्यान रखना चाहिये।

२. **बैद्धिक विकास–** बच्चों के मानसिक विकास के लिये आवश्यक है कि वह अपने आस-पास के वातावरण की वस्तुओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करे। बच्चों में जिज्ञासा की प्रवृत्ति अधिक होती है। किसी भी नई वस्तु को देख कर वह अनेक प्रश्न करता है। जिज्ञासा की प्रवृत्ति के उचित विकास के लिये आवश्यक है कि माता-पिता, परिवार के अन्य सदस्य और अध्यापक बच्चों की शंकाओं का उचित

समाधान करें। जब भी वे कुछ पूछें तो धैर्य पूर्वक उनकी बात सुनें और उनको सही उत्तर दें। उन्हें डॉटना नहीं चाहिये या गलत जानकारी नहीं देनी चाहिये। छोटा समझकर उनकी बातों पर ध्यान न देने की प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिये क्यों कि यदि उसके मस्तिष्क में सही सम्प्रत्ययों का निर्माण नहीं होगा तो वह अनेक उलझनों का शिकार हो सकता है।

जिज्ञासा के संवेग को बौद्धिक कार्यो एवं सृजनात्मकता की ओर उन्मुख कर देने से बच्चे प्रगति करते हैं। उनकी सृजनात्मकता के विकास के लिये उन्हें ऐसे खिलौने देने चाहिये जिन्हें जोड़ कर नई वस्तु का निर्माण किया जा सके। पेंटिंग आदि करने के लिये प्रेरित करना चाहिये। उन पर अधिक नियंत्रण नहीं लगाना चाहिये, वह जिन चीजों की मांग करते हैं उनकी महत्ता समझ कर पूरा करना चाहिये। व्यस्त रहने से बच्चे का ध्यान नकारात्मक प्रवृत्तियों की ओर नहीं जाता।

३. **सांवेगिक विकास–** बच्चो के जीवन में संवेग का महत्वपूर्ण स्थान है। कुछ संवेग सकारात्मक या सुखवादी होते हैं जैसे जिज्ञासा, हर्ष, स्नेह आदि और कुछ नकारात्मक या दुखवादी संवेग होते हैं जैसे– क्रोध, ईर्ष्या, धृणा, भय आदि। अभिभावकों और शिक्षकों को बालक से इस प्रकार का व्यवहार करना चाहिये कि उनमें सकारात्मक संवेग अधिक मात्रा में विकसित हो और नकारात्मक संवेग वे समाज द्वारा मान्य तरीके से अभिव्यक्त करें।

बच्चों को अनावश्यक रूप से डराना नहीं चाहिये। बहुधा परिवार में बच्चे को किसी कार्य को करने से रोकने के लिये कह दिया जाता है कि अमुक कार्य मत करो यदि करोगे तो बाबा पकड़ कर ले जायेगा या यह मत छुओ नहीं तो बिच्छु काट लेगा। इस प्रकार की बातों से बच्चे के मन में उस वस्तु या कार्य के प्रति हमेशा के लिये डर बैठ सकता है। इसके विपरीत यदि बच्चा किसी वस्तु से डरता है तो हमें उन वस्तुओं को स्वयं छू कर या उसके बारे में बता कर बच्चे के मन से डर की भावना निकाल देनी चाहिये।

बच्चो को नाकारत्मक आदेश देने के स्थान पर सकारात्मक आदेश देने चाहिये जैसे 'ये मत करो वो मत छुओ' जैसे आदेशों के स्थान पर 'ऐसा करो तो अच्छा होगा' जैसे आदेश देने चाहिये साथ ही मना करने के कारणों को भी स्पष्ट करना चाहिये।

घर एवं विद्यालय दोनों ही जगह एक बच्चे के सामने दूसरे बच्चे की अधिक प्रशंसा नहीं करनी चाहिये अथवा उनमें आपस में तुलना नहीं करनी चाहिये क्यों कि इससे बच्चे में अपने भाई–बहन या साथी के लिये ईर्ष्या की भावना पनप सकती है।

३ वर्ष की आयु में बच्चे में क्रोध संवेग अधिक होता है अतः इस समय उसके द्वारा क्रोध प्रकट करने की स्थिति में हमे उसे बार–बार डांटना नहीं चाहिये बल्कि प्यार से समझाना चाहिये। अधिक नियंत्रण से यदि वो क्रोध को दबा देगा तो उसे दूसरे व्यक्ति या वस्तु पर प्रक्षेपित करेगा।

बच्चों के हर्ष के संवेग की अभिव्यक्ति के लिये समय-समय पर उससे ऐसी बातें करनी चाहिये जिससे वो हँस सके साथ ही मनोरंजनात्मक फिल्में-कार्टून फिल्में आदि दिखानी चाहिये।

४. **सामाजिक विकास**– सामाजिक होने के लिये बच्चों में समाजिकता का विकास आवश्यक है। इसके लिये हमें बच्चों को उनके हमउम्र बच्चों के साथ अधिक से अधिक खेलने की स्वतंत्रता देनी चाहिये। यदि बच्चा शर्मीला है तो उसके बराबर के साथियों को घर पर उसके जन्मदिन के अवसर पर या सामाजिक उत्सवों पर बुला कर उनके साथ उसे घुलने-मिलने का अवसर देना चाहिये। समय-समय पर उसे अपने साथ बाहर ले जाना चाहिये। बहुधा बच्चे अपने घर आने वाले मेहमानों अध्यापकों से शर्म करते हैं उनके सामने बोलने, गाना गाने आदि में झिझकते हैं। इस झिझक को समाप्त करने के लिये उन्हें ऐसे अवसर देने चाहिये जिसमें वह स्वयं आगे आ कर बात करे। परन्तु यह ध्यान रखना चाहिये कि बच्चे को किसी कार्य को करने के लिये विवश नहीं करना चाहिये।

बच्चों से उनकी आयु के अनुरुप ही व्यवहार की आशा करनी चाहिये। यदि उससे बड़ों जैसे व्यवहार की आशा की जायेगी तो उस आशा को पूरा न करने के कारण उसमें आत्महीनता की भावना आ सकती है अतः उसकी उपलब्धियों के लिये हमें महत्वाकांक्षी नहीं होना चाहिये।

बच्चों में अपनी वस्तुओं को बॉट कर उपयोग करने की आदत डालने के लिये उसके साथी समूह में वस्तुओं, खिलौनों आदि को एक दूसरे को देने की आदत डालनी चाहिये।

बच्चों में आत्मनिर्भरता के गुण के विकास के लिये उसे अपने कार्य स्वयं करने की आदत डालनी चाहिये जैसे अपने कपड़े स्वयं पहनना, खाना स्वयं खाना, अपना बैग उठाना आदि। इससे वह आत्मनिर्भर बनेगा और उसमें सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा। अक्सर माता-पिता अधिक लाड़-प्यार में बच्चे के ऐसे-कार्य भी स्वयं करने लगते हैं जिन्हें बच्चा कर सकता है। ऐसे बच्चे बड़े होकर भी दूसरों पर निर्भर बने रहते हैं- उनमें आत्मविश्वास की कमी हो जाती है।

बच्चों में आत्मविश्वास का निर्माण करने के लिये बच्चों द्वारा कही बातों को भी महत्व देना चाहिये, साथ ही कुछ बातों में बच्चों की राय भी लेनी चाहिये। आयु के अनुसार बच्चों से घर के कार्यो में सहयोग लेना चाहिये जैसे रसोई के कार्यो में, बाजार से सामान लाने में, छोटे भाई-बहनों की देखभाल आदि में।

बच्चों द्वारा किसी अच्छे कार्य को करने पर या आपके द्वारा दिये गये कार्य को अच्छी तरह करने पर उसकी प्रशंसा करनी चाहिये जिससे वह उन कार्यो को दुबारा करे साथ ही इसके अंदर भी दूसरों की प्रशंसा करने की भावना का जन्म हो।

५. **नैतिक विकास**– प्रत्येक समाज के कुछ नैतिक मूल्य होते है। इन मूल्यों को बचपन से ही बालक को सिखाने की आवश्यकता होती है क्यों कि यदि बच्चा इन मूल्यों को नहीं सीखता है तो वह धीरे-धीरे समाज का एक अनुपयुक्त अंग समझा जाने लगता है। जबकि नैतिक मूल्यों को सीखकर उसमें सुरक्षा की भावना आ जाती है।

बच्चे को नैतिक-अनैतिक की जानकारी दूसरे व्यक्तियों के व्यवहार के आधार पर होती है अतः हमे उसके सामने नैतिक (उचित) व्यवहार ही करने चाहिये।

(क) नैतिकता के दोहरे मानदण्ड नहीं अपनाने चाहिये जैसे बच्चे को समझाना कि झूठ बोलना गलत है और फिर स्वयं उसके सामने दूसरे व्यक्ति से झूठ बोलना या स्वयं उसी से झूठ बोलना (किसी वस्तु के होने पर भी मना कर देना कि नहीं है) इससे बालक में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

(ख) गलत कार्यो को करने पर उसे समझायें न कि उसकी बातों का समर्थन करें। बहुधा माता-पिता अपने बच्चों की गल्तियों को दूसरे के सामने छिपाना चाहते हैं और उसकी गलत बातों को सही प्रमाणित करने की कोशिश करते हैं जिससे बच्चे गलत कार्यो को ही सही मान लेते हैं।

(ग) शिष्टाचार जैसे गुणों का बीजारोपण छोटी उम्र में ही करना आवश्यक है। बच्चों में अपने से बड़ों के लिये आदर सम्मान की भावना-मेहमानों के आने पर उन्हें प्रणाम करना, आदरपूर्वक बैठाना, जैसे शिष्टाचार सिखाने के लिये हमें स्वयं भी उनके सामने ऐसे व्यवहार करने चाहिये। अक्सर घर में परिवार के सदस्य अपने से बड़ों के लिये या बच्चों के अध्यापक के लिये अपशब्दों का प्रयोग करते हैं जिनको सुनकर बच्चा भी उन्ही शब्दों का प्रयोग करने लगता है।

(घ) यदि बच्चा छोटी सी भी वस्तु दूसरे को बिना बताये ले लेता है तो माता-पिता को उसे तुरंत वापस करवाना चाहिये जिससे आरम्भ से ही उसे चोरी की आदत न पड़े।

(ङ) बच्चे में सभी कार्यो को समय से करने की आदत डालने से उसमें अनुशासन की भावना विकसित होती है जैसे-समय से सो कर उठना, स्नान, भोजन, स्कूल जाना, गृहकार्य करना, सोना आदि। इसके लिये हमें स्वयं भी अपने कार्य स्वयं समय से करने चाहिये।

(च) बच्चों में अच्छे संस्कार डालने के लिये उसे अपनी संस्कृति एवं धर्म के बारे में विभिन्न कहानियों के माध्यम से जानकारी देनी चाहिये।

(छ) बच्चे में स्वच्छता की आदत विकसित करनी चाहिये जैसे स्वयं को तथा अपने आस-पास के स्थान को, अपनी वस्तुओं को स्वच्छ रखना तथा अपनी वस्तुओ को स्वयं सम्हाल कर रखना।

(ज) बच्चे की प्रत्येक उचित या अनुचित जिद पूरी नहीं करनी चाहिये।

(झ) दया, परोपकार, अहिंसा जैसे मूल्यों को स्वयं व्यवहार में लाकर बच्चों के सामने आदर्श प्रस्तुत करना चाहिये।

❖

नैव निर्वापयेद् दीपं देवार्थमुपकल्पितम्।
दीपहर्ता भवेदन्धो काणो निर्वापको भवेत्।।

देवता के लिये जलाये गये दीपक को नहीं बुझाना चाहिये। दीप का हरण करने वाला अन्धा होता है और बुझाने वाला काना हो जाता है।

'नहि रसना पै जाइ बखाना'
महामना पं. मदन मोहन मालवीयजी

डा. सुमन जैन

भारतीय संस्कृति उदारता की पोषक है। 'उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्' की उक्ति हर भारतीय को विश्व-परिवार का अंग बने रहने के लिए उदार होने की प्रेरणा देती है। उदारता ही परायों को अपना और अपनों को आत्मीय बनाती है। पं. मदन मोहन मालवीय ने वही किया, जिसका उल्लेख आचार्य विनोबा के संस्मरणों में मिलता है। उन्होंने लिखा है – "महामना मालवीयजी से मैं एक ही दफा मिला। पर उतने में ही उनके वात्सल्य की अनुभूति मुझे हुई। उस वात्सल्य में राजा-रंक सभी का समावेश था। इसीलिए वे महामना कहलाए।" महामना का ही क्यों, राम, कृष्ण, महावीर, बुद्ध, गाँधी आदि सभी महापुरुषों का जीवन साधारण मनुष्यों जैसा ही था, पर उनका चरित्र असाधारण था। साधारण जन जहाँ क्रोध करते हैं, वहाँ वे शांत रहते हुए दया, परोपकार और क्षमा करते हैं। रामायण-महाभारत जैसे ग्रन्थों में तिथियाँ महत्त्वपूर्ण नहीं है, महत्त्वपूर्ण है चरित्र और चारित्र्य। इसी से कहा जाता है कि शिबि, दधीचि, हरिश्चन्द्र, दिलीप, रघु, सीता, सावित्री इत्यादि की प्रेरणाप्रद कहानियाँ जब तक सुनी जाती रहेंगी तब तक संस्कृति और सभ्यता को आँच नहीं आयेगी।

जीवन का अन्तस् संस्कृति से और बाह्य सभ्यता से अनुप्राणित रहता है। उदारता, त्याग, सेवा और पारस्परिकता को परिपुष्ट करने वाला आचार-विचार जीवन को पवित्र बनाता है। ऐसी पवित्रता को आत्मसात करने वाले मालवीयजी संस्कृति रूपी रत्नमाला की एक अनमोल मणि थे। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने उनका पवित्र चरित्र देखकर ही कहा था "मैं मालवीयजी महाराज का पुजारी हूँ। वे आचार में सर्वथा नियमित और विचार में अत्यन्त उदार हैं। द्वेष तो वे किसी से कर ही नहीं सकते थे। उनके उदार हृदय में शत्रु भी समा सकते हैं।"

मालवीयजी की कल्पना-शक्ति असीम थी। विदेशी पराधीनता के उस युग में 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' बनाने की कल्पना तक अनूठी थी। आरम्भ में तो उसे अधिक पढ़े-लिखे लोग अव्यावहारिक समझते थे, परन्तु धीरे-धीरे मालवीयजी के पुरुषार्थ से विश्वविद्यालय का स्वरूप स्थिर होता गया। उन्हें इस बात का आभास था कि हमारे भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता इन्जीनियरिंग की है, जिसका देश भर में कहीं भी ठिकाना न था। उस समय उन्होंने बहुत अच्छे अंग्रेज प्रिंसिपल किंग को चुना जो ऋषि-तुल्य थे और इंजीनियरिंग कॉलेज उनके सुपुर्द किया।

मालवीयजी धर्म के प्रति कोरे भावुक न थे, वास्तव में धर्म उनके हृदय में समाया हुआ था, वे सच्चे वैष्णव थे। भागवत उनकी प्यारी पोथी थी। उन्हें राष्ट्र की सम्पूर्ण उन्नति की चिंता थी। भारत के नवयुवक क्या बनेंगे, भविष्य में क्या कार्य करेंगे, इसे केन्द्र में रखकर मालवीयजी हमेशा सोचते रहते थे। हिन्दी

आलोचना के स्तम्भ राजर्षि टण्डन ने उनके बारे में लिखा है – "हिन्दू शब्द तो उनके मुँह से आदर से निकलता था, किन्तु कभी-कभी आपस में कड़वेपन से कह देते थे– "अच्छा, यह नहीं करोगे? जाओ, दरिद्र हिन्दू की तरह से तुम काम करो।" यह उनके लिए गाली हो जाती थी। हिन्दुओं की जो मानसिक प्रवृत्ति आज है उससे वे चिढ़ते थे।" 'श्रद्धामयोऽयं पुरुषः' श्रद्धामय रहते हुए भी जिसका आचरण धर्मसंगत नहीं होता, उससे मालवीयजी धर्माचरण की अपेक्ष रखते थे। इसलिए उनकी दृष्टि में श्रद्धामय हिन्दू धर्म ही मानवधर्म है, जो विश्वशान्ति का राजमार्ग है।

मालवीय जी की वक्तृत्वशक्ति अद्वितीय थी। हज़ारों की भीड़ में चार-चार, पाँच-पाँच घंटा बोलते रहते थे। उनकी सभा में अपार शान्ति रहती थी। मालवीयजी महाराज जब द्रौपदी की कथा सुनाते तो वह कथा सुन श्रोताओं का हृदय द्रवित हो उठता। एक बार वे महाभारत से द्रौपदी की कथा सुना रहे थे। 'एकवस्त्रा' द्रौपदी अपने पतियों की ओर देखती है, दादा भीष्म की ओर देखती है, परन्तु किसी से कोई सहारा न पाकर श्रीकृष्ण को पुकारती है। उस समय पूज्य मालवीयजी महाराज अश्रुपूरित गद्-गद् कण्ठ से ठीक अपने को द्रौपदी की स्थिति में रखकर पुकारते हैं–

गोविन्द! द्वारिकावासिन्! कृष्ण! गोपिजनप्रिय!
कोरवैः परिभूतां मां किं न जानासि केशव!!
हे नाथ! हे रमानाथ! ब्रजनाथार्तिनाशन!
कौरवार्णवमग्नां मां उद्धरस्व जनार्दन!!
कृष्ण! कृष्ण! महायोगिन्! विश्वात्मन्! विश्वभावन!
प्रपन्नां पाहि गोविन्द! कुरुमध्येऽवसीदतीम्!!

मालवीयजी महाराज जब इन श्लोकों का साश्रु उच्चारण करते तो कथा में उपस्थित सहस्त्र सहस्त्र छात्र-छात्रायें, अध्यापक-अध्यापिकाएँ फूट-फूट कर रोने लगते और एक पवित्र करुण दृश्य उपस्थित हो जाता, सभी भक्ति-गंगा में नहाने लगते। यह सब उनके दिव्य पुनीत चरित्र का प्रताप था। वे अपने भाषणों का, विशेषकर धर्म सम्बन्धी प्रवचनों का आरम्भ सदा ही मंगलाचरण के इन श्लोकों से करते थे–

कृष्णाय वासुदेवाय देवकीनन्दनाय च।
नन्दगोपकुमाराय गोविन्दाय नमो नमः।।
कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने।
प्रणतक्लेशनाशाय गोविन्दाय नमो नमः।।

मालवीयजी सच्चे अर्थ में आर्य थे। उन्हें 'आर्य' शब्द अत्यंत प्रिय था। छात्रों और प्राध्यापकों के बीच समरस रहते थे। प्रतिदिन संध्या के समय टहलने निकलते, उस समय यदि कोई छात्रावास में पढ़ता हुआ नज़र आता तो उसे पकड़कर बाहर खेलने-कूदने के लिए ले आते। व्यायाम के लिए उन्होंने प्रो. राममूर्ति को नियुक्त कर रखा था, परन्तु संध्या समय वे स्वयं भी 'जिम्नैजियम' पहुँच जाते और विद्यार्थियों को नियमित रूप से व्यायाम करने के लिए प्रोत्साहित करते। हर बात में आर्य जीवन को आदर्श मानते। जो

शरीर से भी तगड़े, मन से संयमी, बुद्धि से तीक्ष्ण हों तथा जिनके हृदय में प्रेम तथा अन्तः करण परमात्मा के प्रकाश से प्रकाशित हो ऐसे व्यक्तियों के निर्माण के लिए उन्होंने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की।

अंग्रेजी शासन के साथ-साथ बौद्धिक दासता से भी देश को मुक्त करने के लिए मालवीय जी ने शिक्षा के क्षेत्र में नये प्रयोग किये। उनका विचार था कि भारतीय नवयुवकों को जीविका लाभ देने और नैतिक पतन से बचाने के लिए स्वतंत्र रूप से संचालित राष्ट्रीय शिक्षा की आवश्यकता है। वे गुरुकुलों, ऋषिकुलों, शान्तिनिकेतन का आदर करते थे परन्तु साथ में उनका यह भी मत था कि अतीत के जीवनमूल्यों और जीवनपद्धति के मौलिक सिद्धान्तों को वर्तमान में आत्मसात करने की आवश्यकता है। वर्तमान को ऐतिहासिक संदर्भ से हटाकर अतीत में स्थानान्तरित नहीं किया जा सकता। जीवन में परम्परा, मूल्यगत आधुनिकता, प्राच्य और पाश्चात्य विद्याओं के साथ अध्यात्म का समन्वय वांछनीय है।

मालवीयजी के मन में समग्र शिक्षा की कल्पना गांधीजी की बुनियादी शिक्षा से थोड़ी अलग थी। गांधी जी की शिक्षा में उन्होंने मनुष्य की मूल आवश्यकता क्या है और आस-पास के साथ उसका कैसा सम्बन्ध है इस बात पर बल दिया। उनका कहना था कि आंख, हाथ और दिमाग को बराबर साथ-साथ काम करना चाहिए। मैकाले की शिक्षा-पद्धति के पीछे एक साजिश थी। उसका सिद्धान्त था कि भारत में ऐसे लोग पैदा हों, जिनमें सृजनात्मक गुण न हो, वे मात्र नकलची हों। वह प्रतिलिपि तैयार करने वाली शिक्षा-पद्धति थी। उसमें उसे सफलता भी मिली। पढ़े-लिखे लोगों का दिमाग आज भी विभक्त है। उसका असर आज भी कला, संस्कृति, इतिहास, परम्परा में दिखायी देता है। मैकाले ने हमारी देशी शिक्षा-प्रणाली जो समग्र विकास पर आधारित थी, उसे न केवल नष्ट किया, बल्कि यह प्रचार-प्रसार किया कि अंग्रेजी शिक्षा ही निरक्षरता के साम्राज्य को मिटाकर लोगों को ज्ञान की ओर ले जा रही है। मालवीयजी ने इस बात को समझा। वे शास्त्रज्ञ थे, उन्होंने अंग्रेजी शिक्षा में निहित अच्छे पक्ष को अपनाया। इसी से हिन्दी, संस्कृत के साथ अंग्रेजी की भी उच्च-शिक्षा का प्रावधान किया। मालवीयजी ने कहा था कि ज्ञान जहाँ से भी मिले ले लो, क्यों कि ज्ञानमात्र पवित्र है। यह विचित्र बात हिन्दुस्तान में ही संभव है यहां दर्शन पढ़ाया जाता है तो भारतीय दर्शन को उसका एक अंग बनाया जाय, इतिहास पढ़ाया जाय तो भारतीय इतिहास को उस पाठ्यक्रम का घटक बनाया जाय। इस तरह का भाव और चिन्तन सभी विषयों में होना चाहिए। एम. बी. बी. एस के पाठ्यक्रम में चरक-सुश्रुत क्यों नहीं हो? सिविल इन्जीनियरिंग के पाठ्यक्रम में वास्तु-शास्त्र होना चाहिए। खण्डित करके जो ज्ञान दिया गया उससे एक दरिद्र अभिमान का जन्म हुआ। इसे तोड़ने का काम मालवीयजी ने किया। उनकी कल्पना थी कि ज्ञान-विज्ञान तकनीक का क्षेत्र विकसित हो। मालवीयजी ने जितना सोचा-विचारा उतना हुआ नहीं उसका प्रमुख कारण था भाषातत्त्व की उपेक्षा। हमने यह सोचा कि जिस भाषा में ज्ञान है उसी भाषा में दे। यह नहीं समझा कि विज्ञान और तकनीक का भाषा से कोई नियत सम्बन्ध नहीं है। जिसे हम आसानी से समझें, जिस भाषा से हम उस विषय के निकट पहुँच सकें, जो भाषा हम बोलते हैं उसी भाषा में हम सोच सकते हैं। मनुष्य भाषा कई सीख सकता है परन्तु सोचने का काम वह सिर्फ एक ही भाषा में करेगा। रट-रट कर उस विषय के नजदीक पहुँचने से उत्पादकता और सृजनात्मकता कम

हो जाती है। परन्तु हम भूल कर बैठे, पारिभाषिक शब्दावली का गठन करने लगे, अनुवाद के जाल बुनने लगे, अंग्रेजी में लिखा हुआ ही पढ़ने लगे; क्यों पढ़ें हिन्दी? यदि विज्ञान का अध्यापक हिन्दी में पढ़ाता है तो लड़कों को कुछ बात समझ में आती है। लड़के पढ़ाई भी करते हैं कुछ नयी सृजनात्मकता भी आती है। शून्यता तोड़ने के लिए आवश्यक है कि हम अपनी भाषा में विचारों को अभिव्यक्त करें। यह सृजन पक्ष महामना के मन में था। वे स्रोत भाषा के रूप में संस्कृत और चिंतनभाषा के रूप में हिन्दी की बात करते थे। उन्होंने हिन्दी विभाग खोला तो ऐसे लोगों को लाने की कोशिश की जो हिन्दी के प्रति अर्पित हों, यथा आचार्य रामचन्द्रशुक्ल, लाला भगवानदीन, अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'। ये सभी न केवल विचारक अपितु स्वयं सर्जक भी थे। मालवीयजी का यही प्रयास शिक्षा के अन्य क्षेत्रों में भी था। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का निर्माण, मात्र ईंट पत्थर का निर्माण नहीं, बल्कि देशी भावना का निर्माण है। मालवीय जी महाराज ने राष्ट्रीय शिक्षा के पाँच माध्यम बताये हैं – (१) लोक-शिक्षण (२) संस्कार-शिक्षण (३) बाल-शिक्षण (४) शक्तिसंवर्धन-शिक्षण और (५) सुपोषण-शिक्षण। इसके लिए उनका एक श्लोक बहुचर्चित है–

ग्रामे-ग्रामे सभा कार्या, ग्रामे-ग्रामे शुभा कथा।
पाठशाला, मल्लशाला, गवां सदनमेव च।।

भूदान पदयात्रा करते हुए विनोबा जी ने 'आचार्यकुल' की स्थापना की और आचार्यों ने पूछा कि क्या कार्यक्रम बनाये। उन्होंने मालवीयजी के ही उपर्युक्त श्लोक को उद्धृतकर आचार्यों से गांवों में जनसभा कर लोकशिक्षण, सत्कथा द्वारा संस्कार-शिक्षण, पाठशालाओं में बालशिक्षण, व्यायामशाला में शक्ति संवर्धन शिक्षण और गोशाला में सुपोषण शिक्षण देने पर बल दिया। आचार्यकुल आज भी वही कर रहा है।

मालवीयजी महामानव थे। उनका दर्शन, इतिहास, भाषा, संस्कृति, आध्यात्म, विज्ञान, तकनीक सब कुछ पगा हुआ था। उन्हें जन-मन की चिन्ता थी, वे निरन्तर स्वाध्याय और चिन्तन में निमग्न रहते थे–

को नु स्यादुपायोऽत्र येनाहं दुःखितात्मनाम्।
अन्तः प्रविश्य भूलनां भवेयं दुःखभाक् सदा।।

हजारों वर्ष पूर्व एक ऋषि ने यह प्रार्थना की थी, यही प्रार्थना मालवीय जी ने भी की "वह कौन सा उपाय है, जिसके द्वारा मैं दुःखी जीवों के अन्तःकरण में प्रवेश कर उनके दुःखों से दुःखी होउ और उसके दुःख को दूर करने में प्रवृत्त हो जाऊँ। ऐसे महामना मालवीयजी के संदर्भ में यही कहा जा सकता है–

"सो सुख जाने मन अरु काना। नहि रसना पै जाइ बखाना।"

❖

लोहे के पेड़ हरे होंगे, तू गान प्रेम का गाता चल।
नम होगी यह मिट्टी ज़रूर, आँसू के कण बरसाता चल।।

भारतीय शास्त्रीय संगीत और वैश्वीकरण : एक समीक्षात्मक अध्ययन

डॉ. मीनू पाठक

वर्तमान समय में एक शब्द बहुत व्यापक हो गया है, 'वैश्वीकरण' या 'भूमण्डलीकरण'। इस शब्द के बारे में यदि चर्चा करें तो सर्वप्रथम अथर्ववेद की यह भावना 'यत्र विश्वं भवत्येकनीडं' अर्थात् जिसमें सम्पूर्ण मानव समुदाय के लिए एक ऐसी भूमि तैयार हो जिसमें सभी समभाव से रह सकें। उस समय के शुभ चिन्तकों ने बड़े उत्साह के साथ एक ऐसे विश्व का सपना देखा था, जिसमें विश्व की विविधता का न केवल संरक्षण हो वरन् उसका श्रेष्ठतम प्रयोग हो। इस शब्द के विषय में आगे फिर हमें प्राचीन विचारकों के मतानुसार 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा प्राप्त होती है। जिसके मूल में उपर्युक्त भावना ही दृष्टिगोचर होती है और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः' अर्थात् चहुँओर खुशियाँ एवं सुख हों, तथा सभी निरोग हों। यह मत आज के समय में 'वैश्वीकरण' के रूप में प्रचलन में आया है। वैश्वीकरण शब्द का प्रचलन लगभग १९८० के दशक के बाद से उभर कर सामने आया है। उसके दस वर्ष बाद वर्ष १९९१ में हमारे देश में तीन अवधारणाएँ बड़ी तेजी से प्रचलन में आयीं – L.P.G.

L.-Liberalization (उदारीकरण)

P.-Privatization (निजीकरण)

G.-Globalization (वैश्वीकरण)

जिसमें वैश्वीकरण सर्वाधिक प्रचलित है। वैश्वीकरण ने हमारे देश के प्रत्येक पक्ष जैसे– सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक इत्यादि पर अपना प्रभाव छोड़ा है। यहाँ हम इसके सांस्कृतिक क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाली भारतीय शास्त्रीय संगीत कला पर वैश्वीकरण से पड़ने वाले प्रभावों के बारे में चर्चा करेंगे। यह हम सभी जानते हैं कि प्रत्येक देश की आत्मा उसकी संस्कृति में सन्निहित होती है और यदि किसी देश की संस्कृति समाप्त हो जाती है तो वह देश जड़ से समाप्त हो जाता है। आज २१वीं शताब्दी की सबसे बड़ी चुनौती है कि हम अपनी संस्कृति को बदल डालें अर्थात् साहित्य, कला एवं संगीत को भी बदल डालें और पूर्णतः वैश्वीकरण के रंग में रंग जायें।

हमारी एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। इसने भारतीय राष्ट्रवाद हेतु सदैव संजीवनी का कार्य किया है। हमारी सांस्कृतिक एकता ही हमारी राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करती है। यह हम सभी जानते है कि भारतीय संस्कृति में कलाएँ चौसठ मानी गयी हैं। जिसमें एक श्रेष्ठ कला है 'ललित कला' जिसके अन्तर्गत हमारी संगीत कला आती है। यह हम सभी जानते हैं कि संगीत हमारी संस्कृति का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इसी सन्दर्भ में महान् चिन्तक इलियट का भी कथन है कि– 'संगीत का इतिहास एक ऐसा इतिहास

है जिसमें सम्पूर्ण मानव समाज का रूप प्रतिबिम्बित होता है' अर्थात् स्पष्ट है कि हमारी संस्कृति ही हमारे देश की पहचान है।

यह हम सभी जानते हैं कि सदैव ही मनुष्य संगीत-प्रेमी रहा है। युगलिया काल में (जब सभ्यता की शुरुआत भी नहीं हुयी थी,) भी मनुष्य तूर्यांग जाति के कल्पवृक्षों से वादित्र प्राप्त कर संगीत सुनता था। सभ्यता का विकास होने के बाद तो उसने अपने लिये न जाने कितने वाद्य-यंत्र बना लिये, कितनी ही राग-रागिनियों का आविष्कार कर लिया। आज भी कई जंगलों में ऐसी वनस्पतियाँ हैं, जिनसे रात्रि (एकान्त, शांत वातावरण) में संगीत फूटता है। मनुष्यों ने तो पत्थरों में भी संगीत ढूँढा है। सुना है, दक्षिण भारत के हम्पी शहर (कर्नाटक) के मुख्य मंदिर में लगे हुये स्तम्भों को बजाने पर उनमें से भी अलग-अलग स्वर लहरियाँ निकलती हैं। वायु से प्रवाहित होता संगीत, कल-कल करती नदियों का संगीत एवं झर-झर झरते निर्झरों का संगीत तो सर्वविदित है। शंखों की मधुर चटकार, झल्लरियों की झनकार, भौरों का गुंजार, कोयल की कुहुक, पक्षियों की चहक, प्रकृति के सुरम्य वातावरण में संगीत का रस घोलती ही है।

वनस्पति, पृथ्वी, वायु, जल एवं द्वीन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय और तिर्यकों तक के उक्त स्वरों को परिष्कृत रूप में सुर देने का कार्य संसार के सर्वश्रेष्ठ प्राणी 'मनुष्य' ने किया है।

यह सर्वमान्य है कि सम्पूर्ण विश्व में सबसे समृद्ध एवं प्राचीन हमारे भारतीय संगीत का इतिहास है। सम्पूर्ण विश्व में मानवीय भावनाओं एवं संवेदनाओं का पुष्पित एवं परिष्कृत रूप ही संगीत कला के साकार रूप में दृष्टिगोचर होता है। जब हम संगीत की बात करते हैं तो यह हम सभी जानते हैं कि हमारे देश में संगीत का तात्पर्य गायन, वादन तथा नृत्य का समन्वित रूप है। यहाँ मैं विशेष रूप से शास्त्रीय संगीत के सन्दर्भ में बात करना चाहती हूँ। जब शास्त्रीय शब्द की बात करते हैं तो जो नियम शास्त्र, परम्पराओं से सम्बद्ध होकर सजीव हो उठें ऐसा 'सम्यक् गीत' अर्थात् संतुलित गीत ही शास्त्रीय संगीत हो सकता है। हाँलाकि 'शास्त्रीय' शब्द बहुत प्राचीन नहीं है, प्राचीन शब्द है 'राग संगीत'। वर्तमान समय में Classical Music शास्त्रीय संगीत के नाम से ज्यादा प्रचारित है; जबकि गुणीजनों का मानना है कि Classical शब्द पाश्चात्य संस्कृति की देन है। वर्तमान समय में हमारा संगीत शास्त्रगत नियमों से सम्पन्न है और इसको यह भव्य समृद्धिशाली स्वरूप देने में हमारे महान् संगीतज्ञों, मनीषियों ने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया है तो आज हम लोगों का इतना कर्त्तव्य तो अवश्य ही बनना चाहिए कि हम उन श्रेष्ठ मनीषियों के प्रति श्रद्धावनत् होकर उनके द्वारा लगाई हुयी इस सांगीतिक फुलवारी को वैश्वीकरण का अंधानुकरण करने से बचाने का प्रयास करें।

आज हम देख रहे हैं कि हमारी युवापीढ़ी निरन्तर पश्चिमी संगीत के सम्मोहन में बहती जा रही है। हम सभी का मानना है कि समय परिवर्तनशील है और उसके साथ समस्त गतिविधियों का भी परिवर्तन अवश्यंभावी है। किन्तु आज आवश्यकता इस बात की भी है कि हम इस परिवर्तन को किस अनुपात में ग्रहण करें, यह विचार आज अत्यंत ज्वलंत है, जिसे हम सभी को अपने ज्ञान-चक्षुओं के माध्यम से अपनी मेधा रूपी लगाम से विपरीत दिशा में (अर्थात वैश्वीकरण की अंधी दौड़ में शामिल होने से) जाने से रोकना है। हमारे भारतीय शास्त्रीय (राग) संगीत में अपार संभावनाएँ छिपी हुयी हैं, क्योंकि राग संगीत का अत्यंत

व्यापक क्षितिज है और यही संगीत हमें हमारी जड़ों से जोड़ने में सक्षम है। राग संगीत का मधुर प्रयोग फिल्म संगीत में अत्यंत श्रेष्ठ एवं सदाबहार गीतों के रूप में आज भी जीवंत है। राग संगीत पर आधारित गीत की धुनों को रचने में कई लोगों का नाम उल्लेखनीय है जैसे– मदन मोहन जी, कल्याण जी आनन्द जी, नौशाद जी इत्यादि। ये गीत आज भी हर उम्र के लोगों को उतने ही पसंद है एवं उनकी तासीर वैसी ही है। यह सिर्फ शास्त्रीय संगीत के कारण ही सम्भव है। ठीक इसके विपरीत जब हम वर्तमान समय के गीतों का समीक्षात्मक अध्ययन करते हैं तो पाते हैं कि आज के गीतों की न कोई धुन है, न ही सुन्दर साहित्य। सिर्फ उबाऊ उत्तेजक एवं थकाने वाले रिदम पर गीत बन रहे हैं जो हमारी युवा पीढ़ी को समुन्नत मार्ग की ओर ले जाने के बदले उन्हें अवनति के मार्ग पर अग्रसर कर रहे हैं। उदाहरणार्थ– पॉप म्यूजिक, फ्यूजन एवं रीमिक्स का वर्तमान में जो स्वरूप है उसमें यह हम सभी जानते हैं कि दृश्य, श्रव्य पर हावी हैं। आज रीमिक्स (पुराने गानों का) इस निचले स्तर पर आ गया है कि संभ्रान्त परिवार उसे देख सुन नहीं सकता। इससे ज्यादा वैश्वीकरण का दुष्प्रभाव हमारे संगीत पर क्या हो सकता है?

मेरा ऐसा मानना है कि जैसे सिक्के के दो पहलू होते हैं ठीक उसी प्रकार आज हमारे शास्त्रीय (राग) संगीत पर वैश्वीकरण के भी दोनों पहलू विचारणीय हैं, जो कुछ बिन्दुओं के रूप में परलिक्षित होते हैं–

नकारात्मक प्रभाव–

१. स्वान्तः सुखाय की भावना की कमी
२. धैर्य एवं एकाग्रता का नितान्त अभाव
३. व्यावसायिकता का बाहुल्य शास्त्रीय संगीत पर
४. ध्वनि-प्रदूषण का बाहुल्य
५. उत्तेजक एवं अश्लील गीतों को बढ़ावा
६. शास्त्रीय संगीत पर पॉप, फ्यूजन एवं रीमिक्स शैली बलवती
७. आज की नवीन धुनों में स्थायित्व का नितान्त अभाव
८. शास्त्र सम्मत रागों के साथ नवीन प्रयोग का खिलवाड़
९. वैश्वीकरण के कारण गुरुमुखी विद्या की ओर कम झुकाव, कारण– इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का बाहुल्य
१०. संवेदनशीलता के साथ उच्चस्तरीय सृजनशीलता का नितान्त अभाव
११. वैश्वीकरण के दौर में प्रचलित संगीत का हमारे पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है, जिसे कभी हमारे संगीतकार अपनी स्वर-लहरियों के द्वारा पुष्पित-पल्लवित किया करते थे।

सकारात्मक प्रभाव–

१. गुरु से प्रत्यक्ष शिक्षण के अभाव में दूरस्थशिक्षा (Online System) द्वारा शिक्षण संभव।
२. Internet के जरिये ज्ञान-वृद्धि (शास्त्रीय संगीत के सम्बन्ध में)

३. इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे– Radio, T.V., V.C.P., Video, V.C.D., D.V.D. आदि के द्वारा दुर्लभ सांगीतिक सामग्रियाँ सुलभ।

४. Recording की गुणवत्ता में भारी वृद्धि, जो प्रशंसनीय है।

५. संगीत–साधक वैज्ञानिक उपकरणों के माध्यम से आज स्वरों की शुद्धता को जाँचते हुये अभ्यास कर सकता है।

६. Track System से दुरूह कार्य भी सरल हो गये है। (Track Mixing)

७. आज गुणीजन वैज्ञानिक उपकरणों के माध्यम से ही सम्भवतः निकट भविष्य में संगीत साधक तानसेन की आवाज को भी Record करके सुनाने में संलग्न हैं। जो अविस्मरणीय होगा।

८. आज कलाकारों को अतिआधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के कारण यात्रा में अत्यंत सरलता हो गयी है।

९. सांगीतिक सामाग्रियों का व्यवस्थित रूप में संकलन संभव।

अन्ततः मैं तो यही सोचती हूँ कि वर्तमान समय में हमें अपनी शास्त्रीय संगीत की अलौकिक धरोहर को उसकी स्वस्थ जड़ के साथ रखते हुए वैश्वीकरण के जरिये शास्त्रीय संगीत पर आये हुए सकारात्मक प्रभावों को अपनाना चाहिये। मैं सोचती हूँ कि शास्त्रीय संगीत को जो जानने वाले विषय विशेषज्ञ, तत्त्वदर्शी तत्त्ववेत्ता हैं, उन्हें ही फ्यूजन रीमिक्स इत्यादि का अधिकार हैं क्योंकि वही उसे संतुलित रूप में आत्मसात करके उसकी शुद्धता एवं लालित्य को बरकरार रखते हुये इस शैली को नवीन इन्द्रधनुषी रंगों से भरकर संसार में प्रस्तुत करने की अद्भुत क्षमता रखते हैं।

निष्कर्ष रूप में हम यह सकते हैं कि संगीत और विज्ञान एक दूसरे के पूरक हैं। यह बुद्धि ही है जिसका क्षितिज अनन्त है, जिसने हमें वैज्ञानिक उपकरण मुहैया करवाये हैं, लेकिन जब हम बुद्धि के दूसरे पहलू की बात करते हैं तो यह मेघा शक्ति ही है जो कभी मानव जगत के कल्याण हेतु वरदान सदृश हुई है तो कभी इसनें मनुष्यों को भस्मासुरी प्रवृत्तियों से आपूरित किया.है। अतः आज आवश्यकता एक ऐसे मध्यम मार्ग की है, जो हमारे चिरन्तन शाश्वत शिवमय संगीत की समृद्ध सुदृढ़ परम्परा को उसकी संस्कृति से महिमा मंडित करते हुये सम्पूर्ण जगत् के लिये शिवमय एवं कल्याणकारी हो।

❖

होंगे इस दुनिया में सुखनवर बहुत अच्छे।
कहते हैं कि ग़ालिब का है अन्दाज़े बयाँ और।।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में संगीत की भूमिका

डा. सुमन सिंह

शिक्षा मानव के सम्यक् विकास का आधार है। सामान्य शिक्षा बौद्धिक विकास की दृष्टि से तथा ललित कलाओं की शिक्षा मानसिक एवं आत्मिक शक्तियों के परिष्कार की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। ललित कलाओं के अन्तर्गत संगीत को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। संगीत में निहित लालित्य का अर्थ एवं उद्देश्य मानव के मन-मस्तिष्क को आकृष्ट करना तथा उसी आकर्षण में तल्लीन होने पर रसानुभूति की चरमोत्कृष्ट अवस्था में उसका नैतिक उत्थान करना है। संगीत का मानव की भावनाओं और अनुभूतियों से अत्यंत निकट का संबंध रहा है। सांस्कृतिक विकास क्रम में अन्यान्य कलाओं के समान ही संगीत कला भी श्रेष्ठता के शिखरों को लाँघती हुई आज के वैज्ञानिक युग तक पहुँची है। संगीत प्राचीन-काल से ही मानवीय अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम रहा है। यह सर्वविदित है कि साहित्य-संगीत-कला विहीन मनुष्य साक्षात् पशुतुल्य है अर्थात् मानवीय गुणों की अभिवृद्धि के लिए अन्यान्य विषयों की शिक्षा के साथ संगीत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज के तनावग्रस्त वातावरण में संगीत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। आज के इस प्रदूषित वातावरण में संगीत ही ऐसा साधन है जिसकी साधना से जीवन में समायोजन तथा आत्मिक सुखानुभूति के साथ-साथ मानव को आध्यात्मिकता का अनुभव होता है। आज के भौतिकवादी युग में जीवन मूल्यों की रक्षा तथा मन की शान्ति के लिए संगीत को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाना अति आवश्यक है।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में संगीत की महती भूमिका है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उनका तनावमुक्त होना तथा अभिव्यक्ति के लिए आत्मविश्वास से लबरेज़ होना आवश्यक है। संगीत-शिक्षण में मंच प्रदर्शन के माध्यम से विद्यार्थी में आत्मविश्वास का बीजारोपण किया जाता है। प्रतियोगिताओं के माध्यम से उसमें स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना का अंकुरण किया जा सकता है। संगीत-शिक्षण से विद्यार्थियों के मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक स्तरों में प्रभावकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। संगीत से दीक्षित विद्यार्थी का मानसिक बौद्धिक और आध्यात्मिक स्तर अपेक्षाकृत अधिक परिपक्व हो जाता है। इस संबंध में महान कवि 'शेक्सपीयर' ने बड़ी अच्छी उक्ति दी है– जिस व्यक्ति के हृदय में संगीत नहीं होता वह कोई भी अपराध करने में प्रवृत्त होता है। संगीत विद्यार्थियों में अपराधी प्रवृत्तियों को बढ़ने से रोकता है। जीवन में सांगीतिक रुचि रखने वाले व्यक्ति अपनी बात को दृढ़ता और सरसता के साथ प्रस्तुत करने की कला को विकसित कर लेते हैं जो कि व्यक्तित्व विकास का बड़ा आकर्षक और चुम्बकीय गुण है। भाव संगीत व्यक्तित्व के विकास में एक आवश्यक कला मानी जाती है। जिससे व्यक्ति की भावनात्मक संवेदनशीलता स्पंदित होती है।

कला का बुनियादी उद्देश्य समस्त द्वन्द्वों से मनुष्य को ऊपर उठाकर उसके लिए अद्वितीय आनन्दानुभूति प्रदान करना है। संगीत कला मनुष्य को सदाचार, शालीनता, उदारता आदि मानवीय गुणों की ओर अग्रसर करती हुई श्रेय की ओर ले जाने का सबल माध्यम है। संगीत कला और नैतिक मूल्य दोनों ही मानवीय चेतना की उपज हैं, इसलिए दोनों का संबंध अविच्छिन्न है। संगीत एक ऐसा माध्यम है जो विद्यार्थियों की न केवल मानसिकता को प्रशिक्षित करता है वरन् नैतिकता के विभिन्न आयामों को संतुलित करके उनके मनोभावों को प्रशिक्षित कर उन्हें विशुद्धता प्रदान करता है। प्रारंभ से यदि सांगीतिक पृष्ठभूमि के आधार पर उनकी नींव डाली जाय तो उनका समुचित विकास होगा। जैसे छोटे बच्चों को अगर गाकर कोई कविता के रुप में किसी भी चीज को सिखाया जाय तो वे उसको जल्दी स्मरण कर लेते हैं तथा उसमें रुचि भी लेते हैं। पाठ्यक्रम के अलावा संगीत-चिकित्सा के क्षेत्र में भी बहुत उपयोगी है। इससे सिर्फ मन ही प्रसन्न नहीं होता वरन् विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज भी किया जाता है, खासकर मानसिक विकृतियों मे लिए। डा. जे. पाल ने अपनी 'संगीत-चिकित्सा' नामक पुस्तक में विभिन्न रागों द्वारा विभिन्न बीमारियों का उपचार करने पर विस्तृत प्रकाश डाला है। नागपुर स्थित 'बाघलकर हॉस्पिटल और रिसर्च इन्स्टीट्यूट के निदेशक डा. गोपाल कृष्ण वाघलकर ने बताया कि संगीत के विभिन्न राग मानव शरीर में बीमारी पैदा करने वाले त्रिदोषों अर्थात वात दोष, कफ दोष, और पित्त दोष को संतुलित कर व्यक्ति को स्वस्थ बनाते हैं।

व्यक्ति व समाज से ऊपर उठकर संगीत शिक्षा संस्कृति एवं सभ्यता को भी संरक्षण प्रदान करती है। पीढ़ी दर पीढ़ी वर्षों की परम्परा में उपलब्ध संगीत का स्वरूप सांगीतिक व सांस्कृतिक परम्पराओं के लिए धरोहर स्वरूप होता है। क्योंकि इन्हीं के माध्यम से संस्कृति व सभ्यता का ज्ञान आगे आने वाली पीढ़ियों को उपलब्ध होता है।

इस प्रकार संगीत शिक्षण के द्वारा न केवल सौम्य वातावरण का निर्माण होता है बल्कि विद्यार्थी संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। वर्तमान संदर्भ में तो और भी अधिक संगीत शिक्षण या संगीत साधना की आवश्यकता है। समाज तथा शिक्षाविद् इस यथार्थ को भलीभाँति समझ लें कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में संगीत को समुचित और प्रतिष्ठित स्थान दिलाने पर ही देश का भविष्य टिका है।

❖

यदि कुलोन्नयने सरसं मनो
यदि विलास-कलासु कुतूहलम्।
यदि निजत्वमभीप्सितमेकदा
कुरु सुतां श्रुतिशीलवती तदा।।

—(सुरभारती-संदेश)

व्यक्तित्व निर्माण में सदाचार एवं संस्कारों की उपयोगिता

डॉ. नन्दिनी वर्मा

आज के भौतिकतावादी युग में युवावर्ग समस्त मानवीय गुणों, मूल्यों तथा सीमाओं का उल्लंघन कर अपने अस्तित्व को खोता जा रहा है। अतः संस्कारों तथा सदाचार की शिक्षा के माध्यम से स्वयं की पहचान तथा व्यक्तित्व निर्माण में इनकी आवश्यकता एवं उपयोगिता से परिचित कराना अत्यन्त आवश्यक हो गया है। संस्कार का तात्पर्य धार्मिक क्रिया-कलाप, शिक्षा, बुद्धि परिष्कार, पवित्रता, प्रशिक्षण, सौजन्य, कार्यगत परिणाम एवं अनुष्ठान से लिया जाता है। व्यावहारिक रूप से यदि देखा जाये तो मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन ही इन्हीं संस्कारों पर आधारित है। संस्कार ही व्यक्ति के असंस्कृत स्वरूप को सुसंस्कृत एवं परिमार्जित कर न केवल व्यक्तित्व निर्माण में योगदान देते हैं बल्कि उसे समाज का अभिन्न सदस्य बनाते हुए मोक्ष की ओर अग्रसर भी करते हैं। व्यक्ति के विकास में संस्कारों का जो प्रयोजन है वही सदाचार का भी है। अतः इस सन्दर्भ में संस्कार सदाचार के पर्याय ही प्रतीत होते हैं। प्रातःकाल से लेकर सोने के पहले तक जो-जो कार्य किये जाते हैं वे सब आचार व्यवहार के अन्तर्गत आते हैं। बुरे लोगों का आचार दुराचार कहलाता है जबकि साधु-पुरुषों एवं दोषरहित निष्कल्मष पुरुषों का आचरण सदाचार कहलाता है– सतां साधूनां यः आचारः स सदाचारः।

मनुस्मृति में सदाचार की महत्ता स्पष्टरूप से वर्णित है–

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या-यशोबलम्।।

– (मनुस्मृति-२/१२१)

अतः आयु, विद्या, यश और बल की प्राप्ति के लिए सदाचरण की आवश्यकता है, जो संस्कारों के द्वारा ही प्राप्त की जा सकती है। हमारे धर्मशास्त्रों में सोलह संस्कारों का उल्लेख है, जिनका अलग-अलग स्थितियों में अपना-अपना महत्त्व है।

वर्तमान काल में संस्कारों का महत्त्व प्रायः समाप्त हो गया है। प्राचीन काल में जन्म के पूर्व तथा पश्चात् किये जाने वाले संस्कारों के द्वारा निश्चित रूप से बालक के मन तथा मस्तिष्क पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता था। इसीलिए हिन्दू जीवन में प्रारम्भ से ही संस्कारों के महत्त्व व जीवन में उनकी उपयोगिता पर बल दिया जाता रहा है। प्राचीनकाल में संयुक्त परिवार परंपरा प्रचलित थी। अतः जन्म से लेकर युवावस्था तक बालक अपने माता-पिता तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहते हुए सदाचार तथा नैतिक आचार-विचार सम्बन्धी शिक्षा ग्रहण करता था। बुजुर्गों द्वारा प्रायः शिक्षापरक कहानियों, महापुरुषों तथा संतों के

चरित्र तथा आचरण के सम्बन्ध में उन्हें अवगत कराया जाता था। जिससे बालक के मन पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता था तथा उन्हें वह अपना आदर्श मानते हुए अपने व्यक्तित्व का निर्माण करता था। किन्तु सामाजिक, वैचारिक और आर्थिक परिवर्तनों एवं आवश्यकताओं के कारण एकाकी परिवार प्रथा प्रारम्भ हो गई, जिसका सीधा प्रभाव युवा पीढ़ी पर देखा जा सकता है। सीमित पारिवारिक सदस्यों के होने अथवा केवल माता-पिता के होने के कारण बालक स्वयं को एकाकी अनुभव करता है। यदि माता-पिता दोनों ही नौकरी करने वाले हों तो यह समस्या और भी अधिक बढ़ जाती है। टी.वी. संस्कृति ने तो युवा वर्ग को बहुत अधिक प्रभावित किया है। कुसंस्कार पनप रहे हैं, उचित-अनुचित का मूल्यांकन न करने की क्षमता के कारण बच्चे दिग्भ्रमित हो रहे हैं। शीघ्रातिशीघ्र बहुत कुछ पाने की लालसा में गलत मार्ग पर जा रहे हैं और ऐसे संस्कारों को पाल रहे हैं, जो उन्हें आतंकवादी, भ्रष्टाचारी और अलगाववादी बना रहे हैं। अतः ऐसे कठिन समय में माता-पिता के ऊपर एक बहुत बड़ा उत्तरदायित्व आ गया है; जिसे वे नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते। जहाँ अभिभावक इस संक्रमण काल में उत्तरदायित्वहीनता का परिचय देते हैं, वहाँ निश्चितरूप से उनकी संन्तानें आज के सामयिक बहाव में बह जाने को विवश हो जाती हैं। इसलिए सभी अभिभावकों को परिवार के स्तर पर बच्चों को भारतीय संस्कृति के उन मूल्यों से अवगत कराना चाहिए, जिनसे वे स्वस्थ्य व्यक्तित्व का निर्माण कर देश का उज्ज्वल चरित्र बन सकें।

❖

A Poem on Grammar

Ankita Gupta

Part-I

A noun is the name of anything,
Example men, college, queen or king.
In place of nouns, Pronouns stand,
His eye, your nose and her hand.
Verbs tell of something done,
Teach, Carry, Joke or Run.
How things are done, adverb tell,
As slowly, stealthily, quickly and well.
Conjunction joins words together
As lover and beloved, wine and weather.
Nouns Pronouns have prepositions before,
As 'on' his chair or 'through' your door.
Interjection always shows surprise,
Oh! How beautiful! Ah! How wise.
Articles there are only three
Indefinite 'A', 'An' and definite 'The'
These are all called part of speech,
Which help us learn English and teach.

विलायत खाँ के साथ–एकाकी

सौम्यकान्ति मुखर्जी

उस दिन मैं भाग आया एक शोकसभा से। उस्ताद विलायत खाँ साहब की स्मृति में शोकसभा। शान्त, अलंकाररहित उस छोटी सी सभा में स्वल्प लोगों की उपस्थिति थी। सभी, संगीत जगत के गुणीजन थे। फर्श पर आसन लगाकर सभी लोग बैठे थे। एक-एक कर सभी गुणीजन स्मृतिचारण कर रहे थे। तभी अचानक एक व्यक्ति ने मेरे पास आकर मुझसे भी खाँ साहब के विषय में बोलने के लिए आग्रह किया।

मैं स्तंभित। अवाक! मैं क्या बोलूँ उतने बड़े संगीतज्ञ के विषय में?

मेरे साथ बैठे थे लेखक अबुल बशर (बांग्लादेश–बांग्ला में लिखते हैं)। 'जनमुख' से शोकसभा के आयोजन के बारे में जानकर मैं और बशर वहाँ उपस्थित हुए थे। आयोजकों ने उनसे भी दो-चार शब्द कहने के लिए आग्रह किया। फलतः कुछ ही देर बाद हम दोनों ही बेसहारा से, उस सभागार से स्वतः निष्कासित हुए।

कौन से दो-चार शब्द बोल सकते थे?

"सितार याद आते ही सर्वप्रथम मानस-पटल पर तैरते हैं उस्ताद विलायत खाँ साहब"–ये शब्द हैं पं. निखिल बैनर्जी के। क्या कारण था कि निखिल जी जैसे महान सितार वादक ने उक्त वक्तव्य सार्वजनिक रूप से दिया? क्यों दो साल पहले अली अकबर खाँ साहब को एक सभा में बोलते हुए सुना–"अगर सितार सुनना ही है, तो मैं विलायत को ही सुनता हूँ।"–किस कारण से?

स्वीकार्य है कि उक्त कारणों को समझने लायक संगीत-ज्ञान मुझमें नहीं है। तब भी, स्मरण-सभा में उतने गुणीजनों के समक्ष, बना-सँवार के क्या दो-चार बातें कह नहीं सकता था? साहित्यकार हूँ, दो-चार शब्द क्या बोले नहीं जा सकते थे? सुन्दर-सुन्दर शब्द!

क्यों नहीं बोला? क्यों भाग आया? क्योंकि, शब्दों के समापन-स्थान से ही तो सुरों का प्रारम्भ है! साधारण दृष्टि से सम्पूर्ण अर्थहीन कुछ ध्वनियाँ ही तो स्वर्ग उतार कर लाती हैं इस धरती पर!! शब्द दिनभर के परिश्रम के उपरान्त, अपने श्रान्त शरीर को गिरने देते हैं तटभूमि पर!!! सामने ही विराजमान-समुंदर। इस सागर का नाम–ध्वनि, सुर, संगीत। ऐसे समुद्र में जिन्होंने अवगाहन किया–आजीवन, क्या दो-चार शब्दों से उन्हें स्पर्श किया जा सकता है?

तब गया क्यों था उस सभा में? उनसे परिचित होने का भी सुअवसर मुझे कभी प्राप्त नहीं हुआ था। उनके सान्निध्य-स्वाद से मैं अनभिज्ञ हूँ। मैं उनका शिष्य भी नहीं हूँ। संगीत-महफिलों का आयोजक भी मैं नहीं हूँ। तब क्यों गया था?

गया था। कारंण, विलायत खाँ साहब के साथ मेरा एक व्यक्तिगत सम्पर्क-निर्माण हुआ था। व्यक्तिगत। अन्तरंग। प्राईवेट। एकाकी। निर्जन सम्पर्क। जीवन के अनेक पल, मेरे प्रवाहित हुए हैं खाँ साहब के संग। उन क्षणों की कथा सभा-मध्य कहने से लघुता ही प्रकट होती।

बड़े-बड़े गुणीजनों को बोलते हुए सुन रहा हूँ-रेडियो, टी.वी., सभाओं में। महफिलों में एक साथ गाया-बजाया उन्होंने।

उस्ताद के स्नेह-स्पर्श से कैसे उन्होंने दिन बिताए हैं-कह रहे हैं सभी। और मैं सोच रहा हूँ उनके स्पर्शाच्छित मेरे जीवन के कुछ अविस्मरणीय क्षण। आज जब समग्र संगीत जगत् उनकी स्मृति में शोकसभाओं के आयोजन में लगा है, तब मुझे याद आ रहा है मेरे जीवन का एक शोकघन प्रहर।

मेरी माँ गुजर चुकी है। लेकिन किन्हीं अज्ञात कारणवश एक भी बूँद आँसू पिघलकर निकला नहीं। सीने में पत्थर-सा भारीपन। सहजभाव से दिनचर्या एवं क्रियाकर्म में लगा हूँ-और पत्थर का बोझ बढ़ता चला जा रहा है। आसपास के लोग सोच रहे हैं, कह भी रहे हैं कि लड़का बड़ा STRONG है-प्रशंसार्थ ही कह रहे हैं। क्या ये बहुत बड़े कृतित्व की बात है? आँसू का गिरना निन्दनीय और रोने में असमर्थ प्रशंसा के पात्र! प्रेम की भाँति शोक भी जीवन में आने से ज्ञानचक्षु का उन्मेष होता है। २०-२५ मिनट के व्यवधान में माँ को मैं खो चुका था। मैं तैयार न था। यह एक अचानक धक्का था। जिसने मुझे अन्दर से सुखा दिया। रात में सोते समय साँस बन्द सी होने लगती है। उठकर बाहर बरामदे में बैठकर रात काटता-पत्थर का बोझ बढ़ता ही रहता है-क्रमशः।

एक रात-मेरे मित्र कैसेट चलाते हैं। Cassette Cover पर नाम उस्ताद विलायत खाँ। कैसेट का चक्र घूम रहा है-धीरे-धीरे। कमरे के बाहर नारियल के पेड़, आसमान व तारों के झुंड। मैं देख रहा था नारियल-पेड़ के पत्तों में कँपकँपी थी-हवा से। आसमान और तारे थे स्थिर। अचानक आसमान में स्पन्दन? तारे भी विचलित से? सितार की एक-एक मींड तीक्ष्ण बाणों की तरह मस्तिष्क पथ से सीने में अचल पत्थर को छिन्न-भिन्न कर रही थी और पिघलन के इन्तज़ार में आँसुओं को रास्ता मिल चुका था, हू-हू कर वे निकल पड़े-निकलते गये-निकलते ही गये।

मेरे मित्र अवाक, कैसेट बन्द करने गये। उनकी पत्नी बोली-"चलने दो, रोको मत" मैं कुछ कहने की हालत में न था। मेरे मित्र सपत्नीक कमरे से बाहर छत पर चले गये। मेरे साथ विलायत खाँ साहब रह गये। केवल हम दोनों-उस कमरे में। शास्त्र, रीति, धर्म या रिवाज़ के अनुसार कितना ही श्राद्ध कर्म क्यों न किया जाए-मातृतर्पण क्या सम्भव है अश्रु के बिना?

मेरे मातृतर्पण के समय खाँ साहब थे मेरे संग। किन्तु यह बात क्या सभामध्य कहने लायक है?

मेरे मातृतर्पण का गंगाजल-खाँ साहब का दरबारी कान्हड़ा। बाद में यह गंगाजल मुझे पहुँचा गये भवानीपुर के श्री विजय सरकार-उस्ताद जी के कैसेट परिचितों को उपलब्ध करवाना ही जिनके लिए एकमात्र पुण्यकर्म था। ऐसा कर, सरकार जी अपने जीवन को चरितार्थ समझते थे। विजयजी, उस्ताद जी के Programmes के टिकट खरीद कर मित्रों में बाँटते थे। टिकट हाथ में लिए हॉल के सामने परिचितों के इन्तज़ार में खड़े रहते थे। कोई मित्र टिकट का पैसा देने लगते थे, तो विजयजी भीड़ में अपने आप

को खो जाने देते थे (शायद ऐसे ही कुछ मुट्ठीभर पागलों के कारण ही अच्छे साहित्य और कलाओं का अवलुप्त होना असम्भव है)। लेकिन ये विजय सरकार, खाँ साहब के सम्मुख कभी खड़े तक नहीं हुए हैं–जिन्दगी में। परिचय? सपनों में भी नहीं। पता नहीं विजयजी के जीवन को किन स्पर्शों से जादू किया था। उस्ताद विलायत खाँ नामक सुरों के जादूगर?

खाँ साहब ने अपनी आत्मकथा में, दरबारी कान्हड़ा को "राजा के अश्रु" बताया है। लेकिन निर्जन, एकाकी अश्रुपात राजा के ही क्यों? मैं, और मुझ जैसे अनेकों साधारण व्यक्ति, संगीत में निरक्षर मूर्खों के निष्कपट लेकिन अप्रकट अश्रुओं से ही तो सराबोर है खाँ साहब का दरबारी कान्हड़ा। ढाका के रहमान, रानाघाट के गोरादा, मुर्शिदाबाद के बेचू या सॉल्ट लेक के चंचल भट्टाचार्य–इनमें से कोई भी राजा नहीं है कहीं का। मैं, बूल्टू, भौमिक, तपन, बोसदा – हम में से कोई भी राजा नहीं है। हम लोग, उन लोगों में से हैं जिनके जीवनगत अनगिनत क्षण खाँ साहब, एवं उन जैसे अनेकों गुणीजनों के सान्निध्य में गुजरे हैं। इनमें से किन्हीं के साथ क्षणभर के लिए भी परिचय स्थापन न होते हुए भी इन्हें परिजनों–परम आत्मीय के रूप में ग्रहण किया है हमने।

हम में से कोई भी शोकसभा में बोलने के उपयुक्त नहीं है। जिस तरह तृष्णार्त हिरण, सरोवर के जल से प्यास मिटाता है, लेकिन पानी के उपादान से वह अज्ञात है। लम्बी दौड़ के बाद घोड़ा साँस लेता है–बेधड़क। लेकिन उसे यह नहीं पता कि हवा, किस–किस मिश्रण से, कैसे और क्यों बनती है? ठीक उसी तरह, विलायत खाँ साहब के संगीत से हम लोगों को प्यार है, प्रेम है, मोहब्बत है–व्याकरण बिना जाने ही। शक्ति चट्टोपाध्याय (बांग्ला के श्रेष्ठ कवि) द्वारा लिखित कविता याद आती है–

हे मानव!
मानव बहुत दुःखी है।
बहुत ही निःसंग।
वह रो रहा है–हे मानव!!
तुम ज़रा उसका हाथ थामे रहो।
सचेष्ट रहो–
प्यार के उद्देश्य में।
देखना–अतल सागर के कंकड़–पत्थर
एक दिन सतह पर तैरने लगेंगे।

मेरे लिए विलायत खाँ साहब को सुनना एक AGONY है–तीव्र से तीव्रतर आनन्द का चलना शिखर की ओर, लेकिन शिखर–प्राप्ति न होना। खाँ साहब का संगीत–एक 'दृष्टि' है। अलौकिक दृष्टि। ऐसी दृष्टि से नज़र मिलाकर, मनुष्य, जीवन की समस्त दीनता को पीछे ढकेल सौन्दर्य की ओर कदम बढ़ा सकता है।

(वर्तमान युग के अन्यतम बांग्ला कवि और साहित्यकार जय गोस्वामी द्वारा लिखित मूल बांग्ला रचना के अंश विशेष पर आधारित)

❖

Guidance for the Elementary School Child

Dr. Madhuri Agrawal

Children are a nation's most valuable asset, and also its greatest responsibility. In a country like India, with its teeming millions, the development of this vast human resource assumes even greater importance.

Life over the past centuries, has become increasingly complex, giving rise to many problems at school, work and interpersonal relationships. In order to meet these demands effectively and to ensure more meaningful lives, proper guidance is essential.

Just as a seed blossoms best if nurtured well from its earliest stages, thus, too, an individual's potentials develop best when provided the right direction since early childhood.

Within the context of education, this implies that educational guidance must begin right from the kindergarten level, and extend beyond to the secondary and college levels.

The educational scene is vastly different from its status a few decades ago. A multitude of factors such as emphasis by the government on nation-wide literacy programmes, mushrooming growth of elementary schools in towns and cities, overloaded curriculae, lack of basic facilities, overcrowded classrooms, rising aspirations of parents and consequent pressure of competition and anxiety among students to excel—essentially point to the need for a systematized educational guidance at the elementary level.

But sadly, this area still remains neglected in comparison to the emphasis and importance attached to secondary and college-going students. And yet, this is the period considered as the most formative years of an individual's life, the experiences and impressions of which last throughout life.

It is also increasingly being recognized that educational guidance at the elementary level is more preventive than remedial, i.e., guidance provided during early childhood helps to resolve, if not prevent, many problems of indiscipline, dropouts, persisting academic deficiencies, truancy, etc. which may occur in later school life. This is in keeping with the basic philosophy of guidance, namely, that 'Prevention is better than cure'.

Besides being the stage of 'learning to learn' (i.e., acquiring the basic learning skills of reading, writing and counting) and of being introduced to the formal educational system, this is also the period of a child's first experience of formal social contact with the outside world. Work situations in adult life require individuals to work harmoniously in teams rather than in isolation. Thus, maintaining good peer relations at school and the ability to get along well with others has strong implications for good adjustment in later life.

Guidance functions are now regarded as an integral part of the daily classroom activity. Because of the nature of elementary school operation, the major responsibility has been placed with the classroom teacher.

Guidance in the elementary school can best be implemented if the developmental sequence of the child is understood, and the fact appreciated that each individual child grows according to his own time schedule, and must never be forced.

Flexibility of behaviour in the early years, keen parental co-operation, and the extensive years of adjustment that lie ahead of the child to grow and develop, are some other factors that aid the guidance worker.

Various objectives of guidance at the primary school stage have been suggested such as :

- Smooth transition from home to school,
- Developing a positive self-concept,
- Improving teacher-learner relationship,
- Identifying deficits in basic learning skills,
- Identifying and assisting children with special needs, (such as mental and physical handicaps),
- Helping the potential dropouts to stay in school,
- Identifying and assisting children with behaviour problems, and
- Developing awareness of realistic concepts related to the world of work.

The teacher must attempt to translate these objectives into classroom activities by judicious planning and co-ordinated efforts by parents and students.

Accommodating a new child to the school is a demanding task. Crying, withdrawal and negative attitude to school may need a sympathetic yet firm handling by the teacher. Likewise, imparting knowledge and basic academic skills may best be achieved by the democratic teacher in a harmonious atmosphere, free from fear and co-ercion.

Fair evaluation of children's work; an encouraging and rewarding attitude; providing outlet for emotional inhibitions through play; promoting self-improvement and recreation through leisure activities and moral values and early identification of children with special needs for therapeutic help—are some of the other indispensable guidance services of the elementary teacher.

Summarizing, it may be said that guiding elementary children is no easy job, for there may be many obstacles. Despite the obvious advantages of long contact and easy rapport with the children, the teacher needs the support of professional school counselors. Their combined efforts may best help to provide a warm and friendly school atmosphere which enhances both learning and personality.

Indeed the best preparation for adult life is to let the child live and enjoy childhood.

❖

What is Wrong With Arts?

Poushali Banerjee
Part–II

'I am studying Arts'. The moment I speak out, I often find myself with dissatisfied reactions. 'Arts student? But why? You have scored fairly high marks in I.C.S.E. Why didn't you take up Science?' This kind of reaction often puts me off.

Now 'Arts' is not a child's play. I don't understand why people are always ready to categorise Arts students as dull, less intelligent, bookworms, lazy etc. and to everyone it seems that Science students have the best of the world's brains. They are said to be logical, practical, analytical and above all extremely intelligent. Well, I find this view about Science students very illogical. I have come across worse students in the Science stream but they seem to hug the limelight because of the prejudiced views about them. They don't deserve the praise that they get.

In the field of Education, Arts students are treated as second class citizens. This is a complete injustice to us and I feel it is very necessary for us to raise our voices against such discrimination. The definition of 'Science' as stated by the Oxford Dictionary is "Systematic and formulated knowledge"; by this definition I can proudly state that we too are studying science. Though it is not that I am less proud to be a student of Arts, but to make others realize that studying science is not confined to the study of Physics, Chemistry, Biology and Mathematics.

I often wonder what the world would have been without John Keats, William Shakespeare, Oscar Wilde, Rabindranath Tagore, and great philosophers like U.G.Krishnamurthy, Gautam Buddha. The world would have been dull and confused. Imagine a world which is only full of doctors, engineers and scientists : it would have been full of sensible, insensitive people (they are all logical and practical people) hence whom would we turn to in our pensive moods (no Keats, no Wordsworth), in our utter state of confusion (no philosophers). It is extremely childish to write off Arts students. We are human beings–intelligent, practical, logical .... but at times we are not afraid to show our emotions. We adore to appreciate Keats' endless love for nature, it inspired him to pen down his thoughts in a form of poetry which we can relate to at times.

Oh! I thoroughly enjoy reading and appreciating the beauty of literature as it portrays life and culture of various people and countries. If you are ready to know others, and their culture, you can appreciate Arts. Once and for .all let me state that we are not dumbells just because we love Arts and therefore want to study it. "Please stop looking down upon us—all those intelligent people—because of this."

❖

Most Enchanting Moment

Amita Dubey
Pt–I

'Amita Dubey'—I just couldn't believe my ears when I heard my name being called out. I was overjoyed and yes I had every reason to be. After all, I was one amongst the thirty students that the University experts had identified as talented and with potential to represent the great Banaras Hindu University at the forthcoming East Zone Youth Festival 2004-05 scheduled for the later part of October 2004 at Manipur University.

With no time to waste, preparations for this Inter-University competition for music, dance, drama and other cultural activities began in all earnest. Not just the student participants but also the concerned teachers and staff put in their best efforts to ensure that the practice sessions, rehearsals etc. where held without the slightest hitch.

Thanks to the efforts put in by the proffessors, staff and my co-participants, we were all oozing with confidence by the time the day of our departure arrived.

On the 24th of October, the 'Okhla-Guwahati Express' rolled out of Varanasi station with a bogey full of luggage and talent on its thirty-hour long journey. Spirits were high and the sound decibles higher. There was singing, clapping and shouting as food packets were passed around and shared, all were happy, the atmosphere was simply electric.

Both students and the team managers partook in the fun and frolic with equal enthusiasm. As for me, the presence of my mother who accompanied us as one of the team managers was enough to instil the confidence I needed in me. I was already beginning to feel like a winner.

Thirty hours they say is a long and tiresome journey but for us it wasn't. We were so lost in our happiness amongst friends that the end of the train journey almost saddened me. I could do with a lot more, I felt.

The bus we boarded for our onward journey to Manipur from Guwahati drove us straight into paradise. I, who have lived all my life in the concrete jungle, was dumbfounded by the beauty that surrounded me. The high lush green mountains bathed in the morning sun, the sounds of the flowing streams aimlessly meandering through the rocks, the chirping of birds and the soft and silky touch of the cool fog on my face was simply enchanting. The world is so beautiful, this I had never imagined. After all, I too have something in common with the creator of all this beauty that I saw and experienced

But all this training, and all those awards, titles and scholarship which I won was not so easy to achieve. Sometimes there occurred fever, sometimes cuts, strain, sprain while doing obstacle training along with SLR. Mostly there happened severe body pain, headache, cold etc. We were provided cotton tents to stay in the months of biting cold of Nov. & Dec. and practicing upto 12 at night never let me forget that it's winter even for a second.

I remember that after having conjunctivities I represented my state in the rifle shooting competition and after that I went to the thal sainik camp in that situation. I fell ill during RDC camp and after taking drips performed in the drill test and best cadet test where my team stood 3rd in the state.

This was the platform which recognised my virtue and presented me with such awards :

1. Best cadet–BHU
2. Best cadet–Varanasi Group
3. Best cadet–Republic Day Camp
4. Best commander
5. II rank holder in general awareness.
6. Most enthusiastic and capable cadet 2003-2004.
7. Best firer from VNS. For Mavlankar Shooting Competition.

Lastly, I can say that the spirit of sportsmanship and leadership is inside all of us and there is only a need to guide one on the right path and open the restrictions and inhibitions.

The youth is like a bird opening its eyes in a new world. So let them fly higher and higher in the sky. Do such things which establish you in a titanic way.

❖

What is Friendship?

Ku. Mahua Paul

Part-I

- Friendship is a feeling; Don't require it.
- Friendship is an understanding; Don't depends it.
- Friendship everywhere; Don't try it.
- Friendship is just like a lamp which burns with the "Love". Yours friendship is foundation of our progress.

वात्सल्य



वर्षा सिंह
बी.ए. तृतीय वर्ष

नर्तकी



मनोरमा
बी.ए. तृतीय वर्ष